विभिन्न स्रोतों से लगातार सूचनाएं आ रही थी कि माओवादी बेचा-गांव में मौजूद है और वे पुलिस दलों पर हमला करने, हथियार लूटने और अपने हित में काम करने के लिए ग्रामीणों पर दबाव बनाने की योजना बना रहे है। उपर्युक्त सूचना की पुष्टि के लिए, दिनांक 21.02.2017 को, निरीक्षक रमन उसेंडी के नेतृत्व में डीआरजी दल गांव-बेचा, पुलिस कैंप- बरसूर, जिला नारायणपुर की ओर गया। दोपहर के लगभग 12:30 बजे, डीआरजी के संयुक्त दल को दो भागों में बांटा गया, जिसमें एल दल का नेतृत्व रमन उसेंडी और दूसरे दल का नेतृत्व तत्कालीन सहायक उपनिरीक्षक रमेश कुमार सोरी ने किया। उसके पश्चात वे तलाशी के लिए किल्लम-गांव के जंगल में पश्चिम दिशा की ओर जा रहे थे। किल्लम के जंगल में, प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी के सशस्त्र काडरों ने पुलिस दल को मारने और हथियार लूटने के लिए पुलिस

दल पर स्वचालित हथियारों से एक साथ गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक रमन उसेंडी ने अपनी पेशेवर कुशाग्रता का प्रयोग कर त्वरित कार्रवाई की और माओवादियों को चारों दिशाओं से घेरने के लिए पुलिस दल को आदेश दिया। पुलिस दल ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए बार-बार कहा, लेकिन इसे उन्होंने नजरअंदाज करते हुए गोलीबारी जारी रखी। कोई विकल्प शेष न बचने के कारण, पुलिस दल ने आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक रमन उसेंडी और सहायक उपनिरीक्षक रमेश सोरी ने घटनास्थल की घेरांबंदी कर दी तथा उनकी टीम फायरिंग कर रही थी। दोनों ने अपने जीवन को खतरे में डालते हुए, आगे बढ़कर अपने दल का नेतृत्व किया और अपने दल को दिशानिर्देश देते हुए, अदम्य साहस का परिचय दिया। दोनों ने अपनी वीरतापूर्ण कार्रवाई से न केवल अपने दल के सदस्यों का साहस बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया, बल्कि नक्सलियों की गोलीबारी का भी माकूल जवाब दिया। बढ़े हुए दबाव और त्वरित जवाबी कार्रवाई के कारण माओवादी घने जंगल का लाभ उठाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस दल और माओवादी के बीच गोलीबारी दो घंटे तक चली।

गोलीबारी रुकने के बाद, पुलिस दल ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली, जिसमें 04 वर्दीधारी पुरूष माओवादी के शव और 03 वर्दीधारी महिला माओवादी के शव, 02 इंसास राइफल, 03 मैगजीन, 16 जिंदा कारतूस, .12 बोर की 02 राइफल, 17 जिंदा कारतूस, .12 बोर का 01 देशी कट्टा, .315 बोर की 01 राइफल, 05 जिंदा कारतूस, .303 राइफल के 05 जिंदा कारतूस, 01 पाइप बम, बिजली के तार, 05 पाउच, 01 रिवॉल्वर पाउच, 06 जोड़ी नक्सली वर्दी, 01 टोपी, 09 पानी के गैलन और माओवादियों के दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई, जिन्हें कब्जे में लिया गया था। घटनास्थल छोटेडोंगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता था, इसलिए अप्राकृतिक मृत्यु और अपराध के बारे में आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 और आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307 के तहत पुलिस स्टेशन-छोटेडोंगर में अपराध संख्या 02/2017 रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

मुठभेड़ के दौरान जीवन के प्रति खतरे की स्थिति में भी निरीक्षक रमन उसेंडी और तत्कालीन सहायक उपनिरीक्षक रमेश कुमार सोरी ने असाधारण नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। पुलिस दलों ने समन्वय के साथ कार्य किया और एक वर्दीधारी कुख्यात माओवादी काडर को मार गिराया तथा साथ ही विस्फोटक इत्यादि के साथ 02 हथियार भी बरामद किए। इस कुख्यात माओवादी के मरने से यह क्षेत्र असुरक्षा की भावना से मुक्त हुआ, क्योंकि इन दुर्दांत नक्सलियों की मौजूदगी होने के कारण वहां समुदाय के बीच असुरक्षा की भावना काफी समय से व्याप्त थी।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री रमन उसेंडी, निरीक्षक और रमेश कुमार सोरी, सहायक उपनिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/02/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/09/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं.102-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री लीलाधर राठौर	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

प्राप्त सूचना के अनुसार, पीएस-मिरटूर सीमा क्षेत्र के अंतर्गत हुरईपाल, एतिपाल, अंद्रिपाल और पोरावडा में नक्सलियों के भारी जमावड़े को देखा गया था। ये इलाके मध्यम और शीर्ष स्तर के माओवादी नेताओं की मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं, क्योंकि ये पश्चिम बस्तर डिवीजन से आने वाले मार्ग है। इस ऑपरेशन में शामिल अधिकारियों ने सैन्य बल के गठन-स्वरूप और जनशक्ति संख्या, यहां प्रवेश करने के मार्गों और जाने के मार्गों के विस्तृत ब्यौरे के विषय में विशेष तैयारी की थी। दिनांक 20.06.2018 को विस्तृत ब्रीफिंग के बाद डीआरजी बीजापुर के 87 कर्मियों के एक दल के साथ इस क्षेत्र में ऑपरेशन "अंद्रिपाल-पोरोवडा" शुरू किया गया। यह क्षेत्र माओवादी विद्रोहियों का एक गढ़ है।

दिनांक 01.07.2018 को लगभग 12:00 बजे, अंद्रिपाल-पोरोवडा क्षेत्र में पहले से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने डीआरजी के छोटे दल पर स्वचालित, अर्धस्वचालित और देशी हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में, पुलिस दल ने भी जवाबी गोलीबारी की और इस प्रकार, आपसी गोलीबारी शुरू हो गई। निरीक्षक लीलाधर राठौर इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस दल सं. 1 का नेतृत्व कर रहे थे। जब नक्सलियों द्वारा हमला किया गया, तब निरीक्षक लीलाधर राठौर ने अद्भूत सूझबूझ, साहसिक नेतृत्व, सर्वोत्तम ऑपरेशनल विवेक, अदम्य साहस, बहादुरी और विशिष्ट वीरतापूर्ण कार्रवाई का परिचय दिया। इस ऑपरेशन का नेतृत्व आगे बढ़कर करते समय, नक्सलियों के घात के

विरूद्ध उनकी कार्रवाई ने न केवल साथी सैनिकों की जान बचाई, बल्कि नक्सली हमले को विफल कर दिया और उन्होंने नक्सलियों को मारने में एक मुख्य भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप एक नक्सली नामत: दिगा माडवी पुत्र मासो माडवी, उम्र 32 वर्ष, गांव-अंद्रिपाल, पीसी-मिरटूर, जिला-बीजापुर का शव बरामद हुआ तथा साथ में 01 इंसास राइफल, 11 कारतूस, 01 एचई बम, 03 डेटोनेटर, 01 नक्सल पिट्ठु और नक्सली साहित्य इत्यादि भी बरामद किया गया।

नक्सलियों की भारी गोलीबारी के कारण पूरी तरह घिर जाने पर अपने छोटे से सैन्य दल के ऊपर मंडरा रहे खतरे को भांप लेने के बावजूद, निरीक्षक लीलाधर राठौर और उनके सैनिक साहसपूर्वक आगे बढ़ते रहे और नक्सलियों पर भारी गोलीबारी करते रहे। अपने वीरतापूर्ण कार्य के अतिरिक्त, उन्होंने अपने सैनिकों को फायर करने का और आगे बढ़ने का आदेश दिया। निरीक्षक लीलाधर राठौर के साहसिक कदम से प्रेरणा लेकर ऑपरेशन में शामिल सैनिकों ने फायरिंग शुरू कर दी और वे आगे बढ़े। भारी गोलीबारी होने और पुलिस दल के साहसपूर्वक ढंग से आगे बढ़ने से चकित होकर, नक्सलियों को पीछे हटने और वहां से भाग निकलने को मजबूर होना पड़ा। सैन्य दस्ते ने नक्सलियों का पीछा किया, लेकिन वे जंगल और पहाड़ी भू-भाग का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। दोनों ओर से हो रही गोलीबारी रूकने के बाद, घटनास्थल की पूर्ण रूप से तलाशी ली गई, जिसमें 01 इंसास राइफल, 11 कारतूस, 01 एचई बम, 03 डेटोनेटर, 01 नक्सल पिट्ठू और नक्सली साहित्य समेत एक नक्सली का शव बरामद हुआ।

डीआरजी, बीजापुर के निरीक्षक लीलाधर राठौर ने अदम्य साहसिक कार्य का प्रदर्शन किया और उन्होंने न केवल नकसलियों की ओर से हो रही भारी गोलीबारी का जवाब दिया, बल्कि अपने सैनिकों को जान की परवाह किए बिना गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब देने और नक्सली ठिकानों की ओर आगे बढ़ने को प्रेरित किया, जिसके कारण वे कट्टर नक्सलियों का मुकाबला करने में सफल रहे। निरीक्षक लीलाधर राठौर द्वारा प्रदर्शित की गई वीरता असाधारण है, जो यह दर्शाती है कि उनके पास उच्च कोटि की सूझबूझ, सर्वोत्तम ऑपरेशनल समझ, असाधारण साहस, बहादुरी और विशिष्ट वीरतापूर्ण दृष्टिकोण है। इस ऑपरेशन में, उन्होंने यह दिखाया है कि उनके पास अच्छे नेतृत्व गुण हैं, क्योंकि उन्होंने सैन्य दस्ते का आगे बढ़कर नेतृत्व किया, ऑपरेशन के दौरान उनका उत्साहवर्द्धन किया और अपने उत्कृष्ट ऑपरेशनल दृष्टिकोण से उन्होंने अपने सैनिकों की जान बचाई। उन्होंने नक्सलियों के विरूद्ध सफल काउंटर घात का नेतृत्व करने में प्रमुख भूमिका निभाई, जो ऐसी परिस्थिति में अत्यंत कठिन थी और इस प्रकार उन्होंने नक्सली हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

इस ऑपरेशन में श्री लीलाधर राठौर, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/07/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/11/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 103-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का आठवां बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	संजीव कुमार यादव	पुलिस उपायुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक का आठवां बार
2	प्रभात कुमार पंकज	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	पंकज कुमार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	कृष्ण कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	नीरज कुमार शर्मा	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
6	गिरधर सिंह गुर्जर	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
7	गुरदीप सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री संजीव यादव, पुलिस उपायुक्त /स्पेशल सेल के नेतृत्व में एक स्पेशल सेल टीम को दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाल ही में उभरे अति खतरनाक "क्रांति गैंग" को निशाना बनाने और उसके द्वारा उत्पन्न भय पर विराम लगाने का कार्य सौंपा गया था। श्री संजीव कुमार

यादव ने गैंग के सदस्यों, उनके परिवारों, दोस्तों, रिश्तेदारों और उनकी गतिविधियों के बारे में ढेर सारी सूचनाएं एकत्रित की। उनकी गतिविधियों पर मैनुअली और तकनीकी दोनों दृष्टि से गुप्त और नजदीकी नजर रखी गई, जिससे उनको उसके स्थान को निर्धारित करने में मदद मिली और जिसके आधार पर दिनांक 31/05/2018 और 01/06/2018 को लगातार दो बार छापेमारी की गई थी, लेकिन दोनों ओर से हो रही गोलीबारी होने और श्री संजीव कुमार यादव द्वारा काफी दूर तक जोखिम के साथ पीछा करने के बावजूद, दोनों दिन वे किस्मत से बच गए। महीनों के अथक प्रयास के बाद अंतत: दिनांक 08/09.06.2018 की मध्य रात्रि में आशा की एक किरण दिखाई दी, कि जब पीएस- फतेहपुर बेरी, दिल्ली क्षेत्र में इस गैंग के 5-6 सदस्यों की गतिविधि के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। सूचना पूर्णत: विश्वसनीय लगी और इसलिए यह सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत अग्रेषित की गई तथा श्री संजीव कुमार यादव, डीसीपी/स्पेशल सेल द्वारा कार्रवाई की एक विशिष्ट योजना बनाई गई। श्री संजीव यादव ने उस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का चतुराई से विश्लेषण करने के बाद सूचना वाली जगह पर जाल भी बिछा दिया। आखिरकार, लगभग 1230 बजे, प्राप्त सूचना के अनुसार, एक सफेद फोर्ड इंडीवर और उसके पीछे एक आई-20 कार को पुलिस टीम के अग्रणी वाहन द्वारा देखा गया। इस सूचना को छापेमारी दल के सभी सदस्यों के साथ तुरंत साझा किया गया और संदिग्ध वाहनों को 45 एसएनएस विला/फार्महाउस के निकट रोक दिया गया। पुलिस ने कार में सवार लोगों को अपने वाहनों से बाहर निकलने और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन इंडीवर कार चालक ने पुलिस की दबिश से बचने के उद्देश्य से जोखिम भरा शार्प टर्न लिया, हालांकि यह एक निरर्थक प्रयास था, क्योंकि अन्य दिशाओं से पीछा कर रही पुलिस पार्टी नाकेबंदी कर चुकी थी और पीछे से आ रही उनकी अपनी आई-20 कार के कारण भी अवरोध पैदा हुआ था। भागने का कोई रास्ता न मिलने पर, इन खूंखार अपराधियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और छ: पुलिस कार्मिकों को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस पार्टी ने भी आत्म रक्षा में जबावी फायरिंग की, जिसमें पांच अपराधी गोली लगने से घायल हुए, जिनके नाम निम्न है: 1. राजेश उर्फ भारती, पुत्र बलवान सिंह, निवासी-गांव कंडेला, जिला-जींद, हरियाणा 2. संजीत उर्फ सुरजीत उर्फ विद्रोह पुत्र जयपाल, निवासी-गांव बाहु अकबरपुर, जिला-रोहतक, हरियाणा 3. उमेश उर्फ डॉन, पुत्र राजकुमार, निवासी- गांव ककरोला, गुरूग्राम, हरियाणा 4. विरेश राणा उर्फ विक्कू पुत्र विरेन्दर, निवासी-गांव घेवरा, कंझावाला, दिल्ली और 5. कपिल पुत्र बारूराम, निवासी-गांव सिवाह, जींद, हरियाणा। दुर्भाग्यवश इंडीवर कार का ड्राईवर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए भागने में सफल रहा। घायल अपराधियों और पुलिस कर्मियों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जबकि घायल कांस्टेबल गिरीधर को फोर्टिस वसंत कुंज ले जाया गया था। घायल अपराधियों में से चार नामत: 1. राजेश उर्फ भारती 2. संजीत उर्फ सुरजीत उर्फ विद्रोह 3. उमेश उर्फ डॉन और 4. विरेश राना उर्फ विक्कू की गोली लगने से घायल होने के कारण मौत हो गई, जबकि पांचवा अपराधी नामत: कपिल बच गया। पीएस- फतेहपुर बेरी, दिल्ली में आईपीसी की धारा 186/332/333/353/307/482/212/34 एवं आयुध अधिनियम की धारा 25/27/30 के तहत एफआईआर संख्या 206/18 के रूप में एक मामला दर्ज किया गया था। विभिन्न कैलिबरों के 31 जिंदा कारतूस के साथ कुल छ: अत्याधुनिक हथियार और फायर किए गए अनेक शेल बरामद किए गए थे। संलग्न जब्ती मेमो के अनुसार एक फोर्ड इंडीवर कार सं. एफआईआर 959, एक हुंडई आई-20 कार, सं. डीएल 3 सीडी-1039 और अन्य सबूत बरामद किए गए थे।

पुलिस पार्टी के उपरोक्त सदस्यों ने अपने जीवन को खतरे में डाला और इन वांछित/इनामी हताश अपराधियों को मारने के लिए चलाए गए इस ऑपरेशन में अदम्य साहस, वीरता और प्रेरणा का लगातार प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस के वीरतापूर्ण कार्य को न सिर्फ विभिन्न राज्यों की पुलिस के सर्वोच्च रैंक के अधिकारियों, बल्कि मीडिया और आम जनता की ओर से बड़े पैमाने पर प्रशंसा मिली। उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति वीरतापूर्ण कार्य और समर्पण भावना का उदाहरण पेश किया है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री संजीव कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त, प्रभात कुमार पंकज, निरीक्षक, पंकज कुमार, निरीक्षक, कृष्ण कुमार, उप निरीक्षक, नीरज कुमार शर्मा, उप निरीक्षक, गिरधर सिंह गुर्जर, हेड कांस्टेबल और गुरदीप सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09/06/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/207/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 104-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक

1	प्रमोद सिंह कुशवाह	पुलिस उपायुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	हृदय भूषण	सहायक पुलिस आयुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
3	संदेश के	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	भूपेन्द्र कुमार	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

युसुफ खान, प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस से जुड़ा एक संदिग्ध आतंकवादी, की आवाजाही के संबंध में प्राप्त एक विशिष्ट सूचना के आधार पर दिनांक 21.08.2020 को दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की एक टीम द्वारा धौला कुआं के आस-पास जाल बिछाया गया था। उसने सुसाईड वेस्ट एवं बेल्ट समेत अनेक आईईडी बनाए और वह दिल्ली के फूटफॉल क्षेत्र में लोन-उल्फ अटैक के लिए तैयार था। श्री प्रमोद सिंह कुशवाह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें श्री हृदय भूषण एसीपी/एनडीआर, एसआई संदेश. के और एएसआई भूपेन्द्र कुमार शामिल थे। एएसआई भूपेन्द्र कुमार द्वारा चलाये जा रहे सरकारी वाहन में ये सभी सवार थे और वंदेमातरम रोड पर करोलबाग की ओर जा रहे थे। उन्होंने लगभग 22.45 बजे, एक मोटरसाईकिल पर सवार संदिग्ध को देखा और तुरंत उसका पीछा करना शुरू किया। कुछ दूर तक पीछा करने के बाद, एएसआई भूपेन्द्र कुमार ने वंदेमातरम मार्ग (धौलाकुआं से करोलबाग) पर कथित मोटरसाईकिल को फुर्ती और चालाकी से रोक लिया, जिससे मोटरसाईकिल चालक नीचे गिर गया। डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह और एसीपी हृदय भूषण ने, उसे पहचाना और तेज आवाज में उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। तथापि, युसुफ खान, जो फुर्ती से उठ खड़ा होकर खुद को संभाल चुका था, ने पिस्तौल निकाल ली और सड़क पार करने की कोशिश करते समय पुलिस की ओर फायरिंग शुरू कर दी। डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह और एसीपी हृदय भूषण ने, यह पूर्णत: जानने के बावजूद कि युसुफ खान आईइडी ला रहा होगा अथवा उसने सुसाइड वेस्ट/बेल्ट बांध रखी होगी, उसका पीछा किया और बिना किसी सुरक्षा कवर के आत्म रक्षा में गोलियां चलाई। युसुफ खान पुलिस पार्टी की ओर फायरिंग करता रहा और वह व्यस्त रिज रोड को पार कर गया। डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह, एसीपी हृदय भूषण, एसआई संदेश के. और एएसआई भूपेन्द्र कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना उसका पीछा किया और आत्म रक्षा में फायरिंग करने के साथ-साथ आमलोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पूरी सावधानी बरतते हुए रिज रोड को सफलतापूर्वक पार किया। एसआई संदेश के. और एएसआई भूपेन्द्र कुमार ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए और अपने जीवन को खतरे में डालकर आतंकवादी पर झपट पड़े। एसआई संदेश के. ने उसे तुरंत काबू में कर लिया। इसी दौरान, डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह और एसीपी हृदय भूषण ने युसुफ खान को काबू करने में एसआई संदेश के. की मदद की, ताकि वह किसी प्रकार की शरारत न कर सके। इसी बीच, एएसआई भूपेन्द्र कुमार ने भी उसके हाथों को जोड़ से पकड़ लिया, जिससे वह आतंकवादी पुलिस पार्टी पर फायर नहीं कर पाया। उन्होंने आतंकवादी से उसकी भरी हुई पिस्तौल छीन ली। आरोपी व्यक्ति की पहचान मो. मुस्तकिम खान उर्फ युसुफ खरीय उर्फ अबु युसुफ खान पुत्र कफिल अहमद खान, निवासी- गांव बदिया भैसानी उतरौला, पीएस- बैंक बाजार, जिला- बलरामपुर (यूपी), उम्र 36 वर्ष के रूप में की गई। युसुफ खान से 05 जिंदा कारतूस और पुलिस दल पर फायरिंग करने के लिए प्रयोग किए गए 03 खाली कारतूसों के साथ एक पिस्तौल तथा उपयोग के लिए तैयार दो प्रेशर कूकर आईईडी बरामद किए गए थे। बाद में, एसएसजी बम निरोधक दस्ते द्वारा इस प्रेशर कूकर आईईडी को एक नियंत्रित ब्लास्ट द्वारा निष्क्रिय किया गया, जिससे बुद्धा जयंती पार्क के बगल में एक बड़ा गड्ढा हो गया।

आरोपी मोहम्मद मुस्तकिम खान उर्फ युसुफ खान की गिरफ्तारी से पीएस स्पेशल सेल, दिल्ली में दिनांक 10.07.2020 को आईपीसी की धारा 120 बी, यूएपी अधिनियम की धारा 18/20 और आयुध अधिनियम की धारा 4/5 के तहत दर्ज अन्य मामलागत एफआईआर संख्या 174/2020 को सुलझा लिया गया। इससे गांव¬- बदिया भैसानी उतरौला, जिला- बलरामपुर (यूपी) में आरोपी के घर से भारी मात्रा में बरामदगी की जा सकी। बरामद की गई वस्तुओं में विस्फोटकों के साथ दो सुसाइड वेस्ट और आवश्यक इलेक्ट्रिक फिटिंग के साथ बॉल बियरिंग, 01 सुसाइड बेल्ट (लगभग 03 किग्रा. विस्फोटक के साथ), 01 आईएसआईएस फ्लैग, लगभग 08 किग्रा वजन के साथ 04 पॉलिथिन कैरी बैग, 04 विभिन्न पॉलिथिन बैगों में विस्फोटक, 30 बॉल बियरिंग, बॉल वियरिंग के 12 छोटे बॉक्सों से भरा एक पैकेट, प्रत्येक 4 वोल्ट वाली 02 लिथियम बैटरी, 09 वोल्ट की 01 लिथियम बैटरी, वॉल वियरिंग से जुड़ी हुए 02 सिलिंड्रिकल मेटल बॉक्स (हिमगंगे ऑयल बॉक्स), विस्फोटक और बिजली के तारों से भरे 03 सिलिंड्रिकल मेटल के बक्से (हिमगंगे ऑयल बॉक्स), दोनों ओर से बिजली के तारों से एक दूसरे से समानान्तर जुड़े हुए लोहे की 02 ब्लेड और 01 लकड़ी का बक्सा (टारगेट अभ्यास के लिए) शामिल है।

इस आपरेशन के दौरान, डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह, एसीपी हृदय भूषण, एसआई संदेश के. और एएसआई भूपेन्द्र कुमार ने अपने जीवन को बार-बार दांव पर लगाया, अनुकरणीय वीरता का परिचय दिया और अपने आधिकारिक हथियार से क्रमश: दो/एक/एक/एक राउंड फायर किया। उपरोक्त अधिकारियों की वीरतापूर्ण और समय पर की गई कार्रवाई ने एक बहुत बड़े आतंकी हमले को रोक दिया और अनेक निर्दोष लोगों की जान बच गई। उनके वीरतापूर्ण कार्य ने न सिर्फ पुलिस के उच्च पदाधिकारियों और मीडिया से, बल्कि असंख्य आम जनता से भी प्रशंसा प्राप्त की।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री प्रमोद कुमार कुशवाह, पुलिस उपायुक्त, हृदय भूषण, सहायक पुलिस आयुक्त, संदेश के., उप निरीक्षक और भूपेन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/08/2020 से दिया जाएगा।

(संख्या 11020/208/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 105-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	प्रमोद सिंह कुशवाह	पुलिस उपायुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	विनोद कुमार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एक खुफिया जानकारी के आधार पर, दिनांक 09/01/2020 को प्रात: लगभग 7 बजे, पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह के नेतृत्व वाले विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने आउटर रिंग रोड, दिल्ली से जुड़े वजीराबाद पुल के पास आईएसआईएस के तीन खूंखार आतंकवादियों को चुनौती दी। पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने पुलिस के रूप में अपनी पहचान का खुलासा करके उन्हें रुकने का इशारा किया, परन्तु इसके बजाय उन्होंने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया।

जब पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह उन्हें पकड़ने के लिए उनका पीछा कर रहे थे, तभी आतंकवादियों द्वारा चलाई गई एक गोली पुलिस उपायुक्त की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लग गई। पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने अडिग रहते हुए, अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना, अपनी पिस्तौल से दो गोलियां दागी। इस बात की जानकारी होने के बावजूद कि ये आतंकवादी हिन्दू नेता के. पी. सुरेश कुमार की निर्मम हत्या में शामिल थे और एक दिन पहले ही उनके साथी आतंकवादियों ने तमिलनाडु पुलिस के पुलिस अधिकारी विलसन की हत्या की थी, वे आतंकवादी खाजा मोइदीन, पुत्र-चिन्नाथंबी अंबालम, निवासी-27/29, सलामथ पुदु नगर, कोलूमेडू, कट्टूमन्नारकोईल, जिला-कुड्डालौर, तमिलनाडु पर झपट पड़े और इसके परिणामस्वरूप हुई हाथापाई में उन्होंने आतंकवादी की भरी हुई 9 एमएम की पिस्तौल, जिसके चैम्बर में एक जिंदा कारतूस और मैगजीन में दो कारतूस थे, छीनकर उस पर काबू पा लिया।

इसके साथ ही, एक समन्वित कार्रवाई में, एक अन्य आतंकवादी सैयद एएम नवाज पुत्र-सैयद मोहम्मद, निवासी- नंबर 15, अमूल परिसर, मलिक दिनार नगर, लानकडाई, जिला-कन्याकुमारी, तमिलनाडु का पीछा करते हुए, निरीक्षक विनोद कुमार को भी आतंकवादी द्वारा चलाई गई गोली लग गई। तथापि, वे अपनी बुलेट प्रूफ वेस्ट की वजह से बच गए। इन आतंकवादियों और उनके संगठन के खूंखार प्रोफाइल की जानकारी होने के बावजूद, निडर निरीक्षक विनोद कुमार आतंकवादियों का पीछा करते रहे और उन्हें पकड़ने के प्रयास में उन्होंने अपनी सर्विस पिस्तौल से दो गोलियां दागी। असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने आतंकवादी सैयद अली नवाज से भरी हुई 9 एमएम की पिस्तौल, जिसके चैंबर में एक और मैगजीन में भी एक जिंदा कारतूस था, को छीन लिया और हाथापाई के बाद उसे पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा तीसरे आतंकवादी अब्दुल समद, पुत्र-अरिफुनिशा उर्फ सुल्तान, निवासी - नंबर 21, पुराना नंबर 29, नागुथा माराईकायार एसटी, पारंगीपेटाई, जिला - कुड्डालौर तमिलनाडु को भी पकड़ लिया गया। इन आतंकवादियों से 9 जिंदा कारतूसों के साथ 9 एमएम की तीन अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद हुईं।

आतंकवादी खाजा मोहिदीन ने अपने सहयोगियों के माध्यम से भारत में आईएसआईएस नेटवर्क को पुनर्जीवित करने की व्यापक योजना बनाई थी। विचारधारा से प्रभावित करने और आईएसआईएस के प्रति वफादारी की शपथ दिलाने के लिए खाजा मोइदीन द्वारा छिपने के अलग-अलग ठिकानों पर कई दौर की गुप्त बैठकें आयोजित की गई थीं। उसने, सैयद अली नवाज, अब्दुल समद और अन्य आतंकवादी ने एक ही समय पर अपने-अपने ठिकाने से भागने का निर्णय लिया। खाजा मोइदीन, सैयद अली नवाज और अब्दुल समद के साथ जाली दस्तावेजों पर अवैध तरीके से सीमा पार करके काठमांडू, नेपाल चला गया। नेपाल में बेस स्थापित करने के बाद, वे पोरस भारत-नेपाल सीमा को पार करके दिल्ली आ गए। उनके विदेश स्थित हैंडलर द्वारा दिल्ली में एक जानकार के माध्यम से दिल्ली में उनके लिए छिपने के ठिकाने और हथियारों की व्यवस्था कराई गई।

पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह और निरीक्षक विनोद कुमार ने स्वयं के लिए कोई भी कवर उपलब्ध न होने और स्वयं के सीधी गोलीबारी की दिशा में होने की वजह से गोली लग जाने के बावजूद, इन खूंखार आतंकवादियों का पीछा किया तथा अपने व्यक्तिगत जीवन की

परवाह किए बिना उन्हें पकड़ने में असाधारण साहस और कर्तव्य के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन किया। उन्होंने, न केवल टीम के साथी सदस्यों, बल्कि आम जनता की भी जान बचाई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री प्रमोद सिंह कुशवाह, पुलिस उपायुक्त और विनोद कुमार, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09/01/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/209/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं.-106-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	डॉ. जी राम गोपाल नायक	पुलिस उपायुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	राजेश कुमार	सहायक पुलिस आयुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	विनय कुमार त्यागी	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	कुलदीप सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.01.2018 को, प्रात: लगभग 7:35 बजे तीन मोटर साइकिल सवार अपहरणकर्ताओं ने इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंस हॉस्पिटल (आईएचबीएएएस), मंडोली रोड़, दिल्ली के समीप एक स्कूल बस को जबरन रोक लिया और बंदूक की नोक पर एक 5 वर्षीय बालक का अपहरण कर लिया तथा ड्राइवर नरेश थापा को गोली मार दी। पुलिस स्टेशन जीटीबी एंक्लेव, दिल्ली में आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 363/307 के तहत दिनांक 25.01.2018 को एफआईआर सं. 27/2018 के माध्यम से एक मामला दर्ज किया गया और स्थानीय पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई।

अपहरण के तीन दिन बाद अर्थात दिनांक 28.01.2018 को परिवार के फोनों पर बच्चे की सकुशल रिहाई के लिए 60 लाख रुपए की फिरौती मांगने के लिए कॉलें आने लगीं। 5 साल के बच्चे की जान से जुड़े मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता के मद्देनजर दिनांक 28.01.2018 को मामले को अपराध शाखा, नई दिल्ली को हस्तांतरित कर दिया गया। डॉ. जी राम गोपाल नायक, पुलिस उपायुक्त, अपराध शाखा की गहन निगरानी के तहत एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें श्री राजेश कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त, श्री विनय त्यागी, निरीक्षक और श्री कुलदीप सिंह, कांस्टेबल (कमांडो) शामिल थे। टीम ने रात-दिन अथक कार्य किया तथा अत्यंत दृढ़ता और धीरज का प्रदर्शन किया, क्योंकि एक बच्चे की जान जोखिम में थी। समर्पित टीम अपनी आसूचना नेटवर्किंग सहित गहन तकनीकी विश्लेषण के कारण महत्वपूर्ण सुराग ढूंढ सकी। दिनांक 25.02.2018 को लगभग 11:35 बजे अपराह्न, इन विश्वसनीय सूचनाओं (इनपुटों) और महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर, टीम ने संदिग्धों में से एक की पहचान की और नितिन कुमार शर्मा (28 वर्ष), पुत्र माम राज शर्मा, निवासी ए-543, गोकुलपुरी, दिल्ली को सामुदायिक ब्लाक, सीमापुरी के समीप सफलतापूर्वक दबोच लिया। उससे लगातार पूछ-ताछ पर, उसने कबूल किया कि उसने अपने साथियों नामत: रवि और पंकज के साथ मिलकर फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण किया है। बच्चे को उनकी कस्टडी में भोपुरा, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के समीप फ्लैट नं. बी-505, एबोनी बी, शालीमार सिटी में बंधक रखा गया था तथा उसके साथी किसी पुलिस हमले को नाकाम करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे।

पुलिस उपायुक्त डॉ. जी राम गोपाल नायक, सहायक पुलिस आयुक्त राजेश कुमार और निरीक्षक विनय त्यागी ने सभी सावधानियां बरतते हुए इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई की, क्योंकि बच्चे की जान खतरे में थी। अच्छी तरह योजना बनाने के बाद, टीम के सदस्य हथियारों/गोला बारूद और बुलैट प्रूफ जैकेटों से भली-भांति लैस होकर 5-6 फरवरी, 2018 की मध्य रात्रि को लगभग 12:50 बजे भवन की 5वीं मंजिल पर पहुंच गए और उन्होंने फ्लैट के चारों तरफ अपनी पोजीशन ले ली। पुलिस उपायुक्त डॉ. जी राम गोपाल नायक ने निरीक्षक विनय त्यागी और कांस्टेबल कुलदीप सिंह के साथ फ्लैट के दरवाजे पर सबसे आगे पोजीशन ले ली। सहायक पुलिस आयुक्त, राजेश कुमार ने टीम को पीछे से कवर प्रदान किया। निरीक्षक विनय त्यागी ने फ्लैट बी-505 की घंटी बजाई। प्रवेश द्वार पर लोहे का एक बाहरी गेट लगा हुआ

था और भीतरी दरवाजा लकड़ी का था। भीतर से एक व्यक्ति ने आंशिक रूप से लकड़ी का दरवाजा खोला, जबकि दूसरा व्यक्ति उसके पीछे खड़ा रहा। दु:साहसियों ने, पुलिस टीम की मौजूदगी को भांपते हुए तुरंत ही लोहे के गेट से पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और इन दु:साहसियों द्वारा चलाई गई गोलियां निरीक्षक विनय त्यागी और कांस्टेबल (कमांडो) कुलदीप सिंह द्वारा पहनी गई बुलैट प्रूफ जैकेटों के ऊपर उनके सीने पर लगी। स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए और बच्चे की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, पुलिस उपायुक्त डॉ. जी राम गोपाल नायक, निरीक्षक विनय त्यागी और कांस्टेबल (कमांडो) कुलदीप सिंह ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की तथा आत्मरक्षा के साथ-साथ धावा बोलने वाले दल के अन्य सदस्यों की सुरक्षा के लिए गोली चलाई। जब एक-दूसरे पर गोलीबारी हो रही थी, तो उसी समय पुलिस उपायुक्त डॉ. जी राम गोपाल नायक ने अपनी जान को जोखिम में डाला और उपर्युक्त दो अधिकारियों की मदद से लोहे के दरवाजे को झुका दिया तथा अपहरणकर्ताओं के चुंगल से बच्चे को सकुशल छुड़ाने के लिए फ्लैट के अंदर कूद पड़े। उप पुलिस आयुक्त कमरों के अंदर से बच्चे को सकुशल छुड़ाने में सफल रहे, उसे अपनी बाहों में उठाया और अपराध स्थल से बाहर भागे। दृढ़ और अडिग रहे, पुलिस उपायुक्त डॉ. जी राम गोपाल नायक, सहायक पुलिस आयुक्त राजेश कुमार, निरीक्षक विनय त्यागी और कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने इन तीनों खूंखार अपहरणकर्ताओं के चंगुल से अपहृत बच्चे को सफलतापूर्वक छुड़ाने के लिए और साथ ही टीम के सदस्यों की सुरक्षा के लिए असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी जाने खतरे में डाली और इस ऑपरेशन में अनुकरणीय साहस, वीरता और प्रेरणा का स्पष्ट प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस के इन चार कार्मिकों की वीरतापूर्ण कार्रवाई ने न केवल विभिन्न राज्यों की पुलिस के सर्वोच्च रैंको और मीडिया, बल्कि जनता से भी सराहना पाई। उपर्युक्त पुलिस अधिकारियों को इन दु:साहसिक अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी बुलैट प्रूफ जैकेटों ने उन्हें बचा लिया। माननीय गृह मंत्री ने भी उपर्युक्त वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को प्रशंसा की।

इन तीन दु:साहसिक अपराधियों नामत: (1) नितिन कुमार शर्मा, आयु-28 वर्ष, पुत्र श्री मामराज शर्मा, निवासी- ए-543, गोकुलपुरी, दिल्ली (2) रवि, आयु-24 वर्ष, पुत्र श्री श्याम लाल, निवासी- बी-252, ब्लॉक, गोकुलपुरी, दिल्ली और (3) पंकज ऊर्फ सिंह साहेब, आयु-21 वर्ष, पुत्र गिस्सा राम, निवासी- ए-286, पूर्वी गोकुलपुरी, नई दिल्ली के चंगुल से बच्चे को छुड़ाने का संपूर्ण ऑपरेशन 11 दिन तक चला और दिनांक 06/02/2018 को एबोनी, बी-505, शालीमार सिटी, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश में भारी गोलीबारी के बाद यह ऑपरेशन पूरा हुआ, जिसमें एक दु:साहसी को गोली लगने से चोटें आईं, जबकि एक अन्य ने चोटों के चलते अस्पताल में दम तोड़ दिया।

पुलिस स्टेशन– साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में (1) आईपीसी की धारा 307, 186, 353, 341, 342, 387, 34 के तहत दिनांक 06.02.2018 की एफआईआर संख्या 275/2018 (2) आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दिनांक 06.02.2018 की एफआईआर संख्या 276/2018 तथा (3) आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दिनांक 06.02.2018 की एफआईआर संख्या 277/2018 के माध्यम से तीन मामले भी दर्ज किए गए थे। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई के स्थल से 5 जिंदा और 4 इस्तेमाल (दागे गए) किए गए कारतूसों सहित दो .32 अत्याधुनिक पिस्तौल भी बरामद की गईं। गोलीबारी में शामिल आरोपी व्यक्ति रवि और पंकज ऊर्फ सिंह साहेब हैं। गोलीबारी के दौरान पुलिस द्वारा कुल 3 राउंड दागे गए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री डॉ. जी राम गोपाल नायक, पुलिस उपायुक्त, राजेश कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त, विनय कुमार त्यागी, निरीक्षक और कुलदीप सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06/02/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/06/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 107-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/ वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	अब्दुल वहीद शाह	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	फारूक अहमद मल्ला	फॉलोअर	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.04.2017 को, गांव हयातपोरा (छादूरा) में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक खुफिया जानकारी मिलने पर, श्री अब्दुल वहीद शाह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम की गहन देखरेख में बडगाम पुलिस ने श्री अमोद अशोक, अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम,

फॉलोअर फारूक अहमद संख्या 12/एफ और अन्य सहित सेना की 53 आरआर के साथ मिलकर छिपे हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। सर्च ऑपरेशन के दौरान, आतंकवादियों द्वारा पुलिस दल पर गोलीबारी की गई। सौभाग्य से इससे कोई नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि पुलिस दल चतुराइपूर्वक आगे बढ़ रहा था। चूंकि, अब आतंकवादियों की स्थिति का पता चल गया था, इसलिए श्री अब्दुल वहीद शाह, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम ने नफरी को इलाके की घेराबंदी करने और भागने के सभी रास्तों को बंद करने का निर्देश दिया। इसके बाद, अधिकारी ने दो छोटे दल गठित किए। पहला दल, जिसमें श्री अब्दुल वहीद शाह, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अक्षीक्षक बडगाम की निगरानी में उप निरीक्षक, रणबीर सिंह, हेड कांस्टेबल राकेश बाली, हेड कांस्टेबल फिरदौस अहमद, एसजी कांस्टेबल अशोक कुमार, एसजी कांस्टेबल अश्वनी कुमार, एसजी कांस्टेबल निसार अहमद, कांस्टेबल इम्तियाज अहमद और अन्य शामिल थे, ने लक्ष्य की एक ओर से पोजीशन ली तथा श्री अमोद अशोक, अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम के नेतृत्व वाले दूसरे दल, जिसमें एएसआई गुलाम मोहम्मद, हेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद, हेड कांस्टेबल सैयद गुलाम रसूल, हेड कांस्टेबल बिक्रम सिंह, फॉलोअर फारूक अहमद और अन्य शामिल थे, को लक्ष्य की दूसरी ओर से घेरा डालने का कार्य सौंपा गया। दोनों टीमें रणनीतिक तरीके से आतंकवादियों की ओर बढ़ रही थी। इसी समय, आतंकवादियों ने भागने का रास्ता बनाने के लिए ऑपरेशनल दल पर अंधाधुध गोलीबारी की, तथापि, श्री अब्दुल वहीद शाह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम के नेतृत्व में रणनीतिक पोजीशन लिए हुए सैनिक किसी भी नुकसान के बिना बच गए। आतंकवादियों को अपनी ओर आते देख, श्री अब्दुल वहीद शाह ने एक आतंकवादी को बंदूक से मौके पर ही मार गिराया। अपने साथी का हश्र देखकर एक दूसरा आतंकवादी मौके से भागा और उसने दूसरी तरफ से भागने की कोशिश की, जहां पर श्री अमोद अशोक, अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम के नेतृत्व वाले दूसरे ऑपरेशनल दल ने पोजीशन ली हुई थी। जैसे ही आतंकवादी ने भागने की कोशिश की, ऑपरेशनल दल द्वारा उसे भी बंदूक से मार दिया गया। बंदूक की आगे लड़ाई में बिना किसी समानांतर क्षति के लश्कर-ए-तैयबा संगठन से संबद्ध दोनों आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया तथा उनकी पहचान युनुस मकबूल गनई पुत्र मुहम्मद मकबूल, निवासी- पटरीगाम, छादूरा और पाकिस्तान निवासी अली के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से हथियार/गोला-बारूद के रूप में 01 एके सीरीज राइफल (क्षतिग्रस्त), 01 किरन कॉप राइफल (क्षतिग्रस्त), 02 एके मैगजीन (क्षतिग्रस्त), 02 किरन कॉप मैगजीन, एके के 35 राउंड, किरन कॉप के 44 राउंड, 01 चीनी पिस्तौल, 01 पिस्तौल मैगजीन, पिस्तौल के 07 राउंड और 01 हथगोला बरामद हुआ। इस संबंध में, दिनांक 22.04.2017 को छादूरा पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत 2017 की मामलागत एफआईआर संख्या 44 दर्ज की गई है।

इस ऑपरेशन को बिना किसी त्रुटि के और उक्त क्षेत्र एवं आसपास के इलाके के आम नागरिकों के जीवन को कोई भी नुकसान पहुंचाए बिना पूरा किया गया। ऐसा केवल उल्लिखित अनुशंसितों द्वारा समय से बनाई गई योजना और उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण ही संभव हो पाया। बंदूक की इस लड़ाई के दौरान, ऑपरेशनल दल ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह नहीं की, लेकिन आसाधारण साहस, जोश और अत्यंत कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप इन खूंखार आतंकवादियों का खात्मा हुआ।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अब्दुल वहीद शाह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और फारूक अहमद मल्ला, फॉलोअर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/04/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/149/2018-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 108-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	फारूक अहमद भट	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	सरजन अहमद डार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	फैयाज अहमद लोन	सहायक उपनिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

5	अरसद रसूल तंतरे	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.06.2017 को लगभग 20:00 बजे एसआईटी (दक्षिणी श्रीनगर) से गांव- न्यू कॉलोनी, काकापोरा, पुलवामा में आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में पुख्ता जानकारी प्राप्त हुई। इस जानकारी को श्री चंदन कोहली-आईपीएस, एएसपी पुलवामा, श्री सतीश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन काकापोरा और श्री फारूक अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय पुलवामा के साथ साझा किया गया। श्री आशीष मिश्रा–आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी श्रीनगर द्वारा इस जानकारी को और पुख्ता/स्पष्ट किया गया कि आतंकवादी न्यू कॉलोनी, काकापोरा के अब्दुल अहद भट, पुत्र गुलाम अहमद के घर में छुपे हुए हैं। सूचना को 50 आरआर और सीआरपीएफ की 182/183-वीं बटालियन के साथ साझा किया गया और एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी सुराग पर कार्रवाई करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा, पुलिस अधीक्षक एसआईटी दक्षिणी श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय पुलवामा, आई/सी पीपी काकापोरा, उप-निरीक्षकसरजन अहमद डार सं. ईएक्सके–109168 और पुलवामा/श्रीनगर पुलिस का एक दल, जिसमें उप-निरीक्षकआरिफ अहमद पीआईडी सं. ईएक्सके–109225, सहायक उपनिरीक्षक फैयाज अहमद सं. 1495/पीएल, सहायक उपनिरीक्षक इम्तियाज मोहम्मद सं. 60/आईआरपी 11वीं बटालियन, सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद रफी सं. 2709/एस, कांस्टेबल मोहम्मद राफिक सं. 834/केजीएम, एसजी कांस्टेबल हिलाल अहमद सं. 05/एसकेआर, एसजी कांस्टेबल तिलक राज सं. 202/एपी 9वीं बटालियन (एडब्ल्यूपी), एसजी कांस्टेबल शौकत अली सं. 313/पीएल, एसजी कांस्टेबल मोहम्मद शफी सं. 1326/पीएल, कांस्टेबल फारूक अहमद सं. 1631/पीएल, कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास सं. 761/पीएल, गुरनाम सिंह सं. 2439/जे, कांस्टेबल अर्शिद रसूल सं. 1133/ए, सीआई हिलाल अहमद सं. 1028/पीएल, कांस्टेबल फिरोज मुश्ताक सं. 4526/एस, एसपीओ जावीद अहमद सं. 168/एसपीओ, एसपीओ गुलजार अहमद सं. 148/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद गुलजार सं. 08/एसपीओ (एसजीआर), एसपीओ मंजूर अहमद सं. 439/एसपीओ, एसपीओ आशिक हुसैन सं. 541/एसपीओ, एसपीओ नाजिर अहमद सं. 235/एसपीओ, एसपीओ इमरान युसुफ सं. 258/एसपीओ, एसपीओ अजाज अहमद सं. 261/एसपीओ, एसपीओ इम्तियाज युसुफ सं. 252/एसपीओ (एसजीआर), एसपीओ अब्दुल हमीद कुमार सं. 187/एसपीओ (एमजीआर), एसपीओ मोहम्मद अशरफ सं. 819/एसपीओ (एसजीआर), एसएओ रियाज अहमद खान सं. 772/एसपीओ (एसजीआर) और एसपीओ रजिन्दर सिंह सं. 1410/एसपीओ (बीएलए) शामिल थे तथा 50 आरआर और सीआरपीएफ की 182/183वीं बटालियन लक्षित स्थल के लिए निकल पड़े तथा एक संयुक्त घेराबंदी कर दी गई। पुलिस अधीक्षक, एसआईटी दक्षिणी श्रीनगर श्री आशीष कुमार मिश्रा–आईपीएस की कमान के तहत उप-निरीक्षकअरिफ मोहम्मद पीआईडी संख्या ईएक्सके–109225, आईसी पीपी काकापोरा उप-निरीक्षकसरजन अहमद डार संख्या ईएक्सके–109168 के नेतृत्व वाले एक त्वरित कार्रवाई दल ने ज्यादा समय लिए बिना उत्तरी दिशा से लक्षित घरों की घेराबंदी कर दी (उत्तर पूर्वी तथा उत्तर पश्चिमी तरफ)। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलवामा श्री फारूक अहमद भट सं. ईएक्सके–901270 की कमान के अंतर्गत एक अन्य दल, जिसमें सहायक उपनिरीक्षक इम्तियाज मोहम्मद सं. 60/आईआरपी 11वीं बटालियन, सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद रफी सं. 2709/एस और अन्य सहयोगी सहायता कर रहे थे, ने दक्षिण दिशा से इलाके की घेराबंदी कर दी (दक्षिण-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी तरफ)। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीनगर श्री आशीष कुमार मिश्रा–आईपीएस ने अपने सहायक आई/सी पीपी काकापोरा उप-निरीक्षकसरजन अहमद डार सं. ईएक्सके–109168 के साथ घेराबंदी की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की। घेराबंदी को सुदृढ़ करने के पश्चात, सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया और जब तलाशी की जा रही थी, तभी आंतकवादियों ने पुलिस अधीक्षक साउथ सिटी श्रीनगर और उनके साथियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन वे इस अचानक हुए आतंकवादी हमले से बाल-बाल बच गए। असाधारण साहस/सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलवामा, आई/सी पीपी काकापोरा और कांस्टेबल अर्शिद रसूल सं. 1133/ए ने तुरंत खुद को पोजीशन कर लिया तथा आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादियों को रक्षात्मक होने पर बाध्य कर दिया और इस तरह भागने के उनके प्रयास को विफल कर दिया। इस बीच, यह देखा गया कि लक्षित घर/सटे हुए घरों में कई आम नागरिक फंस गए थे, क्योंकि आतंकवादियों ने उन्हें भागने का मौका नहीं दिया था। दो टीमों का गठन किया गया, जिनमें से एक टीम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीनगर कर रहे थे और इस टीम की सहायता उप-निरीक्षकसरजन अहमद डार ईएक्सके–109168, सहायक उपनिरीक्षक इम्तियाज मोहम्मद 60/आईआरपी 11वीं बटालियन, कांस्टेबल हिलाल अहमद 1028/पीएल और कांस्टेबल मोहम्मद रफीक 834/केजीएम कर रहे थे, जबकि दूसरी टीम का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलवामा कर रहे थे और इस टीम की सहायता सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद रफी 2709/एस, कांस्टेबल गुरनाम सिंह 2439/जे और कांस्टेबल अर्शिद रसूल 1133/ए कर रहे थे। इन दोनों टीमों ने अपने जीवन को अनिश्चितता/मौत की सीमा पर रखकर सभी आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया और तत्पश्चात आतंकवादियों को आत्मसर्मपण करने के लिए कहा गया। रात्रि का समय होने के कारण लक्षित स्थान के आस-पास के क्षेत्र को नियंत्रित करने के लिए कई उपाय किए गए, गलियों के चारों तरफ कंसर्टिना तार डाले गए और पूरे इलाके की रोशनी के लिए जनरेटर लगाया गया। लक्षित घर के इर्द-गिर्द रोशनी करने का कार्य उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलवामा की निगरानी में किया गया। इस कार्य में, उप-निरीक्षक श्री सरजन अहमद और 14 अन्य कर्मियों ने मदद की, जो पहले से ही भीतरी घेराबंदी में मौजूद थे। अगली सुबह, फिर से आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु उन्होंने इसे फिर से नजरअंदाज कर दिया और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलवामा, उप-निरीक्षकसरजन अहमद डार और सिपाही अरसद रसूल तंतरे, जो कि मोर्चे पर सामने थे, पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक सिटी दक्षिणी श्रीनगर के नेतृत्व वाली टीम ने खुद को पोजीशन कर लिया और जवाबी

कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप भीषण गोलीबारी शुरू हो गई, जो लश्कर-ए-तैयबा के तीन खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ समाप्त हुई। इन आतंकवादियों की पहचान माजिद हमीद मीर उर्फ अब्बास (श्रेणी-क) पुत्र अब्दुल हमीद मीर, निवासी- काकापोरा, शाकिर अहमद गुगजू (श्रेणी-ख) पुत्र बाशिर अहमद गुगजू, निवासी-काकापोरा और इर्शाद अहमद डार (श्रेणी-ग) पुत्र मोहम्मद सुल्तान डार, निवासी-अगहांजीपोरा, अवंतीपोरा के रूप में हुई। ऑपरेशन के दौरान, बरामद हथियारों/गोलाबारूद में 01 एके-56 राइफल (पूर्णत: क्षतिग्रस्त), 3 एके-56 मैगजीन (पूर्णत: क्षतिग्रस्त), 1 पिस्तौल टी 652 टी राउंड (पूर्णत: क्षतिग्रस्त) और 1 पिस्तौल मैगजीन (पूर्णत: क्षतिग्रस्त) बरामद हुई। इस संबंध में, पुलवामा पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, आईए अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 212/2017 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, फारूक अहमद भट, उप पुलिस अधीक्षक, सरजन अहमद डार, उप निरीक्षक, फैयाज अहमद लोन, सहायक उपनिरीक्षक और अरसद रसूल तंतरे, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/06/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/163/2018-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 109-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	तारिक महमूद	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	रेयाज अहमद मीर	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3.	जगदीश सिंह	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4.	मोहम्मद हुसैन मीर	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.12.2017 को, हंदवाड़ा पुलिस द्वारा उनीसू हंदवाड़ा में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध में एक पुख्ता जानकारी जुटाए जाने पर हंदवाड़ा पुलिस, 22 आरआर और सीआरपीएफ की 92वीं बटालियन द्वारा ग्राम उनीसू और इसके आस-पास एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई तथा इसे कार्यान्वित किया गया। आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की गई और छिपे हुए आतंकवादियों के चारों तरफ की गई घेराबंदी को और अधिक मजबूत कर दिया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान, बड़ी मात्रा में हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सर्च पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और घेराबंदी क्षेत्र के भीतर निवासी आम नागरिकों में अफरा-तफरी मचा दी। सभी आम नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया और उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स मागम-केजीडी श्री तारिक महमूद–केपीएस के नेतृत्व वाली पुलिस और सेना की संयुक्त टीम, जिसमें उप-निरीक्षकरेयाज अहमद संख्या 286/एस, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सिंह 474/एच और हेड कांस्टेबल मोहमम्द हुसैन संख्या 180/एच सहायता कर रहे थे, नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की जिम्मेदारी के लिए स्वेच्छा से आगे आए। इसमें खतरा होने के बावजूद, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कोई परवाह नहीं की और गोलियों की बौछार के बीच आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। तथापि, कुछ बच्चों और महिलाओं सहित 05-06 आम नागरिक लक्षित घर के भीतर फंसे हुए थे और आतंकवादी उन्हें उक्त घर से बाहर नहीं आने दे रहे थे। आतंकवादियों ने लक्षित घर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके दौरान एक महिला जिसकी पहचान मयसारा बेगम, पत्नी- इश्फाक अहमद वानी, निवासी- उनीसू के रूप में हुई, को गोली लगी और बाद में उसने चोट लगने के कारण दम तोड़ दिया। आम नागरिकों को निकालने की पूरी प्रक्रिया के दौरान, खूंखार आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी और बचाव दल पर कई ग्रेनेड दागे। गोलीबारी का कारगर ढंग से जवाब दिया गया और आतंकवादियों को बंदूक की इस भीषण लड़ाई में उलझा दिया गया। आम नागरिकों को सफलतापूर्वक निकालने के बाद, ऑपरेशन को तेज किया गया और आगे किसी समानान्तर हानि के बिना खूंखार आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए मौके पर असॉल्ट टीमें गठित की गईं। असॉल्ट

टीम का नेतृत्व करते हुए उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स मागम, उप निरीक्षक रियाज अहमद संख्या 286/एस और हेड कांस्टेबल मोहम्मद हुसैन संख्या 180/एच फिर से इस कार्य हेतु स्वेच्छा से आगे आए और वे विभिन्न दिशाओं से छुपे हुए आतंकवादियों की तरफ चल पड़े और इस प्रकार घेराबंदी को और अधिक मजबूत कर दिया गया तथा तत्परता से आतंकवादियों के हमले का जवाब दिया गया। घेराबंदी का क्षेत्र सघन आबादी वाला क्षेत्र था और आतंकवादियों ने पहले से ही ऑपरेशन पार्टी को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने के लिए उपयुक्त पोजीशन ली हुई थी। असॉल्ट पार्टी को आगे बढ़ता देखकर, आतंकवादियों ने असॉल्ट टीमों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और कई ग्रेनेड फेंके। उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स मागम, उप निरीक्षक रियाज अहमद संख्या 286/एस और हेड कांस्टेबल मोहम्मद हुसैन संख्या 180/एच ने चतुराई से इस हमले का जवाब दिया और आतंकवादियों की तरफ आगे बढ़ने के लिए असॉल्ट टीम को एक-दूसरे को कवर गोलीबारी प्रदान करने का निदेश दिया। आतंकवादियों के इस अचानक हमले ने असॉल्ट टीमों के लिए आगे बढ़ने के कार्य को और अधिक कठिन बना दिया। सुरक्षित पोजीशनों का लाभ लेते हुए उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स मागम ने उप निरीक्षक रेयाज अहमद संख्या 286/एस और हेड कांस्टेबल मोहम्मद हुसैन संख्या 180/एच के साथ आतंकवादियों की पोजीशन की तरफ बढ़ते हुए उन्हें रक्षात्मक पोजीशन में धकेल दिया। आतंकवादियों के काफी नजदीक पहुंचने पर छिपे हुए आतंकवादियों पर अंतिम निर्णायक हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप तीनों खूंखार विदेशी आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के सिदिक, निवासी- पाकिस्तान "ए++", शकील भाई, निवासी- पाकिस्तान "ए+" और अबू गाजी, निवासी- पाकिस्तान "ए" के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से बरामद हथियारों/गोलाबारूद में 03 एके राइफल (02 क्षतिग्रस्त), 12 एके मैगजीन (04 क्षतिग्रस्त), 271 एके राउंड, 02 हथगोले, 03 यूबीजीएल, 02 पाउच (01 क्षतिग्रस्त), 01 बैटरी चार्जर (क्षतिग्रस्त), 01 फर्स्ट एड किट, (क्षतिग्रस्त), 02 शीट नक्शे, 01 चार्जर (क्षतिग्रस्त), 01 मोबाइल इयरफोन और 2500/- रुपये की भारतीय मुद्रा (1500/- रुपये क्षतिग्रस्त) शामिल है। इस संबंध में, हंदवाड़ा पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307 और आईए अधिनियम की धारा 7/72 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 393/2017 दर्ज है।

इस संयुक्त आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन के दौरान अन्य भागीदारों, जिसमें असॉल्ट टीम के सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद सादिक, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सिंह 474/एच, एसजी कांस्टेबल हिलाल अहमद 732/10वीं आईआर, एसजी कांस्टेबल सजाद अहमद 789/9वीं आईआर, कांस्टेबल गुरूपर्व सिंह 828/7वीं एपी, कांस्टेबल मोहम्मद रमजान 669/एच, कांस्टेबल अली हुसैन 683/एच, फॉलोअर मोहम्मद रफिक संख्या 94/एफ तीसरी आईआर और निम्नलिखित एसपीओ नामतः एसपीओ अब्दुल हामिद 302/एसपीओ, एसपीओ मंजूर अहमद 403/एसपीओ, एसपीओ सजाद अहमद 34/ईएक्स, एसपीओ अब्दुल राशिद 16/एसपीओ, एसपीओ एजाज अहमद संख्या 41/एसपीओ, एसपीओ सैय्यद शाबीर 133/एसपीओ-बीएलए, एसपीओ अली मोहम्मद 314/एसपीओ और एसपीओ मुश्ताक अहमद 548/एसपीओ शामिल थे, ने भी इस आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन खूंखार आतंकवादियों का खात्मा करते समय वे मोर्चे पर सबसे आगे रहे। उनकी भूमिका/सक्रिय भागीदारी के आधार पर उनके लिए क्रमशः बारी से पहले पदोन्नति/कनवर्जन के लिए सिफारिश की गई थी। शेष भागीदारों, जिन्हें आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए बाहरी घेराबंदी में तैनात किया गया था, को उपयुक्त नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री तारिक महमूद, उप पुलिस अधीक्षक, रेयाज अहमद मीर, उप निरीक्षक, जगदीश सिंह, सहायक उप निरीक्षक और मोहम्मद हुसैन मीर, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11/12/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/138/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 110-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	साहिल शर्मा	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	सगीर अहमद पठान	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.09.2018 को ग्राम-गुलूरा लंगाटे में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध में एक पुख्ता सूचना पर, हंदवाडा पुलिस, 30 आरआर, सीआरपीएफ की 162वीं बटालियन और सीआरपीएफ की 92वीं बटालियन द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई और इसे अंजाम दिया गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पूरे गांव की घेराबंदी कर दी गई और आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की गई। तलाशी के दौरान, ऑपरेशनल दलों पर अचानक ही छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा भारी गोलीबारी शुरू कर दी गई, जिसने नागरिकों के बीच अफरा-तफरी मचा दी और आम नागरिक आबादी को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना जरूरी हो गया। आतंकवादियों द्वारा शुरू की गई अंधाधुंध गोलीबारी लक्षित क्षेत्र से आम नागरिकों को निकालने के कार्य को और अधिक कठिन बना रही थी।

जम्मू और कश्मीर पुलिस की एक छोटी टीम, जिसमें श्री साहिल शर्मा जेकेपीएस-125768, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) क्रालगुंड-मागम, उप पुलिस अधीक्षक फारूक अहमद जेकेपीएस-116205, उप निरीक्षक जान मोहम्मद 248/पीएयू, सहायक उप निरीक्षक सगीर अहमद पठान 59/7वीं एपी, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सिंह 474/एच, एसजी कांस्टेबल रॉबिन रविन्द्र 848/7वीं एपी, कांस्टेबल अब्दुल मजीद 437/एच, फोलोअर शाबिर अहमद 23/एफ, एसपीओ जाविद अहमद 513/एसपीओ, एसपीओ बिलाल अहमद 02/ईएक्स, एसपीओ मंजूर अहमद 287/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद सादिक 763/एसपीओ- कुप, एसपीओ रियाज अहमद 374/एसएसआर स्वेच्छा से इस कार्य के लिए आगे आए। इस बचाव टीम ने अपनी जान को भारी खतरे में डाला और लक्षित क्षेत्र के भीतर फंसे सभी नागरिकों को बाहर निकाल लिया। नागरिकों को बाहर निकालने के संपूर्ण ऑपरेशन के दौरान, खूंखार आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे और उन्होंने बचाव टीम पर कई ग्रेनेड फेंके, तथापि अत्यंत सावधानी के साथ और कौशल युद्ध रणनीति का प्रदर्शन करते हुए, सभी नागरिकों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया।

आम नागरिकों को सफलतापूर्वक निकालने के बाद, आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए ऑपरेशन को फिर शुरू किया गया और छोटी असॉल्ट टीमें गठित की गईं, जिसके दौरान श्री साहिल शर्मा और सहायक उप निरीक्षक सगीर अहमद पठान पुन: स्वेच्छा से इस कार्य के लिए आगे आए। उन्होंने असॉल्ट टीमों का नेतृत्व किया और छिपे हुए आतंकवादियों की ओर चतुराईपूर्वक आगे बढ़े, क्योंकि छुपने का स्थान आतंकवादियों के लिए ऑपरेशनल दल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाने के लिए उपयुक्त था। दोनों ने अपने कर्मियों को इस तरह से पोजीशन किया कि आतंकवादियों की चारों ओर कड़ी घेराबंदी सुनिश्चित हो सके और तत्परता से गोलीबारी का जवाब दिया जा सके। आतंकवादियों की कार्रवाई और स्थल से भागने की उनकी योजना को देखकर उन्होंने सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया तथा वे गोलीबारी का जवाब देते हुए लक्षित स्थल की तरफ आगे बढ़े। आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंककर और गोलियों की बौछार करके टीम को निशाना बनाने की कोशिश की, परन्तु अपनी सूझ-बूझ और सामरिक कौशल के द्वारा वे आतंकवादियों के काफी नजदीक पहुंच गए। इस कार्रवाई के दौरान, उन्होंने एक-दूसरे का भलीभांति सहयोग किया, जिसने उन्हें आतंकवादियों की गोलीबारी से सुरक्षा प्रदान की।

अनुशंसितों को करीब देखकर आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और मौके से भागने के लिए अनुशंसितों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, उप पुलिस अधीक्षक साहिल शर्मा- जेकेपीएस और सहायक उप निरीक्षक सगीर अहमद पठान ने तत्परता से आतंकवादी हमले का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो स्थानीय आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान फुरकान राशिद लोन उर्फ आदिल पुत्र अब्दुल राशिद लोन, निवासी-शार्तपोरा लंगाटे और लियाकत अहमद लोन उर्फ शबा पुत्र स्वर्गीय गुलाम मोही-उ-दीन, निवासी-हरवान सोपोर के रूप में हुई और ये दोनों ही लश्कर-ए-तैयबा संगठन से संबद्ध थे। इस संबंध में, हंदवाडा पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307 और आयुध अधिनियम की धारा 7/271 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 358/2018 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री साहिल शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक और सगीर अहमद पठान, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/09/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/182/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 111-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	ताहिर अशरफ	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	जावेद अहमद याटू	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

3	मोहम्मद इरफान मलिक	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	तारिक अहमद राथर	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर, पाकिस्तान-निवासी अली भाई के अपने साथियों के साथ श्रीनगर शहर में धोबी घाट मोहल्ला, मुजगुंड में छिपे होने के संबंध में एक पुख्ता जानकारी के आधार पर दिनांक 08.12.2018 को एक घेराबंदी डाली गई। ये खूंखार आतंकवादी यूएलबी/पंचायत चुनावों के मद्देनजर श्रीनगर शहर में आतंकवादी हमला करने की योजना बना रहे थे। इस सूचना को तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया गया और अधिकारियों की टीम तुरंत घेराबंदी स्थल पर पहुंच गई।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, इन छिपे हुए आतंकवादियों की पहचान करने और उनका खात्मा करने के लिए श्री विधि कुमार बिरदी-आईपीएस, उप महानिरीक्षक, सीकेआर श्रीनगर की कमान में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें श्री इम्तियाज इस्माइल-आईपीएस, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, डॉ. जी. वी. संदीप चक्रवर्ती-आईपीएस पुलिस अधीक्षक सिटी दक्षिणी श्रीनगर, श्री ताहिर अशरफ जेकेपीएस-045839, पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर, श्री मुशिम अहमद-जेकेपीएस तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीनगर और श्री इम्तियाज अहमद मीर-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) और साथ ही ईएसयू दक्षिणी श्रीनगर, पुलिस कंपोनेंट श्रीनगर, सीआरपीएफ की 44वीं बटालियन के पर्याप्त पुलिस कर्मी तथा 5 आरआर शामिल थे।

ऑपरेशनल नफरी को दो दलों में बांटा गया था। पहले दल में सीआरपीएफ की 44वीं बटालियन सहित पीसी श्रीनगर की नफरी और 5 आरआर शामिल थे, जिसे लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी डालने का कार्य सौंपा गया। दूसरा दल, जिसमें ईएसओ दक्षिण की नफरी शामिल थी, को यह कार्य सौंपा गया कि वे, धोबी घाट मोहल्ला, मुजगुंड, जहां ये आतंकवादी छिपे हुए थे, में भीतरी घेराबंदी डालें और यदि जरूरी हो, तो पूरे समन्वय के साथ डॉ. जी. वी. संदीप चक्रवर्ती-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, सिटी दक्षिणी जोन श्रीनगर की कमान के तहत इंटरवेशन की कार्रवाई करें। सभी दलों ने खुद को उपर्युक्त योजना के अनुसार पोजीशन कर लिया गया। 2100 बजे, पुलिस अधीक्षक सिटी दक्षिणी श्रीनगर, जोकि भातरी घेराबंदी दल के प्रभारी थे, ने श्री मुशिम अहमद-जेकेपीएस, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीनगर, श्री इम्तियाज अहमद मीर-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर और ईएसयू दक्षिणी श्रीनगर की एक छोटी टीम के साथ आस-पास के घरों से निवासियों को बाहर निकालने की एक योजना बनाई। टीम ने बड़ी चतुराई और वीरता से आस-पास के घरों से निवासियों को बाहर निकाला और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। लक्षित घर की पुष्टि करने के पश्चात, सबसे पहले आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। आत्मसमर्पण करने के बजाय, उन्होंने ऑपरेशन दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन सौभाग्य से इससे कोई नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि ऑपरेशनल दल चतुराईपूर्वक आगे बढ़ रहा था। इसी समय, ऑपरेशन के प्रभारी श्री विधि कुमार बिरदी-आईपीएस, उप महानिरीक्षक, सीकेआर श्रीनगर तथा पुलिस अधीक्षक सिटी दक्षिणी श्रीनगर, श्री मुशिम अहमद-जेकेपीएस तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीनगर, श्री इम्तियाज अहमद मीर-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर, इंस्पेक्टर मोहम्मद इरफान मलिक, इंस्पेक्टर जावेद अहमद याटू, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर फैयाज अहमद लोन, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर आजाद अहमद नाइकू, हेड कांस्टेबल तारिक अहमद और कांस्टेबल अब्दुल राशिद लोन ने रेंगने के बाद अपनी व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना कारगर तरीके से गोलीबारी का जवाब दिया। इसके परिणामस्वरूप, शीर्ष लश्कर-ए-तैयबा कमांडर अली भाई, निवासी-पाकिस्तान और हाजिन बांदीपोरा के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गए। बाद में, मारे गए इन आतंकवादियों की पहचान लश्कर-ए-तैयबा संगठन के अली भाई, निवासी-पाकिस्तान, मुदासिर पारे पुत्र अब्दुल राशिद, निवासी-पारे मोहल्ला हाजिन बांदीपोरा और साकिब बिलाल शेख पुत्र बिलाल अहमद, निवासी-पारे मोहल्ला हाजिन बांदीपोरा के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद हुआ। इस संबंध में, पारिम्पोरा पुलिस स्टेशन श्रीनगर में आरपीसी की धारा 307 और आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 417/2018 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री ताहिर अशरफ, पुलिस अधीक्षक, जावेद अहमद याटू, इंस्पेक्टर, मोहम्मद इरफान मलिक, इंस्पेक्टर और तारिक अहमद राथर, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08/12/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/183/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 112-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	विधि कुमार बिरदी, आईपीएस	उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	जी. वी. संदीप चक्रवर्ती, आईपीएस	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	शाहजहां चौधरी	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4	मोहम्मद रफी मलिक	सहायक उपनिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16/17.10.2018 को, हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकवादी नामश: मेहराज-उद-दीन बांगरू उर्फ आसिफ उर्फ पिया गुरू की उसके साथियों के साथ मौजूदगी होने के संबंध में एक पुख्ता सूचना के आधार पर, सैय्यद अली अकबर फतह कादल, श्रीनगर में एक घेराबंदी डाली गई। खूंखार हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकवादी अपने साथियों के साथ रईस हबीब हंगा (हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन का खूंखार ओजीडब्ल्यू) निवासी-सैय्यद अली अकबर फतेह कदल, श्रीनगर के घर में छिपा हुआ था, जो कि श्रीनगर शहर में आतंकवादी हमले को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इस सूचना को तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया गया और अधिकारियों की टीम तुरंत घेराबंदी के क्षेत्र में पहुंच गई। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, आतंकवादियों की पहचान करने और उनका खात्मा करने के लिए श्री विधि कुमार बिरदी- आईपीएस, उप महानिरीक्षक सीकेआर श्रीनगर की कमान के तहत एक टीम गठित की गई, जिसमें श्री इम्तियाज इस्माइल- आईपीएस तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, डॉ. जी. वी. संदीप चक्रवर्ती-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक साउथ सिटी श्रीनगर और श्री ताहेर अशरफ-जेकेपीएस, पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर तथा पुलिस कंपोनेंट श्रीनगर के पर्याप्त पुलिस कार्मिक शामिल थे।

संपूर्ण मानवशक्ति को तीन दलों में बांटा गया, पहले दल में दक्षिणी जोन श्रीनगर का पुलिस दल शामिल था, जिसका नेतृत्व डॉ. जी.वी. संदीप चक्रवर्ती-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीनगर कर रहे थे तथा इसमें उप पुलिस अधीक्षक इमरान मलिक- जेकेपीएस, सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद रफी मलिक, हेड कांस्टेबल लखबीर सिंह, हेड कांस्टेबल तारिक अहमद, हेड कांस्टेबल मंजूर हुसैन, एसजी कांस्टेबल मुखितार अहमद, कांस्टेबल इरफान यासीन, कांस्टेबल आजाद अहमद, कांस्टेबल वसीम मोहि-उद-दीन तथा सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी और सीआरपीएफ की नार्थ रेंज क्यूएटी शामिल थी। इस दल को लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया था। दूसरे दल में उत्तरी पुलिस सिटी श्रीनगर तथा पुलिस कंपोनेंट श्रीनगर की एक टीम शामिल थी तथा इसमें उप पुलिस अधीक्षक इम्तियाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक शाहजहां चौधरी जेकेपीएस, उप निरीक्षक मीर काजम, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल तेजिंदर सिंह, एसजी कांस्टेबल कमल किशोर, एसजी कांस्टेबल सजाद अहमद, एसजी कांस्टेबल रमनीक सिंह, एसजी कांस्टेबल रवीन्द्र सिंह और कांस्टेबल अंग्रेज सिंह शामिल थे। इस दल को उस मोहल्ले की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, जिसमें लक्षित घर स्थित था। तीसरे दल में पीसी श्रीनगर से मानवशक्ति शामिल थी तथा इसमें उप पुलिस अधीक्षक शाहजहां चौधरी- जेकेपीएस, पीसी श्रीनगर और पुलिस अधीक्षक सिटी दक्षिणी श्रीनगर की पुलिस पार्टी शामिल थी तथा इस दल को यह कार्य सौंपा गया कि वह उस लक्षित घर के चारों ओर भीतरी घेराबंदी डाले, जिसमें आतंकवादी छुपे हुए थे तथा यदि जरूरत पड़े, तो उप महानिरीक्षक सीकेआर श्रीनगर की कमान के तहत अन्य सुरक्षा बलों के साथ पूर्ण समन्वय से इंटरवेंशन की कार्रवाई करे। सभी दलों ने खुद को उपर्युक्त योजना के अनुसार पोजीशन कर लिया। सटे हुए घरों से निवासियों को बाहर निकालने के लिए पुलिस कंपोनेंट श्रीनगर की छोटी टीम गठित की गई। टीम ने बड़ी चतुराई और वीरता से सटे हुए घरों से निवासियों को बाहर निकाला और किसी भी समानांतर क्षति से बचने के लिए उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। पहले खूंखार ओजीडब्ल्यू सहित दोनों छुपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने चिल्लाकर आत्मसमर्पण करने से मना कर दिया और लड़ाई के अपने इरादे दर्शाए। आतंकवादियों ने ऑपरेशन दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। घर पर इंटरवेंशन की कार्रवाई करने की योजना बनाई गई। इंटरवेंशन दल ने, सभी सावधानियां बरतते हुए इंटरवेंशन की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी। तथापि, जैसे ही इंटरवेंशन दल लक्षित घर के पास पहुंचा, छिपे हुए आतंकवादियों, जिन्होने लक्षित घर की परछत्ती/शीर्ष मंजिल पर पोजिशन ली हुई थी, द्वारा पुलिस दल पर भारी गोलीबारी की गई।

छिपे हुए आतंकवादियों ने आगे बढ़ते हुए दल पर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। आतंकवादियों और सुरक्षा/पुलिस दलों के बीच एक-दूसरे पर भारी गोलीबारी में पीसी श्रीनगर के एक पुलिस कार्मिक एसजी कांस्टेबल कमल किशोर गोलीबारी का जवाब देते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए और वे घटना स्थल पर ही शहीद हो गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ाई जारी रखी। उनके असाधारण प्रयासों के चलते, छिपे हुए आतंकवादियों को एक स्थान पर रोका जा सका, जिससे अंतत: उनका खात्मा

संभव हुआ। बाद में, इंटरवेंशन दल को लक्षित घर के पीछे की ओर से घर की तरफ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया और उप महानिरीक्षक सीकेआर श्रीनगर, जो कि भीतरी घेराबंदी दल के प्रभारी थे, ने दो छोटे दल गठित किए, जिसमें एक दल में श्री ताहिर अशरफ जेकेपीएस पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक इम्तियाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक शाहजहां चौधरी, उप निरीक्षक मीर काजम, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल तेजिंदर सिंह, एसजी कांस्टेबल सजाद अहमद, एसजी कांस्टेबल रमनीक सिंह, एसजी कांस्टेबल रवीन्द्र सिंह और कांस्टेबल अंग्रेज सिंह शामिल थे तथा दूसरे दल में डॉ. जी.वी. संदीप चक्रवर्ती, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक इमरान मलिक, सहायक उप निरीक्षक इमरान मलिक, हेड कांस्टेबल लखबीर सिंह, हेड कांस्टेबल तारिक अहमद, हेड कांस्टेबल मनर हुसैन, एसजी कांस्टेबल मुख्तार अहमद, कांस्टेबल इरफान यासीन, कांस्टेबल आजाद अहमद, कांस्टेबल वसीम मोहि-उद-दीन तथा सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी/सीआरपीएफ की नार्थ रेंज क्यूएटी और उत्तरी जोन, श्रीनगर के पुलिस प्रतिनिधि शामिल थे। दलों द्वारा घर के पीछे और सामने की तरफ से भीतर घुसने का निर्णय लिया गया। जैसे ही दूसरे दल ने पीछे की तरफ से घर के भीतर घुसने का प्रयास किया, छिपे हुए आतंकवादियों ने एक खिड़की से ग्रेनेड फेंके, परन्तु इससे कोई नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि पास आता हुआ दल चतुराई से आगे बढ़ रहा था। आतंकवादी ने दूसरे तल के मुख्य द्वार को खोल दिया और घेराबंदी को तोड़ने तथा स्थल से भागने के प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एक-दूसरे पर भारी गोलीबारी के दौरान ही पीसी श्रीनगर का एक पुलिस कार्मिक कांस्टेबल अंग्रेज सिंह घायल हो गया। इसी बीच, उप महानिरीक्षक सीकेआर श्रीनगर, श्री ताहिर अशरफ, पुलिस अधीक्षक (पीसी) श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक इम्तियाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक शाहजहां चौधरी, उप निरीक्षक मीर काजम, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल तेजिंदर सिंह, एसजी कांस्टेबल सजाद अहमद, एसजी कांस्टेबल रमनीक सिंह और एसजी कांस्टेबल रवीन्द्र सिंह रेंगते हुए लक्षित घर के पास पहुंच गए। छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया तथा दलों पर भारी गोलीबारी की, जिसका दल द्वारा अपनी जान और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना कारगर तरीके से जवाब दिया गया। गोलीबारी की इस लड़ाई में एक आतंकवादी का खात्मा हो गया और एक अन्य आतंकवादी, जो भागने के लिए उक्त लक्षित घर के ऊपरी तल में छिप गया था, उसने घेराबंदी को तोड़ने के लिए पीछे की तरफ की खिड़की से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, परंतु दूसरे दल और सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी एवं सीआरपीएफ की नार्थ रेंज क्यूएटी, जिन्होंने पहले से ही पीछे की तरफ से घर के पास पोजीशन ली हुई थी, ने वीरता से गोलीबारी का जवाब दिया तथा एक-दूसरे पर इस गोलीबारी में दूसरा आतंकवादी भी मारा गया। लक्षित घर की अच्छी तरह तलाशी के बाद एक साथी और खूंखार ओजीडब्ल्यू का शव बरामद हुआ। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान महराज-उद-दीन बांगरू, निवासी-नरपारिस्तान, फतह कादल, श्रीनगर, हिजबुल मुजाहिद्दीन/लश्कर-ए-तैयबा "ए-श्रेणी", फहद वाजा उर्फ उसामा पुत्र मुश्ताक अहमद वाजा, निवासी-अकीनमीर खनयार, श्रीनगर लश्कर-ए-तैयबा "सी-श्रेणी" तथा रईस हबीब हंगा पुत्र हबीबुल्ला हंगा, निवासी-सैय्यद अली अकबर, फतह कदल, श्रीनगर (हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन का खूंखार ओजीडब्ल्यू) के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद तथा अन्य युद्ध की वस्तुएं बरामद हुई। इस संबंध में, एमआर गुंज, पुलिस स्टेशन श्रीनगर में आरपीसी की धारा 307 और आईए अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर संख्या 66/2018 दर्ज है।

इस बात का उल्लेख करने की जरूरत नहीं कि, खूंखार आतंकवादी कमांडर मेहराज-उद-दीन बांगरू उर्फ आसिफ उर्फ पिया गुरू श्रीनगर शहर और इससे सटे हुए इलाकों में सक्रिय था। मृतक घाटी में विशेष रूप से सेंट्रल कश्मीर रेंज/दक्षिणी कश्मीर रेंज में सुरक्षा बलों/पुलिस पर तथा साथ ही मासूम नागरिकों पर कुछ सनसनीखेज हमलों को अंजाम देने की वजह से पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा सर्वाधिक वांछित था। इसके अलावा, वर्ष 2017 में मारे गए उक्त आतंकवादी ने अपने साथियों के साथ उप निरीक्षक फिरोज अहमद तत्कालीन एसएचओ पुलिस स्टेशन-अछाबल और उनके एस्कोर्ट दल पर हमले को अंजाम दिया था। इस घटना में, पुलिस स्टेशन-अछाबल के पुलिस कार्मिक (05) मौके पर ही मारे गए थे और उन्होंने उनके हथियार छीन लिए गये थे। उक्त आतंकवादी राज्य की अखंडता और एकता के लिए गंभीर खतरा थे, क्योंकि उन्होंने राष्ट्र/राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा था। अपने साथी के साथ मारे गए आतंकवादी कमांडर का मारा जाना आतंकवादी कॉडरों, विशेष रूप से हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर-ए-तैयबा संगठनों के लिए गहरा धक्का था तथा दूसरी ओर सेंट्रल कश्मीर रेंज/दक्षिणी कश्मीर रेंज में तथा विशेष रूप से श्रीनगर जिले में सुरक्षा बलों/नागरिकों के लिए अत्यंत राहत की बात थी।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री विधि कुमार बिरदी, आईपीएस, उप महानिरीक्षक, जी. वी. संदीप चक्रवर्ती, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, शाहजहां चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक और मोहम्मद रफी मलिक, सहायक उपनिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16/10/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/186/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 113-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस	उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	रेयाज अहमद बाबा	एसजी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.03.2019 को लगभग 09:10 बजे, गांव आफताब-मोहल्ला वारपोरा सोपोर में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध में एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सोपोर पुलिस, 22-आरआर और सीआरपीएफ द्वारा क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। समग्र ऑपरेशन को श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी-आईपीएस उप महानिरीक्षक, उत्तरी कश्मीर रेंज बारामुला की कमान और नियंत्रण के तहत शुरू किया गया। पहले से ही ऐसी पुख्ता सूचना थी कि, आतंकवादी एक आवासीय घर छिपे हुए थे और उनके पास परिष्कृत हथियार है। संयुक्त बलों द्वारा लक्षित घर पर हमला करने से पहले, ऑपरेशन के कार्यान्वयन के लिए उप महानिरीक्षक (पी), एनकेआर बारामुला की कमान में एक संयुक्त योजना बनाई गई थी। चूंकि, यह सुबह का समय था, सभी नागरिक अपने आवासीय घरों में बैठे हुए थे और इस तरह की प्रतिकूल परिस्थिति में यदि सर्च ऑपरेशन उसी समय चलाया गया होता, तो आम नागरिकों के हताहत होने की पूरी आशंका थी। अत:, यह सुनिश्चित करने के लिए कि, ऑपरेशन में कोई चूक न हो और किसी भी नागरिक के हताहत हुए बिना पूरा हो, सुरक्षा बल के समकक्षों के साथ समन्वय स्थापित करके नागरिकों को बाहर निकालने के लिए पहली और सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई।

इस प्रकार, फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालने के लिए उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामुला के नेतृत्व में पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम गठित की गई और सेना/पुलिस/सीआरपीएफ की दूसरी टीम को कवर गोलीबारी प्रदान करने के लिए बैकअप टीम के रूप में रखा गया। तत्पश्चात, उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामुला के नेतृत्व वाली पहली संयुक्त टीम ने अपनी जान को भारी जोखिम में डाला, क्योंकि फंसे हुए सभी नागरिकों को सुरक्षित निकालना ऑपरेशनल दलों के लिए एक दुष्कर कार्य था, परंतु श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी-आईपीएस के नेतृत्व वाला पुलिस दल लक्षित घर के अत्यंत नजदीक पहुंच गया और इस दल ने बाहरी घेराबंदी दल के साथ अत्यंत समन्वय बनाए रखते हुए, फंसे हुए सभी निवासियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। इस दौरान आतंकवादी बाहर निकालने की प्रक्रिया को रोकने और नागरिकों को बंधक बनाने के इरादे से रूक-रूक कर गोलीबारी करते रहे तथा कुछ गोलियां अधिकारी के अत्यंत निकट भी लगीं, लेकिन अधिकारी ने अपना मनोबल नहीं खोया और फंसे हुए सभी नागरिकों को सफलतापूर्वक निकाल लिया। एक बार सिविलियन ऑपरेशन पूरा हो जाने के बाद, घेराबंदी को और अधिक सख्त बनाया गया तथा सर्च ऑपरेशन को तेज किया गया, जिससे छिपे हुए आतंकवादियों के लिए भागने की कोई संभावना न बचे। इस प्रक्रिया के दौरान, छिपे हुए आतंकवादियों ने सर्च पार्टी पर अंधाधुध गोलीबारी की। चूंकि, आतंकवादी दो मंजिला कंक्रीट के घर में छिपे हुए थे और वे चतुराईपूर्वक घर के भीतर अपनी पोजीशन को बदलते जा रहे थे और उन्होंने सुरक्षा बलों को लम्बे समय के लिए उलझा दिया था तथा इसके अलावा, लक्षित घर भीड़-भाड वाली जगह स्थित था, इसलिए सुरक्षा बल आसानी से लक्षित घर तक नहीं पहुंच सके। श्री सुलेमान चौधरी-आईपीएस उप महानिरीक्षक (पी), एनकेआर की कमान एवं नियंत्रण के तहत संयुक्त बलों ने अत्यंत मेलजोल और पेशेवर तरीके से कार्रवाई की तथा यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी आम नागरिक को लक्षित स्थल की ओर न जाने दिया जाए, ताकि ऑपरेशन की प्रक्रिया में बाधा न पड़े तथा नागरिकों की जान और संपत्ति की रक्षा की जा सके।

अंतत:, उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामुला के नेतृत्व में पहली संयुक्त टीम, जिसमें एसजी कांस्टेबल विक्रान्त सिंह, एसजी कांस्टेबल रियाज अहमद बाबा, कांस्टेबल परवेज अहमद, कांस्टेबल हिलाल अहमद, कांस्टेबल शमीम अहमद, एसपीओ मोहम्मद अशरफ, एसपीओ सजाद अहमद, एसपीओ शाबिर अहमद, एसपीओ इम्तियाज अहमद शामिल थे, अंतिम और निर्णायक हमले के लिए लक्षित घर की ओर बढ़ने के लिए स्वेच्छा से आगे आई और श्री राजा माजिद जेकेपीएस के नेतृत्व वाली दूसरी टीम, जिसमें निरीक्षक सैय्यद मुदासिर जावेद गिलानी, एसजी कांस्टेबल आशिक हुसैन, एसजी कांस्टेबल मोहम्मद युनुस, कांस्टेबल सजाद अहमद, कांस्टेबल मोहम्मद युनुस, कांस्टेबल अख्तर अकबर, कांस्टेबल इरशाद अहमद, कांस्टेबल इरफान अहमद, एसपीओ परवेज अहमद, एसपीओ गुलाम अहमद, एसपीओ गुलाम मोहि-उद-दीन सहित सीआरपीएफ और पुलिस कार्मिक शामिल थे, को कवर गोलीबारी प्रदान करने तथा पहली टीम के लक्षित घर की तरफ आगे बढ़ने तक आतंकवादियों को उलझाये रखने के लिए पहली टीम के बैकअप के रूप में रखा गया। तदनुसार, उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामुला के नेतृत्व वाली पहली एडवांस टीम ने दूसरे दल की बैकअप गोलीबारी का सहारा लेकर रेंगने की रणनीति से आगे बढ़ना शुरू कर दिया और जैसे ही एडवांस टीम लक्षित घर तक पहुंचने ही वाली थी, कि सुरक्षा बलों के लक्षित घर तक पहुंच जाने को भांपकर आतंकवादी अचानक से गोलियों की बौछार करते हुए सामने के मुख्य द्वार से घर के बाहर कूद गए और उन्होंने पास की गोशाला में शरण लेने का प्रयास किया, परंतु एडवांस टीम विशेष रूप से उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामुला और एसजी कांस्टेबल रियाज अहमद बाबा एक चट्टान की तरह अड़िग रहे तथा उन्होंने कारगर तरीके से गोलीबारी का जवाब दिया और इसके बाद हुई आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई में प्रतिबंधित जेईएम आतंकवादी संगठन के

दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में ताहिर अहमद वार उर्फ मौलवी, पुत्र अब्दुल मलिक वार, निवासी-उस्मानाबाद, वारपोरा, सोपोर तथा छोटा अजहर उर्फ रमजान, निवासी-पाकिस्तान के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में युद्ध की वस्तुएं बरामद हुईं। इस घटना के लिए, सोपोर-पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 72/2019 दर्ज है और जांच शुरू की गई है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस, उप महानिरीक्षक और रेयाज अहमद बाबा, एसजी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/03/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/19/2020 -पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 114-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	संदीप, आईपीएस	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	फिरदौस अहमद गनी	एसजी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	रेयाज अहमद खान	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.11.2018 को, फारूख अहमद गनई पुत्र श्री अब्दुल अहमद गनई, निवासी ग्राम नदिगम, शोपियां के एक रिहायशी घर में बनाए गए छिपने के ठिकाने में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने पर, घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) शुरू किया गया। उक्त गांव घने बागानों से घिरा हुआ था और आतंकवाद की दृष्टि से अत्यधिक सुभेद्य था तथा आतंकवादियों द्वारा पैदा की गई भय की भावना के कारण मौजूदा स्थिति में पुलिस/सुरक्षा बलों के लिए ऐसे क्षेत्र में ऑपरेशन चलाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। सेना की 34 आरआर/23 पैरा और 14वीं बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद, नदिगम गांव में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन के आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट जानकारी जुटाने के उपरांत, उक्त गांव में एक त्वरित घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) शुरू करने का निर्णय लिया गया। तद्नुसार, 34 आरआर/23 पैरा और 14वीं बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से शोपियां पुलिस द्वारा उक्त गांव में एक संयुक्त-घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया और तलाशी करने का कार्य आरंभ किया गया। ऑपरेशन को सफल बनाने के उद्देश्य से, ऑपरेशनल कमांडर श्री संदीप, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शोपियां के पर्यवेक्षण के अधीन पुलिस/सुरक्षा बलों की दो टीमों का गठन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व वाली पहली पार्टी, जिसमें शोपियां पुलिस तथा 34 आरआर/23 पैरा और 14वीं बटालियन सीआरपीएफ का छोटे त्वरित कार्रवाई दल शामिल थे, ने लक्षित क्षेत्र का आंतरिक घेरा डाला और श्री तुसीफ अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) इमामसाहिब के सहयोग से अपर पुलिस अधीक्षक, शोपियां के नेतृत्व वाली दूसरी पुलिस पार्टी और 34 आरआर/23 पैरा तथा 14वीं बटालियन सीआरपीएफ के त्वरित कार्रवाई दलों को लक्षित क्षेत्र का बाहरी घेरा डालने का कार्य सौंपा गया।

जैसे ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शोपियां के नेतृत्व वाली पार्टियों द्वारा तलाशी का कार्य शुरू किया गया, वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और घेराबंदी को तोड़ने के इरादे से अपने अवैध स्वचालित हथियारों से सैन्य दस्तों पर विभिन्न दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप सेना के निम्नलिखित 05 जवान नामत: (1) 23 पैरा के लांस हवलदार विजय कुमार नं. 13624481एन, (2) लांस नायक सोमबीर नं. 16022429एक्स, (3) हवलदार भूपेन्द्र सिंह नं. 160118442एन और (4) 34 आरआर के हवलदार एम.एस. अंसारी नं. 14441066पी तथा (5) सिपाही शैलेंद्र सिंह नं. 15232352एफ घायल हो गए। घायल जवानों को उपचार हेतु तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से 23 पैरा के लांस हवलदार विजय कुमार नं. 13624481एन नामक

01 सैन्य कर्मी ने घायल होने के कारण दम तोड़ दिया। तलाशी दलों ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिससे आतंकवादियों और पुलिस/सुरक्षा बलों के बीच भीषण बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई। तलाशी दल ने तत्काल कवर ले लिया और रणनीति तथा सटीकता के साथ जवाबी कार्रवाई की, जिसके कारण आतंकवादियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर निकलने का कोई मौका नहीं मिला। किसी भी आम नागरिक को हताहत होने से बचाने के लिए, ऑपरेशनल कमांडर (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां) ने पार्टियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए कहा। जब उन्हें बाहर निकाला जा रहा था, तब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व वाला हमला समूह, एसजी कांस्टेबल फिरदौस अहमद गनई 1117/ए, कांस्टेबल रेयाज अहमद खान नं. 582/आईआरपी 12वीं बटालियन, कांस्टेबल जाविद अहमद ईएक्सके098175 और अन्य जवान भीषण गोलीबारी की चपेट में आ गए। इसी बीच, घेराबंदी को तोड़ने के इरादे से एक हिंसक भीड़ ने घेराबंदी में शामिल सैन्य दस्तों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने ऑपरेशनल पार्टियों पर भारी मात्रा में गोलीबारी करना जारी रखा। सैन्य दस्तों ने कवर लेते हुए सामने से प्रभावी रूप से जवाबी गोलीबारी की। इसके फलस्वरूप वहां पर घंटों तक चली मुठभेड़ के दौरान हिज़बुल मुजाहिदीन संगठन के चार (04) दुर्दान्त आतंकवादियों का सफाया हो गया, जिनकी पहचान बाद में आबिद नाजिर चोपन पुत्र नाजिर अहमद चोपन, निवासी पद्दरपोरा शोपियां (श्रेणी-ग), मेहराज अहमद नज़र पुत्र अब्दुल अहद नजर, निवासी द्रावनी जैनपोरा (श्रेणी-ग), मलिक जादा इनाम-उल-हक पुत्र मुबारक अहमद मलिक, निवासी मंतुजन शोपियां (श्रेणी-ग) और बशारत अहमद नेंगरू पुत्र अब्दुल राशिद नेंगरू, निवासी चोटीगाम शोपियां (श्रेणी-ग) के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादी, आतंकवाद से संबंधित विभिन्न अपराधों में संलिप्त थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद और अन्य वस्तुएं बरामद की गईं। इस संबंध में आरपीसी की धारा 302, 307, 353 एवं 212 तथा भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और यूएलए (पी) अधिनियम की धारा 16 के तहत पुलिस स्टेशन शोपियां में एक मामलागत एफआईआर सं. 363/2018 दर्ज है। मौजूदा ऑपरेशन में, सिफारिश किए गए कार्मिकों ने सूचना जुटाने तथा ऑपरेशन को अंजाम देने में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप हिज़बुल मुजाहिदीन संगठन के चार (04) दुर्दान्त आतंकवादियों का सफाया हो गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री संदीप, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरदौस अहमद गनी, एसजी कांस्टेबल और रेयाज अहमद खान, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/11/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/22/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 115-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	अरविंद कुमार बड़गाल	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	जावेद अहमद मीर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.03.2018 को, अनंतनाग पुलिस को गांव शिस्तरगाम, दूरू में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। विश्वसनीय रूप से यह पता चला कि यह समूह इलाके में किसी विध्वंसात्मक कार्रवाई को अंजाम देने के लिए आया हुआ है।

सूचना प्राप्त होते ही तत्काल, एसओजी अनंतनाग द्वारा 19 आरआर तथा 164वीं बटालियन सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त रणनीति बनाई गई। तदनुसार, एसओजी मुख्यालय अनंतनाग ने 19 आरआर तथा 164वीं बटालियन सीआरपीएफ के सैन्य दस्ते की सक्रिय सहायता से एसएसपी अनंतनाग की कमान में एक विद्रोह-रोधी ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसमें एएसपी मुख्यालय अनंतनाग और जिला अनंतनाग के पुलिस अधिकारी/कार्मिक नामत: श्री अरविंद कुमार बड़गाल जेकेपीएस -135820, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) दूरू, श्री तनवीर अहमद जेकेपीएस-085555, सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद अयाज नं. 25/आईआर 12वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल इश्फाक अहमद नं. 1616/ए, एसजी कांस्टेबल जाविद अहमद मीर नं. 1288/ए, एसजी कांस्टेबल अब्दुल राशिद 621/एपी 7वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल प्रेम

नाथ 223/केटीआर, कांस्टेबल रज़ा मुराद 1706/ए, कांस्टेबल प्रदीप चंद नं. 472/एपी चौथी बटालियन, कांस्टेबल केवल कृष्ण 405/आईआरपी 10वीं बटालियन, कांस्टेबल सनी कुमार 544/आईआर 10वीं बटालियन, एसपीओ फारूक अहमद नं. 423/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद सलीम नं. 499/एसपीओ, एसपीओ शाबिर अहमद नं. 603/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद अकबर नं. 809/एसपीओ, एसपीओ शिराज अहमद नं. 760/एसपीओ, एसपीओ जाविद अहमद नं. 710/एसपीओ, एसपीओ मुनीर अहमद नं. 19/एसपीओ-एपी 9वीं बटालियन और एसपीओ शराफत हुसैन नं. 82/एसपीओ शामिल थे।

शीघ्र ही पूरे गांव के चारों ओर अत्यंत गहन घेरा डाल दिया गया और छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने घेराबंदी को तोड़ने और बचकर निकलने के लिए वहां पर तैनात सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। ऑपरेशनल पार्टी ने गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो विदेशी आतंकवादियों का सफाया हो गया, जिनकी पहचान बाद में कारी वसीम और सैयद अहमद के रूप में की गई।

मुठभेड़ स्थल से, भारी मात्रा में युद्ध में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों जैसी वस्तुएं बरामद की गईं। इस घटना के संबंध में, आरपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और यूएलए (पी) अधिनियम की धारा 16, 18 एवं 20 के तहत पुलिस स्टेशन दूरू में एक मामलागत एफआईआर सं. 24/2018 दर्ज है और जांच शुरू की गई है। सूचना जुटाने तथा ऑपरेशन को अंजाम देने में श्री अरविंद कुमार बड़गाल जेकेपीएस-135820, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) दूरू (अब उप पुलिस अधीक्षक पीसी बनिहाल) और एसजी कांस्टेबल जाविद अहमद मीर नं. 1288/ए (ईएक्सके-135623), ईएसयू अनंतनाग की भूमिका निर्णायक रही, जिसके परिणामस्वरूप 02 आतंकवादियों का सफाया हो गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अरविंद कुमार बड़गाल, उप पुलिस अधीक्षक और जावेद अहमद मीर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/23/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 116-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	मशकूर अहमद	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	यूसुफ उल उमर	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	फेरोज अहमद लोन	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.12.2018 को लगभग 20:00 बजे, गांव गुंड मोहल्ला, ब्राथ सोपोर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय खुफिया सूचना प्राप्त हुई और सोपोर पुलिस तथा 22 आरआर एवं 179 बटालियन सीआरपीएफ, 177 बटालियन सीआरपीएफ और 92 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। तलाशी ऑपरेशन के दौरान, आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हो गया, जो एक रिहायशी घर में छिपे हुए थे, परन्तु सुरक्षा बल उन छिपे हुए आतंकवादियों पर तत्काल हमला नहीं कर सके, क्योंकि अधिकांश आम नागरिक अपने घरों में फंसे हुए थे। इसलिए, आम नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए, एसएसपी सोपोर द्वारा सेना और सीआरपीएफ के समकक्ष अधिकारियों के साथ परामर्श करके संयुक्त रूप से निर्णय लेकर ऑपरेशन को रोक दिया गया। तत्पश्चात्, पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की दो संयुक्त टीमें बनाईं गईं। पहली पार्टी में, श्री मशकूर अहमद जेकेपीएस- 085572, एसडीपीओ सोपोर के नेतृत्व में उप निरीक्षक यूसुफ-उल-उमर 29/एडब्ल्यूपी, हेड कांस्टेबल फेरोज अहमद लोन 192/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल विलाल अहमद

435/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल मंजूर अहमद 292/एसपीआर, कांस्टेबल मेहराज-उद्-दीन 769/एसपीआर, कांस्टेबल अब्दुल मजीद 659/एसपीआर, एसपीओ वाहिद हुसैन 109/एसपीओ, एसपीओ इश्फाक मजीद 166/एसपीओ, एसपीओ मुश्ताक अहमद 280/एसपीओ, एसपीओ जावेद अहमद 357/एसपीओ और एसपीओ तौसीफ अहमद 282/एसपीओ (एडवांस पार्टी के रूप में) शामिल थे। उप निरीक्षक बिलाल अहमद खांडे, ईएक्सके- 115634 के नेतृत्व में दूसरी पार्टी का गठन किया गया, जिसमें हेड कांस्टेबल मोहम्मद हफीज 170/आईआरपी 13वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल मोहम्मद रफीक 347/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल शाबिर अहमद 772/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल शाबिर हुसैन 714/एसपीआर, कांस्टेबल आकाश मोहम्मद 865/एसपीआर, कांस्टेबल गुलाम नबी 654/एसपीआर, एसपीओ मोहम्मद शफी 379/एसपीओ, एसपीओ रमीज अकबर 41/एसपीओ, एसपीओ अल्ताफ हुसैन 433/एसपीओ और मोहब्बत हुसैन 252/एसपीओ (बैक-अप पार्टी के रूप में) शामिल थे। इन टीमों को लक्षित घर तथा उसके आस-पास के रिहायशी घरों में फंसे हुए सभी आम नागरिकों को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया। तदनुसार, एसडीपीओ सोपोर के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालने का अथक प्रयास किया।

आम नागरिकों को बाहर निकालने का कार्य पूरा हो जाने के पश्चात्, सुरक्षा बलों और पुलिस ने प्रवेश एवं निकास के सभी स्थलों को पुन: सील/सख्त करते हुए लक्षित घर के चारों तरफ सुरक्षित/रक्षात्मक पोजीशन ले ली। सुबह होते ही, श्री मशकूर अहमद- एसडीपीओ सोपोर के नेतृत्व वाली संयुक्त पार्टी ने उस विशेष रिहायशी घर की तरफ बढ़ना शुरू कर दिया, जहां आतंकवादी उस घर की दूसरी मंजिल में छिपे हुए थे। छिपे हुए आतंकवादियों को जैसे ही यह भनक लगी कि सुरक्षा बल उनकी ओर बढ़ रहे हैं, उन्होंने तलाशी/एडवांस पार्टी पर उसी वक्त अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक मुठभेड़ शुरू हो गई। दूसरी संयुक्त पार्टी की कवर फायरिंग की आड़ में एसडीपीओ सोपोर के नेतृत्व वाली संयुक्त एडवांस पार्टी अत्यधिक फुर्ती और वीरता के साथ लक्षित घर की ओर बढ़ने लगी और जब वे लक्षित घर के समीप पहुंचने वाले थे, तभी छिपे हुए आतंकवादी घर से बाहर निकल आए और घर की सीढ़ियों से नीचे उतरते समय उन्होंने एडवांस पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, परन्तु एडवांस पार्टी, विशेषकर श्री मशकूर अहमद जेकेपीएस, एसडीपीओ सोपोर, उप निरीक्षक यूसुफ-उल-उमर और हेड कांस्टेबल फेरोज अहमद लोन ने फायरिंग का प्रभावी रूप से जवाब दिया और वहां पर हुई आमने-सामने की भीषण बंदूक की लड़ाई में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा आतंकवादी शरण लेने के लिए तत्काल पास की गौशाला की ओर भागा, परन्तु गौशाला में पहुंचने से पहले ही पुलिस घटक सोपोर के उप निरीक्षक यूसुफ-उल-उमर ने उच्च कोटि की पेशेवरता और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए उस आतंकवादी पर प्रभावी रूप से गोली चला दी और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में ओवैश अहमद भट ऊर्फ अबू-बकर, पुत्र गुलाम अहमद भट, निवासी गुंड मोहल्ला, ब्राथ सोपोर तथा ताहिर अहमद डार ऊर्फ अबू-अब्दुल्ला ऊर्फ ताया, पुत्र मोहम्मद रमजान डार, निवासी सैदपुरा, सोपोर के रूप में की गई। ये दोनों आतंकवादी प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े हुए थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में युद्ध में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों जैसी वस्तुएं बरामद की गईं। इस संबंध में, आरपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलिस स्टेशन सोपोर में एक मामलागत एफआईआर सं.335/2018 दर्ज है। ऑपरेशन के दौरान, श्री मशकूर अहमद जेकेपीएस, एसडीपीओ सोपोर, उप निरीक्षक यूसुफ-उल-उमर और हेड कांस्टेबल फेरोज अहमद लोन ने उच्च कोटि की पेशेवरता, दृढ़ता और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया और वहां पर हुई आमने-सामने की भीषण बंदूक की लड़ाई में उपर्युक्त आतंकवादियों को मार गिराया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मशकूर अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, यूसुफ-उल-उमर, उप निरीक्षक और फेरोज अहमद लोन, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/12/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/25/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 117-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	ताहिर सलीम खान	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	जहूर अहमद वानी	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	शब्बीर अहमद डार	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.03.2019 को, मोहम्मद अमीन शाह, पुत्र अमा शाह, निवासी पिंगलिश त्राल के घर में दो आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई और 42 आरआर तथा 180 बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से उक्त घर के चारों ओर घेरा डाल दिया गया। तत्काल ही, एक सर्च पार्टी गठित की गई, जिसमें श्री ताहिर सलीम खान जेकेपीएस-017322, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा, श्री अजाज अहमद- जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) त्राल, उप निरीक्षक जहूर अहमद वानी, एआरपी-115653, सहायक उप निरीक्षक राम सिंह एआरपी- 952259, हेड कांस्टेबल शब्बीर अहमद डार नं. 204/आईआरपी 11वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह नं. 94/एडब्ल्यूटी, हेड कांस्टेबल सतीश्वर सिंह नं. 115/एपी 5वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल मंजूर अहमद नं. 2325/एस, कांस्टेबल इरशाद अहमद नं. 526/एडब्ल्यूटी, एसजी कांस्टेबल जेल सिंह नं. 828/आईआर 11वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल यशपाल सिंह नं. 836/आईआर 11वीं बटालियन, कांस्टेबल जहांगीर अहमद नं. 1526/एस, कांस्टेबल आबिद हुसैन नं. 804/एडब्ल्यूटी, एसपीओ मोहम्मद महमूद नं. 127/एसपीओ, एसपीओ योगीश्वर सिंह नं. 272/एसपीओ, एसपीओ उल्फत राशिद नं. 98/एसपीओ, एसपीओ सुरेश कुमार नं. 1766/एसपीओ, एसपीओ एम. मुंशी नं. 563/एसपीओ, एसपीओ बशीर अहमद नं. 216/एसपीओ और एसपीओ इश्तियाक अहमद नं. 343/एसपीओ शामिल थे।

छिपे हुए आतंकवादियों को बचकर निकलने से रोकने के लिए, सर्च पार्टी ने लक्षित घर के बिल्कुल नजदीक से घेराबंदी कर दी। छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया और साथ ही उन्हें घर के मालिक और उनके परिवार के सदस्यों को बाहर आने की अनुमति देने के लिए भी कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। लक्षित घर में फंसे हुए घर के मालिक/परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाई गई। संयुक्त सर्च पार्टी ने कार्डन पार्टी के कवर फायर की आड़ में सतर्कतापूर्वक घर के परिसर में प्रवेश किया और उस कमरे के दरवाजे को सफलतापूर्वक खोल दिया, जिसमें परिवार के सदस्य फंसे हुए थे। परिवार के सभी सदस्य सर्च पार्टी के कवर फायर की आड़ में बाहर की तरफ भागे, जिसने एक ओर जहां छिपे हुए आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझा कर रखा, वहीं दूसरी ओर परिवार के सदस्यों को मुठभेड़ स्थल से सुरक्षित बाहर निकाला। आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के फौरन बाद, संयुक्त सर्च पार्टी छिपे हुए आतंकवादियों की तरफ सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ी। सर्च पार्टी को आगे बढ़ते हुए देखकर, आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, परन्तु वे अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़ते रहे और उनकी गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच, आतंकवादियों ने सर्च पार्टी की ओर दो ग्रेनेड फेंके, जो फट गए और इसकी वजह से श्री एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) त्राल के दाहिने हाथ में गोलियों के छर्रे लगने से गंभीर चोटें पहुंची।

तत्पश्चात, आतंकवादियों ने बचकर निकलने के इरादे से संयुक्त सर्च पार्टी की ओर पुन: कुछ गोलियां चलाईं। संयुक्त सर्च पार्टी ने तत्काल आतंकवादियों की गतिविधियों को देख लिया और शीघ्र/सटीक गोलीबारी करके दोनों आतंकवादियों को मार गिराया, जिनकी पहचान बाद में मुदासिर अहमद खान (एलटी) (ग-श्रेणी) और जरार भाई (एफटी) (क-श्रेणी) के रूप में की गई और ये दोनों जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हुए थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से बरामद किए गए हथियार/गोला-बारूद में 02 एके राइफलें (क्षतिग्रस्त), 06 एके मैगजीनें (क्षतिग्रस्त) और 01 पिस्तौल (तीन हिस्सों में क्षतिग्रस्त) शामिल हैं। इस घटना के संबंध में, आरपीसी की धारा 307 और आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलिस स्टेशन त्राल में एक मामलागत एफआईआर सं. 16/2019 में दर्ज है। पूरे ऑपरेशन के दौरान, सिफारिश किए गए कार्मिक अग्रणी मोर्चे पर डटे रहे और उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लक्षित घर में फंसे हुए घर के मालिक/उनके परिवार को बाहर निकाला और साथ ही दोनों आतंकवादियों का सफाया करने में निणार्यक भूमिका भी निभाई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री ताहिर सलीम खान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जहूर अहमद वानी, उप निरीक्षक और शब्बीर अहमद डार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/03/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/30/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 118-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	राकेश अकरम	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	मदसर नसीर	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	नजीर अहमद जाटल	एसजी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.05.2019 को, विलाल अहमद गनी, पुत्र गुलाम कादिर गनी, निवासी नानर अवंतीपोरा के रिहायशी मकान में प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद संगठन के दो स्थानीय आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वासनीय सूचना प्राप्त हुई। एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई और 42 आरआर, 130 एवं 180 बटालियन सीआररपीएफ की सहायता से उक्त घर के चारों ओर घेराबंदी कर दी गई। तत्काल ही, एक संयुक्त सर्च पार्टी का गठन किया गया, जिसमें श्री ताहिर सलीम - जेकेपीएस-एसएसपी अवंतीपोरा, श्री राशिद अकबर, एसडीपीओ अवंतीपोरा, श्री अजाज़ अहमद, जेकेपीएस- उप पुलिस अधीक्षक पीसी त्राल, श्री एजाज़ अहमद, जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक डार अवंतीपोरा, श्री राकेश अकरम, उप पुलिस अधीक्षक, पीसी अवंतीपोरा, निरीक्षक मदसर नसीर-एसएचओ पीएस अवंतीपोरा, हेड कांस्टेबल जहूर 1801/पीडब्ल्यू, हेड कांस्टेबल देविन्दर कुमार नं. 118/आईआरपी 20वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल पंकज कुमार 601/आईआर 12वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल अब्दुल हादी नं. 839/आईआरपी 11वीं बटालियन, एसजी कांस्टेबल शब्बीर नं. 666/एडब्ल्यूटी, एसजी कांस्टेबल नाज़िर नं. 826/आईआरपी 11वीं बटालियन, कांस्टेबल मुनीर 785/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल समीर 689/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल जहूर 360/एडब्ल्यूटी, फॉलोअर शमस दीन नं. 03/एफ, एसपीओ एम. यूसुफ भट नं. 547/एसपीओ, एसपीओ तुफैल वागे नं. 260/एसपीओ, एसपीओ मुजामिल मुशाक डार नं. 12/एसपीओ और एसपीओ एम. मलिक नं. 101/ए शामिल थे। छिपे हुए आतंकवादियों को बचकर निकलने से रोकने के लिए, सर्च पार्टी ने लक्षित घर की बिल्कुल नजदीक से घेराबंदी कर दी। छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। संयुक्त सर्च पार्टी छिपे हुए आतंकवादियों की ओर सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ी। सर्च पार्टी को आगे बढ़ते हुए देखकर, आतंकवादियों ने उनकी ओर अंधाधुंध गोलीबारी की। तथापि, अपनी जान की परवाह किए बिना संयुक्त सर्च पार्टी आगे बढ़ी और जवाबी कार्रवाई की तथा आतंकवादियों पर प्रभावी गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी घायल हो गए। इसी बीच आतंकवादियों ने संयुक्त सर्च पार्टी पर दो ग्रेनेड फेंके, परन्तु सौभाग्यवश ये ग्रेनेड संयुक्त सर्च पार्टी को कोई नुकसान पहुंचाए बिना फटे। तदनंतर, आतंकवादियों ने बचकर निकलने के इरादे से संयुक्त सर्च पार्टी की ओर कुछ गोलियां चलाईं। संयुक्त सर्च पार्टी ने तत्काल आतंकवादियों की गतिविधि को देख लिया और शीघ्र एवं सटीक कार्रवाई करते हुए दोनों आतंकवादियों को मार गिराया, जिसके परिणामस्वरूप किसी नागरिक के मारे जाने/घायल हुए बिना यह ऑपरेशन समाप्त हुआ। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में यावर अहमद नजर पुत्र अब्दुल माजिद निवासी डार गनी गुंड त्राल और जुनैद अहमद वागे, पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी अम्शीपोरा, शोपियां के रूप में की गई और ये दोनों जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हुए थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से बड़ी संख्या में हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए, जिसके संबंध में आगे जांच हेतु आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और यूएलए (पी) अधिनियम की धारा 16,18,19,20 एवं 38 के तहत पुलिस स्टेशन अवंतीपोरा में एक मामलागत एफआरआई सं. 85/2019 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री राकेश अकरम, उप पुलिस अधीक्षक, मदसर नसीर, निरीक्षक और नजीर अहमद जाटल, एसजी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31/05/0219 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/123/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 119-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद इदरीस वानी	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	खुर्शीद अहमद मल्ला	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	फेरोज अहमद लोन	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4	बिलाल अहमद शागो	एसजी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	दाऊद अहमद भट	एसजी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
6	बशीर अहमद शेख	फॉलोअर	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.10.2017 को, लगभग 11:45 बजे गांव लडूरा रफियाबाद में लश्कर-ए-तैयबा के चीफ ऑपरेशनल कमांडर, जम्मू-कश्मीर की गतिविधियों के बारे में सोपोर पुलिस को एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, सोपोर पुलिस ने अधिकारियों/कार्मिकों नामत: श्री मोहम्मद इदरीस वानी-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) रफियाबाद, उप-निरीक्षकजिया-उर-रहमान एआरपी-109257, सहायक उपनिरीक्षक फारूक अहमद 24/एसपीआर, सहायक उपनिरीक्षक गुलाम मोहम्मद 281/एसपीआर, हेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद मेलिया 496/एसपीआर, हेड कांस्टेबल फिरोज अहमद लोन 192/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल बिलाल अहमद शागू 624/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल अकील अहमद 46/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल दाऊद अहमद भट 09/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल रियाज अहमद 433/एसपीआर, कांस्टेबल तारिक अहमद 692/एसपीआर, कांस्टेबल दानिश अहमद 796/एसपीआर, फॉलोअर बशीर अहमद शेख 19/एफ, एसपीओ मंज़ूर अहमद 246/एसपीओ, मोहम्मद अशरफ 290/एसपीओ, गुलाम मोहम्मद 474/एसपीओ, फिरदौस अहमद 115/एसपीओ, शरीफ-उद्-दीन 162/एसपीओ, मेहराज-उद्-दीन 469/एसपीओ, शाहनवाज अहमद 331/एसपीओ, नाजिर अहमद 184/एसपीओ, बशीर अहमद 115/एसपीओ, मंज़ूर अहमद 489/एसपीओ, आदिल अहमद 117/एसपीओ और रियाज अहमद 338/एसपीओ को शामिल करते हुए वोवेन मोहल्ला लडूरा में एक गुप्त नाका लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर श्री हरमीत सिंह के नेतृत्व में नाका ड्यूटी के दौरान, एक आतंकवादी को रोका गया, जिसने चुनौती दिए जाने पर नाका पार्टी पर गोलियां बरसाईं और साथ ही नाका पार्टी पर एक ग्रेनेड भी फेंका। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व में नाका पार्टी, विशेषकर उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) रफियाबाद और उनकी टीम ने उच्च कोटि की पेशेवरता और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए तुरंत जवाबी कार्रवाई की और वहां पर हुई गोलीबारी में उक्त आतंकवादी कमांडर घायल हो गया, तथापि, वह घटनास्थल से भाग निकला और उसने पास ही के एक रिहायशी मकान में शरण ले ली।

तदनंतर, सोपोर पुलिस/सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया और आने-जाने के सभी रास्तों को बंद करते हुए उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। छिपे हुए आतंकवादी ने खुद को एक बार फिर घेराबंदी में फंसा हुआ पाकर पुलिस/सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं। तथापि, पुलिस/सुरक्षा बलों ने अधिकतम संयम बरता, क्योंकि लक्षित घर में कुछ आम नागरिक फंसे हुए थे और इस बात की आशंका थी कि यदि उस समय लक्षित मकान पर धावा बोला गया, तो आम नागरिक हताहत हो सकते हैं। इसलिए आम नागरिकों को हताहत होने से बचाने और लक्षित घर पर धावा बोलने के उद्देश्य से, पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की दो संयुक्त पार्टियां बनाई गईं, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) रफियाबाद के नेतृत्व वाली पहली पार्टी में हेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद 496/एसपीआर, हेड कांस्टेबल फेरोज अहमद 192/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल बिलाल अहमद 624/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल दाऊद अहमद 09/एसपीआर, फॉलोअर बशीर अहमद 19/एफ, एसपीओ मंज़ूर अहमद 246/एसपीओ, मोहम्मद अशरफ 290/एसपीओ, गुलाम मोहम्मद 474/एसपीओ, फिरदौस अहमद 115/एसपीओ, शरीफ-उद्-दीन 162/ एसपीओ तथा मेहराज-उद्-दीन 469/एसपीओ शामिल थे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व वाली दूसरी पार्टी में सहायक उप निरीक्षक फारूक अहमद 24/एसपीआर, सहायक उप निरीक्षक गुलाम मोहम्मद 281/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल अकील अहमद 46/एसपीआर, शाहनवाज अहमद 331/एसपीओ, नाजिर अहमद 184/एसपीओ, बशीर अहमद 115/एसपीओ, मंज़ूर अहमद 489/एसपीओ, आदिल अहमद 117/एसपीओ तथा रियाज़ अहमद 338/एसपीओ शामिल थे। एक अच्छी रणनीति के अनुसार, दोनों पार्टियों ने खुद को अत्यधिक जोखिम में डाला और पूर्ण प्रयास के पश्चात लक्षित घर से सभी आम नागरिकों को बाहर निकाल लिया गया। तत्पश्चात, घेराबंदी को और कड़ा कर दिया गया तथा छिपे हुए आतंकवादी से पुन: आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परंतु वह संयुक्त पार्टियों पर लगातार गोलीबारी करता रहा। पहली संयुक्त पार्टी अंतिम हमले के लिए लक्षित घर में प्रवेश करने हेतु स्वेच्छा से आगे आई और दूसरी संयुक्त पार्टी उन्हें कवर फायरिंग देने के लिए स्वेच्छा से लक्षित घर की ओर आगे बढ़ी। तदनुसार, पहली टीम रेंगते हुए लक्षित घर की ओर आगे बढ़ी/पहुंची और जैसे ही टीम घर के मुख्य दरवाजे पर पहुंची, आतंकवादी ने उन पर भारी गोलीबारी की, परंतु दूसरी पार्टी के बैकअप/कवर फायरिंग की आड़ में पहली पार्टी अपना मनोबल ऊंचा बनाए रखते हुए लक्षित घर में प्रवेश करने में सफल हो गई और तत्पश्चात पार्टी ने, विशेष रूप से उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) रफियाबाद के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद 496/एसपीआर, हेड कांस्टेबल फिरोज अहमद 192/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल बिलाल अहमद 624/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल दाउद अहमद 09/एसपीआर तथा फॉलोअर बशीर अहमद 19/एफ ने युक्तिपूर्वक एक कमरे में चुपके से प्रवेश किया, जहां आतंकवादी छिपा हुआ था और कमरे में चुपके से प्रवेश करते समय उन्होंने जवाबी कार्रवाई करते हुए उस आतंकवादी पर गोलियों की बौछार कर दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी कमांडर मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व में दूसरी पार्टी, विशेष रूप से सहायक उप निरीक्षक फारूक अहमद 24/एसपीआर, सहायक उप निरीक्षक गुलाम मोहम्मद 281/एसपीआर तथा एसजी कांस्टेबल अकील अहमद 46/एसपीआर ने पहली पार्टी द्वारा लक्षित घर में प्रवेश करने तक आतंकवादी को उलझाए रखते हुए असाधारण पेशेवरता, बहादुरी और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के चीफ ऑपरेशनल कमांडर जब्बार, निवासी पाक अधिकृत कश्मीर (श्रेणी ए++) के रूप में की गई, जिसका उल्लेख दिनांक 24.07.2017 के ओपीएस/आरडब्ल्यूडी/क्राइटेरिया/2017/915-30 के तहत जारी की गई पुलिस मुख्यालय की वर्गीकरण सूची में क्रम सं. 65 पर किया गया है। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद बरामद किए गए, जिनमें 01 पिस्तौल और 01 पिस्तौल मैगज़ीन शामिल है। इस संबंध में आरपीसी की धारा 307 तथा आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलिस स्टेशन डांगीबाचा में एक मामलागत एफआईआर सं. 56/2017 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मोहम्मद इदरीस वानी, उप पुलिस अधीक्षक, खुर्शीद अहमद मल्ला, हेड कांस्टेबल, फेरोज अहमद लोन, हेड कांस्टेबल, बिलाल अहमद शागो, एसजी कांस्टेबल, दाऊद अहमद भट, एसजी कांस्टेबल और बशीर अहमद शेख, फॉलोअर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09/10/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/20/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 120-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	शमशीर हुसैन	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	फैयाज हुसैन शाह	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	खुशाल हुसैन शाह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	रेयाज अहमद मीर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.03.2018 को, गांव खानचक हलमतपोरा के समीप के जंगल के अंदर छिपे हुए आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा द्वारा जुटाई गई एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के गहन पर्यवेक्षण में एसओपी कुपवाड़ा, सेना की 41 आरआर तथा 98 सीआरपीएफ के सैन्य दस्तों द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। अन्य बलों की सहायता से पुलिस सर्च पार्टी ने घनी आबादी वाले गांव के समीप स्थित जंगल क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और संदिग्ध क्षेत्र की तलाशी करने का ऑपरेशन शुरू किया। लगभग 1545 बजे, सर्च पार्टियों ने खानचक हलमतपोरा के जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि देखी। घेराबंदी वाले क्षेत्र में सुरक्षा बलों की गतिविधि की भनक लगते ही, जंगल क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों ने सर्च पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकवादियों द्वारा घनी आबादी वाले क्षेत्र की ओर की गई भारी गोलीबारी के बावजूद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा और उप पुलिस अधीक्षक पीसी कुपवाड़ा द्वारा अन्य पुलिस कार्मिकों की सहायता से गांव के सभी आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सभी आम नागरिकों को बाहर निकालने के बाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व वाली हमलावर टीम ने गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप 03 आतंकवादियों का घटना स्थल पर ही सफाया हो गया, जबकि अन्य आतंकवादी घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाते हुए घनी झाड़ियों में छिप गए और सुरक्षा कार्मिकों पर लगातार गोलीबारी करते रहे। उस क्षेत्र को रात भर कड़ी घेराबंदी में रखा गया, जिसके दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने तीन बार घेराबंदी को तोड़ने का असफल प्रयास किया, परन्तु स्थल पर मौजूद पुलिस पार्टियों की मुस्तैदी के कारण उन्हें वापस आना पड़ा। रात भर रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही। अगले दिन दिनांक 21.04.2018 को लगभग 0950 बजे, शेष आतंकवादियों का सफाया करने के उद्देश्य से जंगल में तलाशी का कार्य पुन: शुरू किया गया, जिसके दौरान तीन सैन्य कर्मियों सहित दो पुलिस कार्मिक नामत: एसजी कांस्टेबल दीपू थुसू बेल्ट नं. 705/केपी और एसपीओ मोहम्मद यूसुफ नं. 602 शहीद हो गए। उप पुलिस अधीक्षक पीसी कुपवाड़ा की सहायता से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा और उनके पीएसओ अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद शहीद जवानों के शवों को छुड़ाने के लिए घने जंगल क्षेत्र के अंदर चले गए। शहीद हुए पुलिस कार्मिकों के शवों को घने जंगल क्षेत्र से अस्पताल पहुंचाया गया। छिपे हुए आतंकवादी सभी दिशाओं में अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ते रहे और रात के समय घेराबंदी से उनके बच निकलने की संभावना के मद्देनजर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की पार्टियों ने क्षेत्र की तलाशी करना शुरू दिया। तलाशी के दौरान, आतंकवादियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के बावजूद जंगल क्षेत्र के एक छोटे नाले में आगे बढ़ रहे 02 आतंकवादियों को मार गिराया गया। सभी 05 आतंकवादियों के मारे जाने के बाद ऑपरेशन को रोक दिया गया। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। इस मामले में की गई जांच से यह पता चला कि मारे गए उक्त आतंकवादी विदेशी थे और वे लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े हुए थे। उनकी पहचान बाद में, वकास उर्फ दरदा, निवासी सरगोधा लाहौर, पाकिस्तान (कमाण्डर), शुरैम, निवासी बहावलपुर पंजाब, पाकिस्तान, फहदुल्लाह निवासी

गुजरांवाला पंजाब, पाकिस्तान, उमैर निवासी थरपरकर सिंध, पाकिस्तान और कारी साहब निवासी दीर पेशावर, पाकिस्तान के रूप में की गई। इस संबंध में, आरपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलिस स्टेशन कुपवाड़ा में एक मामलागत एफआईआर सं. 40/2018 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शमशीर हुसैन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फैयाज हुसैन शाह, उप पुलिस अधीक्षक, खुशाल हुसैन शाह, हेड कांस्टेबल और रेयाज अहमद मीर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/36/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 121-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	तारिक महमूद	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	परवीन कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	तारिक अहमद खुजा	एसजी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.09.2018 को 22:15 बजे, बोमई इलाके के नौपोरा तुजारशरीफ गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सोपोर पुलिस ने पुलिस जिला हंदवाड़ा, 22 आरआर और सीआरपीएफ की टुकड़ी के साथ इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी ऑपरेशपन के दौरान, आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हो गया, जो एक रिहायशी घर में छिपे हुए थे और जब तलाशी चल रही थी, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी और वे रिहायशी घर से भाग निकले तथा पास के एक कब्रिस्तान में शरण ले ली। सुरक्षा बल इस वजह से प्रभावी रूप से जवाबी हमला नहीं कर सके, क्योंकि तब रात का समय था तथा सभी लोग अपने-अपने घरों में फंसे हुए थे और यदि ऐसी प्रतिकूल स्थिति में सुरक्षा बलों ने आक्रामक हमला किया होता, तो आम नागरिकों के हताहत होने की पूरी संभावना थी। अत: आम नागरिकों को बचाने और उन्हें घेराबंदी वाले इलाके से बाहर निकालने के उद्देश्य से दो संयुक्त टीमें बनाई गईं, ताकि वहां फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकाला जा सके। इस प्रकार बनाई गई संयुक्त टीमों में से पहली टीम में श्री तारिक महमूद जेकेपीएस-125717 (उप पुलिस अधीक्षक पीसी हंदवाड़ा) के नेतृत्व में उप निरीक्षक रियाज अहमद नं. 286/एस, उप निरीक्षक परवीन कुमार एआरपी-085601, एसजी कांस्टेबल तारिक अहमद खोजा नं. 692/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल इकबाल हुसैन नं. 264/एच, कांस्टेबल मोहम्मद हनीफ नं. 593/एच, कांस्टेबल फैयाज अहमद नं. 597/एसपीआर, एसपीओ आदिल कयूम नं. 91/एसपीओ-एचडीडब्ल्यू, एसपीओ गुलज़ार अहमद नं. 539/एसपीओ-एचडीडब्ल्यू, एसपीओ ज़ाहिद अबास नं. 186/एसपीओ-एसपीआर, एसपीओ मनिंदर सिंह नं. 335/ एसपीओ-बीएलए, एसपीओ मंजीत सिंह नं. 230/एसपीओ-एसपीआर और एसपीओ समीर अहमद नं. 56/एसपीओ-एसपीआर शामिल थे तथा श्री विनोद-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक पीसी वडूरा के नेतृत्व में दूसरी टीम में उप निरीक्षक यूसुफ-उल-उमर नं. 29/एडब्ल्यूपी, एसजी कांस्टेबल बिलाल अहमद भट नं. 440/एसपीआर, एसजी कांस्टेबल कैसर अहमद वानी नं. 415/एच, एसजी कांस्टेबल जावीद अहमद नं. 179/एच, एसजी कांस्टेबल सजाद अहमद नं. 3666/पीडब्ल्यू, एसजी कांस्टेबल मुजफ्फर अहमद नं. 749/एसपीआर, कांस्टेबल वकील अहमद नं. 670/एसपीआर, कांस्टेबल गुलाम हसन नं. 677/एच, एसपीओ एजाज अहमद नं. 596/एसपीओ-एचडीडब्ल्यू, एसपीओ सुहैल अहमद नं. 47/एसपीओ-एसपीआर, एसपीओ बिलाल अहमद नं. 326/एसपीओ-एसपीआर, एसपीओ रियाज अहमद नं. 94/एसपीओ-एसपीआर और एसपीओ गुलजार अहमद नं. 355/एसपीओ-एसपीआर शामिल थे। इन टीमों को घेराबंदी वाले इलाके से आम नागरिकों को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया था और तदनुसार दोनों टीमें विशिष्ट पेशेवरता और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए रिहायशी घरों की ओर गईं तथा सभी आम नागरिकों को उनके रिहायशी घरों से सुरक्षित रूप से बाहर निकाला और जब उन्हें बाहर निकाला जा रहा था, तब वहां छिपे हुए आतंकवादी पार्टियों के ऊपर रूक-रूक कर गोलीबारी करते रहे और कई गोलियां उनके बिल्कुल नजदीक से होकर निकलीं, परंतु दोनों संयुक्त पार्टियों ने अपना मनोबल नहीं खोया और उन्होंने फंसे हुए सभी आम नागरिकों को पूरी तरह से बाहर निकालना सुनिश्चित किया।

चूंकि आतंकवादी घास और झाड़ियों से युक्त घने पेड़-पौधों वाले कब्रिस्तान में छिपे हुए थे और सटीक रूप से यह पता नहीं चल सका कि आतंकवादी वास्तव में कहां छिपे हुए हैं, इसलिए सेना और सीआरपीएफ के समकक्ष अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करने के पश्चात ऑपरेशन को सुबह होने तक रोक दिया गया। सभी गलियों, संकरी गलियों, आने और जाने के रास्तों को सील करते हुए घेराबंदी को और कड़ा कर दिया गया। रोशनी की व्यवस्था भी की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी उस स्थल से बचकर भाग न पाएं। सुबह होने पर, छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों और पुलिस पर भारी मात्रा में गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों द्वारा भी जवाब दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप वहां पर मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षा बल आतंकवादियों पर सटीक जवाबी कार्रवाई नहीं कर सके, क्योंकि आतंकवादी घनी झाड़ियों वाले कब्रिस्तान में छिपे हुए थे। सेना और सीआरपीएफ के समकक्ष अधिकारियों के साथ परामर्श करने और सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद, सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सुरक्षा बलों को अंतिम और निर्णायक हमला करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए तथा रणनीति के अनुसार, दोनों संयुक्त पार्टियों में से एक पार्टी उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) हंदवाड़ा के नेतृत्व में और दूसरी पार्टी उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) वडूरा के नेतृत्व में आतंकवादियों के छिपने की वातस्विक जगह की ओर आगे बढ़ने लगी। ज्यों ही पहली संयुक्त पार्टी ने कब्रिस्तान के सामने वाले मुख्य द्वार को पार किया और छिपे हुए आतंकवादियों की ओर रेंगते हुए कुछ मीटर आगे बढ़ी, तभी उन्होंने (आतंकवादियों ने) यह भांप लिया कि सुरक्षा बल उनके ऊपर हमला करने वाले हैं और वे झाड़ियों से उठे तथा उन्होंने एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी शुरू कर दी, परंतु अग्रिम पार्टी विशेष रूप से श्री तारिक महमूद-जेकेपीएस-उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) हंदवाड़ा, उप निरीक्षक-परवीन कुमार एआरपी 085601 और तारिक अहमद खोजा नं. 692-एसपीआर ने गोलीबारी का प्रभावी रूप से जवाब दिया और खुले मैदान में हुई बंदूक की लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के दो (02) आतंकवादी मार गिराए गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में माज, निवासी पाकिस्तान (उत्तरी कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल कमांडर) और अब्दुल मजीद मीर उर्फ समीर पुत्र बशीर अहमद मीर, निवासी तुजारशरीफ बोमई के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में युद्ध में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों जैसी वस्तुएं बरामद की गईं। इस संबंध में आरपीसी की धारा 307 तथा आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलिस स्टेशन बोमई में एक मामलागत एफआईआर सं. 74/2018 दर्ज है।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि मारे गए आतंकवादी काफी समय से सक्रिय थे और मुश्ताक अहमद मीर पुत्र श्री गुलाम रसूल मीर, निवासी- हरवान बोमई सोपोर की हत्या सहित आम नागरिकों की हत्या करने और ग्रेनेड फेंकने की विभिन्न घटनाओं में संलिप्त थे। मारा गया आतंकवादी अबू माज, निवासी- पाकिस्तान क-श्रेणी का आतंकवादी था, जबकि मारा गया दूसरा आतंकवादी अब्दुल मजीद मीर उर्फ माजिद उर्फ समीर ग-श्रेणी का आतंकवादी था।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री तारिक महमूद, उप पुलिस अधीक्षक, परवीन कुमार, उप निरीक्षक और तारिक अहमद खुजा, एसजी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24/09/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/140/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 122-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सज्जाद अहमद मलिक	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	रविन्दर पॉल सिंह	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.11.2017 को, श्रीनगर पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से यह सूचना प्राप्त हुई कि हथियार और गोलाबारूद लिए हुए कुछ आतंकवादी किसी सुरक्षा बल प्रतिष्ठान पर सनसनीखेज हमला करने के इरादे से एक वाहन में गुलाब बाग ज़कूरा क्षेत्र की ओर जा रहे हैं। सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद आतंकवादियों के घृणित इरादों को विफल करने के लिए एक पुलिस टीम गठित की गई, जिसमें एसडीपीओ निगीं-ज़कूरा के प्रभार में और पुलिस अधीक्षक हजरत बल, श्रीनगर के पर्यवेक्षण में पुलिस स्टेशन और पुलिस कम्पोनेंट श्रीनगर के कार्मिक शामिल थे। चूंकि उक्त क्षेत्र श्रीनगर के मध्य क्षेत्र से 5 से 6 कि मी. दूर है, इसलिए सुरक्षित एवं सफल ऑपरेशन सुनिश्चित करने तथा किसी समानांतर क्षति से

बचने के लिए, इस ऑपरेशन को रणनीतिक ढंग से चलाने का निर्णय लिया गया। सम्पूर्ण नफरी को तीन दलों में बांट दिया गया। उप-निरीक्षक इमरान टाक के प्रभार में और सज्जाद अहमद मलिक एसडीपीओ निगीं–ज़कूरा के नेतृत्व में पुलिस कम्पोनेंट ज़कूरा वाले पहले दल को नाका लगाने तथा ज़कूरा से गुलाब बाग और इसके भीतरी क्षेत्रों की ओर आने वाले वाहनों की तलाशी करने का कार्य सौंपा गया। दूसरे दल, जिसमें निरीक्षक आर. पी. सिंह, एसएचओ पुलिस स्टेशन ज़कूरा के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन ज़कूरा का पुलिस दल शामिल था, को नागबल क्षेत्र से गुलाब बाग की ओर आने वाले वाहनों की तलाशी करने के लिए गुलाब बाग चौक पर नाका लगाने का कार्य सौंपा गया। तीसरे दल, जिसमें उप निरीक्षक रियाज अहमद, एसएचओ पुलिस स्टेशन लाल बाजार के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन लाल बाजार का पुलिस दल शामिल था, को रंगपुरा इल्लाही बाग क्षेत्र से आने वाले वाहनों की तलाशी करने का कार्य सौंपा गया। सभी दलों का नेतृत्व श्री अमोद अशोक नागपुरे–आईपीएस, पुलिस अधीक्षक हजरतबल जोन, श्रीनगर द्वारा किया गया।

सभी दलों ने ऊपर उल्लिखित योजना के अनुसार अपनी-अपनी पोजीशन ले ली। इसी बीच, गुलाब बाग में नाका लगाने के बाद, वाहनों और संदिग्ध पैदल यात्रियों की जांच शुरू की गई और जांच के दौरान ज़कूरा क्षेत्र से आ रहे एक सैंट्रो वाहन, जिसका रजिस्ट्रेशन नं. जेके01ईवी-5593 था, को नाका दल द्वारा रुकने के लिए कहा गया, परन्तु रुकने की बजाय उक्त वाहन में सवार अज्ञात आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उस स्थान से बच निकलने का प्रयास किया, लेकिन नाका दल ने प्रभावी रूप से जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी के दौरान उप निरीक्षक इमरान टाक, प्रभारी पुलिस कम्पोनेंट ज़कूरा और पुलिस कम्पोनेंट ज़कूरा के एक एसपीओ नामतः सुहैल अहमद गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में, घायल उप-निरीक्षक इमरान हुसैन टाक ने चोट की वजह से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि अचानक गोलीबारी के कारण अपने काम और दैनिक क्रियाकलापों में व्यस्त स्थानीय लोगों के कामकाज में व्यवधान उत्पन्न हो गया, जिसकी वजह से सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह ऑपरेशन अत्यधिक चुनौतीपूर्ण हो गया और चूंकि समानांतर क्षति होने की भी आशंका थी, इसलिए पुलिस अधीक्षक हजरतबल ने तत्काल ऑपरेशन दलों अर्थात् एसडीपीओ निगीं–ज़कूरा, एसएचओ ज़कूरा और एसएचओ लाल बाजार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई नागरिक न मारा जाए अथवा उनकी सम्पत्ति को क्षति न पहुंचे तथा आस-पास के सम्पूर्ण क्षेत्र की शीघ्र घेराबंदी की जाए। तदनुसार सम्पूर्ण क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई और समुचित एसओपी के तहत गहन तलाशी की गई। तलाशी के दौरान, उन आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित हो गया, जो नाके से भाग गए थे और सर्वप्रथम आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने पूरी तरह से इनकार कर दिया तथा ऑपरेशनल दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस/पीसी कार्मिकों ने बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की। तत्काल श्री सज्जाद अहमद मलिक एसडीपीओ निगीं–ज़कूरा, निरीक्षक आर.पी. सिंह, एसएचओ पुलिस स्टेशन–ज़कूरा, उप निरीक्षक रियाज अहमद ईएक्सके–109143, एसएचओ पुलिस स्टेशन लाल–बाजार, सहायक उप निरीक्षक अजाज अहमद 2606/5, हेड कांस्टेबल बशीर अहमद चाची नं. 690/आईआर 5वीं बटालियन एआरपी996943, एसजी कांस्टेबल शब्बीर अहमद डार नं. 850/एस ईएक्सके–983980, एसजी कांस्टेबल अल्ताफ अहमद वानी 509/एपी 7वीं बटालियन, कांस्टेबल एजाज कादिर मलिक नं. 1169/एस ईएक्सके–111953, कांस्टेबल फारूक अहमद लोन नं. 1680/एस ईएक्सके-111732, कांस्टेबल जहूर अहमद नं. 3420/एस ईएक्सके-119680, आर/कांस्टेबल आमेर यूसफ डार नं. 3011/एस ईएक्सके–125924, कांस्टेबल अजाज अहमद गनी नं. 1850/एस, कांस्टेबल मुदस्सिर अहमद नाइकू नं. 3932/एस और एसजी कांस्टेबल मुख्तार अहमद नं. 327/आईपी 6ठीं बटालियन, एआरपी 695541 अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना उस लक्षित क्षेत्र में पहुंच गए, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे और वहां पर हुई बंदूक की लड़ाई में, बिना किसी समानांतर क्षति के एक आतंकवादी का सफाया कर दिया गया और दूसरे आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में, गिरफ्तार किए गए आतंकवादी की पहचान तौसीफ अहमद शाह पुत्र गुलाम मोहम्मद शाह निवासी परीमपोरा के रूप में की गई। यहां पर यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि कानून और व्यवस्था संबंधी भारी अड़चनों के कारण कुछ शरारती तत्वों ने उक्त ऑपरेशनल दलों पर पत्थरबाजी की और मारे गए आतंकवादी का शव अपने साथ ले गए तथा उसे उसके परिजनों को सौंप दिया, जिसकी पहचान मुगीस अहमद मीर उर्फ अबू खातब पुत्र अब्दुल अजीज मीर निवासी परीमपोरा, श्रीनगर के रूप में की गई। यहां पर यह उल्लेख करना भी उचित है कि गिरफ्तार किया गया आतंकवादी नामतः तौसीफ अहमद शाह पुत्र गुलाम मोहम्मद शाह निवासी परीमपोरा, श्रीनगर शहर में आतंक के नेटवर्क का मुख्य आयोजक और संचालनकर्ता था, जो आतंक फैलाने वालों के लिए सभी प्रकार के संचार/लॉजिस्टिक की व्यवस्था कर रहा था और युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने तथा आतंकवादी रैंकों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहा था। इसके अतिरिक्त, उक्त तौसीफ अहमद शाह द्वारा खुलासा करने पर 02 अन्य खूंखार ओजीडब्ल्यू नामतः राशिद अहमद शाह पुत्र गुलाम मोहम्मद शाह निवासी परीमपोरा, श्रीनगर और आरिफ अहमद शेख पुत्र गुलाम मोहम्मद शेख निवासी परीमपोरा, श्रीनगर को गिरफ्तार किया गया। इन आतंकवादियों का सफाया और गिरफ्तारी दक्षिण/मध्य कश्मीर में नए विद्रोही गुट अंसार गजवात–उल हिंद नेटवर्क के लिए एक बहुत बड़ा आघात है। गिरफ्तार किया गया आतंकवादी नामतः तौसीफ अहमद शाह पुत्र गुलाम मोहम्मद शाह निवासी परीमपोरा, श्रीनगर मारे गए आतंकवादी मुगीस अहमद मीर उर्फ अबू खातब का दाहिना हाथ था और उसके अंसार गजवात–उल हिंद आतंकवादी गुट का एक अंग भी था। मारा गया उक्त आतंकवादी एक श्रेणीकृत आतंकवादी था, जिसे हिजबुल मुजाहिदीन गुट की "क" श्रेणी प्राप्त थी और मारे गए आतंकवादी के पास से कुछ हथियार/गोलाबारूद भी बरामद किए गए। इस संबंध में आरपीसी की धारा 307 और आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के अंतर्गत पुलिस स्टेशन ज़कूरा में एक मामलागत एफआईआर सं. 47/2017 दर्ज किया गया था।

यहां पर यह भी उल्लेख किया जाता है कि मारे गए आतंकवादी नामतः मुगीस अहमद मीर उर्फ अबू खातब पुत्र अब्दुल अजीज मीर निवासी परीमपोरा, श्रीनगर के शव का उसके सफाए के समय उचित पुलिस हिरासत में पोस्टमार्टम कराना पुलिस तथा ऑपरेशनल दलों के

लिए संभव नहीं था, क्योंकि कुछ शरारती तत्व/उपद्रवी क्षेत्र में कानून और व्यवस्था को भंग करने के बाद और ऑपरेशनल दलों पर पत्थरबाजी करके मुठभेड़ स्थल से शव को अपने साथ ले गए और उसे अंतिम संस्कार के लिए सीधे संबंधित परिवार के सदस्यों को सौंप दिया। संबंधित परिवार के सदस्यों ने पोस्टमार्टम के लिए मना कर दिया और वे सुरक्षा बलों को गालियां देने लगे तथा उन पर पत्थरबाजी की, जिसके संबंध में दिनांक 17.11.2017 की डीडीआर सं. 33 और दिनांक 18.11.2017 की डीडीआर संख्या 48 के अंतर्गत एक विस्तृत रिपोर्ट पुलिस स्टेशन परीमपोरा की दैनिक डायरी में दर्ज की गई थी। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने अंतिम संस्कार के समय उचित पुलिस हिरासत में शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मारे गए आतंकवादियों के परिजनों से पुनः सम्पर्क स्थापित किया, परंतु इसके बावजूद वे अन्य शरारती तत्वों के साथ इकट्ठा हो गए और पुलिस/सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी की तथा पुलिस के वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके संबंध में पुलिस स्टेशन परीमपोरा की एफआईआर सं. 279/2017 और 280/2017 के तहत पुलिस स्टेशन परीमपोरा में 02 अलग-अलग एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री सज्जाद अहमद मलिक, उप पुलिस अधीक्षक और रविन्दर पॉल सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/11/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/160/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 123-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री प्रकाश कुमार रजक	उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गढ़वा और पलामू जिले में टी.पी.सी. नामक एक प्रतिबंधित संगठन बहुत सक्रिय है और वह इस क्षेत्र में लगातार लोगों से जबरन धन वसूलने, विकास कार्यों को रोकने, धमकी देने और लेवी वसूलने का कार्य करता रहता है। उनकी गतिविधियों और गलत इरादों के बारे में लगातार रिपोर्टें प्राप्त होती रहती हैं। गढ़वा पुलिस ने उपर्युक्त गुट के खूंखार सदस्यों नामतः महेन्द्र सिंह खरवार, रौशन जी, अभय यादव, रजनीकांत, चन्दन और अन्य सदस्यों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की थी, परन्तु विफल रही।

12 जनवरी, 2017 को, लगभग 10:30 बजे, रामकंडा पुलिस स्टेशन, गढ़वा के कमान अधिकारी, उप-निरीक्षक प्रकाश कुमार रजक को एक सूचना प्राप्त हुई कि टी.पी.सी. के उपर्युक्त सदस्य रामकंडा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत धोती के वन क्षेत्र में घूम रहे हैं और लेवी की जबरन उगाही करने के लिए कुछ विकास परियोजनाओं तथा संबंधित ठेकेदारों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर रामकंडा पुलिस स्टेशन के कमान अधिकारी, उप-निरीक्षक प्रकाश कुमार रजक तत्काल हरकत में आ गए और दो टीमों के साथ उपर्युक्त स्थान की ओर चल पड़े, जिसमें से एक टीम में 07 सिपाही थे और स्वयं कमान अधिकारी के नेतृत्व वाली दूसरी टीम में कमान अधिकारी सहित केवल पांच कार्मिक शामिल थे। वे लगभग दोपहर 12:00 बजे धोती के वन क्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने टी.पी.सी. के सदस्यों के ठिकाने के बारे में पूछताछ की। कुछ ग्रामवासियों और चरवाहों ने उन्हें सूचित किया कि टी.पी.सी. के सदस्य कुछ समय पहले पूर्व दिशा की ओर गए हैं। तदनुसार, कमान अधिकारी ने अपनी दूसरी टीम को उत्तरी क्षेत्र की दिशा में भेजा, जबकि उन्होंने अपने चार सिपाहियों के साथ तुरंत अपनी मोटर साइकिल धोती के वन क्षेत्र में छोड़ दी और पैदल ही उपर्युक्त गुट की दिशा में चल पड़े। लगभग 14:15 बजे, वे तेजी से उनका पीछा करते हुए चैनपुर पुलिस स्टेशन, पलामू जिले के अंतर्गत ग्राम चौवाथटांड में पहुंच गए। जब उन्होंने ग्रामवासियों से टी.पी.सी. के सदस्यों के बारे में पूछताछ की, तो ग्रामवासियों ने बताया कि वे पूर्व दिशा में स्थित निकटवर्ती वन क्षेत्र में किसी जगह पर हैं। इस सूचना के आधार पर, कमान अधिकारी रामकंडा, प्रकाश कुमार रजक और उनके चार सिपाहियों ने बड़ी सावधानी और चौकसी के साथ उपर्युक्त दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर दिया। उक्त दिशा में पांच मिनट तक चलने के बाद, उन्हें कुछ लोगों की आवाज सुनाई दी। उन लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए, कमान अधिकारी और उनके कार्मिक बहुत धीमी गति से उस आवाज की ओर आगे बढ़ रहे थे और अगले दो मिनट में ही टी.पी.सी. ने उन्हें देख लिया और उन्होंने कमान अधिकारी तथा उनकी टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। कमान अधिकारी प्रकाश कुमार रजक ने अपनी पहचान बताई और उन्हें आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। कमान अधिकारी और उनकी टीम ने स्पष्ट रूप से टी.पी.सी. के कमांडर को अपने आदमियों को पुलिस को चारों ओर से घेरने, उनको मारने और उनके हथियार छीनने का आदेश देते हुए सुना।

गंभीर स्थिति का आकलन करते हुए, कमान अधिकारी रामकंडा, प्रकाश कुमार रजक ने तब अपने कार्मिकों को आत्मरक्षा में उस दिशा में गोलीबारी करने का आदेश दिया, जिधर से उनकी ओर गोलीबारी की जा रही थी। इसी बीच कमान अधिकारी रामकंडा और उनकी टीम असाधारण वीरता के प्रयास का प्रदर्शन करते हुए तथा वहां पर खड़ी झाड़ियों और पेड़ों की सहायता लेते हुए टी.पी.सी. टीम की ओर रेंगकर आगे बढ़ी। उसी समय कमान अधिकारी और उसकी टीम पर टी.पी.सी. के सदस्यों ने दूसरे राउंड की अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर कमान अधिकारी ने उस दिशा में निशाना साधा, जिधर से उनकी ओर गोलीबारी की जा रही थी और उन्होंने अपनी एके47 से छह राउंड गोलियां चलाईं। तत्काल उन्हें किसी व्यक्ति के चीखने की आवाज सुनाई दी और उन्हें यह विश्वास हो गया कि कमान अधिकारी प्रकाश कुमार रजक द्वारा चलाई गई गोली किसी एक टी.पी.सी. सदस्य को लगी है। उन्हें कुछ समय के बाद उनसे दूर कदमों की तेज आवाज सुनाई दी, जिससे स्पष्ट रूप से यह संकेत मिल रहा था कि टी.पी.सी. के सदस्य भाग रहे हैं। कमान अधिकारी प्रकाश कुमार रजक और चार सिपाहियों वाली उनकी टीम ने तुरंत उनका पीछा किया, परन्तु टी.पी.सी. के सदस्य घने जंगल में गायब हो गए थे। तत्पश्चात, उप-निरीक्षक प्रकाश कुमार रजक और उनकी टीम ने क्षेत्र की तलाशी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद उन्हें टी.पी.सी. के एक सदस्य का शव मिला, जिसके पास .315 राइफल थी। बाद में उसकी पहचान रजनीकांत उर्फ कंचन कुमार गुप्ता, टी.पी.सी. के कुख्यात एरिया कमांडर के रूप में की गई। तलाशी के दौरान, एक और .315 राइफल, 5 (पांच) मोबाइल, बैटरी चार्जर, मोबाइल चार्जर, पुलिस का सोल्जर बैज, टी.पी.सी. पैम्फलेट, खाली राउंड, .315 राइफल के जिंदा राउंड, कंबल, इलेक्ट्रिक वायर, अल्टीमीटर आदि भी बरामद किए गए।

इस प्रकार उपर्युक्त घटना से उप-निरीक्षक प्रकाश कुमार रजक, कमान अधिकारी रामकंडा पुलिस स्टेशन, गढ़वा का असाधारण वीरतापूर्ण कार्य, अनुकरणीय साहस, सूझ-बूझ, रणनीति का प्रयोग करने की क्षमता और नेतृत्व गुण स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है, जिनके पास मात्र चार सिपाहियों के साथ न केवल टी.पी.सी. को उलझाने, बल्कि आगे रहकर सफलतापूर्वक नेतृत्व करने तथा सरकारी हथियारों की किसी भी लूट को रोकने का साहस भी था और साथ ही उन्होंने आत्मरक्षा में गोलीबारी करते हुए टी.पी.सी. के एक एरिया कमांडर को भी सफलतापूर्वक मार गिराया।

इस ऑपरेशन में श्री प्रकाश कुमार रजक, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/01/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/104/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 124-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री कुणाल	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री कुणाल, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) गिरिडीह को दिनांक 16.06.2016 को लगभग 1500 बजे विशिष्ट आसूचना प्राप्त होने पर, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) गिरिडीह द्वारा कमांडेंट 203 कोबरा के साथ परामर्श करके एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई, जिसमें कोबरा के तीन हमलावर दल, एफ/154 सीआरपीएफ का एक हमलावर दल और झारखंड जगुआर का एक समूह शामिल था। तदनुसार, 203 कोबरा की 03 टीमें और झारखंड जगुआर का समूह 2130 बजे विशेष ऑपरेशन के लिए मधुबन में ए/154 कंपनी की लोकेशन पर पहुंच गया। प्रत्येक हमलावर दल को श्री कुणाल तथा बाद में संबंधित टीम कमांडरों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात उक्त टीमें दिनांक 17.06.2016 को 0245 बजे मधुबन, गिरिडीह, झारखंड से ऑपरेशन के लिए रवाना हो गईं। श्री हरे राम की कमान में टीम सं. 15 और एफ/154 सीआरपीएफ की 2 प्लाटूनें पहले चिरकी गांव के नजदीक बस से उतरीं और योजना के अनुसार कट-ऑफ लगाने के लिए पैदल आगे बढ़ीं। श्री कियाम राजीव, सहायक कमांडेंट की कमान में टीम सं. 14 और श्री महेन्द्र सिंह शेखावत, डिप्टी कमांडेंट की कमान में टीम सं. 13 निर्धारित स्थान पर पालगंज-खेताडाबर रोड पर बस से उतरी। झारखंड जगुआर का समूह कट-ऑफ लगाने के लिए सड़क पर और आगे बढ़ा और अपने पूर्व निर्धारित स्थान के निकट बस से उतर गया। सभी दल अपने निर्धारित कार्यों के लिए पैदल ही आगे बढ़े।

बस से उतरने के बाद टीम सं. 13 और 14 एक साथ आगे बढ़ीं और लगभग 0315 बजे मुख्य लक्ष्य क्षेत्र से लगभग 01 किमी. पहले विश्राम (आर.वी.) के लिए रूकीं। लगभग 0415 बजे टीम सं. 13 कट-ऑफ लगाने के लिए अपने निर्धारित स्थान की ओर आगे बढ़ी तथा श्री कुणाल के नेतृत्व में एवं श्री कियाम राजीव सिंह की कमान में मुख्य हमलावर टीम अर्थात् टीम सं. 14 लक्ष्य की ओर आगे बढ़ी। जमीनी वास्तविकता और रणनीति के अनुसार, टीम सं. 14 विस्तृत लाइन फार्मेशन में लक्ष्य की ओर आगे बढ़ी। लगभग 0500 बजे काली पोशाक में हथियारों के साथ 4-5 नक्सलवादी दिखाई पड़े। टीम के स्काउटों ने चिल्लाकर उनको रूकने के लिए कहा, परन्तु उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी और वहां से भागना शुरू कर दिया। जब उनका पीछा किया जा रहा था, तभी अचानक नक्सलवादियों ने सैन्य दस्तों को निशाना बनाकर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री कुणाल के नेतृत्व में झारखंड जगुआर के सैन्य दस्तों ने तुरंत पोजीशन ले ली और बहादुरी के साथ जवाबी कार्रवाई की। नक्सलवादियों की संख्या काफी अधिक थी और उन्होंने एक-दूसरे का नाम लेते हुए सैन्य दस्तों की ओर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। यह देखकर, श्री कुणाल के नेतृत्व में टीम के कुछ कार्मिक अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना गोलीबारी करते हुए नक्सलवादियों की ओर आगे बढ़े। उन्होंने गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाई और यूबीजीएल से भी फायर किया। अचानक यूबीजीएल लोड करते समय एक स्काउट बालेन हरिजन के मुंह में गोली लग गई, परन्तु वे नक्सलवादियों की ओर गोलीबारी करते रहे। यह देखकर श्री कुणाल ने हमले का नेतृत्व किया और झाड़ियों में छिपे हुए नक्सलवादियों को निशाना बनाकर गोलीबारी की तथा साथ ही सैन्य दस्तों को यूबीजीएल के कुछ राउंड फायर करने का निर्देश दिया। इस वीरतापूर्ण हमले को देखते हुए नक्सलवादियों ने हड़बड़ी में जंगल के दूसरी ओर भागना शुरू कर दिया। स्थिति का आकलन करते हुए श्री कुणाल ने सैन्य दस्तों को आगे बढ़ने से रोक दिया और सर्वप्रथम घायल हुए लोगों को वहां से निकालने का निर्णय लिया। अन्य टीमों तथा उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचित किया गया। जब एक अस्थायी स्ट्रेचर तैयार की जा रही थी, उसी दौरान घटना स्थल की त्वरित तलाशी भी की गई। 03 आईईडी और दैनिक प्रयोग की अन्य सामग्रियों सहित कुछ वस्तुएं बरामद की गईं। खून के धब्बों से इस बात की पुष्टि हो गई कि कुछ नक्सलवादियों को गोली लगी है। नक्सलवादियों की मौजूदगी और सिर पर मंडराते हुए खतरे के बावजूद, श्री कुणाल और टीम कमांडर श्री कियाम राजीव के नेतृत्व वाले दल द्वारा घने जंगल से घायल बालेन हरिजन को सुरक्षित बाहर ले जाया गया। पीरटांड सीएचसी में पहुंचने पर, बालेन हरिजन को "मृत लाया हुआ" घोषित कर दिया गया। क्षेत्र की पूरी तरह से तलाशी करने और भाग रहे नक्सलवादियों को निशाना बनाने के लिए नई टीमें शामिल की गईं। तलाशी जारी रहने के दौरान, दिनांक 19.06.2016 को घने जंगल में घटना स्थल से लगभग 1 किमी. दूर सीपीआई (माओवादी) के उत्तरी छोटा नागपुर रेंज के एक नक्सलवादी नामतः बहराम हंस दा उर्फ गाजो उर्फ पंकज माझी, जेडसीएम (जोनल कमेटी मेंबर) का शव तथा निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं –

क्र.सं.	बरामद किए गए हथियारों/गोलाबारूद और वस्तुओं का नाम	बरामद की गई वस्तुओं की सं.
1.	भरी हुई मैगजीन तथा चैम्बर में राउंड सहित एसएलआर बॉडी संख्या – एल6179060	01
2.	अतिरिक्त एसएलआर मैगजीन	01
3.	(7.62x51 एमएम) जिंदा राउंड	130
4.	खाली खोखे	एके-47-10, इंसास-05
5.	नकदी	1,14,275 रु.
6.	नक्सली साहित्य	03
7.	आईईडी	05
8.	पिट्ठू	01 (नीला)
9.	काली ड्रेस	01
10.	मोटोरोला सेट	01
11.	मेमोरी कार्ड	01
12.	सिम कार्ड	03
13.	लेवी रसीद बुक	01

इस मुठभेड़ में श्री कियाम राजीव, सहायक कमांडेंट, टीम सं. 14 के टीम कमांडर और शहीद कांस्टेबल बालेन हरिजन, उप निरीक्षक राजेश महलावत तथा अन्य स्काउटों ने भी अत्यधिक बहादुरी और शौर्यपूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में श्री कुणाल, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/06/2016 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/109/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 125-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
स्व. श्री बनुआ उरांव	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

06 जून, 2018 को सरायकेला-खरसवां पुलिस को कुचई पुलिस स्टेशन की पहाड़ी में माओवादियों के इकट्ठा होने के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई। कई टीमें बनाकर माओवादियों का सफाया करने के लिए एक ऑपरेशन शुरू किया गया। 07 जून, 2018 को जब एसडीपीओ सरायकेला, अविनाश कुमार, कमान अधिकारी कुचई के नेतृत्व में, उप निरीक्षक राउतू होनहागा, सहायक उप निरीक्षक, बनुआ उरांव, जिला सशस्त्र पुलिस और कोबरा की टीम कसरौली और कोरा की पहाड़ियों के बीच पहुंची, तो माओवादियों ने पहाड़ी की तीन दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। टीम ने माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु उन्होंने गोलीबारी बंद नहीं की। टीम ने आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों ओर से लगभग ढाई घंटे तक गोलीबारी हुई। सहायक उप निरीक्षक बनुआ उरांव और कोबरा के कांस्टेबल उत्पल राभा ने माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देने के लिए माओवादियों की ओर आगे बढ़ने तथा गोलीबारी करने का साहस दिखाया, ताकि उनकी टीम के बाकी सदस्यों को बचाया जा सके। जवाबी कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक बनुआ उरांव ने 17 राउंड, कांस्टेबल उत्पल राभा ने 30 राउंड और उनकी टीम के बाकी सदस्यों ने 729 राउंड गोलियां चलाईं। जब दोनों ओर से लगातार गोलीबारी हो रही थी, तब माओवादियों की एक गोली सहायक उप निरीक्षक बनुआ उरांव के पेट में और उत्पल राभा के सिर में लग गई, लेकिन मुठभेड़ में लगी घातक चोट की परवाह न करते हुए वे दोनों आगे बढ़ते रहे और गोलीबारी करते रहे, जिससे माओवादी पीछे हटने के लिए मजबूर हो गए। अपनी स्वयं की जान को खतरे में डालते हुए शहीद सहायक उप निरीक्षक बनुआ उरांव ने अपनी टीम के साथी सदस्यों को बचाने के लिए माओवादियों के साथ संघर्ष में अत्यधिक साहस और अपनी सेवा के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में स्व. श्री बनुआ उरांव, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/06/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/212/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 126-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	राजा आर. आईपीएस	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	नागनाथ गुरुसिद्ध पाटिल	पुलिस उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

3.	महादेव मारोती मडावी	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	कमलेश अशोक अरका	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	हेमंत कोरके मडावी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	अमूल श्रीराम जगताप	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	वेल्ला कोरके आत्राम	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
8.	सुधाकर मलय्या मोगलीवार	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
9.	बियेश्वर विष्णु गेडाम	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03.04.2018 को, अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजा आर. को इस आशय की गोपनीय, विश्वसनीय और कार्रवाई करने योग्य सूचना प्राप्त हुई कि रोमपल्ली, सिरोंचा के पहाड़ी और जंगल के क्षेत्र में 20-25 सशस्त्र नक्सलवादियों को देखा गया है तथा वे उक्त क्षेत्र में और उसके आसपास राष्ट्र-विरोधी तथा विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। संस्तुत अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली को सूचित किया और उनके आदेश पर संस्तुत अधिकारी ने एक नक्सल-रोधी तलाशी ऑपरेशन की योजना बनाई। उन्होंने दो टीमें बनाईं, जिसमें से पहली टीम का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया। इस टीम में, एपीआई नेताजी बंडगर, संस्तुत पुलिस उप निरीक्षक नागनाथ पाटिल और साथ ही सी-60 (गढ़चिरौली जिले का नक्सल-रोधी विशेष बल) टीम के 27 पुलिस कार्मिक शामिल थे। दोनों टीमें निजी वाहनों में उपर्युक्त क्षेत्र के लिए रवाना हो गईं।

लगभग 10 बजे रोमपल्ली वन में कॉम्बिंग ऑपरेशन करते समय, पीएसआई सखाराम बिरजदार के नेतृत्व में दूसरी टीम और 20 कार्मिकों वाली हेड कांस्टेबल टोपो सी-60 कमांडो की पार्टी पर 20-25 नक्सलवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया। नक्सलवादी ओलिव ग्रीन यूनिफार्म में थे, जिन्होंने पुलिस कार्मिकों को घायल करने/मारने और उनके हथियार तथा गोलाबारूद लूटने के एकमात्र इरादे से उक्त टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। घात में फंसी हुई यह टीम चारों ओर से नक्सलियों द्वारा घिरी हुई थी और यह टीम अपने हथियारों एवं गोलाबारूद की हानि के साथ-साथ निश्चित मौत/चोट का सामना कर रही थी। हेड कांस्टेबल/2276 राजेश टोपो ने अपने वॉकी-टॉकी पर अपर पुलिस अधीक्षक राजा आर. को एसओएस कॉल की। अपर पुलिस अधीक्षक राजा आर. के नेतृत्व वाली टीम उस स्थान पर पहुंच गई, जहां पहली टीम फंसी हुई थी। उन्होंने नक्सलवादियों को गोलीबारी रोकने, अपने हथियार डालने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। परन्तु नक्सलवादियों ने इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और वे फंसी हुई पुलिस टीम पर गोलीबारी करते रहे। फंसी हुई टीम की स्थिति की गंभीरता को महसूस करते हुए, संस्तुत अपर पुलिस अधीक्षक राजा आर. ने असाधारण सूझ-बूझ एवं साहस का प्रदर्शन किया और उन्होंने एक साहसिक बचाव ऑपरेशन की योजना बनाई। अपने स्वयं के जीवन अथवा शरीर की सुरक्षा के बारे में पुनर्विचार किए बिना अपर पुलिस अधीक्षक ने सामने से बचाव ऑपरेशन का नेतृत्व किया। उन्होंने तीन आयामी रणनीति का उपयोग किया अर्थात सटीक और नियंत्रित गोलीबारी करना, फंसी हुई पुलिस टीम की सहायता एवं सुरक्षा करने के लिए अपनी पुलिस टीम की सही तैनाती करना और विशेष रूप से यूबीजीएल के प्रभावकारी प्रयोग के माध्यम से जबावी हमले का उपाय करना। इस रणनीति ने नक्सलवादियों के घृणित कुचक्रों को विफल कर दिया और संस्तुत अपर पुलिस अधीक्षक राजा आर. 01 पुलिस अधिकारी तथा 21 कार्मिकों की फंसी हुई टीम को बचाने में सफल हो गए और उनको सुरक्षित बचा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजा आर. के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने नक्सवादियों की भारी गोलीबारी के समक्ष अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और उन्होंने उस गोलीबारी का सटीक एवं नियंत्रित गोलीबारी तथा यूबीजीएल के सही उपयोग के साथ प्रत्युत्तर दिया। इससे नक्सलवादी तत्काल घने जंगल में पीछे हटने के लिए विवश हो गए। उक्त मुठभेड़ लगभग 20 मिनट तक चली, परन्तु ये 20 मिनट बुरी तरह फंसे हुए पुलिस दल के लिए घातक परिणाम वाले साबित हो सकते थे। संस्तुत अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित बहादुरी के परिणामस्वरूप 2 पुलिस कार्मिक नामतः संस्तुत एनपीसी/2743 महादेव मडावी और हेड कांस्टेबल/2276 राजेश टोपो को मामूली सी चोट आई और वे बच गए।

अनुवर्ती कॉम्बिंग ऑपरेशन में पुलिस टीम को 01 पुरुष नक्सलवादी और 2 महिला नक्सलवादियों के शव मिले। उनकी पहचान बाद में सुनिश्चित की गई और उनकी हिस्ट्री शीट निम्नानुसार है:—

1) सुनील उर्फ विलास कुलमेठे (39 वर्ष) सिरोंचा दलम का कमांडर और गढ़चिरौली के दक्षिणी डिवीजन (डीवीसी) का सदस्य।

क) वह वर्ष 2008 में कोरेपल्ली नक्सलवादी घात में 01 पुलिस अधिकारी और 3 पुलिस कर्मियों की हत्या में शामिल था।

ख) वह वर्ष 2014 में आशा तलाव नक्सलवादी घात में 01 पुलिस कर्मी की हत्या में शामिल था।

ग) वह उन 7 निर्दोष नागरिकों को मारने में भी संलिप्त था, जिन पर उसने पुलिस का मुखबिर होने का गलत आरोप लगाया था।

घ) वह पुलिस दलों पर गोलीबारी की 5 घटनाओं और सी-60 के दलों के विरुद्ध आईईडी तथा क्लेमोर विस्फोटक का प्रयोग करने में भी संलिप्त था।

उसके विरुद्ध गढ़चिरौली जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल 39 अपराध दर्ज हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उसके नाम पर 16 लाख रु. के इनाम की घोषणा कर रखी थी।

2) स्वरूपा उर्फ आमसी पोच्या तलांडी (35 वर्ष), सिरोंचा एरिया कमेटी की डिप्टी कमांडर।

क) वह उन 4 निर्दोष नागरिकों की हत्या में संलिप्त थी, जिन पर उसने पुलिस का मुखबिर होने का गलत आरोप लगाया था।

ख) वह पुलिस दलों पर गोलीबारी की 5 घटनाओं और सी-60 के दलों के विरुद्ध आईईडी तथा क्लेमोर विस्फोटक का प्रयोग करने में भी संलिप्त थी।

उसके विरुद्ध गढ़चिरौली जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल 19 अपराध दर्ज हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उसके नाम पर 6 लाख रु. के इनाम की घोषणा कर रखी थी।

3) वंदना कंदरू कोवाची (37 वर्ष) प्लाटून नं. 14 की सदस्य।

महाराष्ट्र सरकार ने उसके नाम पर 2 लाख रु. के इनाम की घोषणा कर रखी थी।

नक्सल दलम की जब्त की गई अन्य वस्तुएं निम्नानुसार हैं:—

1) 01 – 8 एमएम राइफल।
2) 09 - 8 एमएम राइफल की जिंदा गोलियां।
3) 01 – 12 बोर राइफल।
4) 05 – 12 बोर राइफल की जिंदा गोलियां।
5) नक्सल विचारधारा का प्रचार करने वाला साहित्य।
6) नक्सलवादियों के दैनिक उपयोग की सामग्रियां।

इस विशिष्ट घटना में यह नोट करना प्रासंगिक है कि नक्सलवादियों के पास दोहरा लाभ था। पहला यह कि उनके पास अपनी ओर विस्मय बनाए रखने का लाभ था, जो उनके द्वारा लगाई गई घात से स्पष्ट होता था। दूसरा यह कि नक्सलवादी एक ऊंचे स्थान से गोलीबारी कर रहे थे और एक नाले में मोर्चा संभाले हुए थे। ये दोनों किसी भी लड़ाई के निर्णायक घटक और लाभ होते हैं। परन्तु इन विषम परिस्थितियों को नियंत्रित करके और अपने साहस की वास्तविक क्षमता के द्वारा संस्तुत अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजा आर., पुलिस उप निरीक्षक नागनाथ पाटिल, एनपीसी/2743 महादेव मडावी, एनपीसी/1945 कमलेश अरका, पीसी/5624 हेमंत मडावी, पीसी/3272 अमूल जगताप, पीसी/3019 वेल्ला कोरके, पीसी/5472 सुधाकर मोगलीवार और पीसी/5390 बियेश्वर गेडाम ने न केवल फंसी हुई पुलिस टीम को बाहर निकाला और उनकी जान बचाई, बल्कि 3 खूंखार और वांछित वरिष्ठ कैडर के नक्सलवादियों का सफाया करने में भी सफल हुए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री राजा आर., आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक, नागनाथ गुरुसिद्धा पाटिल, पुलिस उप निरीक्षक, महादेव मारोती मडावी, नायक पुलिस कांस्टेबल, कमलेश अशोक अरका, नायक पुलिस कांस्टेबल, हेमंत कोरके मडावी, पुलिस कांस्टेबल, अमूल श्रीराम जगताप, पुलिस कांस्टेबल, वेल्ला कोरके आत्राम, पुलिस कांस्टेबल, सुधाकर मलय्या मोगलीवार, पुलिस कांस्टेबल और बियेश्वर विष्णु गेडाम, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03/04/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/197/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 127-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री गजानन दत्तात्रय पवार	पुलिस निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दो अज्ञात व्यक्तियों ने दिनांक 21.11.2018 की सुबह एक विवाहित महिला की उसके घर के मुख्य द्वार पर बिलकुल नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी। आग्नेयास्त्रधारी वे दोनों व्यक्ति एक मोटर साइकिल पर मौके से फरार हो गए।

तदनंतर, पुलिस की टीमें घटना स्थल पर पहुंचीं और चंदननगर पुलिस स्टेशन में एक हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया (भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 34 और आयुध अधिनियम की धारा 3(25), एमपीए की धारा 135 के साथ पठित धारा 37(1) के तहत सीआर नं. 306/2018)। एफआईआर की प्रति इसके साथ संलग्न है।

उपर्युक्त घटना में, एक गृहिणी एकता बृजेश भाटी (38), जो वडगांव शेरी के आनंद पार्क की निवासी थी, को मौके पर मृत पाया गया।

पुणे शहर के पुलिस अधिकारियों को उक्त क्षेत्र में स्थित विभिन्न वाणिज्यिक और आवासीय संपत्तियों से बरामद किए गए सीसीटीवी फुटेज के अध्ययन के जरिए संदिग्धों के बारे में कुछ सुराग प्राप्त हुए। इस अध्ययन से हमलावरों द्वारा पहने गए कपड़ों, उनके चेहरों और मोटर साइकिल जैसे ब्यौरे प्राप्त हुए।

मृतक महिला दिल्ली की रहने वाली थी और वह अपने पति तथा दो बच्चों के साथ कुछ वर्ष पहले पुणे शहर में आई थी। प्रारंभिक जांच से हत्या के पीछे दिल्ली का कोई संबंध होने का पता चला। यह अनुमान लगाया गया कि हमलावरों ने शायद उत्तर भारत से एक लम्बी दूरी की ट्रेन के द्वारा पुणे शहर तक की यात्रा की है और वे ट्रेन से ही दिल्ली वापस जा सकते हैं।

इस प्राथमिक सूचना पर प्रतिक्रिया करते हुए, पुणे शहर की अपराध शाखा के अधिकारियों ने पुणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 3 पर एक जाल बिछा दिया, जहां से लम्बी दूरी की ट्रेनें पुणे से दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों को जाती हैं।

प्लेटफार्म नं. 3 पर, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं को अलग-अलग टीमों में बांट लिया और दोनों हमलावरों की तलाश करना शुरू कर दिया। उनमें से एक टीम, जिसमें वरिष्ठ निरीक्षक रघुनाथ जाधव, सहायक उप निरीक्षक अविनाश मराठे और दो अन्य लोग शामिल थे, ने प्लेटफार्म के पिछले हिस्से पर प्लेटफार्म की जांच शुरू कर दी, जबकि पुलिस निरीक्षक गजानन दत्तात्रय पवार, पुलिस नायक मोहसिन शेख और कांस्टेबल कादिर शेख वाली टीम ने प्लेटफार्म की सीढ़ियों से यात्रियों की जांच शुरू कर दी।

पवार और उनकी टीम ने दो व्यक्तियों को देखा, जिनकी पहचान और कपड़े वैसे ही थे, जैसाकि प्लेटफार्म पर 17.00 बजे सीसीटीवी पर फुटेज से प्राप्त हुए थे। पवार भीड़ में तेजी से उनके पास पहुंच गए और उन्हें रूकने के लिए कहा। उन्होंने उनको अपनी ट्रेन की टिकट और पहचान के प्रमाण दिखाने के लिए कहा। पुलिस नायक शेख और कांस्टेबल शेख भी उस स्थान पर पहुंच गए।

तथापि, उन दोनों व्यक्तियों ने अपनी ऊंची आवाज में पुलिस वालों के साथ बहस शुरू कर दी। इसी बीच, दोनों व्यक्तियों में से एक ने उग्र व्यवहार करना शुरू कर दिया और पवार ने महसूस किया कि उसने अपने सीने के पास कोई चीज पकड़ रखी है। वह व्यक्ति अपना हाथ अपनी जैकेट के अंदर ले गया, जहां उसने कोई चीज छिपा रखी थी। मिनटों में ही, उस व्यक्ति ने अपनी आवाज ऊंची कर दी और पुलिस वालों को धमकी दी कि उसके पास एक बंदूक है। उसने जोर से धमकाया कि यदि वे उसे रोकने की कोशिश करेंगे, तो वह पुलिस कर्मियों को नहीं छोड़ेगा और वह उन सभी को मार देगा।

तब, स्थिति पर प्रतिक्रिया करते हुए, पवार ने किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए उस व्यक्ति को दबोच लिया और उसकी बाजू को उसके पीछे मरोड़ दिया। उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों तथा बड़ी मात्रा में लोगों को बचाने के लिए शीघ्रता से कार्रवाई की। तथापि, वह व्यक्ति जैकेट के आगे की पॉकेट में रखी अपनी रिवॉल्वर तक पहुंचने में सफल हो गया और उसने पवार के कंधे पर गोली मार दी।

बंदूकधारी व्यक्ति ने पवार पर तीन गोलियां चलाईं। परंतु पवार ने उसे मजबूती से पकड़े रखा। गोलियों की आवाज से रेलवे प्लेटफार्म पर शोरगुल मच गया और रेल यात्रियों ने हड़बड़ी में इधर-उधर भागना शुरू कर दिया। इस शोरगुल में, संदिग्ध व्यक्ति पर पवार की पकड़ ढीली पड़ गई और वह आदमी भाग गया।

एक गोली पवार की छाती/हँसली में घुस गई, दूसरी गोली बायीं आँख के ठीक नीचे उनके गाल की हड्डी में घुस गई और तीसरी गोली उनके सिर के पास से निकल गई।

पवार, जिनका खून बह रहा था, रूके नहीं, अपितु वे संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा करते रहे, जो भीड़-भाड़ वाले प्लेटफार्म पर भाग रहे थे। संदिग्ध व्यक्तियों ने भीड़ में शामिल होने का भरपूर प्रयास किया, परंतु पुलिस कर्मी उनका पीछा करते रहे।

कुछ मिनटों के भीतर पवार गिर गए और उनकी टीम के अन्य सदस्य उन्हें जल्दी से पास में स्थित एक अस्पताल में ले गए।

टीम के अन्य सदस्यों ने लंबा पीछा करने के बाद दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, दोनों ने अपने नाम शिवलाल बाबूलाल राव (उम्र-39 वर्ष), निवासी ओम विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली और गांव -असरलाही, तालुका जीतरन, जिला-पाली, राजस्थान के निवासी और उसके पुत्र मुकेश (18) के रूप में बताए। दिल्ली पुलिस से बाद में की गई पूछताछ में पता चला कि वे दोनों कॉन्ट्रैक्ट किलर थे।

इस संदर्भ में, पुणे रेलवे पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, 333, 34 और आयुध अधिनियम की धारा 3(25) के तहत सीआर सं.1132/2018 के अंतर्गत एक अपराध दर्ज किया गया था (एफआईआर की प्रति इसके साथ संलग्न है)।

पवार ने दोनों सशस्त्र व्यक्तियों का बहादुरी से सामना किया। गोली से घायल होने के बावजूद, पुलिस निरीक्षक पवार ने दोनों अभियुक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने स्थिति पर सकारात्मक ढंग से प्रतिक्रिया की और भीड़-भाड़ वाले स्थान में जीवन की क्षति को टाल दिया। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई से दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे हत्या का मामला सुलझ गया। उनकी इस कार्रवाई ने उनके साथियों को भी प्रेरित किया।

उनका 24 वर्ष लम्बा एक बेदाग सेवा का रिकॉर्ड है और उन्होंने 413 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वर्ष 2011 में उनको पुलिस महानिदेशक के चिह्न (इनसिगनिया) से अलंकृत किया गया है। अपने सेवाकाल में, उन्होंने हत्या के सात मामलों, 168 एचबीटी, 86 चेन झपटमारी के मामलों तथा 76 वाहन चोरी के मामलों का पता लगाया है और उन्होंने 29 आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। कुल मिलाकर, उन्होंने 2,75,94,464/- रु. की चोरी हुई सम्पत्ति बरामद की है। उन्होंने 48 घोषित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने पुणे पुलिस के साइबर क्राइम सेल में अपने कार्यकाल के दौरान सात साइबर धोखाधड़ियों का सफलतापूर्वक पता लगाया और संदिग्ध व्यक्तियों से 1.48 करोड़ रु. बरामद किए।

इस ऑपरेशन में श्री गजानंद दत्तात्रय पवार, पुलिस निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/11/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/172/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 128-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	हरी बालाजी नटराजन., आईपीएस	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	गिरीश मारोती ढेकले	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	निलेश मारोती ढुमणे	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.11.2018 को गढ़चिरौली जिले के कोरची पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कोटगुल के जंगल में भारी संख्या में नक्सलवादियों द्वारा डेरा डालने के बारे में एक आसूचना प्राप्त हुई। सभी नक्सलवादी सीपीआई (माओवादी) गुट से संबंधित थे, जो एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है और वे सुरक्षा बलों पर हमला करने के विनाशकारी कृत्य को अंजाम देने का षड़यंत्र रच रहे थे। तत्काल, डॉ. हरी बालाजी एन., अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ने पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली के साथ परामर्श करके उपर्युक्त जंगल क्षेत्र में एक ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई।

योजना के अनुसार, 47 अन्य पुलिस कर्मियों के साथ डॉ. हरी बालाजी एन., अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ने दिनांक 18.11.2018 को 2200 बजे निजी वाहनों में गढ़चिरौली से प्रस्थान किया और दिनांक 19.11.2018 को 0300 बजे कोटगुल के जंगल में पहुंच गए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को समुचित ढंग से ब्रीफ किया और उसके बाद पुलिस कर्मियों को दो समूहों में बांट दिया। पहले समूह में मोतीराम मडावी, पुलिस उप निरीक्षक के नेतृत्व में अन्य पुलिस कर्मियों के साथ-साथ एनपीसी/2149 रतन गोरगुंडा, पीसी/5706 सुरेश टोकला, पीसी/5908 आशिक हुसैन, पीसी/5597 विनोद भोयार और एनपीसी/3219 निलेश धूमने शामिल थे। दूसरे समूह का नेतृत्व डॉ. हरी बालाजी एन., अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ने किया, जिसमें एनपीसी/3276 गिरीश ढेकले, पीसी/वसंत आत्राम, पीसी/5570 बादल उसेंडी, पीसी/4463 पंकज हलामी और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। तत्पश्चात, उपयुक्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन करते हुए, दोनों समूह जंगल में पानी के नाले को पार करते हुए आगे बढ़े और उन्होंने निखायकल के जंगल में प्रवेश किया। जब पुलिस दल जंगल में छानबीन कर रहे थे, तभी लगभग 0800 बजे, अचानक पहले समूह पर नक्सलवादियों ने हमला कर दिया। आश्चर्यजनक ढंग से, लगभग 40 से 50 नक्सलवादियों ने पहले समूह को घेर लिया और उन पर घात लगाकर हमला किया तथा वे अपने कब्जे वाले अवैध आग्नेयास्त्रों का प्रयोग करके सभी पुलिस कर्मियों को मारने और उनके हथियार एवं गोलाबारूद छीनने के इरादे से पुलिस कर्मियों पर अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस कर्मियों ने जमीन पर पोजीशन ले ली और वे नक्सलवादियों के आक्रमण का जवाब देने का हर संभव प्रयास करने लगे। इस अवसर पर, मोतीराम मडावी, पुलिस उप निरीक्षक ने अपने दस्ते के कार्मिकों नामतः निलेश धूमने, सुरेश टोकला, आशिक

हुसैन, रतन गोरगुंडा और विनोद भोयार के साथ नक्सलवादियों की घात को तोड़ने का जोरदार प्रयास किया। नक्लवादियों की गोलियों की परवाह किए बिना, कांस्टेबल निलेश धूमने ने घात को तोड़ने का कठिन प्रयास किया और वे नियंत्रित गोलीबारी करते हुए नक्सवादियों की दिशा में आगे बढ़ते रहे। नक्सलवादियों की गोलियों से अपना बचाव करते समय, वे फिसल गए और उनके पैर में चोट लग गई। नक्सलवादियों की संख्या पुलिस सैन्य दस्ते की तुलना में थी और उन्होंने पुलिस कर्मियों पर अपनी गोलियों की बौछार बंद नहीं की। पहले समूह ने वॉकी-टॉकी सेट पर डॉ. हरी बालाजी के नेतृत्व वाले पुलिस सैन्य दल से संपर्क स्थापित किया, जो पहले समूह के दायीं ओर कुछ दूरी पर था और उससे सहायता मांगी। इसी बीच, जब डॉ. हरि बालाजी को नक्सलियों द्वारा लगाई गई घात के बारे में वॉकी-टॉकी पर पता चला, तो उन्होंने तुरंत पहले समूह को भयभीत न होने का निर्देश दिया। इसके बाद, उन्होंने फंसे हुए पुलिस कर्मियों को बचाने के उद्देश्य से अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हमलावर नक्सलवादियों को दायीं ओर से घेरना शुरू कर दिया। डॉ. हरि बालाजी ने चिल्लाकर नक्सलवादियों को पुलिस के आगे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। परंतु नक्सलवादी अड़े हुए थे और यह चिल्ला रहे थे कि पुलिस कर्मियों को जाने मत दो और फंसे हुए पुलिस कर्मियों पर भारी गोलीबारी करके उन्हें मार दो। यह जानकर कि फंसी हुई टीम के लिए एक बचाव टीम आ रही है, नक्सलवादियों ने अलग-अलग समूहों में हरी बालाजी और उनके समूह के सदस्यों पर भयंकर गोलीबारी शुरू कर दी। एक छोटी सी टीम के साथ रणनीतिक तौर पर कमजोर स्थिति में होने के बावजूद अपने दल के कार्मिकों के साथ हरि बालाजी नक्सलवादियों के भीषण हमले से विचलित हुए बिना, आत्मरक्षा में सशस्त्र हमलावरों की दिशा में नियंत्रित गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सली अपनी हमला करने की पोजीशन की दृष्टि से पुलिस कर्मियों की तुलना में स्पष्ट रूप से अच्छी स्थिति में थे, क्योंकि उन्होंने बड़ी चट्टानों और घने पेड़ों के पीछे कवर लेकर पहाड़ी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर अपनी रणनीतिक पोजीशन ले रखी थी और वे अलग-अलग समूहों में भी बंटे हुए थे, जो घनी झाड़ियों में दिखाई भी नहीं देते थे। नक्सलवादियों ने गोलीबारी बंद नहीं की और साथ ही उन्होंने बचाव दलों पर दबाव भी बढ़ा दिया। कई दिशाओं से लगातार गोलीबारी के बीच, कांस्टेबल गिरीश ढेकले और अन्य कार्मिकों के साथ हरी बालाजी अपनी जगह से हिले बिना जोरदार जवाबी गोलीबारी करते हुए नक्सवादियों की ओर आगे बढ़ते रहे। हरि बालाजी और उनकी कमान में कांस्टेबल गिरीश ढेकले, वसंत आत्राम, बादल उसेंडी और पंकज हयामी नामक पुलिस कर्मियों वाली छोटी टीम ने नक्सलवादियों के साहस को पूरी तरह चकनाचूर कर दिया, जिससे उन्हें गहरा आघात पहुंचा और उन्हें पूरी तरह से अपनी रणनीतिक पोजीशन से हटना पड़ा।

इसके परिणामस्वरूप, प्रथम समूह, जो नक्सलवादियों के मारक क्षेत्र में फंसा हुआ था, के पुलिस कर्मियों को ज्यादा नुकसान के बिना सुरक्षित बचा लिया गया। तत्पश्चात हरी बालाजी की कमान में, पुलिस कर्मियों ने नक्सलवादियों की दिशा में जोरदार जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे उन्हें पीछे हटना पड़ा। लगभग 40-50 मिनट तक हुई इस भीषण मुठभेड़ में दो महिला नक्सलवादियों का सफाया कर दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल से दो हथियार और बहुत से गोलाबारूद के साथ-साथ नक्सलवादियों की वस्तुएं बरामद कीं।

टीपागढ़ क्षेत्र, जहां यह ऑपरेशन चलाया गया था, के बारे में यह बताना प्रासंगिक है कि टीपागढ़ के जंगल का क्षेत्र घनी झाड़ियों और पहाड़ी वाला क्षेत्र है। वहां पर छिपने के बहुत से सक्रिय ठिकाने उपलब्ध हैं, झाड़ियां बहुत घनी हैं, बड़े-बड़े शिलाखंड उपलब्ध हैं, जिससे नक्सलवादियों को चट्टानों में मोर्चा बनाने और कई दिनों तक डेरा डालने में आसानी होती है। ऐसे क्षेत्र के फायदे की वजह से यह कई वरिष्ठ नक्सलवादी काडरों के लिए एक सुरक्षित स्थान माना जाता है। वर्ष 2017 के इसी महीने (नवम्बर) में, इस क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो सुरक्षाबल कर्मी शहीद हुए थे। इन घटनाओं और मौतों के बाद, टीपागढ़ जंगल के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बलों का मनोबल पूरी तरह से गिर गया था। सुरक्षा बलों को यह डर था कि नक्सलवादी उन पर किसी भी समय हमला कर सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, डॉ. हरि बालाजी ने व्यक्तिगत रूप से अपने बल का नेतृत्व किया और उक्त क्षेत्र से 02 खूंखार नक्सलवादियों का सफलतापूर्वक सफाया किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री हरी बालाजी एन., आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक, गिरीश मारोती ढेकले, नायक पुलिस कांस्टेबल और निलेश मारोती दुमणे, नायक पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19/11/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/216/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 129-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक

1.	अरविंद कुमार सक्सेना ,आईपीएस	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	धर्मवीर सिंह	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.05.2017 को भोपाल के प्रसिद्ध 800+ बिस्तर वाला प्रसिद्ध मल्टीस्पेशिएलिटी हमीदिया अस्पताल परिसर के भीतर स्थित एक दवा के स्टोर के नजदीक एक विवादित पुराने भवन में प्रार्थना करने के लिए मुस्लिम समुदाय के कुछ शरारती तत्वों की जिद की वजह से टकराव शुरू हुआ। हमीदिया अस्पताल के परिसर के भीतर गेट लगा हुआ एक पुराना भवन है, जिस पर प्रथम विश्व युद्ध के समय के लेख हैं, जिनका अब कोई धार्मिक महत्व नहीं है। रमजान का पवित्र महीना शुरू होने पर, कुछ मुस्लिम युवक उक्त भवन के नजदीक इकट्ठा हो गए, उन्होंने उक्त लेखों की गलत व्याख्या करनी शुरू कर दी और इसे एक पवित्र स्थान घोषित कर दिया। उसके बाद उन्होंने उक्त भवन के भीतर विशेष प्रार्थना (तरारिन) और उसके बाद सहरी तथा 5 बार की नमाज पढ़ना शुरू कर दिया। यह उक्त परिसर में प्रार्थना करने की एक अभूतपूर्व घटना थी। इसके बाद, उन्हीं मुस्लिम युवकों ने इसे एक पूजा स्थल घोषित करते हुए इस भवन के बारे में झूठी अफवाहें फैलाना शुरू कर दिया। मुस्लिम समुदाय को भड़काने वाला दुष्प्रचार सोशल मीडिया के माध्यम से आग की तरह फैल गया, जिसमें मुस्लिमों से उक्त परिसर के भीतर प्रार्थना करने का आग्रह किया गया था।

अंततः अगले दिन, दिनांक 28.05.2017 को, लगभग 100-150 मुस्लिम युवक उक्त भवन के आस-पास इकट्ठा हो गए। उन्होंने उस स्थान तथा आस-पास के परिसर की सफाई की और प्रार्थना करने लगे। स्थिति की गंभीरता और संभावित साम्प्रदायिक झगड़े को भांपते हुए, शहर की पुलिस ने कार्यकारी शहर काजी एवं शहर मुफ्ती को "वॉयस ऑफ सेनिटी" के रूप में हस्तक्षेप करने के लिए बुलाया। शहर की पुलिस ने उनसे मुस्लिमों की भीड़ को उस स्थान पर प्रार्थना करने की अपनी इच्छा को त्याग देने और वहां से हटने के लिए मनाने का अनुरोध किया। तदनुसार, कार्यकारी शहर काजी एवं शहर मुफ्ती ने मुस्लिम युवकों को समझाया। यह रणनीति काम आई और इसके परिणामस्वरूप वे उस परिसर से चले गए। इसके बाद, यह मामला तत्काल शहर के प्रशासन को भेज दिया गया। इसके परिणामस्वरूप दिनांक 28.05.2017 को कार्यकारी शहर काजी के प्रतिनिधियों और जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक बैठक आयोजित की गई। आपसी विचार-विमर्श के माध्यम से मुस्लिम प्रतिनिधियों से विवादित भवन के भीतर कोई धार्मिक गतिविधि न करने की एक लिखित घोषणा ली गई।

अगले दिन, दिनांक 29.05.2017 को हिन्दू समुदाय के लगभग 2500-3000 लोग एक चबूतरे, जिस पर शिवलिंग था, के आस-पास इकट्ठा हो गए। यह चबूतरा हमीदिया अस्पताल के परिसर के भीतर उसी भवन के निकट स्थित है। हिंदुओं ने वहां पर आरती की, परंतु उस स्थान पर मौजूद पुलिस कर्मियों की सलाह और परामर्श पर वे शीघ्र ही वहां से चले गए। तथापि, इस कृत्य से दोनों समुदायों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। स्थिति का लाभ उठाते हुए, एक कट्टरवादी स्थानीय मुस्लिम प्रचारक, मुफ्ती अब्दुल रज्जाक खान ने दिनांक 30.05.2017 को इस आशय की झूठी सूचना फैलाने वाले पैम्फलेट बांटे कि हमीदिया अस्पताल के परिसर के भीतर स्थित विवादित भवन वास्तव में एक कादिमी मस्जिद है और अस्पताल प्रबंधन कथित तौर पर इसका इस्तेमाल एक स्टोर रूम के रूप में कर रहा है।

उक्त पैम्फलेट के माध्यम से, मुफ्ती अब्दुल रज्जाक खान ने मुस्लिम समुदाय से विवादित भवन को पुनः मस्जिद के रूप में परिवर्तित करने के लिए भारी संख्या में इकट्ठा होने का अनुरोध किया। इस पैम्फलेट ने मुस्लिम समुदाय में आग भड़काने का काम किया और दिनांक 30.05.2017 को लगभग 25-30 हजार मुसलमान विवादित भवन में प्रार्थना करने के लिए इकट्ठा हो गए। स्थिति का संज्ञान लेते हुए, अफवाह फैलाने और धार्मिक समूहों के बीच नफरत पैदा करने के लिए मुफ्ती अब्दुल रज्जाक खान के विरुद्ध पुलिस स्टेशन कोह-ए-फिजा, भोपाल में कानून की संगत धाराओं के अंतर्गत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

बाद में, दिनांक 30.05.2017 को, बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के आग्रह पर, हमीदिया अस्पताल के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में महा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह हिन्दुओं को भारी संख्या में इकट्ठा होने का एक आह्वान था। तथापि, पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त संगठनों के 8-10 प्रमुख व्यक्तियों को ही महा आरती करने की अनुमति दी गई और शेष व्यक्तियों को हमीदिया अस्पताल के निकट पीर गेट पर रोक दिया गया। जब महा आरती पूरी हो गई, तब बजरंग दल और वीएचपी के कार्यकर्ताओं को हमीदिया अस्पताल के परिसर को खाली करने के लिए कहा गया। अस्पताल के पूर्वी गेट से बड़ी शांतिपूर्ण ढंग से जाते हुए, वे नारे लगा रहे थे। लगभग उसी समय, 400-500 के आस-पास मुस्लिम लोगों की भीड़ नारे लगाते हुए उक्त अस्पताल के आस-पास इकट्ठा हो गई। उनका आमना-सामना हो गया। शीघ्र ही स्थिति नाजुक हो गई और दोनों गुटों के बीच हिंसा भड़क गई, जो पत्थरबाजी से शुरू होकर, शीघ्र ही पेट्रोल बमों तथा अन्य हथियारों का प्रयोग करते हुए आगजनी में बदल गई। थोड़ी ही देर में, यह हिंसा तेजी से 5 किमी. के दायरे को गिरफ्त में लेते हुए इमामी गेट, पीर गेट, फतेहगढ़, गुज्जरपुरा, लक्ष्मी टॉकीज, रफीकिया स्कूल और अन्य नजदीकी स्थानों तक फैल गई।

चूंकि, स्थिति हिंसात्मक हो गई थी, इसलिए सूचना तेजी से फैल गई और 15-20 हजार की संख्या में मुस्लिमों की भीड़ शीघ्र ही हमीदिया अस्पताल के निकट इकट्ठा हो गई, जो वास्तव में एक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है। भीड़ उग्र हो गई थी और अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को तहस-नहस कर देने के मूड में थी। वे लाठियों, तलवारों, खंजरों, चाकुओं, पत्थरों, पेट्रोल बमों और कई अन्य परिष्कृत हथियारों से लैस थे। उन्होंने निर्दोष जनता, आने-जाने वाले वाहनों और खड़े हुए वाहनों को निशाना बनाया तथा लाचार रोगियों को भी नहीं बख्शा और उन्हें निर्दयता से पीटा। भोपाल का यह हिस्सा, जो मुख्य रूप से ओल्ड भोपाल के नाम से जाना जाता है, घनी बस्ती और संकरी गलियों वाला है,

जहां पुलिसिंग बेहद मुश्किल है। दंगाइयों ने क्षेत्र और उक्त स्थान की जानकारी का लाभ उठाया। इसी बीच, नजदीक के हिंदू बाहुल्य वाले क्षेत्रों में, लगभग 5 हजार हिन्दू इकट्ठा हो गए और उन्होंने मुसलमानों के विरुद्ध नारे लगाना शुरू कर दिया। स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण हो गई और किसी भी क्षण नियंत्रण से बाहर होकर और अधिक गंभीर हो सकती थी।

जब मुस्लिम भीड़ हमीदिया अस्पताल की ओर जा रही थी, तभी अचानक दंगाई कर्लू वाली मंदिर को ढहाने के उद्देश्य से आवेश में उस ओर मुड गए। उक्त मंदिर लम्बे समय से हिन्दू समुदाय के लिए आस्था एवं पूजा का स्थल है और भोपाल के हिन्दू समुदाय के मन में इसका बहुत अधिक महत्व है। इसे ढहाने अथवा अपवित्र करने का कोई भी प्रयास हिन्दुओं की भावनाओं को इतना भड़का सकता था कि उसे संभालना मुश्किल हो जाता। इससे शहर के कई हिस्सों में दंगे की उग्रता बहुत अधिक बढ़ सकती थी। तत्पश्चात, यह स्थानीय दंगा राज्य के निकटवर्ती जिलों में फैल सकता था और दोनों समुदायों के बीच गहरी खाई पैदा कर सकता था। इस अवसर पर, समय पर की गई पुलिस कार्रवाई की वजह से तबाही टल गई। श्री अरविंद सक्सेना, पुलिस अधीक्षक (नॉर्थ) और श्री धर्म वीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (जोन-4) ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना नेतृत्व किया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए स्वयं हवा में आंसू गैस के गोले छोड़े। वे अपने अधीन 20-25 बल कार्मिकों की न्यूनतम नफरी के साथ आगे रहकर नेतृत्व कर रहे थे। उनके साहस ने सभी बल कर्मियों में विश्वास पैदा कर दिया, जिन्होंने उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समान जोश और दृढ़ निश्चय के साथ कार्रवाई की। यद्यपि वे संख्या में बहुत कम थे, तथापि, उन्होंने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले तथा आंसू गैस के ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिए और नियंत्रित हवाई फायर किया। इस प्रकार एक बड़ी त्रासदी टल गई। उक्त भीड़ हिन्दू मंदिर को निशाना नहीं बना सकी, जिससे कई सप्ताह तक दंगे भड़क सकते थे और समुदायों के बीच कभी न भरने वाली दरार पैदा हो सकती थी। श्री अरविंद सक्सेना, पुलिस अधीक्षक (नॉर्थ) और श्री धर्म वीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (जोन-4) के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा की गई बहादुरीपूर्ण कार्रवाई से जान और माल की भारी क्षति टल गई। यहां पर उपर्युक्त कुछ घटनाएं ही उल्लेखनीय हैं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अरविंद कुमार सक्सेना, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक और धर्म वीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31/05/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/206/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं.-130-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	बिक्रमजीत सिंह बराड़	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	सुखविंदर कुमार	सहायक उपनिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	परविंदर सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अंकित भादु, जो पंजाब, हरियाणा और राजस्थान राज्यों में सक्रिय एक कुख्यात गैंगस्टर है, अपने साथियों के साथ हरियाणा सीमा से सटे जीरकपुर- ढकोली क्षेत्र में छिपा हुआ है। यह गैंगस्टर राजस्थान के दिवंगत आनंद पाल ग्रुप, पंजाब के लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और हरियाणा राज्य के काला राणा ग्रुप के साथ समन्वय स्थापित करके अपने गैंगस्टर ग्रुप चला रहा था। वह इन तीन राज्यों में सक्रिय था और साथ ही हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, जबरन वसूली इत्यादि समेत दो दर्जन से अधिक जघन्य आपराधिक मामलों में सक्रिय रूप से भागीदार था। उसने, वर्ष 2015 में अपनी आपराधिक गतिविधियां शुरू कर दी थीं। अंकित भादु सोशल मीडिया पर भी सक्रिय था और उसने पुलिस अधिकारियों के लिए स्पष्ट रूप में धमकी जारी की थी। वह उक्त राज्यों के सभी तीन गैंगों का एक प्रमुख चेहरा था।

उक्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बिक्रमजीत सिंह बराड़ डीएसपी, संगठित अपराध नियंत्रण यूनिट ऑपरेशन (ओसीसीयू) ने ओसीसीयू यूनिट पंजाब की एक पुलिस टीम के साथ उक्त गैंगस्टर का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए एक ऑपरेशन चलाया। उक्त सूचना हरियाणा के मैदानी इलाकों और पंजाब से सटे संघ-राज्य क्षेत्र की सीमा से एकत्रित की गई थी। पुलिस दल ने तकनीकी और मैदानी इलाकों से प्राप्त इन सूचनाओं की आगे पुष्टि की और संकेत दिया कि उक्त अंकित भादु और उसके सशस्त्र सहयोगी फ्लैट नं. 6-सी, महा लक्ष्मी होम्स, पीर मुच्छाला में छिपे हुए है। यह सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी दी गई थी।

तदनुसार, डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने अपनी टीम के साथ महा लक्ष्मी होम्स की तीन मंजिला इमारत को घेर लिया और फ्लैट नंबर 6-सी पर छापा मारा। दरवाजा अंदर से बंद पाया गया। डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने अंदर छिपे हुए अंकित भादु को तेज आवाज में चेतावनी दी, कि तुम्हें चारों तरफ से घेर लिया गया है और उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। कई बार चेतावनी देने के बावजूद, इन अपराधियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके विपरीत, उनमें से एक बालकनी में आया और पुलिस कर्मियों को मारने के इरादे से पुलिस पार्टी की ओर गोलीबारी की। तत्पश्चात, बिक्रमजीत सिंह बराड़, डीएसपी ने फ्लैट के मुख्य दरवाजे को धक्का दिया और उसे तोड़ दिया तथा फ्लैट के अंदर घुस गए। इसी बीच, अंकित भादु फ्लैट के पीछे वाले कमरे में घुस गया तथा उसने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। बालकनी से फायरिंग करने वाले आरोपी ने लॉबी में घुसकर पुलिस पार्टी पर अपनी पिस्तौल से 2 गोलियां चलाई, एक गोली हेड कांस्टेबल परमिंदर सिंह नंबर 527/4 आईआरबी, (अब एएसआई-एलआर) के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस पार्टी को भी आत्मरक्षा में गोलियां चलानी पड़ी। श्री बिक्रमजीत सिंह बराड़, डीएसपी ने बहादुरी के साथ उक्त व्यक्ति को हथियार के साथ पकड़ लिया। डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने अंकित भादु को आत्मसमर्पण करने के लिए दुबारा कहा, लेकिन वह पीछे के दरवाज़े से बालकनी में चला गया और उसने पीछे की ओर तैनात पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दी, जिसके कारण पुलिस पार्टी ने भी आत्म रक्षा में गोलियां चलाईं। तेजी से कार्रवाई करते हुए, श्री बिक्रमजीत सिंह बराड़, डीएसपी ने अपनी पुलिस पार्टी के साथ मिलकर दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन अंकित भादु तुरंत फ्लैट के निचले तल की बालकनी की लोहे की रेलिंग की ओर फ्लैट से कूद गया और खिड़की के शीशे को तोड़कर फ्लैट में घुस गया। उक्त फ्लैट में जबरन प्रवेश करने के बाद, उसने दो नाबालिग लड़कियों सहित पूरे परिवार को बंदूक की नोंक पर बंधक बना लिया। अंकित भादु ने उक्त परिवार को बंदूक की नोंक पर सामने की बालकनी की ओर जाने के लिए मजबूर किया और फिर वहां से गोलीबारी की। दोनों बंधक नाबालिग लड़कियों अर्थात् अवनी पराशर और अक्षिता पराशर को अंकित भादु की गोलीबारी से चोटें आई। श्री बिक्रमजीत सिंह बराड़, डीएसपी और एएसआई सुखविंदर कुमार ने बहादुरी और समझदारी से काम लिया और अपनी जान गंवाने और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना सीढ़ियों से फ्लैट के सामने की बालकनी की ओर चले गए तथा नाबालिग लड़कियों की जान बचाने के लिए अपने हथियारों से गोलियां चलाई। एएसआई सुखविंदर कुमार (अब एसआई-एलआर) अंकित भादु की फायरिंग से घायल हो गए और अंकित भादु भी क्रॉस फायरिंग में घायल हो गया। दोनों नाबालिग लड़कियों और घायल अपराधी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान, अस्पताल में भर्ती अंकित भादु की मौत हो गई। अंकित भादु के गुर्गों में से एक, जो दो हत्याओं के साथ तीन आपराधिक मामलों में भी फरार चल रहा था और अंकित भादु का साथ दे रहा था, को फ्लैट से गिरफ्तार कर लिया गया था। घटनास्थल की तलाशी के दौरान, यूएसए में निर्मित एक .45 बोर पिस्टल कॉल्ट और अपराध में इस्तेमाल किए गए 66 कारतूसों के साथ तुर्की निर्मित एक 9 एमएम जिगना पिस्टल को बरामद किया गया। पुलिस स्टेशन ढकोली, जिला-एसएएस नगर, पंजाब में आईपीसी की धारा 307, 332, 353, 186, 342 और आयुध अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दिनांक 07.02.2019 को एक मामलागत एफआईआर संख्या 15 दर्ज की गई है।

इस उपरोक्त पुलिस कार्रवाई में, डीएसपी श्री बिक्रमजीत सिंह बराड़ (पीपीएस), एएसआई सुखविंदर कुमार सं. 3441/पीएपी (अब एसआई-एलआर) और हेड कांस्टेबल परमिंदर सिंह 527/4 आईआरबी (अब एएसआई-एलआर)) ने असाधारण साहस, निर्भीकता, सूझबूझ का प्रदर्शन किया और अपने जीवन की परवाह किए बिना कर्तव्यों के निर्वहन में बहादुरी से काम किया। अगर इन पुलिस अधिकारी/अधिकारियों ने इस तरह के अपराधी की घेराबंदी न की होती, तो वह अपने साथियों के साथ भाग जाता और वे कई निर्दोष बंधकों को मार देते। इन अधिकारियों की ऐसी प्रतिबद्धता, जिन्होंने जरूरत की घड़ी में अटूट तत्परता का प्रदर्शन किया है और जो निर्दोष लोगों, बंधकों की रक्षा करते समय तथा इन कट्टर एवं खतरनाक अपराधियों को गिरफ्तार करने की कोशिश करते समय अपने जीवन को खो देने का डर होने के बाद भी अडिग रहे, वास्तव में कर्तव्यपरायता का एक बेहतरीन उदाहरण है। यहां तक कि अनिश्चितता और संदेहों के बीच, कि क्या वे एक नए दिन को देखने के लिए जीवित रहेंगे, सेवा के प्रति उनका सम्मान और अपने साथियों को स्वेच्छा से सहयोग देने की उनकी प्रतिबद्धता, वास्तव में अनुकरणीय है और ये गुण ऐसे अधिकारियों को सामान्य अधिकारी से पृथक करते है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री बिक्रमजीत सिंह बराड़, उप पुलिस अधीक्षक, सुखविंदर कुमार, सहायक उपनिरीक्षक और परविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/02/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/230/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 131-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	सुनील कुमार	उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	विनय कुमार शर्मा	उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	अमित कुमार तेवतिया	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06.02.2018 को थाना कोतवाली के पुलिसकर्मी, श्री सुनील कुमार, उप-निरीक्षक, बुढाना मोड़ आउट पोस्ट के प्रभारी और श्री विनय कुमार शर्मा, उप-निरीक्षक, शामली बस स्टैंड, आउट पोस्ट के प्रभारी, पीएस कोतवाली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। इसी बीच, शाम के समय उन्हें पचास हजार रुपये के इनामी भगोड़ा अपराधी की मुजफ्फरनगर-सहारनपुर हाईवे पर रामपुर ट्राई-जंक्शन से रोहाना की ओर पल्सर मोटरसाइकिल पर अपने सहयोगी के साथ आने के बारे में कंट्रोल रूप से सूचना प्राप्त हुई थी।

तुरंत, कांस्टेबल अमित कुमार तेवतिया, श्री सुनील कुमार उप-निरीक्षकऔर श्री विनय कुमार शर्मा, उप-निरीक्षक, पुलिस स्टेशन कोतवाली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश ने संयुक्त कार्रवाई शुरू की और बड़ी फुर्ती से एक वाहन चेक पोस्ट लगाया तथा अपराधियों को रोकने के लिए मुजफ्फरनगर-सहारनपुर हाईवे पर, एसआर पेट्रोल पंप, रोहाना के नजदीक संदिग्ध वाहनों की जांच करनी शुरू की।

जब पुलिस टीम सभी वाहनों की पूरी सतर्कता से जाँच कर रही थी, उन्होंने रामपुर ट्राई-जंक्शन की ओर से बहुत तेजी से आ रही पल्सर मोटरसाइकिल को देखा और शिखेरा थाने की पुलिस की गाड़ी काफी करीब से उनका पीछा कर रही थी।

पीएस कोतवाली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत बुढाना मोड़ आउट पोस्ट के प्रभारी उप-निरीक्षकश्री सुनील कुमार और शामली बस स्टैंड के प्रभारी उप-निरीक्षकश्री विनय कुमार शर्मा उनको रोकने के लिए फुर्ती और निर्भीकता से बीच सड़क पर आ गए।

जब अपराधियों ने आगे और पीछे दोनों तरफ पुलिस को अपने काफी नजदीक पाया, तो वे अचंभे में पड़ गए और उन्होंने मोटरसाइकिल को नजदीक चक रोड की ओर अचानक मोड़ लिया। इस चालाकी के दौरान, मोटरसाइकिल फिसल गई, जिसके बाद उपद्रवी इसे छोड़कर भाग गए तथा उन्होंने कत्ल करने के उद्देश्य से पुलिस दलों पर अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

श्री सुनील कुमार, उप-निरीक्षकसिविल पुलिस, श्री विनय कुमार शर्मा, उप-निरीक्षकसिविल पुलिस और श्री अमित कुमार तेवतिया, कांस्टेबल सिविल पुलिस ने रणनीतिपूर्वक उपद्रवियों को गोलीबारी रोककर नियमानुसार आत्मसमर्पण करने को कहा। तथापि, अपराधियों ने अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी, जिसमें श्री विनय कुमार शर्मा, उप-निरीक्षकऔर कांस्टेबल अमित कुमार तेवतिया गोली लगने से घायल हो गए।

आमने-सामने की इस खतरनाक लड़ाई में श्री सुनील कुमार, उप निरीक्षक ने यह देखते हुए कि उपरोक्त उप निरीक्षक और कांस्टेबल घायल हो चुके हैं, जवाबी गोलीबारी में अपराधियों को उलझाये रखा। श्री विनय कुमार, उप निरीक्षक और कांस्टेबल अमित कुमार ने भी अपनी चोटों के बावजूद अपराधियों को उलझाये रखा।

अदम्य साहस, असाधारण वीरता और अपनी सुरक्षा के प्रति उदासीनता प्रदर्शित करते हुए, उक्त पुलिस अधिकारियों ने आत्मरक्षा में गोलीबारी का सहारा लिया और उपद्रवियों को काबू में करने के लिए चतुराईपूर्वक आगे बढ़े। इस कार्रवाई में एक अपराधी को 19:15 बजे गोली लगी, जिसके कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गई और उसकी पहचान विकास पुत्र इंद्रपाल, गांव-खंजापुर, पीएस-कोतवाली, जिला-मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। दूसरा अपराधी अंधेरे और घने गन्ने के खेत का लाभ उठाकर भाग गया।

अपराधियों के साथ आमने-सामने की इस मुठभेड़ में, श्री सुनील कुमार उप-निरीक्षक सिविल पुलिस, श्री विनय कुमार शर्मा, उप-निरीक्षक सिविल पुलिस और श्री अमित कुमार तेवतिया, कांस्टेबल सिविल पुलिस, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश ने अपराधियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध गोलीबारी के सामने अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री सुनील कुमार, उप-निरीक्षक, विनय कुमार शर्मा, उप-निरीक्षक और अमित कुमार तेवतिया, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06/02/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/82/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 132-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	प्रशान्त कुमार ,आईपीएस	अपर पुलिस महानिदेशक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	संजीव कुमार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24/25.03.2018 की मध्यरात्रि डॉ. अजय पाल, एसएसपी गौतम बुद्ध नगर के साथ श्री प्रशान्त कुमार, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ, (उ.प्र.) गैर-कानूनी तत्वों की निगरानी के लिए गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी बीच, उन्हें नोएडा-ग्रेटर नोएडा लिंक रोड पर डीएल-2सी एएस/0404 नबंर वाली एक मारूति स्विफ्ट डिजायर में स्वचालित हथियारों से लैस अपराधियों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम, गौतम बुद्ध नगर से सूचना प्राप्त हुई और श्री संजीव कुमार, निरीक्षक इंचार्ज, क्राइम ब्रांच, गौतम बुद्ध नगर और उनकी टीम, पुलिस स्टेशन- फेज-।।।, गौतम बुद्ध नगर के अधिकार-क्षेत्र में इन अपराधियों का पीछा कर रही थी।

श्री प्रशान्त कुमार, एडीजी, मेरठ जोन और डॉ. अजय पाल, एसएसपी, गौतम बुद्ध नगर तुरंत हरकत में आए और उन्हें रोकने के लिए अपने सरकारी वाहनों में सवार होकर पर्थला चौक की ओर चल पड़े।

जब श्री प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक और श्री अजय पाल, एसएसपी, पर्थला चौक से कुछ ही दूरी पर थे, तो उन्होंने पर्थला की ओर से तेज गति से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार को देखा, जिसका पुलिस वाहन द्वारा नजदीक से पीछा किया जा रहा था। जब स्विफ्ट डिजायर कार पुलिस वाहन के काफी नजदीक आई, तो कार में बैठे अपराधियों ने अपनी कार को शातिराना अंदाज में बड़ी चालाकी से मोड लिया और नजदीक के सर्विस रोड पर तीव्र गति से चले गए तथा पास में एक टूटी हुई बाउंड्री वॉल में फंस गए।

भारी मात्रा में हथियारों से लैस दोनों अपराधी कार से बाहर निकले और उन्होंने टूटी हुई बाउंड्री वॉल के पीछे खुद को बड़ी चालाकी से छिपा लिया, जहां से उन्होंने पीछा कर रही पुलिस टीम पर उन्हें जान से मारने के इरादे से अंधाधुंध और बेतहाशा फायरिंग की।

अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर श्री प्रशांत कुमार, एडीजीपी ने सामने से फायरिंग कर रहे दोनों अपराधियों का सतर्कता से मुकाबला किया। एडीजीपी प्रशांत कुमार द्वारा अपराधियों को फायरिंग बंद कर आत्मसमर्पण करने के लिए आत्मविश्वास के साथ चुनौती दी गई थी, लेकिन वे लगातार गोलीबारी की हिम्मत करते रहे। फिर भी, श्री प्रशांत कुमार ने अपराधियों द्वारा की जा रही खतरनाक और जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करने वाली फायरिंग से निर्भीक होकर आगे रहकर पुलिस दल का नेतृत्व किया और बिना किसी भय के आगे बढ़ते गए। जघन्य, निर्दयी और निष्ठुर अपराधियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध फायरिंग से 03 पुलिस अधिकारी नामतः श्री प्रशान्त कुमार, एडीजी, श्री अजय पाल, एसएसपी, गौतम बुद्ध नगर और श्री संजीव कुमार, निरीक्षक, सीपी गौतम बुद्ध नगर के शरीर के महत्वपूर्ण अंगों पर गोली लगी। तथापि, सौभाग्यवश बीपी, जैकेट पहनने के कारण तीनों अधिकारी घायल होने से बच गए।

अपराधियों के साथ आमने-सामने की इस लड़ाई के दौरान, अपनी टीम के साथ श्री प्रशान्त कुमार, एडीजी ने अपने रणनीतिक और दृढ़तापूर्वक फैसलों से इन अपराधियों को जिन्दा पकड़ने में वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

वे चतुराई से आगे बढ़ते रहे और उन्होंने आत्म रक्षा में अपराधियों पर फायर किया, जिसके कारण एक अपराधी लहू-लुहान होकर नीचे गिरा और जख्मी हो गया, जबकि दूसरा अपराधी बच निकलने में सफल रहा। बाद में, घायल व्यक्ति की पहचान दुर्दांत, कुख्यात अंतर-राज्यीय भगोड़ा अपराधी नामतः श्रवण पुत्र विनोद के रूप में हुई, जिसके ऊपर 1,50,000 रुपए का इनाम घोषित था। बाद में, उसकी चोट लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद, पुलिस की तलाशी के दौरान फैक्ट्री निर्मित अत्याधुनिक हथियार [एक एके-47 और एक 0.315 बोर की राइफल तथा इसके कारतूस (खाली और जिंदा)] सफलतापूर्वक बरामद किए गए थे।

इस मुठभेड़ में, श्री प्रशान्त कुमार, एडीजी और उनकी टीम ने अद्वितीय पहल, अदम्य साहस, उत्कृष्ट वीरता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणा का परिचय दिया, जिसके फलस्वरूप 1.5 लाख रुपए का इनामी बदमाश मारा गया और स्वचालित असॉल्ट राइफल (एके-47) की बरामदगी हुई।

इस ऑपरेशन में प्रशान्त कुमार, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक और संजीव कुमार, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/193/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 133-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अभिषेक सिंह ,आईपीएस	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	बृजेश कुमार सिंह	उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	रकम सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.04.2018 को पीएस-दौराला, जिला-मेरठ के अधिकार–क्षेत्र में एक सनसनीखेज डकैती हुई, जिसमें विदाई के उपरांत कार में जा रही दुल्हन महविश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कार, कैश और उसके शरीर से जेवरात लूटे गए थे। एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था, जबकि मुख्य आरोपी हिमांशु उर्फ नरसी उर्फ टाइगर और धीरज समेत तीन अन्य फरार थे तथा उनमें से प्रत्येक के उपर 25000/- रुपए का इनाम घोषित था। खुफिया जानकारी एकत्र करने के क्रम में, दिनांक 29.05.2018 को कार्रवाई करने योग्य एक सूचना प्राप्त हुई, कि मुख्य आरोपी हिमांशु और धीरज मेरठ – करनाल रोड पर पदम कोल्ड स्टोरेज के सामने रास्ते में एक खंडहर में छिपे हुए हैं। यूनिट के निरीक्षण के लिए मेरठ में मौजूद एसएसपी एसटीएफ अभिषेक सिंह एसटीएफ दल के साथ उस जगह पर पहुंच गए। एसटीएफ ने उक्त जगह पर पहुंचने के लिए कंकरखेड़ा पुलिस से भी संपर्क किया। पदम कोल्ड स्टोरेज में पहुंचने पर पीएस, कंकरखेड़ा के एसआई रविन्द्र कुमार और कांस्टेबल अनीश कुमार वहां मौजूद मिलें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में दो दलों का गठन किया गया था। पुलिस वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करने के बाद, पुलिस दल खंडहर की ओर पैदल चल पड़ा। एसएसपी के नेतृत्व वाला पहला पुलिस दल उबड़-खाबड़ और झाड़ीदार भूमि का कवर लेते हुए आगे बढ़ा तथा अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व वाला दूसरा दल उपड़-खाबड़ झाड़ीदार भूमि का कवर लेते हुए बायीं ओर से आगे बढ़ा। खंडहर में एक-दूसरे से बात कर रहे दो लोगों की पहचान हिमांशु और धीरज के रूप मे हुई। एसएसपी अपराधियों की ओर रेंगते हुए बढ़ गए और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए तेज आवाज में ललकारकर कहा, जिसके प्रतिउत्तर में अपराधियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे एसएसपी बाल-बाल बचे। दोनों अपराधियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध फायरिंग के बावजूद, एसएसपी अपने जीवन को खतरे में डालकर और असाधारण साहस का परिचय देते हुए अपने दल के साथ आगे बढ़ गए।

पुलिस द्वारा दी गई चेतावनियों ने अपराधियों को और ज्यादा आक्रामक बना दिया तथा उन्होंने अपनी अंधाधुंध फायरिंग को और तेज किया। कोई विकल्प न पाने पर एसएसपी, डीएसपी बृजेश कुमार सिंह और कांस्टेबल रकम सिंह रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने आत्मरक्षा में नियंत्रित फायरिंग की। अचानक एसएसपी के सिर और डीएसपी तथा कांस्टेबल के कान के बगल से गोली निकली, लेकिन उन्होंने स्वयं को चतुराईपूर्वक बचा लिया और जवाबी फायरिंग की। दूसरे दल ने खंडहर के बायीं ओर से आगे बढ़ते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर रहे अपराधियों को चुनौती दी और आत्मरक्षा में फायरिंग की। जवाबी फायरिंग के परिणामस्वरूप, अपराधियों की चीख सुनाई दी। जब फायरिंग रूक गई, तब पुलिस पार्टी अपराधियों के पास पहुंची। एक अपराधी खंडहर के सामने और दूसरा उसके बगल में घायल पड़ा था। उनके हथियार, जिनमें एक 9 एमएम कार्बाइन सब-मशीनगन, एक 32 बोर पिस्टल और एक 9 एमएम पिस्टल शामिल हैं, उनके पास पड़े हुए थे। घायल अपराधियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई। मृत अपराधियों की पहचान हिमांशु और धीरज चौधरी के रूप में की गई।

इस ऑपरेशन में अभिषेक सिंह, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बृजेश कुमार सिंह, उप पुलिस अधीक्षक और रकम सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/05/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/10/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं.-134-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
डॉ .श्याम सुंदर शाह	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। एक चिकित्सक होने के नाते, उन्होंने अपने पेशेवर कार्यों के अतिरिक्त सूचना के विभिन्न स्रोतों को तलाशने की पहल की और प्रभावी इंटेलिजेंस नेटवर्क कायम किया, जिसकी वजह से दिनांक 05 मई, 2017 को एक सफल ऑपरेशन अर्थात "ओपी जालुकी टाउन" संभव हो सका।

एक घर में सशस्त्र कैडरों और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (इसाक ईवाह) के हथियारों के जखीरे की मौजूदगी होने के बारे में 2-आई/सी डॉ. श्याम सुंदर शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा विभिन्न स्रोतों से जुटाई गई सूचना के आधार पर, एक निगरानी दल द्वारा संदिग्ध मकान की सतर्कतापूर्वक निगरानी की जाने लगी।

मकान में सशस्त्र कैडरों की उपस्थिति की पुष्टि होने पर जालुकी में दिनांक 05 मई, 2017 को 1100 बजे एक सुविचारित और सुनियोजित ऑपरेशन बटालियन मुख्यालय, 36 असम राइफल्स से शुरू किया गया था। सैन्य दस्ता 1215 बजे गंतव्य पर पहुंचा और संदिग्ध मकान की घेराबंदी की। घेराबंदी करने के दौरान, 2-आई/सी डॉ. श्याम सुंदर शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तीन संदिग्ध विद्रोहियों को उस मकान से भागते हुए देखा। अपनी टीम के साथ 2-आई/सी डॉ. श्याम सुंदर शाह ने अपनी सुरक्षा को नजरअंदाज करते हुए भाग रहे विद्रोहियों का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। 2-आई/सी डॉ. श्याम सुंदर शाह और उनकी टीम आस-पास की सिविल आबादी का ध्यान रखते हुए भाग रहे विद्रोहियों पर फायरिंग करने से बचते रहे। इस प्रकार, किसी प्रकार के अतिरिक्त नुकसान को टाला गया। इसके बाद, उस जगह की तलाशी ली गई और यह ऑपरेशन एक एसएस कैप्टन, अतुम न्यूमे समेत नौ विद्रोहियों की गिरफ्तारी और पांच एके सीरीज राइफलों, छः छोटे हथियार, पांच हैंड ग्रेनेड, एक रेडियो सेट और अन्य युद्ध सामग्रियों की जब्ती के साथ समाप्त हुआ।

एक डॉक्टर होने के बावजूद, अधिकारी ने अपने कर्त्तव्यों से आगे बढ़कर सूचना पाने के विभिन्न स्रोत बनाए और संदिग्ध मकान को निगरानी दल की सावधानीपूर्वक निगरानी में रखा। अपने सृजित स्रोतों और निगरानी दल से इस आसूचना की पुष्टि होने पर, उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और ऑपरेशन के दौरान अदम्य साहस तथा सामरिक कौशल का परिचय दिया। उनकी असाधारण पहल, त्रुटिहीन आयोजना, खतरे के समय ओजस्वी नेतृत्व और साहसिक कार्य उनकी विशिष्ट वीरता के प्रतीक हैं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री डॉ. श्याम सुंदर शाह, द्वितीय कमान अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/05/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/115/2017-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 135-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. गजेन्दर सिंह	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2.	स्व. अमरेश कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3.	वालकुंडे शान्तीलाल देवीदास	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मातला रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी होने के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 6 मार्च, 2018 को एक संयुक्त ऑपरेशन "ट्यूलिप - 06", शुरू किया गया था, जिसमें भिलाई क्षेत्र की विभिन्न यूनिटों से 8 टीमें शामिल की गई थी। ऑपरेशन की योजना 2 रात और 3 दिनों की अवधि के प्रत्येक चरण के साथ पांच चरणों के लिए बनाई गई थी। प्रथम चरण में, टीम सं. 07 ने यह ऑपरेशन श्री गजेन्दर सिंह, सहायक कमाडेंट, कंपनी कमांडर के नेतृत्व में सीओबी रावघाट, ईएक्स-134 बटालियन बीएसएफ से शुरू किया था।

दिनांक 6 मार्च 2018 को लगभग 0715 बजे, टीम सं. 07 ने संदिग्ध व्यक्तियों के एक समूह को गांव निबरा के निकट कुछ दूर से देखा। बीएसएफ पार्टी को अपनी ओर आते देखकर वे कुछ वस्तुएं छोड़कर जंगल में गायब हो गए। नक्सलियों की उपस्थिति का आभास होने पर, श्री गजेन्दर सिंह, सहायक कमांडेंट ने स्थिति का विश्लेषण और खतरे का आकलन करने के बाद, ऑपरेशन की योजना की समीक्षा की और उन्हें ढूंढने के लिए आगे बढ़े। दिनांक 07 मार्च, 2018 को, जब टीम सं. 07 एचटी-692 के पास गांव-मासपुर से लगभग 1.5 किमी. दक्षिण-पश्चिम की ओर घने जंगल और शिलाखंडों से घिरे हुए संकरे रास्ते से होकर जा रही थी, तभी अचानक इस पार्टी पर अनेकों आईईडी धमाकों और विभिन्न प्रकार के हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग के साथ घात लगाकर हमला किया गया। श्री गजेन्दर सिंह, सहायक कमांडेंट ने पार्टी के एक सच्चे कमांडर के रूप में अपनी टीम का नेतृत्व करने का निर्णय लिया और कांस्टेबल अमरेश कुमार उनसे लगभग 10 मीटर पीछे थे।

नक्सलियों द्वारा लगाए गए अम्बुश में फंस जाने के बाद, श्री गजेन्दर सिंह, सहायक कमांडेंट ने आक्रामक रूख अपनाया तथा नक्सलियों द्वारा भारी गोलीबारी किए जाने और उनकी जवाबी गोलीबारी में घायल होने के बावजूद, उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए नक्सलियों द्वारा लगाए गए अम्बुश को विफल करने का साहसिक प्रयास किया। वे नक्सलियों को कुछ समय तक रोके रखने में सफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप उनकी पार्टी के बाकी सदस्य खतरे वाली जगह से बाहर निकलने और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पोजीशन लेने में सफल रहे। कांस्टेबल अमरेश कुमार, जो श्री गजेन्दर सिंह, सहायक कमांडेंट के पीछे-पीछे चल रहे थे, ने गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद नक्सलियों द्वारा की गई गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। आईईडी विस्फोटों और गोलियों की बौछार से निडर, ये दोनों नक्सलियों द्वारा लगाए गए अम्बुश को विफल करने के लिए उनकी ओर लगातार गोलीबारी करते रहे। इन दोनों सैनिकों की साहसिक कार्रवाई से नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा और एसआई(जी) वालकुंडे शान्तीलाल देवीदास के नेतृत्व वाले दल के बाकी सदस्यों को जवाबी अम्बुश लगाने के लिए समय मिल गया। एसआई(जी) वालकुंडे शान्तीलाल देवीदास ने स्थिति पर नियंत्रण किया और नक्सलियों द्वारा बीएसएफ टीम को आगे किसी भी नुकसान से बचाने के लिए इसे प्रभावी ढंग से संभाला।

श्री गजेन्दर सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल अमरेश कुमार ने अभूतपूर्व धैर्य, नेतृत्व क्षमता, आत्मबल, प्रतिबद्धता और सौंपे गए कर्तव्य के प्रति इमानदारी दिखाई तथा नक्सलियों के साथ बहादुरी से लड़ते हुए उच्चस्तरीय पेशेवरता का परिचय दिया। वे नक्सलियों द्वारा लगाए गए कठिन अम्बुश को विफल करने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरीपूर्वक लड़े और उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों की जान बचाई। बल के दोनों शहीद, उनके द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान के लिए सम्मान के हकदार हैं। इसी प्रकार, टीम को संगठित करने और जवाबी अम्बुश लगाने में एसआई(जी) वालकुंडे शान्तीलाल देवीदास के प्रयास, गंभीर खतरे का सामना करते समय बहादुरी और पेशेवरता के दुर्लभ उदाहरण हैं।

इस ऑपरेशन में स्व. गजेन्दर सिंह, सहायक कमांडेंट, स्व. अमरेश कुमार, सिपाही और वालकुंडे शान्तीलाल देवीदास, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/12/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 136-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
स्व .श्री अभिजीत नंदी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 5 जुलाई 2015 को 1515 बजे से 1550 बजे तक दुश्मनों (पाक सैन्य दस्तों) द्वारा सीजफायर का उल्लंघन किया गया था। उनके द्वारा एफडीएल बादल से लगभग 300 से 350 मीटर आगे दुश्मन के एफडीएल रफात के फॉरवर्ड स्लोप से 17वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड, नौगाम, जिला कुपवाड़ा, जम्मू एंड कश्मीर के आर्मी ऑपरेशंस कंट्रोल के अंतर्गत लाइन ऑफ कंट्रोल पर हमारी आर्मी पोस्ट/एफडीएल बादल पर 2-3 बार बिना उकसावे वाली ताबडतोड फायरिंग की गई और लगभग 25 से 30 राउंड फायर किए गए। यह क्षेत्र चीड़ के पेड़ों और घने जंगलों से ढका हुआ है। संख्या 120902226 कांस्टेबल अभिजीत नंदी, बी कंपनी, 119 बटालियन बीएसएफ को 1400 बजे से हमारी आर्मी पोस्ट/एफडीएल बादल पर साथी नायक अर्जुन सिंह, बी कंपनी, 03 कुमाऊं राइफल के साथ बंकर के अंदर के ऊपरी भाग पर एलएमजी के लिए संतरी की ड्यूटी हेतु तैनात किया गया था।

लगभग 1515 बजे, सीमा पार से दुश्मनों (पाकिस्तानी सैनिकों) द्वारा सीजफायर के उल्लंघन और बिना उकसावे वाली फायरिंग, जिसके तहत उनके द्वारा हमारी आर्मी पोस्ट/एफडीएल बादल पर 2-3 बार ताबडतोड 25 से 30 राउंड फायर किए गए, के कारण ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अभिजीत नंदी, 'बी' कंपनी 119 बटालियन बीएसएफ को दाहिने कंधे के नीचे रिकोचेट बुलेट/स्पिलिंटर की चोटें आई, जिसमें शरीर में उसके प्रवेश करने के जख्म तो थे, लेकिन बाहर निकलने के जख्म नहीं थे और वह बंकर के अंदर जमीन पर अचेत होकर गिर पड़े। ड्यूटी पर तैनात उनके साथी "डी" कंपनी, 03 कुमाऊं राइफल के नायक अर्जुन सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। उन्हें एफडीएल में भी प्राथमिक उपचार दिया गया और लगभग 30-45 मिनट तक सीपीआर भी दिया गया था। इसके बाद' लगभग 1710 बजे स्ट्रेचर पर आर्मी एफडीएल संगम ('बी' कंपनी मुख्यालय, 03 कुमाऊं राइफल) में सुरक्षित स्थान पर पैदल ले जाया गया था। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया था और 319 अडवांस ड्रेसिंग स्टेशन फील्ड हॉस्पिटल, कैयन बाउल तुरंत भेजा गया था, जहां सेना के डॉक्टर ने लगभग 1805 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पूरी स्थिति का जायजा लेने के बाद, नियंत्रण रेखा पार से दुश्मनों द्वारा की गई अकारण गोलीबारी का मुहतोड़ जवाब हमारी आर्मी पोस्ट-किनिस से हमारे सैनिकों द्वारा दुश्मन के एफटीएफ/पोस्ट रफात के फॉरवर्ड स्लॉप की ओर 15 राउंड फायर करके तुरंत दिया गया।

कांस्टेबल अभिजित नंदी अदम्य साहसी होने के कारण आतंकित या पूर्णतया पराजित नहीं हो सकते थे और वे न केवल नियमित संघर्ष विराम उल्लंघन/गतिरोध हमले/पाक सेना द्वारा बैट एक्शन, बल्कि दुर्गम क्षेत्रों तथा प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाले खतरे के बावजूद ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान अपनी जीर्ण-शीर्ण चौकियों पर तैनात रहते थे। इस बहादुर हृदय ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना कठिन परिस्थिति में भी युद्ध कौशल और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा नियंत्रण रेखा पार से दुश्मनों (पाक सैनिकों) द्वारा की गई अकारण गोलीबारी के दौरान सक्रिय सेवा देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस ऑपरेशन में स्व. श्री अभिजीत नंदी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/07/2015 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/124/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 137-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री अनिर्बन चटर्जी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15 जनवरी, 2019 को, 126 बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल अनिर्बन चटर्जी और 06जाट रेजिमेंट के लांस नायक आकाश नियंत्रण रेखा)एलसी(पर 126बटालियन बीएसएफ के एफडीएल राखी पर तैनात थे। लगभग 1700बजे, पाकिस्तानी एफडीएल के लोन बंकर, पटनी स्लोप, बरगद एवं उपरी कटिया ने हमारे एफडीएल राखी को विशेष रूप से निशाना बनाते हुए उच्च क्षमता वाले फ्लैट ट्रेजेक्टरी हथियारों से अकारण फायरिंग शुरू कर दी। उसी समय संदिग्ध उग्रवादियों/एसएसजी सैन्य दस्तों/पाकिस्तानी नियमित सैनिकों का एक समूह नजदीक स्थित "लेज" नामक पहाड़ी पर आ गया और उन्होंने दक्षिण-पश्चिम दिशा से एफडीएल राखी पर गतिरोध बढ़ाने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। विभिन्न दिशाओं से हो रही भारी गोलीबारी के परिणामस्वरूप, 06 जाट के लांस नायक आकाश के दायें पैर में गोली लगी। इसी बीच, उक्त एफडीएल के कोटे मोर्चा पर संतरी ड्यूटी पर तैनात 126बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल अनिर्बन चटर्जी ने अपने जीवन पर आने वाले खतरों से भयभीत हुए बिना मोर्चे से बाहर निकलकर उच्च कोटि के युद्ध कौशल एवं पेशेवरता का प्रदर्शन करते हुए तुरन्त उग्रवादियों/पाक सैनिकों पर "लेज" पहाड़ी की ओर प्रभावी फायरिंग तुरंत शुरू कर दी ,ताकि "लेज" की दिशा से हो रही दुश्मन की फायरिंग को रोका जा सके। फायरिंग के दौरान, कांस्टेबल अनिर्बन चटर्जी भी दुश्मन की फायरिंग से सीने के दाहिने भाग)उनके द्वारा पहने गए बीपी जैकेट को पार की हुई एक गोली (में गोली लगने से घायल हुए। घायल होने के बावजूद, वह दुश्मन की ओर फायरिंग करते रहे। इसी बीच, हमारे नजदीकी एफडीएल जैसेकि एक्सटेंशन एफडब्ल्यूडी, राखी, नोल, 704 और जीओसी-।। ने भी फ्लेट ट्रेजेक्टरी हथियारों, 51 एमएम मोर्टार, और 81 एमएम मोर्टार से जवाबी फायरिंग शुरू की। हमारे सैनिकों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई, प्रभावी और सटीक जवाबी कार्रवाई के परिणामस्वरूप दुश्मन/उग्रवादी लगभग 1910बजे तक पीछे हटने को मजबूर हो गए।

दोनों घायल कार्मिकों अर्थात 126बटालियन के कांस्टेबल अनिर्बन चटर्जी और आर्मी जवान लांस नायक आकाश को प्राथमिक उपचार देने के बाद नजदीकी हेलिपैड एफडीएल दादल पर पहुंचाया गया, जहां से तत्पश्चात कांस्टेबल अनिर्बन चटर्जी को लगभग 1820 बजे सेना के हेलिकॉप्टर द्वारा 166एमएच सतवारी, जम्मू ले जाया गया। आर्मी जवान को आगे के उपचार के लिए माला में स्थित 16 राज. राइफल के एमआई रूम में भेजा गया था। घायल कांस्टेबल अनिर्बन चटर्जी को दिनांक 29 जनवरी, 2019 को 166 एमएच से डिस्चार्ज कर दिया गया और उन्हें बाद में एफटीआर हॉस्पिटल जम्मू में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें दिनांक 11 फरवरी, 2019 को अंतिम रूप से छुट्टी दी गई थी। उनकी वर्तमान स्थिति सामान्य है और वह एफडीएल में ड्यूटी कर रहे हैं।

इस ऑपरेशन में श्री अनिर्बन चटर्जी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15/01/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/54/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 138-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद युसफ	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	मुकेश यादव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.10.2018 को, 163 बटालियन बीएसएफ का टाटा 407 वाहन सं. डब्ल्यू बी-73-9998 और 33 बटालियन बीएसएफ का टाटा 5 टन वाहन सं. जेके-01-जे-5662 डाक ड्यूटी की समाप्ति के बाद एस्कॉर्ट पार्टी के साथ फ्रंटियर मुख्यालय बी बीएसएफ कश्मीर से लौट रहे थे। छुट्टी से लौटने वाले सं 01254520 .कांस्टे/.ड्राईवर मुकेश यादव भी इन वाहन में बैठे थे। सं 984030147 .हेड कांस्टेबल मोहम्मद युसफ वाहन कमांडर थे। लगभग 1750बजे, उपरोक्त वाहनों के पंथाचौक, एसएचक्यू बीएसएफ श्रीनगर के मुख्य द्वार से लगभग 150मी .की दूरी पर पहुंचते ही, अचानक कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने आगे चल रहे वाहन सं .डब्ल्यू बी 9998-73-टाटा 407पर अपने अत्याधुनिक हथियारों से ताबडतोड गोलीबारी कर दी। परिणामस्वरूप, सं 04009625 .कांस्टे/.ड्राईवर आर गोविंद राव, सं 120914072 .कांस्टेबल बी आर मंडल, सं 13082201 .कांस्टेबल सम्राट मंडल, सं 032546220 .कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार, सं 984030147 .हेड कांस्टेबल मोहम्मद युसफ को बुलेट/स्प्लिंटर लगने से चोटें लग गई और गाड़ी वहीं रूक गई क्योंकि कांस्टेबल/ड्राईवर आर गोविंद राव की बाई जांघ पर गोली लगने से गहरा

जख्म हो गया था। घायल होने के बावजूद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद युसफ ने असाधारण साहस का प्रदर्शन किया और मुंहतोड़ जवाब दिया तथा अपने निजी हथियार से 05राउंड फायर किया, जिससे आतंकवादी अम्बुश वाली जगह से भागने को मजबूर हुए। इसी बीच, यह सुनकर कि कांस्टेबल/ड्राईवर आर गोविंद राव गोली लगने से घायल हो गए हैं और वह वाहन चला पाने की स्थिति में नहीं हैं, छुट्टी से लौट रहे और उस वाहन में बैठे कांस्टेबल/ड्राईवर मुकेश यादव अदम्य साहस का परिचय देते हुए और अपनी जान की परवाह किए बिना वाहन के पिछले भाग से नीचे कूद गए और को-ड्राईवर सीट की ओर भागे और वाहन को सेक्टर हॉस्पिटल बीएसएफ श्रीनगर तक सुरक्षित लेकर गए तथा 5घायल कार्मिकों के बहुमूल्य जीवन को बचा लिया।

अपने जीवन की परवाह किए बिना उनके अभूतपूर्व वीरतापूर्ण कार्य, कर्तव्यपरायणता और गंभीर खतरे के सम्मुख अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करने, जवाबी फायरिंग करते हुए मुंहतोड़ जवाब देने और घायल ड्राईवर की जगह लेने के बाद वाहन को चलाते हुए सेक्टर हॉस्पिटल बीएसएफ श्रीनगर तक सुरक्षित ले जाने तथा घायल कार्मिकों की जान बचाने के कार्य को सम्मानपूर्वक देखा गया है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मोहम्मद युसफ ,हेड कांस्टेबल और मुकेश यादव ,सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/10/2018 से दिया जाएगा।

(फ. सं. - 11020/55/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 139-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	हरी लाल	उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	सुरजीत सिंह गुलेरिया	उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	प्रतीक वशिष्ठ	असिस्टेंट कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	रमन गुप्ता	असिस्टेंट कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	स्वर्गीय ब्रज किशोर यादव	असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
6.	सूरज करण मीना	सब इंस्पेक्टर	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	रमेशन एन	असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर	वीरता के लिए पुलिस पदक
8.	रोहित जोशी	असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर	वीरता के लिए पुलिस पदक
9.	श्याम सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
10.	मुदित कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
11.	राजपूत जयदिप भिमसिंग	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
12.	सावंत सचिन संभाजी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
13.	रिन्टू मोलिक	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरन प्रदान किया गया

182वीं बटॉलियन बीएसएफ को श्रीनगर एयरफील्ड की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है और इसका मुख्यालय गोगोलैंड में है। बटॉलियन के मुख्यालय का परिसर लगभग 23 एकड़ में फैला हुआ है और इसके चारों ओर एक परिधीय दीवार है। परिसर के चारों तरफ सिविलियन इमारतें बन गई हैं ,जो कि परिसर की चारदीवारी से सटी हुई हैं। कुछ खाली पड़े आवासीय भूखंडों पर नागरिकों ने चारदीवारी से सटकर प्लिंथ वर्क किया है ,जिससे इसकी ऊँचाई कुछ जगहों पर लगभग 2 फुट कम हो गई है। इस परिधीय सुरक्षा दीवार के साथ-साथ 31 संतरी चौकियां मौजूद हैं। इन चौकियों पर चौबीसों घंटे सशस्त्र गार्ड स्थाई रूप से तैनात रहते हैं। इसके अलावा, गश्ती दलों को इस परिधीय

दीवार के बाहर गश्त पर भेजकर जिम्मेदारी के इस क्षेत्र में प्रभुत्व बनाए रखा जाता है और साथ ही एक क्यूआरटी ,जिसमें एक एसओ और 11 अन्य रैंक के सैनिक होते हैं, हमेशा परिसर के मुख्य द्वार के पास तैनात रहते हैं।

दिनांक 3 अक्टूबर, 2017 को लगभग 0410 बजे भारी मात्रा में हथियारों से लैस तीन आतंकवादियों का एक समूह, घने अंधेरे और सिविलियन घरों का कवर लेते हुए, कंसर्टिना तार को काटकर चारदीवारी पर एक ऐसी जगह से चढ़ गया, जहां इसकी ऊंचाई बहुत कम थी और उन्होंने गांव गोगो की तरफ से क्वार्टर गार्ड की बाईं ओर परिसर में प्रवेश कर लिया। जब ये आतंकवादी अंदर घुस रहे थे, तभी शुरुवात में ही क्वार्टर गार्ड के एक सर्तक संतरी सं. 118115544 कांस्टेबल राजपूत जयदिप भिमसिंग, जो कि यूनिट क्वार्टर गार्ड के सामने अत्यंत सतर्कता से गार्ड ड्यूटी दे रहे थे, ने इन्हे देख लिया और उन्होंने तीन आतंकवादियों के इस समूह को उसी समय चुनौती दे दी, जब यह समूह गोगो गांव की ओर से वायर कटर का इस्तेमाल करके परिधीय बाड़ को पार कर रहा था। उग्रवादियों ने घने अंधेरे में उनकी ओर स्वचालित (ऑटोमैटिक) हथियारों से गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना, उन्होंने बहादुरी से और तुरंत अपने निजी हथियार (इंसास राइफल) से जवाबी हमला किया। उनकी इस त्वरित जवाबी कार्रवाई से परिसर की सभी संतरी चौकियों पर तैनात अन्य सैनिक संभावित हमले का सामना करने के लिए सर्तक हो गए। इस बीच, हेड कांस्टेबल जोगिंदर हुड्डा, जो कि गार्ड कमांडर थे, ने तुरंत दो बार हूटर बजा दिया। इसके परिणामस्वरूप, ये आतंकवादी क्वार्टर गार्ड की दिशा में आगे नहीं बढ़ सके, जहां बटॉलियन के हथियार और गोला-बारूद रखा गया था। कांस्टेबल राजपूत जयदीप ने ड्यूटी पर रहते हुए सर्वोच्च स्तर की सतर्कता, साहस और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन किया।

इसके बाद, आतंकवादियों ने सभी दिशाओं में भी गोलीबारी की। 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के सं. 05254644 कांस्टेबल मुदित कुमार ने गार्ड ड्यूटी करते हुए, क्वार्टर गार्ड के पीछे की तरफ से गोलीबारी की। उन्होंने अपने निजी हथियार (इंसास राइफल) से लंबवत कोण (परपेंडीकुलर एंगल) पर गोलीबारी की और आतंकवादियों को क्वार्टर गार्ड की ओर नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने आतंकवादियों की ओर से स्वचालित हथियारों से लगातार हो रही गोलीबारी की परवाह किए बिना, वीरतापूर्वक उपयुक्त तरीके से जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादियों को अपनी कार्रवाई की योजना बदलने के लिए मजबूर कर दिया तथा उन्हें क्वार्टर गार्ड की ओर नहीं बढ़ने दिया, और इस प्रकार अनमोल जीवन, हथियारों एवं गोला-बारूद और प्रतिबंधित स्टोर की हानि होने से बचा लिया। आतंकवादी एक-दूसरे से अलग हो गए और क्वार्टर गार्ड के सामने उबड़-खाबड़ जमीन का सुरक्षा कवर और फायदा उठाते हुए, सभी दिशाओं में गोलीबारी करते हुए और साथ ही, यूबीजीएल से ग्रेनेड फेंकते हुए उनमें से दो एसओ मेस की ओर भागे और एक प्रशासनिक ब्लॉक की ओर भाग गया।

फिर, तीन में से एक आतंकवादी कैंटीन की तरफ बढ़ गया। 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के मैगजीन गार्ड (मैगजीन और सीपीसी कैंटीन के पीछे संतरी चौकी में तैनात) सं. 118115737 कांस्टेबल सावंत सचिन तुरंत सतर्क हो गए और उन्होंने सिविल कपड़े पहने हुए आतंकवादी को देख लिया, जो अपने स्वचालित हथियार (यूबीजीएल) से उनकी दिशा में और साथ ही अन्य दिशाओं में भी अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था। उन्होंने समय गंवाए बिना, अपने निजी हथियार से आतंकवादी पर प्रभावी रूप से जवाबी गोलीबारी की। 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के सं. 130829621 कांस्टेबल रिन्टू मोलिक, जो कि यूनिट सीपीसी कैंटीन के पास दूसरे मैगजीन गार्ड के रूप में थे, ने भी अपनी ओर भाग कर आते हुए आतंकवादी को देख लिया, जो उन्हे मारने और संवेदनशील स्टोरों (हथियार और गोला-बारूद) को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उनकी ओर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था। आतंकवादी ने यूबीजीएल का इस्तेमाल करके ऑफिसर मेस और परिसर के मुख्य द्वार की दिशाओं में भी कुछ ग्रेनेड दागे। तथापि, कांस्टेबल रिन्टू मोलिक ने अपनी दिशा में आती हुई गोलियों की परवाह नहीं की और उपयुक्त कवर ले लिया तथा अपने निजी हथियार से प्रभावी ढंग से गोलीबारी की। 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के कांस्टेबल सावंत सचिन और कांस्टेबल रिन्टू मोलिक की प्रभावी गोलीबारी ने हमले के शुरुआती चरणों में ही एक आतंकवादी को मार गिराया और उन्होंने संतरी चौकियों पर मोर्चा संभाले रखा। इस कार्रवाई ने, आतंकवादी के मुख्य द्वार और ऑफिसर मेस, जहां पर अधिकारी निवास कर रहे थे, तक पहुंचने के उनके प्रयास को विफल कर दिया। इस फिदायीन से यूबीजीएल लगी हुई एक एके-47 राइफल और ग्रेनेड बरामद हुए। उसके शरीर से भी ग्रेनेड पाए गए। कैमोफ्लेज वर्दी पहने हुए तीन आतंकवादियों में से एक अंधेरे का फायदा उठाकर प्रशासनिक ब्लॉक में घुस गया और एसओ मेस (दो मंजिला इमारत) की पहली मंजिल पर चला गया।

एसओ मेस की पहली मंजिल पर, एक आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बिजली की गति से कमरा सं.-8 में घुस गया। इस कमरे में सं. 871612379 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव रह रहे थे। आतंकवादी के अचानक से सामने आ जाने के कारण उन्हे अपने निजी हथियार को निकालने का मौका नहीं मिला। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव ने एक भी पल गंवाए बिना उसके हथियार को छीनने के लिए उसका आमना-सामना किया और आतंकवादी पर झपट पड़े तथा आतंकवादी और उनके बीच थोड़ी देर तक हाथापाई हुई। चूंकि, आतंकवादी का हथियार उसके शरीर के साथ कसकर बंधा हुआ और सुरक्षित था, इसलिए असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव आतंकवादी से हथियार छीनने में सफल नहीं हो सके। आतंकवादी ने स्वयं को असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव से छुड़ाकर, तुरंत उन पर हमला कर दिया और नजदीक से ही स्वचालित हथियार से गोली चला दी। उनके द्वारा आतंकवादी का मुकाबला करने और उसके साथ हाथापाई करने से मेस में अन्य साथी को खुद को सुरक्षित करने के लिए कार्रवाई करने का समय मिल गया। आतंकवादी द्वारा नजदीक से की गई गोलीबारी के परिणामस्वरुप असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव को सिर में गोली लग गई और वे कर्तव्य के प्रति सर्वोच्च स्तर की निष्ठा, समर्पण भावना और अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए शहीद हो गए।

आतंकवादी, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव की हत्या करने के बाद उनके कमरे से बाहर आ गया। गोलीबारी की आवाज सुन कर, सं.124400887 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (रेडियो मैकेनिक) रोहित जोशी, जो कि असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव के कमरे से सटे हुए कमरा सं. 9 में थे, अपने कमरे से बाहर आ गए। जैसे ही वे असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/जीडी ब्रज किशोर यादव के कमरे में घुसने ही वाले थे, वे आतंकवादी के सामने आ गए, जिसने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/आरएम रोहित जोशी पर गोलियां चला दीं। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर/आरएम रोहित जोशी ने हथियार छीनने के लिए कुछ देर तक आतंकवादी के साथ हाथापाई की, लेकिन वे उसका हथियार छीनने में नाकाम रहे और उनके पेट में गोली लग गई। उन्होंने आतंकवादी को एक तरफ धकेल दिया और इस क्षण का लाभ उठाते हुए, वे बिजली की गति से अपने कमरे में लौट आए, कमरे को अंदर से बंद कर लिया और अपने मोबाइल फोन से अधिकारियों को आतंकवादी की मौजूदगी तथा स्वयं को चोट लगने का ब्यौरा दिया।

फिर आतंकवादी ग्रेनेड फेंकते हुए कमरा सं. 6 की ओर चल पड़ा। आतंकवादी ने फिर से इस कमरे में घुसने की कोशिश की, लेकिन असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेशन एन. और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर राकेश ने अंदर से दरवाजे को धक्का दे दिया और आतंकवादी को अंदर नहीं घुसने दिया। जब आतंकवादी कमरे के अंदर घुसने में सफल नहीं हो सका, तो उसने अपने स्वचालित हथियार से लकड़ी के दरवाजे के माध्यम से गोलियों की एक बौछार की, लेकिन निवासियों द्वारा ली गई उपयुक्त पोजीशनों के कारण, उन्हे कोई चोट नहीं आई, और वे अपने कर्तव्य से नहीं डिगे। आतंकवादी, फिर से सीढ़ी की तरफ वापस लौट गया। कुछ समय बाद, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेशन एन. ने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार के निजी हथियार (राइफल-बरेटा) को अपने कब्जे में लिया और आतंकवादी का खात्मा करने के लिए उपयुक्त पोजीशन ले ली।

इस बीच, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेशन एन. ने दरवाजे को थोड़ा खुला रखा। वीरता और सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए ,असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेशन एन. ने पोजीशन ले ली और अपनी जान को जोखिम में ड़ालते हुए, "डोर स्लॉट "से आतंकवादी की गतिविधि पर कड़ी नजर रखी। तत्पश्चात, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेशन एन .दरवाजे की तरफ आतंकवादी की गतिविधि पर नजदीकी से नजर रखते रहे। कुछ समय बाद, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेशन एन. ने आतंकवादी को अपनी ओर रेंगते हुए देखा। अपनी जान की परवाह किए बिना, उन्होंने तुरंत प्रभावी ढ़ंग से आतंकवादी पर गोलीबारी कर दी ,जिसके परिणामस्वरूप मौके पर ही उसका खात्मा हो गया। यह सुनिश्चित होने पर कि आतंकवादी मर गया है, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सिनोद कुमार ने पूरी सावधानी बरतते हुए आतंकवादी के शरीर से हथियार को अपने कब्जे में ले लिया।

अब तक 182वीं बटॉलियन के बहादुर सैनिकों द्वारा दो आतंकवादियों को मारा जा चुका था। सं .042321860 सब इंस्पेक्टर/जीडी सूरज करनमीणा, जो गोगोलैंड परिसर में क्यूआरटी कमांडर थे, गोलीबारी और सायरन की आवाज सुन कर तुरंत प्रशासनिक ब्लॉक की ओर चल पड़े। उनको तीसरे आतंकवादी ने देख लिया, जो कि प्रशासनिक ब्लॉक की तरफ भाग गया था। सब इंस्पेक्टर/जीडी सूरज करनमीणा और आतंकवादी एक दूसरे के आमने-सामने आ गए। आतंकवादी ने स्वचालित हथियार से उन पर भारी गोलीबारी कर दी और फिर ग्रेनेड से हमला किया। सब इंस्पेक्टर/जीडी सूरज करनमीणा ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी की गोलीबारी का जवाब दिया, उसका पीछा किया और अपने निजी हथियार से गोलीबारी करते हुए प्रशासनिक ब्लॉक में घुस गए। चूँकि वे दुश्मन/आतंकवादी के सामने थे, इसलिए उन्हे सीने पर दाईं तरफ, दाहिनी बांह और बायीं जांघ पर गोलियों की गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद, वे आतंकवादी पर गोलीबारी करते रहे और उन्होंने आतंकवादी को समुचित जवाब दिया तथा अतिरिक्त बल के पहुंचने तक उसे प्रशासनिक ब्लॉक में घेरे रखा। उन्हे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी समय से की गई कार्रवाई और सूझ-बूझ, उच्च स्तर की जिम्मेदारी की भावना, कर्तव्य के प्रति समर्पण भावना और बहादुरी के कारण आतंकवादी और आगे नहीं बढ़ सका और वह प्रशासनिक ब्लॉक में ही फंसा रह गया।

हेड कांस्टेबल/आरओ श्याम सिंह, जो प्रशासनिक ब्लॉक में सिग्नल सेंटर में ड्यूटी पर थे, गोलीबारी की आवाज सुन कर, स्थिति का जाएजा लेने और अपने वरिष्ठों को इसकी जानकारी देने के लिए अपने कमरे से बाहर आ गए। जैसे ही वे अपने कमरे से बाहर आए, आतंकवादी ने उन्हे घेर लिया, जो कि स्वचालित हथियार से गोलीबारी करते हुए और ग्रनेड फेंकते हुए आक्रमण के लिए आगे बढ़ रहा था। हालाँकि, उनके पास हथियार नहीं थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी, एक गमला (फ्लावर पॉट) उठाया और थोड़ी दूरी से आक्रमण कर रहे आतंकवादी पर फेंक दिया। इसके परिणामस्वरूप, आतंकवादी ने संतुलन खो दिया और वह प्रशासनिक ब्लॉक की पहली मंजिल पर चढ़ गया। आतंकवादी से आमने-सामने की लड़ाई में हेड कांस्टेबल/आरओ श्याम सिंह को उनकी जांघों में गोली की गंभीर चोटें आईं, लेकिन उनकी कार्रवाई के कारण आतंकवादी प्रशासनिक ब्लॉक के भूतल में नहीं जा सका, जिससे जान और माल का बहुत नुकसान होने से बच गया। प्रशासनिक ब्लॉक में छिपा हुआ यह आतंकवादी लगभग 1330 बजे मारा गया, जिसके परिणामस्वरूप ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

इस बीच, लगभग 0430 बजे, श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) ने अपनी क्यूआरटी टीम, जिसमें श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक (जी) और श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट शामिल थे, के साथ तुरंत कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंच गए तथा स्थिति की कमान संभाल ली। 182वीं बटॉलियन के परिसर में घटना स्थल पर वाहन से पहुंचने के बाद, श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) ने स्थिति का जायजा लिया और सभी सामरिक बातों पर विचार करने के बाद स्थिति से निपटने के लिए रणनीति तैयार की। अंधेरे में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती, छिपे हुए आतंकवादियों की स्थिति का पता लगाना था, जो कि 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के परिसर में छिपे हुए थे। 182वीं बटॉलियन के प्रवेश द्वार पर पहुंचने पर, श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) और श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक (जी), ने अपने बृहत् अनुभव का उपयोग करते हुए संतरियों से स्थिति के बारे में पूछताछ की। श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) ने

तुरंत 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के परिसर में मौजूद कार्मिकों से जानकारी हासिल की, ताकि आतंकवादियों के छिपने के संभावित स्थानों को जाना जा सके। उस समय तक, इनकी संख्या के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं थी।

श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) के नेतृत्व में क्यूआरटी, जिसमें श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक (जी) और श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट शामिल थे, और जो अपने बुलेट प्रूफ (बीपी) वाहनों के अंदर थे, प्रशासनिक ब्लॉक के सामने पहुँच गई और उन्होंने वाहन को प्रशासनिक ब्लॉक के पोर्च के नीचे रोक दिया, जहां यह पता चला कि दो कार्मिक नामत: सब इंस्पेक्टर सूरज करनमीणा और हेड कांस्टेबल/आरओ श्याम सिंह आतंकवादी की गोलीबारी के कारण घायल हो गए हैं और प्रशासनिक ब्लॉक के अंदर फंसे हैं। यह भी पता चला कि कांस्टेबल निरंजन कुमार, जो यूनिट टेलीफोन एक्सचेंज में ऑपरेटर ड्यूटी कर रहे थे, वो भी अंदर फंसे हुए हैं।

श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक (जी) ने सब इंस्पेक्टर सूरज करनमीणा से फोन पर बात की और उनसे यह पता चला कि वे हेड कांस्टेबल/आरओ श्याम सिंह के साथ सिग्नल सेंटर में फंसे हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आतंकवादी शायद पहली मंजिल की सीढ़ियों पर बैठा है। घायल कार्मिकों को निकालने का निर्णय लिया गया। क्यूआरटी के कार्मिक वाहन से नीचे उतरे और उन्होंने सभी एहतियात बरतते हुए प्रशासनिक ब्लॉक के अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया। श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट को अपने क्यूआरटी कार्मिकों के साथ मंदिर की ओर से प्रशासनिक ब्लॉक के पीछे की तरफ बढ़ने का निदेश दिया गया। घायल व्यक्तियों को निकालने के लिए, दोनों उप महानिरीक्षकों ने क्यूआरटी कार्मिकों के साथ प्रशासनिक ब्लॉक के बाईं और दाईं तरफ पोजीशन ले ली और आतंकवादियों को उलझाने के लिए पहली मंजिल की खिड़कियों के माध्यम से कवर गोलीबारी प्रदान की। श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक ने अपने व्यक्तिगत आराम की परवाह किए बिना और आतंकवादी की तरफ से आ रही गोलीबारी के बावजूद, वीरतापूर्वक टीम का पर्यवेक्षण किया और दाईं ओर से प्रशासनिक ब्लॉक की घेराबंदी सुनिश्चित की, जबकि श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) ने प्रशासनिक ब्लॉक के बाईं फ्लैंक से क्षेत्र की घेराबंदी की। प्रशासनिक ब्लॉक की पहली मंजिल से लगातार गोलीबारी हो रही थी, लेकिन उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और आराम की परवाह नहीं की।

जब क्यूआरटी ने कार्मिकों को बाहर निकालने के लिए प्रशासनिक ब्लॉक के अंदर प्रवेश करने की कोशिश की, तभी एक आतंकवादी ने गोलियों की एक बौछार कर दी और उनकी ओर ग्रेनेड फेंका। क्यूआरटी के सदस्यों ने बहुत कुशलता से पोजीशन ली और सुरक्षित पोजीशन लेने के लिए चतुराई से प्रशासनिक ब्लॉक से वापस लौट आए। तब स्थिति का आगे आकलन करने के लिए बीपी वाहन को इमारत के चारों ओर ले जाया गया। स्थिति का बारीकी से जायजा लेने और इमारत के अंदर आतंकवादी की स्थिति का पता लगाने के बाद, क्यूआरटी के सदस्यों और 182वीं बटॉलियन बीएसएफ के कार्मिकों को तैनात करके प्रशासनिक ब्लॉक की प्रभावी ढंग से घेराबंदी कर दी गई।

इस बीच, सब इंस्पेक्टर सूरज करनमीणा और हेड कांस्टेबल/आरओ श्याम सिंह ने सिग्नल सेंटर के अंदर लगे हुए एसी को हटा दिया और वे पीछे की तरफ इमारत से बाहर निकल आए, जहां श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट अपने क्यूआरटी सदस्यों के साथ पहले से ही क्षेत्र को कवर किए हुए थे। श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट ने अपने कार्मिकों के साथ तुरंत दोनों घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में सहायता की तथा उन्हे आगे संयुक्त अस्पताल में पहुचाया गया। श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट की यह वीरतापूर्ण कार्रवाई दोनों घायल कार्मिकों को सुरक्षित निकालने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई। अधिकारी ने आतंकवादी द्वारा रुक-रुक कर की जा रही गोलीबारी के बावजूद अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा परवाह नहीं की, जिससे घायल कार्मिकों को समय पर बाहर निकालने में मदद मिली। श्री अनिल कुमार राय, 2/आईसी (ऑपरेशन) ने हेड कांस्टेबल/आरओ श्याम सिंह को अस्पताल पहुचाने में मदद की।

श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट की एक टीम एसओ मेस के सामान्य क्षेत्र में थी। इस बीच ऑपरेशनल क्षेत्र में, उन्हें कमरा सं. 9 में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रोहित जोशी की चोट के बारे में पता चला। श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट की टीम ने, श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) से उपयुक्त ब्रीफिंग लेने के बाद एसओ मेस के पास अपनी पोजीशन को बनाए रखा और इस बीच, दिन निकल आया। उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) ने श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट को लक्ष्य क्षेत्र को कवर करने के लिए कहा। वे श्री एस एस गुलेरिया के साथ बाहर आए और उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम श्री तेजिंदर सिंह को ऑपरेशन क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

श्री रमन गुप्ता, असिस्टेंट कमांडेंट ने प्रशासनिक ब्लॉक पहुँचने पर अपनी क्यूआरटी को प्रशासनिक ब्लॉक के आगे और पीछे दोनों ओर प्रवेश/निकास द्वारों के पास तैनात कर दिया, ताकि आतंकवादियों को भागने से रोका जा सके। चूंकि वे आतंकवादी की गोलीबारी के कारण प्रशासनिक ब्लॉक में आगे अथवा पीछे के द्वार से प्रवेश नहीं कर पाए, इसलिए श्री रमन गुप्ता, असिस्टेंट कमांडेंट ने एक वैकल्पिक योजना बनाई और अपनी जान की परवाह किए बिना वे प्रशासनिक ब्लॉक के पीछे की तरफ गए, सिग्नल सेंटर में खिड़की पर लगे एयर कंडीशनर को तोड़कर निकाल दिया और गोली से घायल हुए दोनों व्यक्तियों को समय से निकाल लिया/बचा लिया, ताकि उन्हे तत्काल चिकित्सा उपचार मिल सके।

एसओ मेस में संयुक्त ऑपरेशन में, श्री तेजिंदर सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम और एसओजी कमांडो की उनकी टीम "रक्षक वाहन" के साथ मौजूद थी, जो एसओ मेस के अंदर चली गई, जहां यह पता चला कि श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) और श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक (जी) द्वारा सामने की तरफ से और श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट द्वारा बाईं तरफ से कवर गोलीबारी प्रदान की गई। उन पर कोई गोलीबारी नहीं हो रहीं थी, लेकिन फिर भी संदिग्धता के आधार पर उन्हे कवर गोलीबारी प्रदान की गई। रस्सी और सीढ़ी की आवश्यकता महसूस की गई, जिसकी आपूर्ति सीआरपीएफ द्वारा तुरंत कर दी गई। पर्याप्त कवर गोलीबारी प्रदान करने पर, वरिष्ठ

पुलिस अधीक्षक बडगाम की एसओजी टीम ऊपर चढ़ गई। एसओजी कार्मिकों नामत: मजीद और अल्ताफ ने एसओ मेस में फंसे हुए एसओ को निकालने में एक साहसी भूमिका निभाई। श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट और श्री बी.के. शर्मा पहली मंजिल की तरफ बढ़े और उन्होंने आतंकवादी को मृत पाया। तुरंत ही, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रोहित जोशी को बाहर निकाल लिया गया। सीढ़ी का उपयोग करके दूसरे एसओ को भी बाहर निकाल लिया गया। लेकिन, सुरक्षित रूप से बाहर निकलने के लिए कोई गोलीबारी नहीं की गई थी, क्योंकि उस समय तक आतंकवादी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। घर की तलाशी ऑपरेशन की अगुवाई श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) और श्री एस एस गुलेरिया, उप महानिरीक्षक (जी) और श्री तेजिंदर की एसओजी टीम, जो कि स्थल पर मौजूद थी, द्वारा की गई ।

इसके अलावा, प्रशासनिक ब्लॉक में छिपे हुए आतंकवादी को बाहर निकालने के लिए, आरएल (एचई और एचईएटी), एलएमजी से फायर किया गया। सीमा सुरक्षा बल ने आतंकवादी को प्रशासनिक ब्लॉक भवन से बाहर निकलने हेतु मजबूर करने के लिए 5 एचईएटी और छोटे हथियारों से गोलीबारी की। एसओजी ने भी अत्यंत प्रभावी चिली ग्रेनेड और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया। इसके परिणामस्वरूप, आतंकवादी भवन से बाहर आ गया और जब वह कवर लेने के लिए मंदिर के पास प्रशासनिक ब्लॉक से बाहर भाग रहा था, तभी बीएसएफ, सीआरपीएफ और एसओजी की टीम ने उसे मार गिराया।

श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) ने अत्यंत अनुकरणीय तरीके से पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना असाधारण वीरता, दृढ़ विश्वास और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन किया तथा ऑपरेशन की योजना और उसका कार्यान्वयन इस प्रकार किया कि इसके परिणामस्वरूप जैश-ए-मोहम्मद के 03 आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया।

श्री बी के शर्मा, डिप्टी कमांडेंट, 182वीं बटॉलियन बीएसएफ की टीम, श्री प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट तथा एसओजी एवं सीआरपीएफ की टीमों ने एक समन्वित तरीके से सभी भवनों को खाली करा लिया और यह सुनिश्चित किया कि कोई अन्य आतंकवादी परिसर में तो नहीं है। इस पूरे ऑपरेशन के परिणामस्वरूप तीन आतंकवादी मारे गए। तीन स्वचालित (ऑटोमैटिक) हथियार, एके-47, एक पिस्तौल, मैगजीनें, गोला-बारूद, लाइव ग्रेनेड और वायर कटर बरामद हुए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री हरी लाल, उप महानिरीक्षक, सुरजीत सिंह गुलेरिया, उप महानिरीक्षक, प्रतीक वशिष्ठ, असिस्टेंट कमांडेंट, रमन गुप्ता असिस्टेंट कमांडेंट, सूरज करण मीना, सब इंस्पेक्टर, स्वर्गीय ब्रज किशोर यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, रमेशन एन. असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, रोहित जोशी असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, श्याम सिंह हेड कांस्टेबल, मुदित कुमार सिपाही, राजपूत जयदिप भिमसिंग सिपाही, सावंत सचिन संभाजी सिपाही, और रिन्टू मोलिक सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03/10/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/74/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 140-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	मनोरंजन नाथ	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	रेजी कुमार के. जी.	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	इबराज नेवार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12/12/2018 को लगभग 1500 बजे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर ने श्री भूपाल सिंह, कमांडेंट-177वीं बटालियन, सीआरपीएफ को गांव- ब्राथ-कलां (गुंड मोहल्ला), सोपोर में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में सूचित किया। उक्त सूचना प्राप्त करने के बाद, उन्होंने तुरंत यूनिट क्यूएटी को ऑपरेशन के लिए तैयार होने का आदेश दिया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर, कमांडेंट (ए.ओ.एल.)-

179वीं बटालियन, कमांडेंट-92वीं बटालियन, सीओ 22 आरआर और एसओजी सोपोर के साथ ऑपरेशनल योजना तैयार कर ली। इस सूचना पर अतिरिक्त जानकारी एकत्रित की गई और मानवीय आसूचना के द्वारा इसकी पुष्टि कर ली गई तथा दो आतंकवादियों की ब्राथ-कलां गांव के गुंड मोहल्ला में मोहम्मद शफी मीर पुत्र गुलाम मोहिउद्दीन मीर के घर में मौजूदगी होने की पुष्टि हो गई। ऑपरेशनल योजना के अनुसार, श्री भूपाल सिंह, कमांडेंट-177वीं बटालियन, सीआरपीएफ की समग्र कमान के तहत श्री रंजीत कुमार, डिप्टी कमांडेंट और श्री नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट सहित 177वीं बटालियन की क्यूएटी को लक्षित घर के दक्षिण की ओर भीतरी घेराबंदी डालने का निदेश दिया गया, 179वीं बटालियन और रेंज क्यूएटी के सैनिकों ने दक्षिण-पश्चिम की ओर घेराबंदी डाली, 92वीं बटालियन, सीआरपीएफ के सैनिकों को बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, एसओजी सोपोर को लक्षित घर के उत्तर की ओर तथा 22 आरआर के सैनिकों को पूरब की ओर घेराबंदी के लिए कहा गया। उपयुक्त ब्रीफिंग के बाद, सैनिकों ने अपनी निर्धारित पोजीशनें ले लीं और आतंवादियों के लक्षित घर से निकलने के किसी भी मौके को समाप्त करने के लिए भागने के सभी रास्तों को बंद कर दिया। कोई भी समय बर्बाद किए बिना, श्री भूपाल सिंह, कमांडेंट-177वीं बटालियन, सीआरपीएफ ने यह सुनिश्चित किया कि भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए उनके सैनिक सामरिक रूप से आंतरिक घेराबंदी में तैनात हों और उन्होंने साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि उनके सैनिकों ने रणनीतिक पोजीशनें ली हों और किसी भी अतिरिक्त (संपार्श्विक) नुकसान/क्षति से बचने के लिए उनके पास उचित कवर सहायता उपलब्ध हों। स्थानीय स्रोत से इस बात की पुष्टि कर ली गई थी, कि घर में निवासियों के अलावा दो स्थानीय आतंकवादी छिपे हुए हैं। सभी सुरक्षागत सावधानियां बरतते हुए और रणनीतिक योजना के फलस्वरूप, संयुक्त सैन्य दल द्वारा घर के निवासियों को निकाल लिया गया और छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए भी कहा गया। आत्मसमर्पण करने के बजाय, छिपे हुए आतंकवादियों ने वहां से भागने के लिए आंतरिक घेराबंदी में पोजीशन लिए हुए संयुक्त सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन सैनिकों द्वारा डाली गई मजबूत घेराबंदी ने उनके भाग निकलने के हर अवसर को समाप्त कर दिया। गोलीबारी का कारगर ढंग से जवाब दिया गया और इस बीच सैनिकों ने अपनी मौजूदा पोजीशनों को भी सुदृढ़ कर लिया। आतंकवादी रात भर रूक-रूक कर गोलीबारी करते रहे और उन्होंने कई बार भारी गोलीबारी की और उसके बाद ग्रेनेड फेंके, लेकिन सैनिकों की सामरिक पोजीशन और प्रभावी जवाबी कार्रवाई ने उनके भाग निकलने के प्रयासों को नाकाम कर दिया।

लगभग 0315 बजे दोनों आतंकवादियों ने अपनी पोजीशनों को बदलने के लिए संयुक्त सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर ग्रनेड फेंके। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए, सं. 941420706 हेड कांस्टेबल/जीडी मनोरंजन नाथ, 177 वीं बटालियन, सीआरपीएफ ने अपने संयम को बनाए रखा, उपलब्ध जमीनी कवर सहायता का चतुराईपूर्वक इस्तेमाल किया और उन पर प्रभावी ढंग से गोलीबारी की, जिसके दौरान एक आतंकवादी घायल हो गया, लेकिन अपनी चोट के बावजूद, वह संयुक्त सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करता रहा। इसके बाद, घायल आतंकवादी की स्थिति की पुष्टि करने के लिए, दो छोटी संयुक्त टीमों का गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें क्यूएटी-177, क्यूएटी-179 और रेंज क्यूएटी, बारामुला के सैनिकों को शामिल किया गया। दोनों टीमें उपलब्ध जमीनी कवर सहायता का उपयोग करके, अनुमानित जोखिम उठाते हुए और आतंकवादियों की निश्चित मौजूदगी में अपने जीवन को खतरे में डालते हुए चतुराईपूर्वक लक्षित घर की ओर आगे बढ़ीं। अपनी ओर बढ़ते हुए सैनिकों की गतिविधि को भांपते हुए, छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त टीमों पर भारी गोलीबारी की, जिसका सं. 941420706 हेड कांस्टेबल/जीडी मनोरंजन नाथ (177वीं बटालियन), सं. 991220036 हेड कांस्टेबल/जीडी रेजी कुमार के.जी. (179वीं बटालियन) और सं. 115135763 कांस्टेबल/जीडी इबराज नेवार, रेंज क्यूएटी बारामुला (176वीं बटालियन) द्वारा आतंकवादियों के इतना निकट होने के बावजूद अपने जीवन की परवाह किए बिना, अनुकरणीय साहस, युद्ध कौशल और पेशेवरता का प्रदर्शन करते हुए कारगर ढ़ंग से जवाब दिया गया। उसके बाद, गोलीबारी की बारम्बारता रूक गई और ऐसा लगा कि छिपे हुए आतंकवादी मारे जा चुके है। किसी भी नुकसान या चोट से बचने के लिए शून्य से कम तापमान के बावजूद, सैनिकों ने अपनी रणनीतिक पोजिशनों को नहीं छोड़ा। इस बीच, दूसरी ओर हो रही बंदूक की लड़ाई में 22आरआर और एसओजी, सोपोर के संयुक्त सैन्य दल ने ग्रेनेडों और प्रभावी गोलीबारी से दूसरे छिपे हुए आतंकवादी को भी मार दिया, जिसने लक्षित घर में पूरब की ओर पोजिशन ली हुई थी। लगभग 0830 बजे, लक्षित घर और आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी के लिए सीआरपीएफ की 177वीं और 92वीं बटालियन के नेत्रा/ड्रोनों की सेवाओं का उपयोग करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद, संयुक्त टीमें घर/क्षेत्र की अंतिम तलाशी लेने के लिए चतुराईपूर्वक आगे बढ़ीं, जिसके दौरान हथियारों/गोला-बारूद के साथ दोनों आतंकवादी मारे हुए पाए गए। आतंकवादियों की पहचान बाद में, ओवैस अहमद भट उर्फ अबू बकर (22 वर्ष), पुत्र गुलाम अहमद भट, निवासी- गुंड ब्राथ, सोपोर और ताहिर अहमद डार उर्फ अबू अब्दुल्ला पुत्र मोहम्मद रमजान डार, निवासी- सैदपोरा, सोपोर (जम्मू और कश्मीर) के रूप में की गई, जो आतंकी संगठन टीयूएम से संबंद्ध थे।

इस पूरे ऑपरेशन के दौरान, सं. 941420706 हेड कांस्टेबल/जीडी मनोरंजन नाथ 177वीं बटालियन, सं. 991220036 हेड कांस्टेबल/जीडी रेजी कुमार के.जी. 179वीं बटालियन और सं. 115135763 कांस्टेबल/जीडी इबराज नेवार, रेंज क्यूएटी बारामुला, 176 वीं बटालियन ने सर्वोच्च स्तर की वीरता, अतुलनीय प्रयासों, अनुकरणीय साहस, अपने जीवन की परवाह किए बिना कर्तव्य के प्रति समर्पण भावना और उच्चकोटि की पेशेवरता का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मनोरंजन नाथ, हेड कांस्टेबल, रेजी कुमार के.जी., हेड कांस्टेबल और इबराज नेवार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/12/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/177/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 141-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	योगेश कुमार शर्मा	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	मधु कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	भगत विनित श्यामराव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दक्षिणी कश्मीर (जम्मू और कश्मीर) में पुलवामा जिले का त्राल सब-डिवीजन विभिन्न आतंकवादी संगठनों का एक पारंपरिक गढ़ रहा है। हाल के दिनों में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जे-ई-एम) ने उत्तरी त्राल के पहाड़ी क्षेत्र में पकड़ बना ली है और इन पहाड़ियों के घने जंगलों में अपने ठिकाने स्थापित कर लिए हैं। ये घने जंगल और दुर्गम इलाके आतंकवादियों को प्राकृतिक आश्रय प्रदान करते हैं। इन क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाना हमेशा से सैनिकों के लिए कठिन और खतरनाक रहा है।

दिनांक 10 मार्च, 2019 को लगभग 0700 बजे, पुलिस स्टेशन त्राल के अंतर्गत नई बस्ती, पिंगलिश में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में विशेष सूचना के आधार पर सीआरपीएफ की 180वीं बटालियन, सेना, सिविल पुलिस और एसओजी त्राल द्वारा एक घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू किया गया। क्षेत्र की घेराबंदी करते समय, सैनिकों द्वारा कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी गई। तत्परता से कार्रवाई करते हुए, सैनिकों ने भागने के सभी मार्गों को बंद कर दिया और रणनीतिक स्थानों पर अवरोध (कट-ऑफ) लगा दिए।

लगभग 1000 बजे, गांव की घेराबंदी करने के बाद, सेना, सीआरपीएफ और पुलिस की दो संयुक्त सर्च टीमों ने संदिग्ध घरों की तलाशी शुरू कर दी। लगभग 1500 बजे तक, अधिकांश क्षेत्र की तलाशी को पूरा कर लिया गया था और केवल पांच घर तलाशी के लिए बचे थे। लगभग 1600 बजे, सं .095350855 निरीक्षक/जीडी योगेश कुमार शर्मा, 145312419 कांस्टेबल/जीडी मधु कुमार और सं .115255394 कांस्टेबल/जीडी भगत विनित श्यामराव सहित घर की घेराबंदी करने वाले दल ने पोजीशन ली और चतुराई से मोहम्मद आमिन शाह, पुत्र मोहम्मद अमा शाह के दो मंजिला घर को कवर कर लिया। इसके बाद, संयुक्त हाउस सर्च पार्टी ने घर में घुसने की कोशिश की, तभी, अचानक से घर से एक ग्रेनेड फेंका गया और इसके बाद गोलियों की बौछार हुई। निरीक्षक/जीडी योगेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल/जीडी मधु कुमार और कांस्टेबल/जीडी भगत विनित श्यामराव ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और सर्च पार्टी को कवर गोलीबारी प्रदान की।

हाउस सर्च पार्टी तुरंत पीछे हट गई और बीपी शील्ड्स के कवर में वापस लौट आई। आतंकवादी लगातार अपनी पोजीशन बदलकर रुक-रुक कर सैनिकों पर गोलीबारी कर रहे थे और ग्रेनेड फेंक रहे थे। लगभग 1730 बजे, भारी गोलीबारी के बीच, लक्षित घर के लकड़ी के ढ़ांचे में आग लग गई। आग की गर्मी को झेल पाने में असमर्थ, एक आतंकवादी ने खिड़की से भागने की कोशिश की। उसने अपना रास्ता साफ करने के लिए निरीक्षक/जीडी योगेश कुमार शर्मा की पोजीशन की तरफ हैंड ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। सच्चे साहस का प्रदर्शन करते हुए, निरीक्षक/जीडी योगेश कुमार शर्मा ने अपने साथी कांस्टेबल/जीडी मधु कुमार के साथ मिलकर अपनी जान की परवाह किए बिना हमले का जवाब दिया। आतंकवादी के प्रयास को नाकाम करते हुए दोनों ने आतंकवादी पर प्रभावी गोलीबारी की और उसे खिड़की के पास मार गिराया। बाद में, उसकी पहचान जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मुदासिर अहमद खान के रूप में हुई। वह दिनांक 14 फरवरी, 2019 को सीआरपीएफ के काफिले पर पुलवामा हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसमें 40 सीआरपीएफ कार्मिक शहीद हो गए थे।

इस बीच, दूसरी तरफ, दूसरा आतंकवादी लक्षित घर से ग्रेनेड फेंक रहा था और गोलीबारी कर रहा था। उसने अंधाधुंध गोलीबारी करके दरवाजे से भागने की कोशिश की। कांस्टेबल/जीडी भगत विनीत श्यामराव पास ही पोजीशन में थे। तुरंत कार्रवाई करते हुए, उन्होंने आतंकवादी को रोक लिया और उस पर गोलीबारी की। इससे पहले कि आतंकवादी पुन :कोई प्रयास कर पाता, कांस्टेबल/जीडी भगत विनीत

श्यामराव ने कारगर गोलीबारी की और उसे घर के अंदर मार गिराया। बाद में, उसकी पहचान पाकिस्तान निवासी रज्जाक भाई उर्फ खालिद के रूप में हुई।

ऑपरेशन के दौरान, निरीक्षक/जीडी योगेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल/जीडी मधु कुमार और कांस्टेबल/जीडी भगत विनीत श्यामराव ने असाधारण वीरता, सच्चे धैर्य और कर्तव्यों के प्रति सर्वोच्च स्तर की प्रतिबद्धता और समर्पण भावना का प्रदर्शन किया तथा जैश-ए-मोहम्मद के दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराने में सफल रहे। गंभीर विपत्ति के सामने यह अदम्य वीरतापूर्ण कार्य था।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री योगेश कुमार शर्मा, निरीक्षक, मधु कुमार, सिपाही और भगत विनित श्यामराव, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/03/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/46/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 142-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/ वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	शंकर लाल जाट	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	सैय्यद शोएब अहमद	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	केशरी कुमार सिंह	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	शब्बीर अहमद डार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21 मार्च, 2019 को, लगभग 0445 बजे, मीर मोहल्ला हाजिन, बांदीपोरा में खूंखार आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक पुख्ता सूचना प्राप्त होने पर 45 सीआरपीएफ द्वारा एसओजी और 13 आरआर के साथ मिलकर एक ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू किया गया।

योजना के अनुसार, संयुक्त टीमें जल्द ही हाजिन पहुंच गईं और लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी तथा निवासियों को बाहर निकालने के प्रयास किए गए, लेकिन फिर भी आतंकवादियों ने उनमें से कुछ को बंधक बना लिया। तथापि, निर्दोष लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में रखते हुए, सैनिकों ने आतंकवादियों को बंधकों को मुक्त करने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसी बीच, श्री शंकर लाल जाट, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व वाली 45 सीआरपीएफ की एक टीम ने 06 बंधकों को छुड़ा लिया। तथापि, एक घर का मालिक अब्दुल हमीद मीर अपने भतीजे आतिफ अहमद मीर के साथ अभी भी आतंकवादियों के चंगुल में था।

पुन: एक घोषणा के तहत आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने को कहा गया, लेकिन इसके जवाब में, उन्होंने घर के सामने की ओर भारी गोलीबारी की, जहां श्री शंकर लाल जाट, सहायक कमांडेंट की टीम ने पोजीशन ली हुई थी। इसके बाद, सैनिकों ने तुरंत पोजीशन ली और किसी समानान्तर हानि से बचने के लिए नियंत्रित गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की। तथापि, स्थिति का आकलन करने के बाद, श्री शंकर लाल जाट ने आतंकवादियों को बाहर निकलने हेतु मजबूर करने के लिए लक्षित घर के भीतर लॉन्ग रेंज चिल्ली शैल दागे, लेकिन आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की आड़ में अपनी पोजीशन बदलना शुरू कर दिया, परन्तु इस प्रक्रिया में उनकी स्थिति उजागर हो गई।

तुरंत, श्री शंकर लाल जाट, सहायक कमांडेंट और श्री के के सिंह, सहायक कमांडेंट ने अपने साथियों कांस्टेबल सैय्यद शोएब अहमद और कांस्टेबल शब्बीर अहमद डार के साथ विभिन्न दिशाओं से आतंकवादियों पर हमला कर दिया। समन्वय के साथ किया गया जवाबी हमला कारगर साबित हुआ और इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया और दूसरा घायल हो गया, जिससे उसका बंदूक चलाना कुछ समय

के लिए बंद हो गया। इस अवसर का फायदा उठाते हुए, श्री शंकर लाल जाट, अपने साथी कांस्टेबल सैय्यद शोएब अहमद के साथ लक्षित घर में घुस गए और शेष बंधकों को छुड़ा लिया। घायल आतंकवादी घर के भीतर कहीं छिपा हुआ था और वह सैनिकों को दूर रखने के लिए रुक-रुक कर गोलीबारी कर रहा था।

इलाके में शाम होने वाली थी, जो सैनिकों को अपना ऑपरेशन बन्द करने के लिए मजबूर कर रही थी। इसके बाद, आईईडी का इस्तेमाल करके घर को उड़ाने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, लगभग 1740 बजे, लक्षित घर को आईईडी विस्फोट से ढ़हा दिया गया। इसके बाद, श्री शंकर लाल जाट, श्री के के सिंह, कांस्टेबल सैय्यद शोएब अहमद, और कांस्टेबल शब्बीर अहमद डार की एक टीम को एसओजी और 13 आरआर की टुकड़ियों के साथ मिलकर लक्षित घर की तलाशी करने का काम सौंपा गया।

लक्षित घर की तरफ बढ़ते समय, आतंकवादी बाहर निकल आया और उसने सर्च पार्टी पर गोलियों की बौछार कर दी। श्री शंकर लाल जाट, श्री के के सिंह, कांस्टेबल सैय्यद शोएब अहमद, और कांस्टेबल शब्बीर अहमद डार एकदम सामने थे और वे इस हमले में एक चमत्कारी तरीके से बच गए। वे, तुरंत, आगे भागे और सच्चे साहस का प्रदर्शन करते हुए, आतंकवादी पर टूट पड़े और करीबी लड़ाई में, दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में विदेशी आतंकवादियों (एलईटी) के हैदर उर्फ अली भाई और हुबैब उर्फ फुरखान के रूप में हुई, जो कई आम नागरिक की हत्याओं में शामिल थे। 02 एके सीरीज राइफल, 18 मैगजीन, इनका गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद हुई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शंकर लाल जाट, सहायक कमांडेंट, सैय्यद शोएब अहमद, कांस्टेबल, केशरी कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और शब्बीर अहमद डार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/03/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/48/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 143-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	लौकराकपम इबोमचा सिंह	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	फिदा हुसैन डार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	सजाद अहमद भट्ट	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16 अक्टूबर, 2018 को लगभग 2200 बजे, फतह कदल क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई। सीआरपीएफ वैली क्यूएटी द्वारा एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट की कमान के तहत एक संयुक्त ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू किया गया।

दिनांक 17 अक्टूबर, 2018 को 0100 बजे एक घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू किया गया। तलाशी के दौरान, लगभग 0130 बजे, श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट की टीम द्वारा काजी मस्जिद के समीप बैकपैक सहित एके 47 का 3 जिंदा गोला-बारूद बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान, मकान मालिक ने ज्यादा जानकारी नहीं दी और छाती में दर्द एवं बैचेनी की शिकायत करना शुरू

कर दिया। उसका छोटा बेटा उसे अस्पताल में ले गया और बड़े बेटे रईस अहमद हंगा को घर की तलाशी में सैनिकों के साथ रहने के लिए कहा गया। तलाशी के दौरान, जब सैनिक परछत्ती के मुहाने की तरफ बढ़े, तो रईस अहमद ने विभिन्न बहाने बनाते हुए, अंदर जाने से मना कर दिया। तथापि, परछत्ती में गतिविधि की आवाज सुनी गई, जिसने सूचना की पुष्टि कर दी तथा सैनिक में संदेह पैदा कर दिया। इस बीच, आतंकवादियों से आत्मसमर्पण कराने के अनेक प्रयास किए गए, परंतु वे व्यर्थ रहे। अंधेरा होने के कारण, हमले को दिन निकलने तक के लिए टाल दिया गया।

लगभग 0625 बजे, श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में एसओजी के साथ बनाई गई संयुक्त टीमें बैलिस्टिक शील्ड को प्रयोग करते हुए, रईस अहमद हंगा के साथ परछत्ती के मुहाने की और बढ़ीं, लेकिन उसने फिर से मना कर दिया और गुमराह करने की कोशिश की। इस बीच, एसओजी के कांस्टेबल कमल किशोर, परछत्ती के अंदर झांकने के लिए सीढ़ी की ओर बढ़े, लेकिन रईस अहमद हंगा वहां से बाहर भागा और उसने आतंकवादियों को सतर्क कर दिया। आतंकवादियों ने सर्च पार्टी पर एक ग्रेनेड फेंका, और गोलियों की बौछार कर दी। कांस्टेबल कमल किशोर को गोली लगी और वे गिर पड़े। जम्मू और कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल अंगरेज सिंह, सीआरपीएफ के कांस्टेबल/जीडी सजाद अहमद भट्ट और कांस्टेबल/जीडी फेदा हुसैन डार को भी छर्रे की चोटें आईं।

लकड़ी के फर्श से होकर गोलियों की बारिश हुई, और कमरा ग्रेनेड ब्लास्ट के धुएं से भर गया। खतरे को भांपते हुए, श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट ने परछत्ती के अंदर गोली दागी। उनकी कवर गोलीबारी के तहत, सैनिक युक्तिपूर्वक घायल कांस्टेबल/जीडी अंगरेज सिंह के पास पहुंच गए और उसे निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचा दिया। श्री एल इबोम्चा सिंह, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी सजाद अहमद भट्ट और कांस्टेबल/जीडी फेदा हुसैन डार के साथ अपनी पोजीशन पर डटे रहे और उन्होंने आतंकवादियों को परछत्ती के भीतर रोकने के लिए उन पर गोलीबारी की। आतंकवादियों ने श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट और उनके साथी की तरफ एक और ग्रेनेड फेंका, लेकिन वे भूतल पर वापस लौट गए। सटे हुए भवनों में क्यूएटी कार्मिकों को तैनात किया गया था। श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट के निर्देश पर, उन्होंने घर के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रित और लक्षित गोलीबारी शुरू कर दी। तब, श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट और उनके साथी ने लक्षित घर में एमजीएल ग्रेनेड दागे। इसके परिणामस्वरूप, लक्षित घर में आग लग गई। इस बीच, श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट और उनके साथी लक्षित घर से बाहर निकल गए, और उन्होंने पास के एक भवन में पोजीशन ले ली।

जैसे कि प्रत्याशा थी, एक आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाहर आया, खिड़की से कूदा और उसने स्थल से भागने की कोशिश की। तथापि, श्री एल इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी फेदा हुसैन डार ने उसकी गतिविधि को देख लिया तथा सच्चे साहस और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए, उस पर टूट पड़े। बंदूक की एक भीषण लड़ाई में, श्री एल इबोमचा सिंह और कांस्टेबल/जीडी फेदा हुसैन डार ने आतंकवादी को मार गिराया। इस बीच, अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए दो और आतंकवादी दूसरी खिड़की से बाहर कूद गए। कांस्टेबल/जीडी सजाद अहमद भट्ट उस तरफ सतर्क थे। वे अपनी पोजीशन से बाहर निकले और उन्होंने आतंकवादियों पर गोलीबारी की और उनमें से एक को मार गिराया। तीसरे आतंकवादी को भी सैनिकों द्वारा मार गिराया गया। ऑपरेशन दिनांक 17 अक्टूबर,201 8 को लगभग 1400 बजे समाप्त हुआ।

मारे गए तीन आतंकवादियों की पहचान बाद में मलराज-उद-दीन बांगरू (श्रेणी क), फैद मुश्ताक वाजा (श्रेणी ग) और एक ओजीडब्ल्यू रईस हबीब हंगा (सभी लश्कर-ए-तैयबा से) के रूप में हुई। स्थल से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विभिन्न अपराधिक वस्तुओं सहित 1 एके 47 राइफल और 1 चीनी पिस्तौल बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री लौकराकपम इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट, फिदा हुसैन डार, सिपाही और सजाद अहमद भट्ट, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16/10/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/59/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 144-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	प्रभात चन्द्र झा	उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	हरिन्द्र कुमार	कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	जितेंद्र कुमार गुप्ता	कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	रबि नारायण स्वाईं	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	पवन कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	पंचम सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 सितंबर, 2018 को, सीआरपीएफ को झज्जर कोटली, जम्मू के पास 3 विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में जानकारी प्राप्त हुई थी। तदनुसार, सीआरपीएफ, राज्य पुलिस, और सेना द्वारा उनके सीमांकित क्षेत्रों में एक संयुक्त सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन शुरू किया गया। सैनिकों ने सभी संभावित स्थानों की तलाशी ली, लेकिन आतंकवादियों का पता नहीं लगा सके।

दिनांक 13 सितंबर, 2018 को 1055 बजे, सैनिकों को धीरती गांव में, एक घर में तीन विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विशेष जानकारी मिली। तुरंत ही, 6 और 187 सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम, राज्य पुलिस के साथ स्थल की ओर रवाना हो गई। घर के मालिक ने सुरक्षा बल को सूचना दी थी और वह गांव के बाहर उनका इंतजार कर रहा था। गांव में पहुंचने के बाद, कमांडरों ने आतंकवादियों और घर के बारे में तथ्यों की पुष्टि की। लक्षित घर में दक्षिण दिशा की ओर एकमात्र प्रवेश द्वार और लोहे की ग्रिल-लगी एक खिड़की थी। सूचना के अनुसार, भारी मात्रा में हथियारों से लैस तीन आतंकवादी घर के अंदर मौजूद थे।

श्री हरिन्द्र कुमार, कमांडेंट, 187 सीआरपीएफ और श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, कमांडेंट, 6 सीआरपीएफ के नेतृत्व में दो असॉल्ट टीमों को लक्षित घर की तलाशी लेने का कार्य सौंपा गया। तलाशी शुरू करने से पहले, सैनिकों द्वारा सामरिक स्थलों/भागने के संभावित रास्तों को कवर कर लिया गया। घर की ओर जाने वाला रास्ता एक खुला क्षेत्र था, जहां पर गोलियों से बचने के लिए बहुत कम या कोई भी कवर नहीं था। लक्षित घर की ओर आगे बढ़ना एक घातक कदम हो सकता था, क्योंकि आतंकवादी भारी मात्रा में हथियारों से लैस थे और वे घर की ओर जाने वाले रास्ते पर साफ नजर रखे हुए थे।

श्री हरिन्द्र कुमार, कमांडेंट और श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, कमांडेंट, श्री हर्षपाल सिंह, डिप्टी कमांडेंट के साथ मिलकर पश्चिम की तरफ से लक्षित घर की ओर बढ़े। जब असॉल्ट टीमें लक्षित घर के समीप लगभग 100 मीटर दूर तक पहुंचीं, तो आतंकवादी ने सुरक्षा बल की मौजूदगी को देखा और उनकी ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने तुरंत पोजीशन ले ली, लेकिन स्पष्ट दृश्यता की कमी के कारण, वे आतंकवादियों को निशाना बनाने में असमर्थ थे। असॉल्ट पार्टी कमांडरों ने जल्दी से स्थिति का विश्लेषण किया और आगे बढ़ना जारी रखने का फैसला किया। श्री हर्षपाल सिंह, डिप्टी कमांडेंट, आगे बढ़ने के लिए नेतृत्व हेतु स्वेच्छा से आगे आए। गोलियों की बौछार के बीच, वे अपने साथी कांस्टेबल/जीडी जाकेर के साथ असॉल्ट टीमों की कवर गोलीबारी की सहायता से रेंगते हुए लक्षित घर की ओर बढ़े। असॉल्ट टीमें, चुपके से लक्षित घर के करीब, लगभग 15/20 मीटर की दूरी पर पहुंच गईं।

श्री हर्षपाल सिंह, डिप्टी कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी जाकेर ने एक जोखिम भरा कदम उठाया, जिसमें उन्होंने अपना कवर छोड़ दिया और आतंकवादियों को और अधिक प्रभावशाली तरीके से उलझाने के लिए पास के एक पेड़ के पीछे पोजीशन ले ली। इस जोड़ी ने, अत्यधिक जानलेवा परिस्थितियों में, आतंकवादियों पर धावा बोल दिया और एक को मार गिराया तथा दूसरे को घायल कर दिया। तथापि, बंदूक की लड़ाई में, उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हे वहां से निकालना पड़ा।

इस बीच, श्री पीसी झा, उप महानिरीक्षक भी स्थल पर पहुंच गए और बंदूक की इस लड़ाई में शामिल हो गए। उन्होंने, अपने साथी के साथ, लक्षित घर के दक्षिण पूर्व की ओर पोजीशन ले ली। इस बीच, आतंकवादी लगातार सैनिकों की ओर गोलीबारी कर रहे थे और हैंड ग्रेनेड फेंक रहे थे। श्री पीसी झा, उप महानिरीक्षक ने असॉल्ट टीमों को यूबीजीएल का उपयोग करके ग्रेनेड दागने का निर्देश दिया। तदनुसार, हेड कांस्टेबल/जीडी पवन कुमार और कांस्टेबल/जीडी पंचम सिंह ने यूबीजीएल से लगातार ग्रेनेड दागे और आतंकवादी गोलीबारी को बंद कर दिया। इस अवसर का उपयोग करते हुए, कमांडेंट श्री हरिन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल/आरओ आर एन स्वाईं और हेड कांस्टेबल/जीडी पवन कुमार के साथ आगे बढ़े और एक पेड़ के पास पोजीशन ले ली; जहां से श्री हर्षपाल सिंह, डिप्टी कमांडेंट ने आतंकवादियों पर हमला किया था। श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता, कमांडेंट भी अपनी छोटी टीम के साथ उनके साथ मिल गए और हमले को तेज कर दिया। इस बीच, श्री पीसी झा, उप महानिरीक्षक ने आतंकवादियों को उलझाए रखा।

आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी को श्री पीसी झा, उप महानिरीक्षक की ओर मोड़ दिया। उन्होंने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और हैंड ग्रेनेड फेंके। तथापि, श्री पीसी झा, उप महानिरीक्षक घातक खतरे से डिगे बिना, अपनी पोजीशन पर जमे रहे और हमले का जवाब दिया। इसके बाद, एक तरफ से श्री हरिन्द्र कुमार, कमांडेंट, हेड कांस्टेबल/आरओ आरएन स्वाईं, हेड कांस्टेबल/जीडी पवन कुमार और श्री जितेंद्र

कुमार गुप्ता, कमांडेंट द्वारा तथा दूसरी तरफ से श्री पीसी झा, उप महानिरीक्षक द्वारा एक जोरदार हमला किया गया। सैनिकों द्वारा दोनों तरफ से किए गए दुस्साहसिक हमले के परिणामस्वरूप एक और आतंकवादी मार गिराया गया। तीसरे आतंकवादी को भी गोली लगी, लेकिन वह मक्के की घनी फसल से होकर घर से भागने में सफल रहा। तथापि, 137 सीआरपीएफ, पुलिस और सेना की घेराबंदी टीमों द्वारा उसे मार गिराया गया। सैनिकों ने तीन एके राइफलों, एक ग्लॉक पिस्तौल तथा गोला-बारूद और विस्फोटकों के बड़े जखीरे के साथ जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकवादियों (सभी पाकिस्तानी) के शव बरामद किए।

सीआरपीएफ के सैनिकों की अद्वितीय बहादुरी के चलते, किसी अतिरिक्त क्षति के बिना, तीनों आतंकवादियों को मार गिराया गया। अत: ये स्पष्ट और प्रत्यक्ष मृत्यु के समक्ष अदम्य वीरता, मुकाबला करने की अदम्य भावना, निस्वार्थ समर्पण भावना और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा के उदाहरण हैं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री प्रभात चन्द्र झा ,उप महानिरीक्षक ,हरिन्द्र कुमार ,कमांडेंट, जितेंद्र कुमार गुप्ता, कमांडेंट, रबि नारायण स्वाईं, हेड कांस्टेबल, पवन कुमार, हेड कांस्टेबल और पंचम सिंह ,सिपाही ने अदम्य वीरता ,साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/09/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/68/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 145-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	राजेश कुमार	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	संजीव कुमार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	महेंद्र कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	नंद किशोर	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	पंकज कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
6	दुर्गा प्रसाद यादव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21 दिसंबर, 2018 को, अवंतीपोरा-पुलिस स्टेशन, जिला पुलवामा, (जम्मू और कश्मीर) के अधीन आरामपोरा और शाहबाद क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध में पुलिस से सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 130 सीआरपीएफ, एसओजी और 42 आरआर द्वारा 2235 बजे, एक संयुक्त सीएएसओ शुरू किया गया। संदिग्ध घर की अच्छी तरह से तलाशी ली गई, लेकिन आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर गांव से भाग निकलने में सफल हो गए और 2320 बजे ऑपरेशन को बंद कर दिया गया।

इसके बाद, सैनिकों को फिर से गांव-आरामपोरा के बाहरी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। फिर से, श्री राजेश कुमार,-2 आई/सी के नेतृत्व में 130 सीआरपीएफ, एसओजी और 42 आरआर द्वारा तड़के एक संयुक्त सीएएसओ शुरू किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा संदिग्ध क्षेत्र के चारों ओर एक मजबूत घेराबंदी डाली गई। घेराबंदी के क्षेत्र के अंदर एक छोटी सी पहाड़ी थी। इसके बगल में एक छोटा मौसमी नाला था, जो कि एक बाग और गांव के बाहरी इलाके से होकर गुजरता था। सूचना के अनुसार, आतंकवादियों के इस पहाड़ी में छिपे होने की आशंका थी।

श्री राजेश कुमार, 2-आई/सी ने साथी कमांडरों के साथ एक कार्रवाई योजना बनाई और सैनिकों को तीन टीमों में बांटा तथा गंभीरता को भांपते हुए, टीम 1 का नेतृत्व करने का फैसला किया, जबकि निरीक्षक/जीडी संजीव कुमार टीम 2 का नेतृत्व कर रहे थे और टीम 3 को रिजर्व के रूप में पर रखा गया था। इसके बाद, सीआरपीएफ की टीमें (1 और 2) पुलिस और 42 आरआर के साथ, चतुराई से छुपने वाली जगह की ओर आगे बढ़ीं। सीआरपीएफ की टीमें जिस तरफ से आगे बढ़ रहीं थीं, वह एक खुला क्षेत्र था और अधिक दुर्गम था। नेतृत्व के वास्तविक गुण का प्रदर्शन करते हुए, श्री राजेश कुमार, 2-आई/सी ने इस क्षेत्र से होकर गुजरते समय सामने से टीम 1 का नेतृत्व किया और टीम 2 को अपने दाहिने फ्लैंक पर साथ-साथ चलने का निदेश दिया।

लगभग 0830 बजे, जब टीम 1 छिपने के संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ रही थी, एक आतंकवादी, जो कि संतरी के रूप में तैनात था, ने अंधाधुंध गोलाबारी शुरू कर दी और वह धान के खुले खेत से होते हुए पास के पेट्रोल पंप की ओर भाग गया। श्री राजेश कुमार, -2आई/सी ने अपने साथी कांस्टेबल/जीडी दुर्गा प्रसाद यादव के साथ, आतंकवादी का पीछा किया। गोलियों की बौछार के बीच, इस जोड़ी ने भागते हुए आतंकवादी को रोका और आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई में उसे मार गिराया। इस बीच, गोलियों की आवाज सुनकर एक अन्य आतंकवादी छिपने वाली जगह से बाहर आया और उसने सीआरपीएफ की टीम, जो कि एक खुले मैदान में थी, पर गोलीबारी शुरू कर दी।

गोलियों की बौछार से जोखिम होने के बावजूद, श्री राजेश कुमार, -2आई/सी ने अपनी टीम के साथ छिपने वाली जगह की ओर बढ़ना जारी रखा। आतंकवादी प्रभुत्व वाली पोजीशन में थे और चढ़ाई की तरफ उन्हें निशाना बनाना कठिन था। लेकिन पुन:, श्री राजेश कुमार, -2 आई/सी स्थिति का मुकाबला करने के लिए आगे आए और कांस्टेबल/जीडी दुर्गा प्रसाद यादव की कवर गोलीबारी के तहत, गोलियों की बौछार के बीच रेंगते हुए चढ़ाई पर आगे बढ़े। आतंकवादियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए उनकी तरफ ग्रेनेड फेंके, जोकि कुछ दूरी पर फट गए। श्री राजेश कुमार, -2आई/सी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और जीवन की परवाह न करते हुए, अत्यंत वीरता का प्रदर्शन किया और कांस्टेबल/जीडी दुर्गा प्रसाद यादव के साथ आतंकवादी पर धावा बोल दिया। दोनों ने दिमाग-झकझोड़ देने वाली बंदूक की लड़ाई में दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया।

चूंकि, आतंकवादियों की पोजीशन की पुष्टि हो गई थी, श्री राजेश कुमार, -2आई/सी ने निरीक्षक/जीडी संजीव कुमार को अपनी टीम 2 के साथ छिपने वाली जगह की ओर तेजी से बढ़ने का निदेश दिया। सैनिकों को अपनी ओर आगे बढ़ता देखकर, अचानक ही एक आतंकवादी छिपने वाली जगह से बाहर आ गया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने तुरंत पोजीशन ले ली और टीम 1की कवर गोलीबारी की आड़ में छिपने वाली जगह के पास पहुंच गए। एक उपयुक्त अवसर पर, निरीक्षक/जीडी संजीव कुमार ने अपने साथी हेड कांस्टेबल/जीडी महेंद्र कुमार के साथ आतंकवादी पर धावा बोल दिया और उसे मार गिराया। इस बीच, हेड कांस्टेबल/जीडी नंद किशोर और कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार ने एक और आतंकवादी को छिपने वाली जगह से बाहर आते हुए देखा। इससे पहले कि आतंकवादी हमला कर पाता, दोनों ने धावा बोल दिया और उसे मौके पर ही मार गिराया। इसके बाद, 02 और आतंकवादियों, जो नाले से गोलीबारी कर रहे थे, को अन्य सैनिकों द्वारा लड़ाई में उलझा लिया गया और इसके बाद उन्हें मार गिराया गया तथा लगभग 0945 बजे गोलीबारी बंद हो गई।

तलाशी के दोरान सैनिकों ने चार एके राइफल, दो पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड और अन्य आपराधिक वस्तुओं सहित छ :आतंकवादियों के शव बरामद किए, जिनकी पहचान बाद में सलेह मोहम्मद अखून (एजीयूएच का डिप्टी चीफ), रासिक अहमद मीर, रौफ मीर, उमर रमजान, नदीम सोफी और फैसल जाविद खानडे के रूप में हुई।

आतंकवादियों के साथ इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण बंदूक की लड़ाई के दौरान, श्री राजेश कुमार, -2आई/सी के नेतृत्व में 130वीं बटालियन, सीआरपीएफ के सैनिकों ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अतुलनीय साहस का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री राजेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी , संजीव कुमार, निरीक्षक, महेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल, नंद किशोर, हेड कांस्टेबल, पंकज कुमार, सिपाही और दुर्गा प्रसाद यादव, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/12/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/79/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 146-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/ वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	कोमल सिंह	उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	अम्बिका यादव	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	महेश पिल्लै आर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	गुलाम रसूल लोन	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29 मई, 2015 को मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर, सीआरपीएफ और एसपी बीजापुर से गांव बेछापाल, कोंडापाल, हकवा, फुलादी, पोमरा और मोसला, जो कि जिला बीजापुर के दो पुलिस स्टेशनों अर्थात मिरतूर और गंगलूर के अंतर्गत आते हैं, के सामान्य क्षेत्र में, प्रमुख माओवादी नेताओं की बड़ी संख्या में कैडर के साथ मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई।

तदनुसार, पुलिस के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक बीजापुर, ऑप्स रेंज ने दो दिन और एक रात के ऑपरेशन की योजना बनाई। इसके बाद, सीआरपीएफ, डीआरजी और एसटीएफ के 07 दल अलग-अलग 07 बेस कैंपों से निकल पड़े और 02 जून, 2015 को ऑपरेशन शुरू किया गया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, श्री कोमल सिंह ने डीआरजी/एसटीएफ सहित अपनी स्पेशल एक्शन टीम (एसएटी) के साथ ऑपरेशन का नेतृत्व करने का फैसला किया।

श्री कोमल सिंह अपने सैनिकों के साथ मिरतूर पुलिस स्टेशन पहुंचे और स्थानीय स्रोतों से सूचना की पुष्टि की। इसके बाद, उन्होंने सैनिकों को दो टीमों में बांटा और वे पैरलल फॉरमेशन में लक्षित क्षेत्र की ओर चल पड़े तथा बेछापाल गाँव के समीप पहुंच गए। जब गांव की घेराबंदी करते हुए, सैनिक गांव के पीछे एक नाले को पार कर रहे थे, तभी पहाड़ी बनावट से सटे नाले की दूसरी तरफ से श्री कोमल सिंह की टीम पर भारी अंधाधुंध गोलीबारी हुई।

सैनिकों ने तुरंत पोजीशन ले ली और जवाबी कार्रवाई की, लेकिन यह कारगर साबित नहीं हुआ क्योंकि, माओवादी लाभ वाली तथा अच्छी तरह से जमी हुई पोजीशनों से गोलीबारी कर रहे थे। श्री कोमल सिंह अपनी टीम के साथ, घात में फंस गए और उनके लिए टिके रहना मुश्किल होता जा रहा था, क्योंकि माओवादी आक्रामक तरीके से गोलीबारी कर रहे थे। परंतु, नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन करते हुए, श्री कोमल सिंह ने फ्लैंकिंग पलटवार (काउंटर अटैक) शुरू करने का निडर और साहसिक निर्णय लिया।

श्री कोमल सिंह ने अपने सैनिकों को उन्हें कवर गोलीबारी प्रदान करने का निदेश दिया और गोलियों की बौछार के बीच वे अपने साथी सहायक उप निरीक्षक/जीडी अम्बिका यादव के साथ माओवादियों पर भारी गोलीबारी करते हुए तेजी से उनकी तरफ चल पड़े। दोनों निडर होकर आगे बढ़े और उन्होंने नाले को पार किया। एक सामरिक पोजीशन लेते हुए, उन्होंने साथी सैनिकों को नाला पार करने के लिए कवर गोलीबारी प्रदान की। इस बीच, दल के कमांडर के निदेश पर, कांस्टेबल/जीडी महेश पिल्लै और कांस्टेबल/जीडी गुलाम रसूल लाभ वाली स्थिति हासिल करने के लिए नाले के पुश्ते पर चढ़ गए और उन्होंने माओवादियों पर भारी गोलीबारी की। उपर्युक्त जोड़ी की कवर गोलीबारी के तहत, श्री कोमल सिंह सहायक उप निरीक्षक/जीडी अम्बिका यादव के साथ और आगे बढ़ गए तथा जवाबी हमले को और अधिक तेज कर दिया।

सैनिकों के इस दुस्साहसिक पलटवार ने माओवादियों की ताकत को तोड़ दिया और उनके बीच खलबली मच गई। वे भारी गोलीबारी करते हुए स्थल से पीछे हट गए। श्री कोमल सिंह ने अपने सैनिकों के साथ, अपनी जान की परवाह किए बिना, आक्रामक ढंग से उनका पीछा किया। तथापि, माओवादी जंगल और भागने के जाने-पहचाने मार्गों का फायदा उठाकर भाग गए। इसके बाद, क्षेत्र की अच्छी तरह से तलाशी ली गई और 315 बोर की राइफल, गोला बारूद, हैंड ग्रेनेड, वायरलेस संचार सेट और अन्य अपराधिक वस्तुओं सहित एक माओवादी का शव बरामद किया गया।

यह सावधानीपूर्वक तैयार की गई योजना, अनुकरणीय नेतृत्व और निस्वार्थ टीम वर्क का एक आदर्श उदाहरण है। श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक, ने सहायक उप निरीक्षक/जीडी अम्बिका यादव के साथ अत्यंत सूझ-बूझ, ठोस सामरिक कौशल और अदम्य वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया। ऑपरेशन के दौरान कांस्टेबल/जीडी महेश पिल्लै और कांस्टेबल/जीडी गुलाम रसूल ने भी असाधारण वीरता, निस्वार्थ टीम भावना और समर्पण का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक, अम्बिका यादव, सहायक उप निरीक्षक, महेश पिल्लै आर, सिपाही और गुलाम रसूल लोन, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02/06/2015 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/87/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 147-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद युसुफ इतू	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	शाहिद हुसैन	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 अगस्त, 2019 को, लगभग 1900 बजे, बारामुला के पुराने कस्बे के गनी हमाम मुहल्ले में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 53सीआरपीएफ, 46आरआर और एसओजी बारामुला द्वारा सम्मिलित रूप से आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया।

संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी और संदिग्ध घरों की तलाशी करना शुरू कर दिया। तलाशी के दौरान, आतंकवादियों ने सर्च पार्टी के ऊपर कई ग्रेनेड फेंके और अंधाधुंध गोलाबारी शुरू कर दी। सैन्य दस्ते ने तुरंत अपनी पोजीशन ले ली और जवाबी कार्रवाई की। इसी बीच, आस-पास के इलाकों से एक हिंसक भीड़ आस-पास इकट्ठा होने लगी और उसने ऑपरेशन में व्यवधान उत्पन्न करने के लिए सैन्य दस्तों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। उस हिंसक भीड़ से निपटने के लिए अतिरिक्त सैन्य दस्तों को बुलाया गया।

इस बीच, आतंकवादियों ने बचकर भाग निकलने की कोशिश की और वहां पर हुई बंदूक की लड़ाई में एसओजी तथा आरआर के 04 कार्मिक घायल हो गए। चूंकि, आतंकवादी रणनीतिक दृष्टि से लाभदायक स्थिति में थे, इसलिए लक्षित घर से घायल कार्मिकों को बाहर निकालना बहुत मुश्किल था। इस नाजुक मौके पर, सीआरपीएफ के सैन्य दस्ते ने अपनी क्षमता एवं साहस का प्रदर्शन किया और लक्षित घर में प्रवेश करने के लिए स्वेच्छा से आगे आया, ताकि घायल कार्मिकों को बाहर निकाला जा सके तथा आतंकवादियों को भी ढेर किया जा सके।

तदनुसार, एसओजी के दो कार्मिकों समेत, 53 सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहम्मद युसुफ इतू और कांस्टेबल/जीडी शाहिद हुसैन ने गोलियों की बौछार के बीच लक्षित घर में प्रवेश किया और 3 घायल जवानों को बाहर निकाल लिया। चौथा घायल जवान दूसरी मंजिल में फंसा हुआ था और पहले प्रयास में उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। संयुक्त टीम ने उसे बाहर निकालने के लिए कई बार प्रयास किया, परंतु वे आतंकवादियों की ओर से की जा रही भारी जवाबी कार्रवाई के कारण सफल नहीं हो सके और मुठभेड़ रात भर चलती रही।

अंतत:, बिल्डिंग में प्रवेश करने के लिए पुन: प्रयास करने और आतंकवादियों का सफाया करने का निर्णय लिया गया। एक साहसिक और खतरनाक कदम उठाते हुए, संयुक्त टीम ने पास के घर की छत से लक्षित घर में प्रवेश किया। अपने आप को आसन्न खतरे में डालते हुए और अपनी जान की परवाह किए बिना, सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहम्मद युसूफ इतू और कांस्टेबल/जीडी शाहिद हुसैन ने ऊपरी मंजिल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को उलझा दिया। भयंकर नजदीकी लड़ाई में, उन्होंने युद्ध में निपुण आतंकवादी को मार गिराया और साथ ही चौथे जवान को बाहर निकाल लिया, लेकिन दुर्भाग्यवश उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

सैन्य दस्ते ने आतंकवादी का शव बरामद किया, जिसकी पहचान जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मोमिन रसूल गोजरी (उम्र लगभग 22 वर्ष) पुत्र गनी रसूल गोजरी, निवासी ओल्ड टाउन, बारामुला के रूप में की गई और 01 पिस्तौल, उससे संबंधित गोला-बारूद तथा अन्य सामग्रियां भी बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में, 53सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहम्मद युसुफ इतू और कांस्टेबल/जीडी शाहिद हुसैन ने अपूर्व साहस, पहल और समर्पण तथा अपनी निर्धारित ड्यूटी से भी अधिक बहादुरी का प्रदर्शन किया तथा एसओजी के 03 साथी जवानों को बचाया और साथ ही आतंकवादी का भी सफाया किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मोहम्मद युसुफ इतू ,सहायक उप निरीक्षक और शाहिद हुसैन, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/08/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/167/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 148-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	बृजभान सिंह	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	आकाश कुमार बादल	उप – निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	रूमी कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	मो. शबीर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31 मई, 2019 को, लगभग 1300 बजे, नानेर गांव, अवंतीपोरा के गनी मोहल्ला में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा से प्राप्त सूचना के आधार पर, 180 सीआरपीएफ, एसओजी (+जेकेपी) और 42 आरआर द्वारा एक घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) शुरू किया गया।

जैसे ही सैन्य दस्ता गनी मोहल्ला में पहुंचा, आरआर की टीम को भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन पर ग्रेनेड भी फेंके गए। इसके साथ ही, आस-पास के इलाके से भीड़ इकट्ठा होने लगी और उसने ऑपरेशन को रोकने का प्रयास किया, परन्तु सैन्य दस्तों ने उन्हें प्रभावी रूप से तितर-बितर कर दिया। तत्पश्चात, एक संयुक्त टीम बनाई गई और यथोचित सावधानी बरतते हुए संदिग्ध घरों की तलाशी शुरू की गई। सैन्य दस्तों ने केवल एक घर को छोड़कर, जिसका मालिक गुलाम कादिर गनी पुत्र मोहम्मद सुल्तान गनी था, सभी घरों की तलाशी की, परंतु उसे वहां कुछ भी नहीं मिला। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर, सैन्य दस्ते को पता चला कि उस विशिष्ट घर में कुछ अज्ञात आतंकवादी मौजूद हैं।

इसके बाद, पुलिस ने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का परामर्श देते हुए एक उद्घोषणा की, परन्तु आतंकवादियों ने इसके जवाब में गोलियों की बौछार कर दी। सैन्य दस्तों ने तत्काल पोजीशन ले ली और प्रभावी रूप से जवाबी कार्रवाई की। चूंकि आतंकवादी घर के अंदर किलेबंद स्थिति में थे ,इसलिए उनका सफाया करने के लिए एमजीएल का प्रयोग करने का निर्णय लिया गया। वहां पर एक दो मंजिला घर था और उसके पूर्वी और उत्तरी दिशाओं में एक मस्जिद थी ,जिसकी वजह से लक्षित घर दिखाई नहीं देता था। संयुक्त टीम ने इन दोनों ऊंची इमारतों पर ही एक मजबूत हमलावर बेस बना लिया और लक्षित घर की सामने वाली खिड़की को निशाना बनाते हुए एमजीएल फायर कर दिया। तत्काल ही, आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी और यूबीजीएल फायर करते हुए इसका जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान घर के भूतल में आग लग गई और तेजी से घर के अन्य हिस्सों में फैल गई।

लगभग 1800 बजे, अचानक सेना की वर्दी में दो सशस्त्र आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए लक्षित घर से बाहर निकले और घेराबंदी को तोड़ने के लिए मुख्य दरवाजे की तरफ भागे। अपने साथी कांस्टेबल/जीडी रूमी कुमार के साथ निरीक्षक/जीडी बृजभान सिंह ने एक आतंकवादी को अपनी ओर आते हुए और अपने मोर्चे पर गोलीबारी करते हुए देखा। उन दोनों ने आतंकवादियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के बावजूद अपना मोर्चा संभाल लिया और हमले का जवाब दिया। अनुकरणीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने बिल्कुल नजदीक से बंदूकों की भीषण लड़ाई में उस आतंकवादी को मार गिराया। इसी बीच, दूसरे आतंकवादी, जो घर के सामने की तरफ से भागने की कोशिश कर रहा था, को भी उप- निरीक्षक/जीडी आकाश कुमार बादल और उनके साथी कांस्टेबल/जीडी शबीर अहमद द्वारा बीच रास्ते में रोक लिया गया। उन दोनों ने अपने जीवन की परवाह किए बिना आतंकवादी से सीधा मुकाबला किया और उसे मार गिराया।

मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, सैन्य दस्ते ने दो आतंकवादियों के शव बरामद किए, जिनकी पहचान बाद में जैश–ए–मोहम्मद के यावर अहमद नजर और जुनैद अहमद वागे के रूप में की गई और साथ ही 01 एके 56 राइफल, 01 एके 47 राइफल, 04 एके मैगजीनें, गोलाबारूद और अन्य सामग्री भी बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री बृजभान सिंह, निरीक्षक, आकाश कुमार बादल, उप–निरीक्षक, रूमी कुमार, सिपाही और मो. शबीर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31/05/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/176/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 149-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	नारागंटी दुर्गापती	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	कार्तिक के.	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	बृजानंद कुमार सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	संदीप शर्मा	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन गंगलूर, जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत गांव पुसनार के सामान्य क्षेत्र में गंगलूर एलओएस कमांडर दिनेश के नेतृत्व में सीपीआई माओवादी कैडरों के एक समूह और पुलिस स्टेशन गंगलूर के अंतर्गत मुतुवंडी के सामान्य क्षेत्र में राकेश कोसरा, कमाण्डर, गंगलूर एरिया कमेटी तथा मिलिट्री कंपनी नं. 2 के नेतृत्व में एक अन्य समूह की मौजूदगी के बारे में डीआईजी बीजापुर ऑपरेशन रेंज और पुलिस अधीक्षक बीजापुर से एक खुफिया सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, पुलिस स्टेशन गंगलूर, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत पुसनार, मलूर, हिरमागुंडा, इरसामेट्टा, कवादगांव, कुरूस और मुतुवंडी गांवों के सामान्य क्षेत्र में 2 दिन और 2 रात के लिए एक संयुक्त ''तलाशी और विध्वंस ऑपरेशन'' की योजना बनाई गई। सहायक कमांडेंट श्री नरपत और श्री कार्तिक के. के नेतृत्व में राज्य पुलिस और डीआरजी की टीमों के साथ 204 कोबरा की दो टीमों को ऑपरेशन चलाने का कार्य सौंपा गया।

सभी अवसरों और खतरों का मूल्यांकन करने के पश्चात, संयुक्त टीमें दिनांक 04 जनवरी, 2018 को 2200 बजे गंगलूर स्थित बेस कैंम्प से रात के अंधेरे में रवाना हुईं। पूरी रात घने जंगल से होते हुए और अपनी गतिविधि की गोपनीयता को बनाए रखते हुए, संयुक्त टीमें सुबह होने से पहले ही गांव कवादगांव के नजदीक स्थित जंगल में पहुंच गईं। तत्पश्चात, सहायक कमांडेंट श्री नरपत और श्री कार्तिक के. ने योजना के अनुसार गांव कवादगांव और मुतुवंडी के दक्षिण में 3 अलग-अलग स्थानों पर 3 पार्टियों को तैनात कर दिया और दो कोबरा टीमों के साथ घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन चलाने के लिए मुतुवंडी गांव की ओर रवाना हो गए। लगभग 0730 बजे, जब टीमें अपने लक्ष्य के नजदीक एक पहाड़ी को पार कर रही थीं, तभी टीम संख्या 6 के स्काउट, कांस्टेबल/जीडी दुर्गापति को पहाड़ी की चोटी पर कुछ संदिग्ध गतिविधि का आभास हुआ। तत्काल ही, वह एक कवर के पीछे छिप गए और जैसे ही उन्होंने आगे संदिग्ध खतरे के बारे में टीमों को हाथ से इशारा किया, उन पर गोलियों की बौछार हो गई और उसके बाद टीम के अन्य सदस्यों की तरफ स्वचालित और अर्ध-स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी की गई। घात का समय से पता चल जाने और टीम के सदस्यों द्वारा तत्काल कार्रवाई करने से एक ऐसा दिन टल गया कि जब गोलीबारी में कोई भी जवान घायल नहीं हुआ। कांस्टेबल/जीडी एन. दुर्गापति की पैनी नजर ने टीम को माओवादियों की घात का शिकार होने और प्राणघातक क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक लिया। श्री कार्तिक के., सहायक कमांडेंट, जो टीम का नेतृत्व कर रहे थे, ने सैन्य दस्तों को जवाबी हमला करने का आदेश दिया ताकि माओवादियों को निशाना लगाकर गोलीबारी करने से रोका जा सके और साथ ही माओवादियों की वास्तविक स्थिति का पता

लगाने के लिए कुछ समय मिल सके। जैसे ही उन्हें घात के खुले क्षेत्र का पता चला, वे उप-निरीक्षक/जीडी बृजानंद कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी एन. दुर्गापति के साथ निरंतर गोलीबारी वाले क्षेत्र से लाभ की स्थिति वाली जगह की ओर चले गए।

एक बार रणनीतिक स्थान मिल जाने पर, श्री कार्तिक के., सहायक कमांडेंट, उप-निरीक्षक/जीडी बृजानंद कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी एन. दुर्गापति ने एक एक नया मोर्चा खोल दिया और माओवादियों पर भारी गोलीबारी की। खुले क्षेत्र में एक नया मोर्चा खुल जाने से माओवादियों का साहस कुछ समय के लिए क्षीण हो गया और कुछ माओवादी उस क्षेत्र को कवर करने के लिए चले गए। खाली जगह और नए सृजित गैप का फायदा उठाते हुए, कांस्टेबल/जीडी संदीप शर्मा, जिन्हें अब तक आगे बढ़ने में कठिनाई हो रही थी, अपने ऊपर हो रही भारी गोलीबारी के बावजूद चतुराई से माओवादी के नजदीक पहुंच गए और अपने स्वचालित हथियार से उन पर गोलियों की बौछार करके कहर बरपा दिया। उनके साहस और हिम्मत ने उनकी टीम के सदस्यों में जोश भर दिया और उन्होंने भी आगे बढ़ने के लिए जोखिम उठाना शुरू कर दिया। सैन्य दस्तों के तेजी से आगे बढ़ने की वजह से माओवादियों का मनोबल गिर गया और उनके विभिन्न रैंकों के बीच अफरा-तफरी मच गई। इसका फायदा उठाते हुए, श्री कार्तिक के., सहायक कमांडेंट, उप-निरीक्षक/जीडी बृजानंद कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी एन. दुर्गापति की तिकड़ी अपने कवर से बाहर आ गई और रेंगते हुए माओवादियों की पोजीशन के नजदीक पहुंच गई तथा नजदीकी लड़ाई में एक माओवादी को मार गिराया। उस क्षेत्र में सुरक्षा में कमी होने और लगातार दो दिशाओं से सैन्य दस्तों के आगे बढ़ने तथा गोलियां लगने से उनके कुछ कैडरों के घायल हो जाने के कारण, माओवादियों का मनोबल टूट गया और वे रुक-रुक कर गोलीबारी करते हुए शीघ्र पीछे हटने के लिए मजबूर हो गए। श्री कार्तिक के., सहायक कमांडेंट और उनकी छोटी टीम ने माओवादियों की तरफ से की जा रही जवाबी गोलीबारी के बावजूद 1 किमी. तक उनका पीछा किया।

पुन: संगठित होने और मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, सैन्य दस्तों ने काली वर्दी में 2 सीपीआई माओवादियों नामत: ओराम क्रान्ति उर्फ शान्ति पूनम उर्फ कर्ण (23 वर्ष, महिला) निवासी गांव सावनार, सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) कैडर, मिलिटरी कम्पनी नं. 2 की कार्यकर्ता और दोदी बुधराम उर्फ राजू हेमला उर्फ सुधा (23 वर्ष, पुरूष) निवासी गांव सावनार, एलओएस कमांडर और गंगलूर एरिया कमेटी के सदस्य के शव बरामद किए और साथ ही एक .303 राइफल, एक 12 बोर की बन्दूक, एक पिस्तौल, गोलाबारूद और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं। मुठभेड़ स्थल और भाग निकलने के रास्ते पर खून के कई धब्बे भी देखे गए, जिससे यह पता चला कि भीषण मुठभेड़ के दौरान कई और माओवादी घायल हुए हैं।

204 कोबरा के सहायक कमांडेंट, श्री कार्तिक के. ने माओवादियों को ढेर करने और घटनास्थल से हथियार, गोलाबारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद करने में गंभीर खतरे के समक्ष अपनी जान को जोखिम में डालते हुए असाधारण नेतृत्व क्षमता, अत्यधिक दृढ़ता और वास्तविक शौर्य का प्रदर्शन किया। माओवादियों के मजबूत आक्रमण से विचलित हुए बिना, उन्होंने अपने सैन्य दस्ते का सामने से नेतृत्व करते हुए लगातार गोलीबारी की और माओवादियों के समक्ष अपने मृत कैडरों का शव वहीं पर छोड़कर भागने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं बचा। इसी प्रकार, उप-निरीक्षक/जीडी बृजानंद कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी संदीप शर्मा तथा कांस्टेबल/जीडी एन. दुर्गापति ने भी अपनी पैनी नजर, नि:स्वार्थ रवैये और सही समय पर अतुल्य बहादुरी का प्रदर्शन किया और अपनी टीम की जान बचाई। उन्होंने अपनी जान को स्पष्ट एवं आसन्न खतरे के बावजूद अदम्य वीरता, लड़ने की दृढ़ भावना और नि:स्वार्थ समर्पण का परिचय दिया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री नारागंटी दुर्गापती, कांस्टेबल, कार्तिक के., सहायक कमांडेंट, बृजानंद कुमार सिंह, उप-निरीक्षक और संदीप शर्मा, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/01/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/198/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 150-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	स्व. श्री मोहन लाल	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के माइलस्टोन 269.2 (बरसू) से लेकर माइलस्टोन 285 (लसजन) तक की सुरक्षा की जिम्मेदारी 110 सीआरपीएफ को सौंपी गई है। चूंकि पुलवामा जिले का यह इलाका आतंकवादी गतिविधियों से अत्यधिक प्रभावित है, इसलिए 110 सीआरपीएफ की रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 की अच्छी तरह से जाँच की और प्रचलित पद्धति के अनुसार 14 फरवरी, 2019 को जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में निर्धारित स्थानों पर पिकेट लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को सुरक्षित किया।

लगभग 1510 बजे, जम्मू से श्रीनगर आ रहे सीआरपीएफ वाहनों के एक काफिले ने 110 सीआरपीएफ के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में प्रवेश किया। जब काफिला लेथपोरा, पुलवामा में बीएसएनएल टॉवर के निकट माइलस्टोन 272 पर पहुंचा, तब 110 बटालियन सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहन लाल, जो रोड ओपनिंग पार्टी के पिकेट कमांडर की ड्यूटी कर रहे थे, एक समीपवर्ती छोटी पहाड़ी की चोटी से राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर नीचे की ओर आ गए। वे राजमार्ग पर अपने आस-पास की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए थे। काफिले के कुछ वाहनों के गुजरने के बाद, उन्होंने एक सिविल कार को काफिले के साथ आते हुए तथा अन्य सिविल वाहनों के साथ दूसरी लेन में न चलकर उसे काफिले के वाहनों के बीच में घुसने का प्रयास करते हुए देखा।

सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहन लाल को कुछ शक हुआ और बिना कोई समय गंवाए, वे संदिग्ध वाहन को रोकने के लिए डिवाइडर की ओर भागे। वे डिवाइडर को पार करते हुए सड़क पर कूद गए और सिविल कार को रुकने का इशारा किया, परंतु कार नहीं रुकी। सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहन लाल ने अपनी जान की परवाह किए बिना कार को रोकने के लिए उसका पीछा किया, लेकिन वे कार की रफ्तार की बराबरी नहीं कर सके। आखिरकार, कोई अन्य विकल्प न पाकर, उन्होंने आसन्न खतरे का अनुमान लगाते हुए अपनी एके-47 राइफल की मजल को कार की ओर तान दिया, क्योंकि कार लगातार सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले के बीच दौड़ती चली जा रही थी। उन्होंने संदिग्ध कार को रोकने के लिए उस पर गोली चलाई, परंतु कार ने पास में चल रही सीआरपीएफ की बस में टक्कर मार दी और एक जोरदार धमाका हुआ।

कार भारी मात्रा में विस्फोटकों से लदी हुई थी, इसलिए काफी अधिक नुकसान पहुंचा और इसके परिणामस्वरूप, काफिले की बस हवा में जा उड़ी तथा जल गई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। काफिले की एस्कॉर्ट पार्टी सहित उसमें सवार सभी 39 जवान शहीद हो गए। 110 बटालियन सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहन लाल, अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद इस घटना से बच नहीं सके तथा वे स्वयं भी धमाके की चपेट में आ गए और शहीद हो गए। इस विस्फोट में, कार में विस्फोट करने वाला आत्मघाती बंबर भी मारा गया और उसका शव बरामद नहीं किया जा सका/उसकी पहचान नहीं की जा सकी।

110 बटालियन सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक/जीडी मोहन लाल ने उच्चकोटि साहस के साहस का परिचय दिया और कर्तव्य पथ पर अपनी जान की जरा सी भी परवाह नहीं की। यद्यपि बिलकुल थोड़े समय में उनके विवेकपूर्ण और त्वरित निर्णय से सीआरपीएफ के जवानों की कीमती जान नहीं बच सकी, परंतु उन्होंने ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति निष्ठा की मिसाल कायम की।

इस ऑपरेशन में स्व. श्री मोहन लाल, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14/02/2019 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/223/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 151-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	सोनू गौतम	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	संजीव कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23 जून, 2019 को, गांव पंजेर और धमडोरा, पुलिस स्टेशन एवं जिला शोपियां में 3-4 आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शोपियां से प्राप्त एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, 14 सीआरपीएफ, एसओजी तथा 44 आरआर द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया।

लगभग 0200 बजे, संयुक्त सैन्य दस्ता लक्षित क्षेत्र में पहुंच गया और उसने संदिग्ध बगीचे की घेराबंदी कर दी। संयुक्त टीमों का गठन किया गया और तलाशी के दौरान, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। "गोली चलाओ और आगे बढ़ो" की रणनीति का प्रयोग करते हुए, आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और उस स्थान से भागने का प्रयास किया। सैन्य दस्ते ने जवाबी कार्रवाई की और उन्हें बचकर भागने से रोक दिया। खुद को घिरा हुआ पाकर, आतंकवादियों ने गोलीबारी तेज कर दी और अलग-अलग दिशाओं में चले गए।

एक आतंकवादी उस स्थान पर पहुंचा, जहां 14 सीआरपीएफ की सीटीटी ने मोर्चा संभाल रखा था। कांस्टेबल/जीडी सोनू गौतम और उनके साथी कांस्टेबल/जीडी संजीव कुमार नाइट विजन डिवाइस (एनवीडी) की सहायता से आतंकवादियों की गतिविधि को देख रहे थे। अपना धैर्य बनाए रखते हुए, उन दोनों जवानों ने आतंकवादी को अपने करीब आने दिया और हमला करने के सही मौके का इंतजार करने लगे। लेकिन किसी न किसी तरह, आतंकवादी को उनकी मौजूदगी का पता चल गया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भागने का प्रयास किया। तत्काल, कांस्टेबल/जीडी सोनू गौतम और कांस्टेबल/जीडी संजीव कुमार फुर्ती से आगे बढ़े और गोलियों की बौछार के बीच उन्होंने आतंकवादी पर धावा बोल दिया। उन दोनों ने करीबी लड़ाई में, आतंकवादी को मार गिराया।

चूंकि, वहां अंधेरा था और आतंकवादियों की वास्तविक पोजीशन का पता नहीं लगाया जा सका, इसलिए तलाशी रोक दी गई और सैन्य दस्तों ने भोर होने का इंतजार किया। सुबह के समय, लगभग 0500 बजे, तलाशी के दौरान, आतंकवादियों ने बगीचे के एक कोने से पुन: भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दस्तों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई, जो लगभग 02 घंटे तक चली।

मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, सैन्य दस्तों ने अंसार गजवात-उल-हिन्द के आतंकवादियों के 04 शव बरामद किए, जिनकी पहचान शौकत अहमद मीर उर्फ अरशद; आजाद अहमद; गुलाम हुसन मीर और सुहैल अहमद के रूप में की गई और साथ ही उनके पास से हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, कांस्टेबल/जीडी सोनू गौतम और कांस्टेबल/जीडी संजीव कुमार ने आतंकवादियों के साथ आमने-सामने की लड़ाई में असाधारण साहस, रणनीतिक कौशल, अत्यधिक धैर्य और कर्तव्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया और उनमें से एक आतंकवादी को मार गिराया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री सोनू गौतम, सिपाही और संजीव कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23/06/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/187/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 152-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सुखजिन्दर सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	जोनी कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 जनवरी, 2020 को, सीओबी वाची से 55 आरआर की एक टीम वाची गांव में क्षेत्र पर वर्चस्व और तलाशी के लिए रवाना हुई। पिछले कुछ दिनों से इस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सामान्य सूचनाएं मिल रही थीं। इस प्रक्रिया के दौरान, आरआर की टीम के एक सैनिक ने देखा कि मोहम्मद सुल्तान रेशी के घर में बड़ी मात्रा में भोजन पकाया जा रहा है। उसने यूं ही एक महिला से कहा कि वे भी उसी घर में भोजन करेंगे। अकस्मात ही तीन आतंकवादी, जो उस घर में छिपे हुए थे और सुरक्षा बलों के वापस जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे, सैनिक की यह बात सुनकर कि वे उनके साथ भोजन करेंगे, इस वजह से डर गए कि सुरक्षा बलों की नजर उन पर पड़ जाएगी। भागने की कोशिश में, आतंकवादी बिल्डिंग से कूद पड़े और उन्होंने आरआर की टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आरआर की टीम ने जवाबी हमला किया और आतंकवादियों को उलझा दिया। गोलियों की यह आवाज बी/52 सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर को सुनाई दी, जो आधा किमी. दूर थे और उन्होंने 178 सीआरपीएफ के 2-आई/सी को सूचित किया। तत्काल ही, श्री संजीव कुमार सिंह, 2-आई/सी की कमान में सीटीटी 178 सीआरपीएफ और कमांडेंट 178 सीआरपीएफ अपनी सुरक्षा टीम के साथ उस स्थान के लिए रवाना हो गए।

178 सीआरपीएफ की टीमों के पहुंचने तक, दो आतंकवादी मारे जा चुके थे। तीसरे आतंकवादी ने ऊबड़-खाबड़ मैदान में मोर्चा संभाल लिया था और वह सुरक्षा बलों पर रूक-रूक कर गोलीबारी कर रहा था। चूंकि अन्य टीमें अभी भी रास्ते में थीं, इसलिए 178 सीआरपीएफ की सीटीटी को समीपवर्ती ऊंचे मैदान पर तैनात करने और आतंकवादी को उलझाए रखने का निर्णय लिया गया। टीम घेराबंदी के बाहर इस पठार क्षेत्र में पहुंच गई और आतंकवादी को उलझाए रखने के लिए रणनीतिक रूप से मोर्चा संभाल लिया।

178 सीआरपीएफ की सीटीटी योजनाबद्ध तरीके से अपनी पोजीशन पर सावधानी से आगे बढ़ी और कांस्टेबल/जीडी सुखजिन्दर सिंह तथा कांस्टेबल/जीडी जोनी कुमार को छिपे हुए आतंकवादी का लुक-छुप कर पीछा करने का कार्य सौंपा गया। टीम के अन्य सदस्यों ने आतंकवादी की ओर रूक-रूक कर गोलीबारी की, जो एक तरफ टिन शेड लगे हुए ऊबड़-खाबड़ मैदान में छिपा हुआ था। कांस्टेबल/जीडी सुखजिन्दर सिंह तथा कांस्टेबल/जीडी जोनी कुमार ऊबड़-खाबड़ जमीन पर बर्फ से ढंके हुए मैदान में रेंगते हुए आगे बढ़े, ताकि आतंकवादी उन्हें देख न सके। जब वे उसे उलझाने की स्थिति में हो गए और गोलीबारी करने का एक खुला क्षेत्र मिल गया, तो 178 सीआरपीएफ की सीटीटी ने कवर फायरिंग को रोक दिया। वे छिपे हुए आतंकवादी के नजदीक पहुंच गए और उसे बिलकुल नजदीक से गोलीबारी में उलझा दिया, जिसमें वह आतंकवादी मारा गया।

तलाशी के दौरान, मुठभेड़ स्थल से आतंकवादियों के तीन शव बरामद किए गए। उनकी पहचान वसीम अहमद वानी उर्फ इब्राहिम भाई (हिजबुल मुजाहिदीन का जिला कमांडर, श्रेणी-क) पुत्र मोहम्मद अमीन वानी, निवासी-उरपोरा, नागबल, आदिल बशीर शेख उर्फ वलीद भाई (हिजबुल मुजाहिदीन, श्रेणी-ख) पुत्र बशीर अहमद शेख, निवासी-जैनापोरा और मो. आमिर डार (हिजबुल मुजाहिदीन, श्रेणी-ग) पुत्र अब्दुल रहमान डार, गांव बेमनीपोरा, पुलिस स्टेशन और जिला शोपियां के रूप में की गई और मुठभेड़ स्थल से 02 एके 56 राइफलें, 01 एसएलआर, 04 एके मैगजीनें, एके 56 के 95 राउंड (45 भारतीय और 50 पाकिस्तानी), 01 एसएलआर मैगजीन, 40 एसएलआर राउंड और अन्य सामग्रियां भी बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ को सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता के रूप में माना गया, क्योंकि हिजबुल मुजाहिदीन के जिला कमांडर वसीम अहमद वानी उर्फ इब्राहिम भाई के मारे जाने से हिजबुल मुजाहिदीन को एक बड़ा झटका लगा। भूतपूर्व एसपीओ आदिल बशीर शेख जैनापोरा का स्थानीय निवासी होने और पुलिस स्टेशन जैनापोरा में सेवा कर चुके होने की वजह से एक बड़ी रूकावट था। वह श्रीनगर में वाची विधायक के निवास, जहां पर वह तैनात था, से 7 एके 47 लेकर फरार हो गया था। आदिल बशीर शेख को पुलिस स्टेशन जैनापोरा, एसओजी और 178 सीआरपीएफ मुख्यालय के कैम्प ले-आउट की पूरी जानकारी थी, जहां वह पुलिस सेवा में रहने के दौरान अपनी टीम के साथ आधिकारिक रूप से जाता रहता था।

इस ऑपरेशन में कांस्टेबल/जीडी सुखजिन्दर सिंह और कांस्टेबल/जीडी जोनी कुमार ने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में साहस तथा नि:स्वार्थ समर्पण का परिचय दिया और आतंकवादी को मार गिराया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री सुखजिन्दर सिंह, सिपाही और जोनी कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/01/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/197/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 153-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	वेलत राम डांगी	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	श्याम सिंह तोमर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	सोरठिया कल्पेश कुमार वल्लभ भाई	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	कैलाश पति बेरा	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 जनवरी, 2020 को, गुज्जर बस्ती नागबल (गुलशनपोरा), पुलिस स्टेशन त्राल में अपने दो सहयोगियों के साथ हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के खूंखार आतंकवादी कमांडर उमर फैयाज लोन उर्फ हमद खान की मौजूदगी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा से विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, 180 सीआरपीएफ, 42 आरआर और सिविल पुलिस/एसओजी, त्राल के सैन्य दस्तों द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) शुरू किया गया।

शुरुआत में, 42 आरआर की एक पार्टी ने गांव नागबल की गुज्जर बस्ती की घेराबंदी कर दी। इसी बीच, श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट की कमान में 180 सीआरपीएफ की 'सी' कंपनी और एसओजी त्राल भी लगभग 0500 बजे स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने आंतरिक घेराबंदी को मजबूत कर दिया। लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी करने के बाद, सीआरपीएफ, 42 आरआर और जेकेपी/एसओजी के चयनित कार्मिकों को शामिल करते हुए दो संयुक्त तलाशी पार्टियों का गठन किया गया। श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट की कमान में पहली पार्टी ने उत्तर-पश्चिम की तरफ से तलाशी शुरू की और श्री रविंदर कुमार, 2-आई/सी, 180 सीआरपीएफ की कमान में दूसरी तलाशी पार्टी ने 42 आरआर की टीम के साथ उत्तर-पूर्व की तरफ से तलाशी शुरू की।

तलाशी के दौरान, कांस्टेबल/जीडी श्याम सिंह तोमर ने एक मंजिल वाली इमारत में कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी। इस इमारत के नजदीक दो और घर स्थित थे। कुछ देर के बाद, 3 संदिग्ध, जिनमें से 2 संदिग्धों के पास हथियार थे, लक्षित घर से बाहर निकले और आड़े-तिरछे तरीके से पहाड़ी की ओर भागे तथा समीप में स्थित घरों में जा छिपे। उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परंतु इसका कोई फायदा नहीं हुआ, क्योंकि एक आतंकवादी ने दूसरी तलाशी पार्टी के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दस्ते ने हमले का सफलतापूर्वक जवाब दिया। कुछ देर के बाद, दोनों तरफ से गोलीबारी बंद हो गई।

फील्ड कमांडर ने स्थिति का आकलन किया और पहली तलाशी पार्टी की कवर फायरिंग के अंतर्गत दूसरी तलाशी पार्टी को लक्षित घर की ओर आगे बढ़ने का निर्देश दिया। सुरक्षा बलों की गतिविधि को देखकर, आतंकवादियों ने उनकी ओर हथगोले फेंके और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने इस हमले का प्रभावी रूप से जवाब दिया। कुछ देर गोलीबारी के बाद, गोलीबारी पुन: रूक गई। कुछ समय के बाद, अचानक एक आतंकवादी लक्षित घर से बाहर निकला और सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करता हुआ पास के घर की ओर भागा। आंतरिक घेराबंदी में मोर्चा संभाले हुए कांस्टेबल/जीडी श्याम सिंह तोमर ने आतंकवादी की गतिविधि को भांप लिया और आतंकवादी पर गोली चला दी तथा उसे घटना स्थल पर ही मार गिराया। इसी बीच, शेष दो आतंकवादियों ने अपनी पोजीशन बदल दी और पास के घरों में शरण ले ली।

तत्पश्चात, श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट को उत्तर-पश्चिम दिशा, जहां दूसरा आतंकवादी छिपा हुआ था, से तलाशी शुरू करने का निर्देश दिया गया। असाधारण नेतृत्व, प्रतिबद्धता और रणनीतिक बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हुए, वे दूसरी तलाशी पार्टी की कवर फायरिंग के अंतर्गत अपने साथियों कांस्टेबल/जीडी सोरठिया कल्पेश कुमार वल्लभ भाई और कांस्टेबल/जीडी कैलाश पति बेरा के साथ तेजी से लक्षित घर की ओर आगे बढ़े। जब वे लक्षित घर के पास पहुंचने वाले थे, तभी आतंकवादी ने घर की खिड़की से सैन्य दस्तों की ओर हथगोले फेंके। श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट और उनकी टीम ने फुर्ती से जवाबी कार्रवाई की और उन्होंने पास की एक पत्थर की दीवार के पीछे आड़ ले ली।

एक उपयुक्त समय पर, कांस्टेबल/जीडी सोरठिया कल्पेश कुमार वल्लभ भाई के साथ श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट चतुराई से आगे बढ़े और कांस्टेबल/जीडी कैलाश पति बेरा से उन्हें कवर फायरिंग देने का निर्देश दिया। 'गोली चलाओ और आगे बढ़ो' की रणनीति का उपयोग करते हुए, वे लक्ष्य के समीप में स्थित घर के पीछे पहुंच गए और पत्थर की दीवार के पीछे पोजीशन ले ली। सैन्य दस्तों ने आतंकवादी के लक्षित घर से बाहर निकलने का इंतजार किया। कुछ देर की शांति के बाद, आतंकवादी ने फिर एक ग्रेनेड फेंका और सुरक्षा बलों की पोजीशन की ओर गोलियों की बौछार कर दी तथा मारे गए पहले आतंकवादी के शव की ओर भागा, जो जमीन पर पड़ा हुआ था। इस अवसर का लाभ उठाते

हुए, श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी सोरठिया कल्पेश कुमार वल्लभ भाई और कांस्टेबल/जीडी कैलाश पति बेरा ने अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादी पर धावा बोल दिया और उसे मौके पर ही मार गिराया।

सुरक्षा बलों ने एक-एक करके शेष घरों की तलाशी शुरू की, जहां तीसरे आतंकवादी ने मोर्चा संभाल रखा था और उस तीसरे आतंकवादी ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दस्तों ने एमजीएल और सीजीआरएल फायरिंग का उपयोग करते हुए इस हमले का जवाब दिया। परस्पर गोलीबारी के दौरान, लक्षित घर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। अंततः, आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करता हुआ खिड़की से बाहर कूद गया। 42 आरआर, सीआरपीएफ और एसओजी की संयुक्त टीम ने हमले का जवाब दिया और आतंकवादी को मार गिराया।

तलाशी के दौरान, तीनों खूंखार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए और बाद में उनकी पहचान उमर फैयाज लोन उर्फ हमद खान पुत्र फैयाज अहमद लोन, निवासी- गांव शीर, पुलिस स्टेशन-त्राल {श्रेणी-क}, आदिल बशीर मीर पुत्र बशीर अहमद मीर, निवासी मानघामा, पुलिस स्टेशन-त्राल {श्रेणी-ख} और फैजान हमीद भट पुत्र अब्दुल हमीद भट, निवासी मंडूरा, पुलिस स्टेशन-त्राल {श्रेणी-ग} के रूप में की गई और इसके अतिरिक्त उनके पास से 2 एके राइफलें, 4 एके मैगजीनें, 1 एसएलआर राइफल, 1 एसएलआर मैगजीन, 20 एके राउंड और 5 एसएलआर राउंड भी बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री वेलत राम डांगी, सहायक कमांडेंट, श्याम सिंह तोमर, सिपाही, सोरठिया कल्पेश कुमार वल्लभ भाई, सिपाही और कैलाश पति बेरा, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/01/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/200/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 154-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	रामबोल कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	विजय सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	सुशील कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	सूर्य प्रकाश	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	सोनू	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा 70वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान श्रीनगर में सुरक्षा बलों और प्रतिष्ठानों पर हमले के बारे में बहुत सारी खुफिया सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। दिनांक 25 जनवरी, 2019 को लगभग 2300 बजे, पुलिस स्टेशन पंथा चौक, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर के अंतर्गत सारंधी कालोनी, खनमोह के सामान्य क्षेत्र में "जैश-ए-मोहम्मद" के आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस, श्रीनगर से एक तकनीकी सूचना प्राप्त हुई। इस तकनीकी सूचना के आधार पर, वैली क्यूएटी सीआरपीएफ, एसओजी जम्मू और कश्मीर पुलिस तथा 50 आरआर द्वारा एक घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) की योजना बनाई गई और ऑपरेशन शुरू किया गया।

सैन्य दस्ता खनमोह, श्रीनगर के सामान्य क्षेत्र में पहुंच गया और उसने संदिग्ध घरों के चारों ओर सख्त घेराबंदी कर दी। जावेद अहमद मीर पुत्र अब्दुल रहमान मीर के संदिग्ध घर की तलाशी के दौरान, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों द्वारा सम्प्रेषण के लिए उपयोग में लाया जा रहा एक मोबाइल फोन बरामद किया। जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जावेद अहमद मीर से पूछताछ की और उसने दो आतंकवादियों को पास के एक घर में शरण देने की बात कबूल कर ली। तदनुसार, सैन्य दस्ता उस घर की ओर आगे बढ़ा और तलाशी शुरू कर दी, जिसके दौरान उनको ब्लेड,

शेविंग किट और बालों के कुछ गुच्छे मिले। इसके बाद, जावेद अहमद मीर, जो पेशे से एक दर्जी है, की दुकान की भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, सैन्य दस्ते ने 30 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर नं. 33, 2 पाउच और 1 सैन्य वर्दी बरामद की, जिससे प्राप्त सूचना की पुष्टि हो गई। इसके बाद, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जावेद अहमद मीर से एक बार फिर पूछताछ की और उसने यह स्वीकार किया कि उसने अपने निवास से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक अन्य घर में 2 आतंकवादियों को शरण दे रखी है।

तदनुसार, दिनांक 26 जनवरी, 2019 को, लगभग 0300 बजे संदिग्ध घर के चारों ओर फिर से घेराबंदी कर दी गई। लक्षित घर के आस-पास के आम नागरिकों को एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया और आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परंतु वे घर से बाहर नहीं निकले। तत्पश्चात, उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार ने अपने साथी कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश के साथ लक्षित घर के भीतर लम्बी रेंज वाले आंसू गैस के गोले छोड़े। इसी बीच, कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार, कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह और कांस्टेबल/जीडी सोनू रेंगते हुए घर की पिछली खिड़की की तरफ गए और उन्होंने घर के अंदर स्टन ग्रेनेड फेंके। लेकिन आतंकवादी न तो घर से बाहर निकले और न ही उन्होंने गोलीबारी का कोई जवाब दिया।

अंतिम उपाय के तौर पर, पार्टी कमांडरों ने आतंकवादियों का सफाया करने के लिए "रूम क्लीयरेंस ऑपरेशन" शुरू करने का निर्णय लिया। वैली क्यूएटी के कांस्टेबल/जीडी सोनू, कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह, उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार, कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश, कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार, श्री अभिनव भूषण 2-आई/सी, श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट और श्री एल. इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट तथा 50 आरआर के एक साथी जोड़े को शामिल करके एक सुयंक्त "रूम क्लीयरेंस टीम" टीम बनाई गई। "रूम क्लीयरेंस टीम" घर के पास पहुंची और मुख्य द्वार से घर में प्रविष्ट हो गई। कांस्टेबल/जीडी सोनू बुलेटप्रूफ शील्ड के साथ टीम के आगे थे। टीम ने सावधानीपूर्वक लक्षित घर में प्रवेश किया तथा बायीं ओर से पहले कमरे की छानबीन की। बायीं ओर वाले पहले कमरे की तलाशी के बाद, उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार और कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश ने कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार के साथ एक अन्य कमरे की छानबीन करने के लिए उसमें प्रवेश किया। इस बीच, दाहिनी ओर के दूसरे कमरे की तलाशी के बाद, जब कांस्टेबल/जीडी सोनू और कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह गलियारे में पहुंचे, तभी अचानक आतंकवादियों ने उस गलियारे में एक ग्रेनेड फेंक दिया और उसके बाद रसोईघर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। वह ग्रेनेड कांस्टेबल/जीडी सोनू और कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह के बिलकुल नजदीक जाकर फटा। उन दोनों ने अत्यधिक फुर्ती का प्रदर्शन करते हुए, न केवल स्वयं को बचाया, बल्कि आतंकवादी की ओर गोली भी चलाई। इस बीच, आतंकवादियों ने गलियारे में एक और ग्रेनेड फेंका, जिसके परिणामस्वरूप कांस्टेबल/जीडी के बाएं गाल और बाएं पैर मे चोट आई और गलियारा धुंए/धूल से भर गया। कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह और कांस्टेबल/जीडी सोनू घुटने के बल झुक गए और आतंकवादियों की ओर गोलीबारी करते रहे।

इस बीच, उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार, कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश और कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार कमरे से गलियारे में आ गए और आतंकवादियों पर गोलीबारी की। इन तीनों की गोलियां कांस्टेबल/जीडी सोनू और कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह के सिर के ठीक ऊपर से गुजर रही थीं। इन तीनों के कवर फायर का लाभ उठाते हुए, कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह ने कांस्टेबल/जीडी सोनू को बाहर निकालकर चिकित्सा सहायता/प्राथमिक उपचार के लिए एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कुछ सेकंड के बाद, आतंकवादी ने मुख्य द्वार पर एक और ग्रेनेड फेंका, जो कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार के बहुत नजदीक जाकर फटा, जिससे उनके बाएं हाथ में चोट लग गई और दो अन्य कार्मिक घायल हो गए। तत्काल ही, आतंकवादी ने एक और ग्रेनेड फेंका, जिसके परिणामस्वरूप 3 अन्य कार्मिक घायल हो गए।

चूंकि घायल होने वाले कार्मिकों की संख्या बढ़ रही थी, इसलिए लक्षित घर से बाहर निकलने का निर्णय लिया गया। घायल कांस्टेबल/जीडी सोनू, कांस्टेबल/जीडी यूनुस अहमद डार, एसओजी के दो कार्मिकों और 50 आरआर के एक जवान को प्राथमिक उपचार देने के बाद तत्काल 92 सेना बेस अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया।

फील्ड कमांडरों ने स्थिति का विश्लेषण किया और एमजीएल तथा यूबीजीएल ग्रेनेडों का उपयोग करते हुए, लक्षित घर से आतंकवादी का सफाया करने का निर्णय लिया। तदनुसार, उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार और घायल कांस्टेबल सूर्य प्रकाश ने बीपी जिप्सी की आड़ लेते हुए, एमजीएल के राउंड फायर किए और साथ ही 50 आरआर के कार्मिकों ने भी लक्षित घर के भीतर एमजीएल और यूबीजीएल दागे। ग्रेनेडों के विस्फोट से उत्पन्न गर्मी और धुंए के परिणामस्वरूप, घर में आग लग गई। कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार और कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह ने यह अनुमान लगाया कि आतंकवादी घर के बाथरूम की पिछली खिड़की से कूदकर वहां से बचकर भागने की कोशिश करेगा, इसलिए उन्होंने वहीं पर पोजीशन ले ली। इस बीच, उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार और कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश ने रसोईघर की खिड़की के निकट पोजीशन ले ली। अचानक एक आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाथरूम की खिड़की से बाहर कूदने की कोशिश की। कांस्टेबल/जीडी सुशील कुमार और कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह इस प्रकार की घटना के लिए तैयार थे। उन दोनों ने विशिष्ट सामरिक कौशल और अदम्य शौर्य का प्रदर्शन करते हुए, आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे मौके पर ही ढेर कर दिया।

एक अन्य आतंकवादी, जो घर के अंदर छूट गया था, ने रसोईघर की खिड़की से दूसरा ग्रेनेड फेंका, परंतु उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार और कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश उसके विस्फोट से बच गए। आतंकवादी ने ग्रेनेड के विस्फोट का फायदा उठाकर, अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए रसोईघर की खिड़की से बाहर कूदने की कोशिश की। उप निरीक्षक/जीडी रामबोल कुमार और कांस्टेबल/जीडी सूर्य प्रकाश खिड़की के सामने कुछ ही दूरी पर थे। गोलियों की बौछार का सामना करने के बावजूद, अत्यधिक साहस का प्रदर्शन करते हुए, उन दोनों ने बहुत नजदीक से गोली चलाई, जो आतंकवादी को लग गई। आतंकवादी रसोईघर के अंदर गिर गया। चूंकि घर में आग लग गई थी, इसलिए आतंकवादियों के

शवों को तत्काल बरामद नहीं किया जा सका। आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। आग बुझाने के बाद, घर की तलाशी ली गई, जिसमें दो शव बरामद हुए, जिनकी पहचान बाद में, मुफ्ती असदुल्लाह, विदेशी आतंकवादी (निवासी-पाकिस्तान), ए++ श्रेणी और साकिब शफी डार (अबू बकर सादिक), ए+ श्रेणी, निवासी-अरिहल, पुलवामा, जम्मू और कश्मीर के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, एक 9 एमएम कार्बाइन मशीन गन तथा मैगजीनों और गोला-बारूद के साथ एक 9 एमएम पिस्तौल भी बरामद की गई।

खनमोह का यह ऑपरेशन एक अत्यधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन था। सम्पूर्ण ऑपरेशन को आरआर एवं एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ की उत्कृष्ट ऑपरेशनल यूनिट अर्थात वैली क्यूएटी द्वारा पूरा किया गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री रामबोल कुमार, उप निरीक्षक, विजय सिंह, सिपाही, सुशील कुमार, सिपाही, सूर्य प्रकाश, सिपाही और सोनू, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/01/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/201/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 155-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	नदीम अहमद समदानी	कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	लल्लू सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	अहसान अहमद	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	रंजित मछाहारी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31 मार्च, 2019 को लगभग 2200 बजे, श्री नदीम अहमद समदानी, कमांडेंट 182 सीआरपीएफ को स्थानीय पुलिस से पुलिस स्टेशन लितर, जिला पुलवामा, जम्मू और कश्मीर के अंतर्गत गांव लस्सीपोरा में 3-4 आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट आसूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 182 सीआरपीएफ, 44 आरआर और एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सैन्य दस्तों द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया।

शीघ्र कार्रवाई करते हुए सैन्य दस्ते लगभग 2225 बजे लक्षित गांव में पहुंच गए और उपर्युक्त क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। घेराबंदी करने के बाद, संयुक्त तलाशी दलों ने अरिहल – लस्सीपोरा रोड की उत्तर-पश्चिम दिशा में स्थित 05-06 संदिग्ध घरों की तलाशी शुरू कर दी, परन्तु कुछ भी नहीं मिला, यद्यपि स्रोत ने घेराबंदी के भीतर आतंकवादियों की मौजूदगी की कई बार पुष्टि की। इसलिए, सुरक्षा बलों ने घेराबंदी के अंदर स्थित मो. शरीफ मीर पुत्र गुलाम कादिर मीर के घर की तलाशी करने का निर्णय लिया। संदिग्ध घर की तलाशी के दौरान, दिनांक 01 अप्रैल, 2019 को लगभग 0340 बजे, तलाशी दलों को उस घर के पिछले अहाते में एक छिपने का ठिकाना मिला। जब संयुक्त तलाशी दल पुष्टि करने के लिए छिपने के ठिकाने के पास पहुंचे, तो उस छिपने के ठिकाने में छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दलों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप आरआर के एक ले. कर्नल सहित पांच सुरक्षा बल कार्मिक घायल हो गए।

संयुक्त तलाशी दलों ने भी आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया। क्यूएटी 182 सीआरपीएफ और एसओजी की एक टीम के साथ श्री एम. शिवाजीत सिंह, सहायक कमांडेंट ने लक्षित घर के दायीं ओर पोजीशन ले ली तथा दूसरी टीम को लक्षित घर के पीछे की ओर तैनात कर दिया। 44 आरआर के सैन्य दस्ते ने लक्षित घर के सामने की ओर के हिस्से को कवर किया।

इसी बीच, श्री नदीम अहमद समदानी, कमांडेंट 182 सीआरपीएफ भी अपनी टीम के साथ मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए और जमीनी हालात का शीघ्र मूल्यांकन किया। ऑपरेशन की गंभीरता और लक्ष्य पर सकेंद्रित ध्यान देने की आवश्यकता को महसूस करते हुए, श्री नदीम अहमद समदानी, कमांडेंट ने आसन्न खतरे के बावजूद लक्षित घर के पीछे एक बगीचे में अपने दल के साथ भीतरी घेराबंदी में मोर्चा संभाल लिया

और आतंकवादियों को उस स्थान से बच निकलने को कोई भी मौका न देने के लिए घेराबंदी को सुदृढ़ कर दिया। तत्पश्चात, आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया, परन्तु वे सभी दिशाओं से सुरक्षा बलों की ओर लगातार गोलीबारी करते रहे।

श्री नदीम अहमद समदानी, कमांडेंट ने शीघ्र ही यह देखा कि एक आतंकवादी, जो घर के पीछे की ओर छिपा हुआ था, उनकी टीम की दिशा में अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा है। श्री नदीम अहमद सामदानी ने गोलीबारी का जवाब दिया परन्तु दूरी, अंधेरे और आतंकवादी की रणनीतिक पोजीशन के कारण, गोलीबारी प्रभावकारी सिद्ध नहीं हो रही थी। आतंकवादियों को काबू में करने के लिए, श्री नदीम अहमद समदानी ने लक्षित घर की ओर बढ़ने का एक शीघ्र और साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने अपने सुरक्षा दल के कांस्टेबल/जीडी कुलदीप सिंह को उन्हें कवर फायर देने का निर्देश दिया और अपने सहयोगी कांस्टेबल/जीडी लल्लू सिंह के साथ लक्षित घर की ओर बढ़ गए। आतंकवादी उनकी ओर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। श्री नदीम अहमद समदानी और कांस्टेबल/जीडी लल्लू सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना बरसती हुई गोलियों के बीच आगे बढ़ते रहे और एक जोखिमपूर्ण रास्ता पार करने के बाद घर के पिछले दरवाजे के नजदीक पहुंचने में सफल हो गए।

उन्होंने देखा कि वह आतंकवादी घर के पीछे की ओर छिपा हुआ है और एक रणनीतिक पोजीशन से गोलीबारी कर रहा है। आतंकवादी का सफाया करने के लिए, लक्षित घर के भीतर प्रवेश करना आवश्यक था। यह एक खतरनाक स्थिति थी, परन्तु इस ऑपरेशन को अविलम्ब समाप्त करने की आवश्यकता महसूस करते हुए, श्री नदीम अहमद समदानी ने जोखिम उठाने का निर्णय लिया, अन्यथा कानून और व्यवस्था की स्थिति और अधिक खराब हो जाती। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी लल्लू सिंह के साथ पिछले दरवाजे से लक्षित घर में प्रवेश करने का प्रयास किया। तथापि, पीछे वाले कमरे के दरवाजे के नजदीक छिपे आतंकवादी ने उनकी गतिविधि को देख लिया तथा उनकी ओर भारी गोलीबारी शुरू कर दी और साथ ही साथ उसने एक हैंड ग्रेनेड भी फेंका।

वे दोनों इस घातक हमले से चमत्कारपूर्ण ढंग से बच गए और उन्होंने शीघ्र ही स्वयं को आतंकवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए तैयार किया। उन्होंने तत्काल आतंकवादी की गोलीबारी का जवाब दिया। दोनों तरफ से कुछ देर तक भयंकर गोलीबारी होती रही। फिर वहां पर सन्नाटा छा गया। कुछ देर प्रतीक्षा करने के बाद, श्री नदीम अहमद समदानी और कांस्टेबल/जीडी लल्लू सिंह अपनी रणनीतिक कवर वाली पोजीशन से आगे बढ़े और उन्होंने पिछले दरवाजे से लक्षित घर में प्रवेश करने का प्रयास किया। जैसे ही उन्होंने उस घर के भीतर प्रवेश किया, घर में छिपे हुए आतंकवादी ने श्री नदीम अहमद समदानी तथा कांस्टेबल/जीडी लल्लू सिंह की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और वे बाल-बाल बच गए। तथापि, इस समय, दोनों बहादुर जवानों ने सशस्त्र आतंकवादी द्वारा उत्पन्न खतरे की परवाह न करते हुए और अदम्य साहस एवं रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी पर सटीक गोलीबारी की और उसे मौके पर ही मार गिराया।

एक अन्य आतंकवादी, जिसने लक्षित घर के दायीं ओर की खिड़की पर पोजीशन ले रखी थी, ने श्री एम. शिवाजीत सिंह, सहायक कमांडेंट और उनके दल को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री एम. शिवाजीत सिंह, सहायक कमांडेंट ने अपनी टीम के साथ आतंकवादी की गोलीबारी का जवाब दिया। अचानक आतंकवादी ने खिड़की से छलांग लगा दी और अंधाधुंध गोलीबारी करता हुआ लक्षित घर के दायीं ओर भागा। कांस्टेबल/जीडी अहसान अहमद और कांस्टेबल/जीडी रंजित मछाहारी के साथ श्री एम. शिवाजीत सिंह, सहायक कमांडेंट ने उस क्षेत्र में पोजीशन ले रखी थी। आतंकवादी को अपनी दिशा में भागते हुए देखकर, उन्होंने आतंकवादी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई इस अचानक कार्रवाई से अचंभित होकर, आतंकवादी ने अपनी दिशा बदल ली। यह महसूस करते हुए कि वह आतंकवादी घेराबंदी से निकल सकता है, श्री एम. शिवाजीत सिंह ने कांस्टेबल/जीडी अहसान अहमद और कांस्टेबल/जीडी रंजित मछाहारी को आतंकवादी का पीछा करने का निदेश दिया। दोनों बहादुर शेरदिल व्यक्तियों ने सभी खतरों की परवाह न करते हुए बरसती हुई गोलियों के बीच भाग रहे आतंकवादी का पीछा किया। अदम्य साहस और विशिष्ट रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे घटना स्थल से बच निकलने से पहले ही मार गिराया। सुबह, लगभग 0515 बजे, 44 आरआर/जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा दो अन्य आतंकवादियों का भी सफाया कर दिया गया।

जब गोलीबारी बंद हुई, तब उस क्षेत्र की सम्पूर्ण तलाशी की गई, जिसके दौरान चार आतंकवादियों के शव बरामद हुए, जिनकी पहचान बाद में तौसीफ अहमद यात्तो पुत्र अब्दुल अजीज यात्तो, निवासी गुडबग, पुलवामा, गुट – लश्कर-ए-तैयबा, (श्रेणी - ख), अकीब अहमद कुमार पुत्र बशीर अहमद कुमार, निवासी हेल्लो, शोपियां, गुट – हिजबुल मुजाहिदीन, (श्रेणी – ग), जफर अहमद पॉल पुत्र मो. अहसान, निवासी मूल डांगरपोरा, शोपियां, गुट – हिजबुल मुजाहिदीन, (श्रेणी – ख) और मो. शफी भट पुत्र गुलाम मो. भट, निवासी सेडो, शोपियां, गुट – हिजबुल मुजाहिदीन, (श्रेणी – ग) के रूप में की गई। 02 एके-47 राइफलें, 05 एके मैगजीनें, 202 एके जिंदा राउंड, 01 पिस्तौल, 01 पिस्तौल मैगजीन, पिस्तौल के 17 जिंदा राउंड, 01 एसएलआर राइफल, 01 एसएलआर मैगजीन, 45 एसएलआर जिंदा राउंड, 01 यूबीजीएल और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियां भी बरामद की गईं।

इस साहसिक ऑपरेशन में, सैन्य दस्तों ने अदम्य साहस और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप चार खूंखार आतंकवादियों का सफाया हो गया। अपने निजी जीवन के प्रति गंभीर खतरे के बावजूद कमांडेंट 182 सीआरपीएफ के नेतृत्व में अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई इस ऑपरेशन में प्रारंभिक बाधाओं के पश्चात एक निर्णायक मोड़ साबित हुई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री नदीम अहमद समदानी, कमांडेंट, लल्लू सिंह, सिपाही, अहसान अहमद, सिपाही और रंजित मछाहारी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31/03/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/205/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 156-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	संतोष कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	आसिम दास	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01 अगस्त, 2019 को लगभग 2030 बजे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां से पुलिस स्टेशन और जिला शोपियां के अंतर्गत गांव पंडोशन में अत्याधुनिक हथियारों से लैस 02-03 अज्ञात आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई। पंडोशन एक घनी आबादी वाला गांव है, जिसमें लगभग 550 घर हैं और यह सेब के घने बगीचों से घिरा हुआ है। घने बगीचों और आस-पास ऊबड़-खाबड़ जमीन से युक्त घनी आबादी वाले गांव में ऑपरेशन चलाना सुरक्षा बलों के सामने एक चुनौती उत्पन्न करता है, क्योंकि वहां पर छिपने के ढेर सारे स्थान होते हैं।

ऑपरेशन शुरू करने के लिए, 14 बटालियन सीआरपीएफ, जम्मू और कश्मीर पुलिस शोपियां की एसओजी टीम तथा 34 आरआर (सेना) के संयुक्त सैन्य दस्ते लक्षित गांव में पहुंच गए और चूंकि वह गांव बड़ा था, इसलिए उन्होंने 7 घरों के एक समूह पर ध्यान केंद्रित किया और उनकी घेराबंदी करनी शुरू कर दी। निवासियों को वहां से निकालने के बाद, संयुक्त सैन्य दस्तों द्वारा घर-घर की पूरी तलाशी शुरू की गई। जब केवल कुछ घरों की तलाशी की जानी बाकी थी, तब आतंकवादियों ने यह महसूस किया कि वे फंस गए हैं और बचने का कोई रास्ता नहीं रह गया है, इसलिए आत्मसमर्पण न करने के इरादे से, आतंकवादियों ने तलाशी दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें 34 आरआर के दो जवान घायल हो गए। तथापि, संयुक्त सैन्य दस्तों ने पोजीशन ले ली और प्रभावकारी जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी के कारण, तीन घरों में आग लग गई। जब आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, तब तलाशी पुनः शुरू की गई, परन्तु कुछ भी बरामद नहीं हुआ। तत्पश्चात, अगले दिन सुबह तलाशी शुरू करने का निर्णय लिया गया।

दिनांक 02 अगस्त, 2019 को लगभग 0400 बजे, घेराबंदी के भीतर फंसे हुए आतंकवादी ने सैन्य दस्तों की ओर गोलीबारी की। जिस दिशा से गोलीबारी हो रही थी, उसका निर्धारण कर लिया गया था, परन्तु आतंकवादियों के वास्तविक स्थान का पता नहीं चल सका। जब तलाशी पुनः शुरू की गई और तलाशी दल ने पहले घर की सुव्यवस्थित तरीके से तलाशी शुरू की, तो तलाशी टीम और भीतरी घेराबंदी वाले सैन्य दस्तों पर गोलीबारी की भारी बौछार आनी शुरू हो गई। कमांडेंट 14 सीआरपीएफ, जो स्वयं अपनी टीम के साथ भीतरी घेराबंदी में थे, बाल-बाल बच गए, परन्तु इस सदमे से उबरते हुए, उन्होंने गोलियों की भारी बौछार के साथ जवाबी कार्रवाई की। परस्पर भारी गोलीबारी के परिणामस्वरूप, उस घर में आग लग गई, जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे और आतंकवादियों के लिए अपनी पोजीशन पर टिके रहना मुश्किल हो गया।

स्थिति को भांपते हुए, कमांडेंट 14 सीआरपीएफ अपने सहयोगी हेड कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार और कांस्टेबल/जीडी आसिम दास के साथ रेंगकर उस भवन के नजदीक गए तथा उन्होंने उस स्थान की ओर पोजीशन ले ली, जहां से आतंकवादियों द्वारा बचकर निकलने का प्रयास करने की संभावना थी। बचकर निकलने के प्रयास में, एक आतंकवादी घर की खिड़की से बाहर कूद गया और उसने भीतरी घेराबंदी वाले दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सीएटी 14 सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार और कांस्टेबल/जीडी आसिम दास बाल-बाल बच गए, परन्तु अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना, उन्होंने बिल्कुल नजदीक से प्रभावकारी गोलीबारी शुरू कर दी और उसे बचकर निकलने का कोई मौका दिए बिना वहीं पर मार गिराया। फिर दूसरा आतंकवादी नीचे लेट गया और अपनी पोजीशन बदलता रहा, जिससे सुरक्षा बलों को उसे ढूंढ पाना मुश्किल हो गया। चूंकि, अंधेरा हो रहा था, इसलिए घेराबंदी को यथावत बनाए रखते हुए अगले दिन सुबह तलाशी पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया।

दिनांक 03 अगस्त, 2019 को प्रातः काल में, तलाशी पुनः शुरू की गई और घेराबंदी वाले एक घर के बाथरूम के पास आतंकवादी की गतिविधि देखी गई। आतंकवादी की गतिविधि देखने पर, तलाशी दल ने आतंकवादी पर प्रभावकारी और भारी गोलीबारी की और उसे वहीं पर मार गिराया। उस क्षेत्र की तलाशी के दौरान, 01 एके-47 राइफल, 01 एसएलआर, 03 एके मैगजीन, 02 एसएलआर मैगजीन, 58 एके राउंड और 31 एसएलआर राउंड की बरामदगी के अतिरिक्त दो आतंकवादियों के शव बरामद हुए, जिनकी पहचान बाद में जीनत-उल-इस्लाम नाइकू, (श्रेणी–ख) जैश-ए-मोहम्मद, पुत्र मोहम्मद इशाक नाइकू, निवासी मेमांदर, पुलिस स्टेशन एवं जिला–शोपियां और मंजूर अहमद भट, (श्रेणी–ग) हिजबुल मुजाहिदीन (आईईडी विशेषज्ञ), पुत्र अब्दुल रजाक भट, निवासी वाची, पुलिस स्टेशन जैनापोरा, जिला–शोपियां के रूप में की गई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री संतोष कुमार, हेड कांस्टेबल और आसिम दास, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/08/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/214/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 157-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	मुदासिर अहमद शान	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	शैलेन्द्र कुमार	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मार्च, 2018 के अंत तक कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों में अचानक वृद्धि दिखाई पड़ी। बर्फ के पिघलने और पर्यटकों का मौसम नजदीक होने पर, आतंकवादी वर्ष 2017 में भारी असफलताओं के बाद बड़े पैमाने पर अपनी मौजूदगी महसूस कराना चाहते थे, जिसने वस्तुतः दक्षिणी कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ दी थी।

दिनांक 31 मार्च, 2018 को लगभग 2330 बजे, कमांडेंट 40 बटालियन सीआरपीएफ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग से अनंतनाग के मोहल्ला पेठ दियालगाम के किसी इमरान अहमद खान के घर में हिजबुल-मुजाहिदीन के सक्रिय आतंकवादी की मौजूदगी के संबंध में आसूचना प्राप्त हुई। तत्काल घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन चलाने के लिए 19 आरआर, ए/40 सीआरपीएफ तथा एसओजी के सैन्य दस्तों को शामिल करके एक संयुक्त टीम गठित की गई। 40 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट और नोडल अधिकारी द्वारा सैन्य दस्तों को जानकारी देने के बाद, श्री तिलक राज की कमान में ए/40 की सीआई (ऑप्स) कंपनी की एक छोटी टीम उक्त स्थान पर भेजी गई।

संदिग्ध घर पर पहुंचने के बाद, सैन्य दस्तों ने आतंकवादियों को संदिग्ध घर से बचकर निकल जाने से रोकने के लिए पूरे क्षेत्र की घेराबंदी करके उसे सुरक्षित किया। लक्षित घर के आस-पास का सामान्य क्षेत्र एक खुला हुआ ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र था, जिसके बीच-बीच में पेड़ थे और विभिन्न दिशाओं में छिट-पुट घर स्थित थे, जो संकरे कच्चे रास्ते से जुड़ा हुआ था। इस वजह से, लक्षित घर के नजदीक सैन्य दस्तों के आगमन को दूर से ही देखा जा सकता था, जिससे सैन्य दलों की गतिविधि अत्यधिक सुभेद्य हो गई। इस पहलू के मद्देनजर, सैन्य दस्तों ने गुप्त रूप से रणनीतिक पोजीशन ले ली और लक्षित घर के यथा संभव अधिक से अधिक नजदीक पहुंचने के लिए ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र तथा वहां पर पेड़ों के तने का प्रयोग किया। श्री तिलक राज, सहायक कमांडेंट ने अपने ऑपरेशनल सैन्य दस्तों को भी भीतरी घेराबंदी में तैनात कर दिया।

घेराबंदी पूरी हो जाने के बाद, संयुक्त टीमों का गठन करके संदिग्ध घर की तलाशी शुरू की गई। तलाशी के दौरान, ए/40 बटालियन सीआरपीएफ के बल सं.10530603 कांस्टेबल/जीडी मुदासिर अहमद शान और बल सं.065348446 कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र कुमार को अचानक लक्षित घर के नजदीक एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूमते हुए दिखाई दिया। तत्काल, मौके पर पूछताछ की गई और उस व्यक्ति ने

अपनी पहचान हिजबुल-मुजाहिदीन के आतंकवादी इमरान राशिद भट पुत्र अब्दुल राशिद भट के रूप में बताई। अधिक बहलाने और फुसलाने पर, उसने बताया कि उसका साथी संदिग्ध घर के भीतर छिपा हुआ है और उसके पास एक पिस्तौल तथा यूबीजीएल है।

यह पता चलते ही, घेराबंदी को सुदृढ़ कर दिया गया और उद्घोषणा करके छिपे हुए आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु उसने कोई भी सकारात्मक उत्तर नहीं दिया। तत्पश्चात, आतंकवादियों के माता-पिता को बुलाया गया और उन्हें आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने हेतु समझाने के लिए भीतर भेजा गया। यह एक तनावपूर्ण पल था, क्योंकि किसी को भी नहीं पता था कि आगे क्या होगा। तथापि, काफी समय व्यतीत जाने के बावजूद आतंकवादी ने आत्मसमर्पण नहीं किया और अपने माता-पिता को वापस भेज दिया।

लक्षित घर से आतंकवादी के माता-पिता के वापस आने के तुरंत बाद, आतंकवादी ने सैन्य दस्तों पर गोलीबारी करना शुरू कर दिया। कांस्टेबल/जीडी मुदासिर अहमद शान और कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र कुमार, जो उस समय भीतरी घेराबंदी में मौजूद थे, ने तत्काल कवर ले लिया और अपने कमांडर श्री तिलक राज, सहायक कमांडेंट के निर्देश पर लक्षित घर के नजदीक पहुंचने के लिए उस क्षेत्र का प्रयोग किया। यह एक कठिन काम था, क्योंकि अंधेरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी और आतंकवादी की वास्तविक लोकेशन स्पष्ट नहीं थी। तथापि, सैन्य दस्तों के लिए आतंकवादी की गहन निगरानी करना महत्वपूर्ण था, ताकि उसे अंधेरे का लाभ उठाकर बच निकलने से रोका जा सके। उस स्थान के नजदीक पहुंचने पर, दोनों व्यक्ति अपनी जान के प्रति गंभीर खतरे के बावजूद आतंकवादी को काबू में करने के लिए उस पर गोलीबारी करते रहे। इस अवधि के दौरान, सुरक्षा बलों के अन्य सदस्यों द्वारा यूबीजीएल से गोलीबारी की गई और अंततः कांस्टेबल/जीडी मुदासिर अहमद शान और कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र कुमार, जो शुरू से अंत तक अग्रिम पोजीशन में बने हुए थे, की कवर फायरिंग की सहायता से आईईडी लगाकर उस घर को विस्फोट से उड़ा दिया गया।

मलबे की तलाशी करने पर, एक आतंकवादी का शव प्राप्त हुआ, जिसकी पहचान रऊफ अहमद खांडे पुत्र बशीर अहमद खांडे, निवासी देतरुना, पुलिस स्टेशन – दोरू, अनंतनाग के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल और यूबीजीएल बरामद किया गया। यह ऑपरेशन किसी नागरिक के हताहत हुए बिना सफलतापूर्वक पूरा हुआ और सैन्य दस्ते पूरे रास्ते में पत्थरबाजों द्वारा कड़े प्रतिरोध के बावजूद सुरक्षित रूप से अपने-अपने स्थानों पर पहुंच गए।

विरोधी इलाके में स्थित होने की वजह से पेठ दियालगाम में ऑपरेशन चलाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। लक्षित घर के नजदीक अंधेरा और काफी अधिक वन क्षेत्र होने के कारण, वहां पर आवाजाही आसान नहीं थी और सैन्य दस्तों के वहां पहुंचने पर आतंकवादियों द्वारा उन्हें निशाना बनाए जाने का अत्यधिक खतरा भी था। पूरा ऑपरेशन सुसमन्वित और तालमेलपूर्ण था। विशेष रूप से सीआरपीएफ के दोनों बहादुर जवानों नामत: कांस्टेबल/जीडी मुदासिर अहमद शान और कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र कुमार ने इस ऑपरेशन में अग्रिम मोर्चा संभालकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सैन्य दस्तों को किसी भी क्षति के बिना आतंकवादियों को मार गिराने में सहायता प्रदान की। इन दोनों ने अपनी जान के प्रति अत्यधिक खतरे के बावजूद अपनी एके-47 राइफल से समय पर एवं प्रभावकारी रूप से क्रमशः 12 और 13 राउंड गोलीबारी करके इस ऑपरेशन में अत्यधिक दृढ़ता और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मुदासिर अहमद शान, कांस्टेबल और शैलेन्द्र कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/178/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 158-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	कृष्ण कुमार यादव	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	सुधाकर कुमार गुप्ता	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	विजय तिर्की	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13 अक्टूबर, 2018 को, लगभग 0100 बजे, सिविल पुलिस से जम्मू और कश्मीर (जेएंडके) में पुलिस स्टेशन– पुलवामा, जिला पुलवामा के अंतर्गत गांव– डालीपोरा के क्षेत्र में 2-3 आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर, सीआरपीएफ की 182 एवं 183 बटालियन की त्वरित कार्रवाई टीम (क्यूएटी) और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) द्वारा 55 आरआर के कमांडर, जम्मू और कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की एसओजी पुलवामा के साथ परामर्श करके एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) की योजना बनाई गई। सीआरपीएफ की 182 बटालियन और 183 बटालियन के सैन्य दस्तों की कमान क्रमशः श्री नदीम अहमद सामदानी, कमांडेंट – 182 बटालियन और श्री डी.एस. नेगी, कमांडेंट – 183 बटालियन द्वारा संभाली गई।

गांव डालीपोरा में पहुंचने पर, संयुक्त सैन्य दस्तों द्वारा तीन संदिग्ध घरों की कड़ी घेराबंदी की गई। जब बाहरी घेराबंदी कर दी गई और बचकर निकलने के सभी मार्ग अवरुद्ध कर दिए गए, तब सैन्य दस्ते संदिग्ध घरों के आस-पास घेराबंदी को मजबूत करने के लिए आगे बढ़े। संदिग्ध घरों की तलाशी करने के लिए तीन तलाशी टीमों का गठन किया गया। पहली टीम में 182 बटालियन के श्री के.के. यादव, सहायक कमांडेंट की कमान में एसओजी – 182 बटालियन तथा दूसरी टीम में 183 बटालियन सीआरपीएफ के उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता की कमान में एसओजी – 183 बटालियन शामिल थी और तीसरी टीम में 55 आरआर के मेजर विपुल की कमान में 55 आरआर एवं एसओजी सिविल पुलिस के घटक शामिल थे। 02 संदिग्ध घरों की तलाशी के बाद, जब संयुक्त तलाशी टीम दूसरे संदिग्ध घर के निकट पहुंच रही थी, तभी आतंकवादियों ने तलाशी टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस अप्रत्याशित हमले से अचंभित होकर, तलाशी टीमों ने लक्षित घर के आस-पास कवर ले लिया और जवाबी गोलीबारी की। श्री के.के. यादव, सहायक कमांडेंट और उनके सहयोगी कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की ने लक्षित घर की दीवार के पीछे मेन गेट के दायीं ओर पोजीशन ले ली। उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता ने लक्षित घर की दीवार के पीछे मेन गेट के बायीं ओर पोजीशन ले ली। दोनों ओर से भयंकर गोलीबारी आधे घंटे से अधिक समय तक जारी रही। आतंकवादी यह समझ चुके थे कि उन्हें घेर लिया गया है और वहां से बचकर निकलने के लिए कुछ असाधारण प्रयास करना होगा। सुरक्षा बलों को अचंभित करने के लिए, 02 आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए लक्षित घर के मेन गेट की ओर भागे और उन्होंने वहां से बच निकलने का प्रयास किया। वे लक्षित घर के सामने से गुजरने वाली सड़क तक पहुंचना चाहते थे। तलाशी टीमें इस अवसर की प्रतीक्षा में बैठी हुई थीं।

स्थिति को समझते हुए श्री के. के. यादव, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता और कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की ने भाग रहे आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। भारी गोलीबारी की वजह से वे आगे नहीं बढ़ सके, इसलिए वे वापस मुड़ गए और घर के पीछे की ओर भागे। तलाशी टीमों ने बचने के सभी मार्गों को वास्तविक रूप में अवरुद्ध करते हुए लक्षित घर के आस-पास पहले से ही रणनीतिक पोजीशन संभाल रखी थी। उनमें से एक आतंकवादी ने घर के अहाते में बगीचे के चारों तरफ बनी दो फुट ऊंची दीवार के पीछे पोजीशन ले ली। दूसरा आतंकवादी घर के पीछे की ओर भागा। बगीचे में छिपे आतंकवादी ने श्री के. के. यादव, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता और कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की, जिन्होंने मेन गेट के दायीं और बायीं ओर पोजीशन ले रखी थी, के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

इसके उत्तर में, श्री के. के. यादव, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता और कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की की बहादुर तिकड़ी ने भी भारी जवाबी गोलीबारी की। परन्तु अंधेरे और आतंकवादी की रणनीतिक पोजीशन के कारण, उनकी गोलीबारी ज्यादा प्रभावकारी सिद्ध नहीं हो रही थी। बेहतर ऑपरेशनल सूझ-बूझ और नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए, श्री के. के. यादव, सहायक कमांडेंट ने कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की को कवर फायर करने का आदेश दिया और वे स्वयं उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता के साथ घर की दीवार से कूद गए और बगीचे में छिपे हुए आतंकवादी की ओर आगे बढ़े। श्री के. के. यादव और उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता दोनों को कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की की कवर फायरिंग की सहायता से अपनी ओर आते हुए देखकर, आतंकवादी अपनी पोजीशन से हट गया और घर के पीछे की ओर भागना शुरू कर दिया। वह आतंकवादी भागने के प्रयास में सभी दिशाओं में गोलियों की बौछार कर रहा था। अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह न करते हुए, श्री के. के. यादव, सहायक कमांडेंट और उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता आगे बढ़ते रहे तथा स्वयं को खतरे में डालते रहे। तथापि, उन्होंने एक लाभकारी पोजीशन लेते हुए आतंकवादी पर प्रभावकारी गोलीबारी की और उसे मार गिराया। इसी बीच, दूसरा आतंकवादी भी घर के पीछे से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भागने का प्रयास कर रहा था। श्री के. के. यादव, सहायक कमांडेंट और उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता ने उसकी गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप, वह आतंकवादी घायल हो गया। परन्तु दूरी, अंधेरे, जंगल और घनी झाड़ियों के कारण वह ऑपरेशन स्थल से भागने में सफल हो गया। तत्पश्चात, सीआरपीएफ, जम्मू और कश्मीर पुलिस तथा आरआर की संयुक्त टीमों द्वारा उस क्षेत्र की तलाशी की गई, जिसमें हिजबुल मुजाहिदीन के एक मृत आतंकवादी का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान शबीर अहमद डार, (श्रेणी - ख), पुत्र गुलाम मोहम्मद डार, निवासी शागरीपोरा मोहल्ला, संबूरा, पुलिस स्टेशन पम्पोर, अवंतीपोरा के रूप में की गई। वहां से की गई बरामदगियों में एक एके- 56 राइफल, यूबीजीएल ग्रेनेड, उससे संबंधित गोलाबारूद और मैगजीनें शामिल हैं। एक अन्य घायल आतंकवादी, जो मुठभेड़ स्थल से भाग गया था, को बाद में, एसएमएचएस अस्पताल, श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान शौकत अहमद डार, (श्रेणी – ग), पुत्र नज़ीर अहमद डार, निवासी मुरान, पुलिस स्टेशन पुलवामा, जिला पुलवामा के रूप में की गई। उसका सिविल पुलिस की हिरासत में उपचार किया गया और बाद में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

इस ऑपरेशन में, 182 बटालियन के श्री कृष्ण कुमार यादव, सहायक कमांडेंट (आईआरएलए 40772), 183 बटालियन के सं. 145340823 उप निरीक्षक/जीडी सुधाकर कुमार गुप्ता और 182 बटालियन के सं. 031414509 कांस्टेबल/जीडी विजय तिर्की ने गंभीर खतरे के समक्ष असाधारण बहादुरी, अदम्य साहस तथा कर्तव्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया और पेशेवर उत्कृष्टता का उच्चतम मानदंड स्थापित किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री कृष्ण कुमार यादव, सहायक कमांडेंट, सुधाकर कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक और विजय तिर्की, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13/10/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/187/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 159-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	हेनजांग	कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	जौनी कुमार	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	रामेश्वर	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	पाटिल राजेन्द्रा भावलाल	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	डोड सागर गजानन	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री अमरनाथजी यात्रा 2018 के दौरान, प्रत्येक दिन बीतने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी संवेदनशीलता भी बढ़ती गई, क्योंकि 26 जून को यात्रा शुरू होने की तारीख नजदीक आ रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आतंकवादियों की गतिविधि बढ़ने की सूचना प्राप्त हुई और विश्वसनीय सूचना से यह जानकारी मिली कि वे न केवल यात्रा की सुरक्षा हेतु सुरक्षा बलों को शामिल करने की प्रक्रिया के दौरान उन पर हमला कर सकते हैं, बल्कि जवाहर सुरंग पार करने के बाद यात्रियों का काफिला कश्मीर घाटी में पहुंचने के दौरान उस काफिले पर भी हमला कर सकते हैं। इन परिस्थितियों में, यात्रा के दौरान हमले और विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे आतंकवादी समूहों की पहचान करना और उनका सफाया करना सुरक्षा बलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। दिनांक 24 जून 2018 को लगभग 1350 बजे, श्री हेनजांग, कमांडेंट 18 बटालियन सीआरपीएफ को कुलगाम के गांव चादेर में 3-4 आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एसओजी कुलगाम से विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर, उन्होंने यूनिट क्यूएटी, सीटीटी और एसओजी जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ उक्त क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (कासो) चलाने की योजना बनाई। जमीनी स्थिति का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करने के बाद, उन्होंने अपने सैन्य दस्तों को जानकारी दी और लगभग 1500 बजे उक्त स्थान के लिए रवाना हो गए। श्री हेनजांग के समक्ष एक कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य था, क्योंकि सुरक्षा बलों को आतंकवादी गढ़ में कड़े प्रतिरोध की आशंका थी और लगभग सभी सैन्य दस्तों की तैनाती यात्रा की सुरक्षा संबंधी ड्यूटी के लिए कर दिए जाने से यह स्पष्ट था कि मुठभेड़ स्थल पर अनिश्चित कानून और व्यवस्था (एलओ) की समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त सैन्य दस्ते उपलब्ध नहीं कराए जा सकते। इस प्रकार अपने पास सीमित नफरी के साथ, उन्होंने ऑपरेशन में भाग लेने की योजना बनाई और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए सैन्य दस्ते भी निर्धारित कर दिए।

योजना के अनुसार, श्री जौनी कुमार, सहायक कमांडेंट ने किसी भी हिंसक भीड़ को मुठभेड़ स्थल के भीतर प्रवेश करने से रोकने के इरादे से एक सहायक उप निरीक्षक की कमान में ऑपरेशन स्थल से ठीक पहले अश्मूजी रोड एक्सिस पर रणनीतिक ढंग से एक बीपी बंकर लगा दिया। तत्पश्चात, सैन्य दस्तों को रणनीतिक ढंग से भीतरी घेराबंदी में तैनात कर दिया गया। 9 आरआर ने संदिग्ध घरों के समूह के पश्चिम दिशा

की ओर पोजीशन ले ली, एसओजी के साथ जोनी कुमार की कमान में सीटीटी को दक्षिण-पूर्व दिशा में तैनात किया गया और श्री हेनजांग की कमान में यूनिट क्यूएटी को उत्तर-पूर्व एक्सिस में तैनात किया गया। उक्त क्षेत्र की घेराबंदी करने के बाद, सैन्य दस्ते संदिग्ध घर के नजदीक चले गए।

सैन्य दस्तों द्वारा त्वरित कार्रवाई के कारण आतंकवादी घिर गए। इस डर से कि वे फंस जाएंगे, अचानक तीन आतंकवादी बचकर निकलने के उद्देश्य से सैन्य दस्तों पर गोलीबारी करते हुए घरों के समूह से भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने शीघ्र एक छोटी जर्जर झोपड़ी के पीछे पोजीशन ले ली और तैनात सैन्य दस्तों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके परिणामस्वरूप सैन्य दस्तों ने तत्काल सुरक्षात्मक पोजीशन ले ली। आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए एक लाभकारी पोजीशन प्राप्त करने के इरादे से श्री हेनजांग, कमांडेंट गोलीबारी से विचलित हुए बिना अपने सहयोगियों बल सं.045240408 कांस्टेबल रामेश्वर और बल सं.031445815 कांस्टेबल पाटिल राजेन्द्रा भावलाल के साथ खुले मैदान में रेंगते हुए आगे बढ़े। एक खुला मैदान होने के कारण, वहां पर कोई उपयुक्त कवर उपलब्ध नहीं था। तथापि, अपनी जान की परवाह किए बिना और यह महसूस करते हुए कि यदि आतंकवादी पक्के घरों के भीतर घुसने में सफल हो गए, तो उनका सफाया करना एक लंबी प्रक्रिया हो जाएगी, इसलिए वे घरों के समूह में उनके प्रवेश की किसी भी संभावना को समाप्त करने के लिए तेजी से बिलकुल नजदीक चले गए। इसी बीच, खुले में आतंकवादियों को काबू करने के बड़े अवसर को समझते हुए और अपने कमांडेंट के निर्देश पर अपने सहयोगी बल सं. 135251855 कांस्टेबल डोड सागर के साथ जौनी कुमार गंभीर खतरे और घेराबंदी से बच निकलने के प्रयास में आतंकवादियों की लगातार गोलीबारी के बावजूद दक्षिण-पूर्वी दिशा से बिलकुल नजदीक चले गए। तत्काल कार्रवाई के कारण, आतंकवादी दो दलों के बीच फंस गए। अपने स्थान से उठते हुए श्री हेनजांग ने रामेश्वर और पाटिल राजेन्द्रा भावलाल को आतंकवादियों पर गोलीबारी करने का आदेश दिया और उन्होंने स्वयं अपनी एके राइफल से पूरी ताकत के साथ आतंकवादियों को निशाना बनाया। आतंकवादी इधर-उधर भागने लगे। अवसर को भांपते हुए जौनी कुमार ने चिल्लाकर अपने सहयोगी डोड सागर को भाग रहे आतंकवादी को उलझाने के लिए कहा और स्वयं अपनी जान को खतरे में डालकर गोलीबारी करने तथा बिलकुल निकट से उन्हें मारने के लिए अपनी पोजीशन से आगे बढ़े। इस प्रक्रिया में, श्री हेनजांग, कमांडेंट और श्री जौनी कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में 18 बटालियन सीआरपीएफ की यूनिट क्यूएटी/सीटीटी द्वारा एक निडर और शीघ्र कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए।

खुले मैदान में आमने-सामने आतंकवादियों से निपटने की गहन प्रक्रिया के दौरान, उनमें से एक आतंकवादी पास के एक घर में घुसने में सफल हो गया। बिना समय गंवाए, श्री हेनजांग, कमांडेंट ने तत्काल अपने सैन्य दस्तों को पुन: संगठित किया और जौनी कुमार के साथ मिलकर संदिग्ध घर के आस-पास एक मजबूत घेराबंदी कर दी। इसके परिणामस्वरूप, वह आतंकवादी फंस गया और आगे नहीं बढ़ सका। कुछ समय तक उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई। इसके बजाय, उस घर के भीतर से, उसने अपने भाई और बहन से संपर्क स्थापित किया और शीघ्र ही वे मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए तथा उन्होंने सैन्य दस्तों से आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने का एक मौका देने का आग्रह किया। इस तनावपूर्ण स्थिति में, श्री हेनजांग, कमांडेंट ने अगुवाई की और सैन्य दस्तों तथा अन्य सहयोगी एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद लक्षित घर पर गोलीबारी को रोकने का आदेश दिया। तत्पश्चात, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली पर स्थानीय भाषा में घोषणा की गई, जिसमें आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने और अपने हाथ ऊपर उठाकर घर से बाहर आने का निर्देश दिया गया। यह एक अत्यधिक तनावपूर्ण स्थिति थी, क्योंकि कोई यह नहीं जानता था कि आगे क्या होगा। श्री हेनजांग वायरलेस पर सुरक्षा बलों को बार-बार यह निर्देश देते रहे कि वे आतंकवादी द्वारा अपेक्षानुसार कार्रवाई करने पर गोली न चलाएं। इस प्रक्रिया में, वे स्वयं को जोखिम में डालकर खुले में घेराबंदी के एक छोर से दूसरे छोर तक गए। व्याकुलता के कुछ पलों के बाद, वह आतंकवादी दिखाई पड़ा और उसने वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान शकूर अहमद डार, लश्कर-ए-तैयबा कमांडर, (श्रेणी – क++), निवासी गांव सोपत, कुलगाम और आसिम अबू हैदर उर्फ अबू माचिया, (एफटी) के रूप में की गई। गिरफ्तार किए गए आतंकवादी की पहचान सलाल अहमद गनी निवासी- चादेर के रूप में की गई और वह भी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था। ये आतंकवादी अत्यधिक प्रेरित थे और वे आम नागरिकों, पुलिस तथा सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल थे। शकूर अहमद डार एक सबसे पुराना जीवित आतंकवादी था और उसे एक रणनीतिकार तथा महान प्रेरक माना जाता था। की गई बरामदगियों में 02 एके-47 राइफलें, 01 इंसास राइफल, 045 एके-47 मैगजीनें, 02 इंसास मैगजीनें, एके-47 एवं इंसास के क्रमश: 62 और 20 राउंड तथा एक हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

ऑपरेशन के दौरान लगभग 2000-2500 लोगों की एक हिंसक भीड़ ने भारी पत्थरबाजी की और उसने आतंकवादियों को भागने में मदद करने के इरादे से मुठभेड़ स्थल के नजदीक जाने का भरसक प्रयास किया। तथापि, कट-ऑफ की प्रभावकारी तैनाती की वजह से भीड़ दूर रही और सैन्य दस्तों ने हल्के बल का प्रयोग करके उनके साथ निपटने में पेशेवरता और चतुराई का प्रदर्शन किया। चादेर का ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए एक अत्यधिक महत्वपूर्ण सफलता थी, क्योंकि यह श्री अमरनाथजी की यात्रा के शुरू होने से ठीक पहले हुआ था। इस कार्रवाई से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा को बनाए रखने में सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों में और मुख्यत: यात्रा को दुर्घटना-मुक्त बनाए रखने के उनके प्रयास में भी बल मिला। इसके साथ-साथ, यह आतंकवादी गुटों के लिए एक बड़ी नाकामयाबी साबित हुई। इस सफल ऑपरेशन के योजनाकार अधिकारियों मे श्री हेनजांग, कमांडेंट 18 बटालियन सीआरपीएफ, श्री जौनी कुमार, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल रामेश्वर, कांस्टेबल पाटिल राजेन्द्रा भावलाल और कांस्टेबल डोड सागर शामिल हैं, जिन्होंने अपनी एके-47 राइफलों से समय पर क्रमशः 08 राउंड, 09 राउंड, 02 राउंड, 04 राउंड और 05 राउंड की प्रभावकारी गोलीबारी करके इस ऑपरेशन में अत्यधिक दृढ़ता और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। उक्त टीम

द्वारा की गई कार्रवाई की मुख्य विशेषता यह थी कि उसने दो आतंकवादियों को घरों के समूह में शरण लेने से पहले ही मार गिराने के लिए खुले मैदान में संक्षिप्त और त्वरित कार्रवाई की। इस प्रक्रिया में, उन सभी ने कट्टर आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के अग्रिम मोर्चे में रहकर अपनी जान को गंभीर खतरे में डाल दिया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री हेनजांग, कमांडेंट, जौनी कुमार, सहायक कमांडेंट, रामेश्वर, कांस्टेबल, पाटिल राजेन्द्रा भावलाल, कांस्टेबल और डोड सागर गजानन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24/06/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/192/2019-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 160-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री अनुराग कुमार सिंह	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आईटीबीपी की 19वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट (जीडी) अनुराग कुमार सिंह मार्च, 2017 से सितम्बर, 2017 तक 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के साथ अटैचमेंट की अल्पावधि के दौरान 55 आरआर द्वारा चलाए गए विभिन्न सफल ऑपरेशनों का हिस्सा रहे हैं।

प्राप्त आसूचना के आधार पर, 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) द्वारा संबंधित कंपनी कमांडरों के अधीन इसकी कुल 06 कंपनी हमलावर टीमों के साथ दिनांक 30 जुलाई, 2017 को सुबह के समय पुलवामा के तहाब गांव में एक बटालियन स्तरीय ऑपरेशन शुरू किया गया। डेल्टा कंपनी 55 आरआर (ग्रेनेडियर्स) के कंपनी कमांडर श्री अनुराग कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट (जीडी) को इस ऑपरेशन की विस्तृत योजना तैयार करने का कार्य सौंपा गया, क्योंकि तहाब गांव उनकी जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में स्थित था।

अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर, उक्त अधिकारी ने उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के लिए एक विस्तृत और त्रुटिरहित योजना तैयार की, जिसके परिणामस्वरूप अंततः यह ऑपरेशन सफल हुआ। जब आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित हो गया, तो उक्त अधिकारी ने अपनी सूझ-बूझ से और उस क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी होने की वजह से आतंकवादियों के बच निकलने के सभी मार्गों को अवरुद्ध कर दिया। ठीक समय पर सैन्य दस्तों के पुनःसमायोजन, उनकी कमान में कार्मिकों द्वारा गोलीबारी संबंधी कड़े अनुशासन और अन्य समूहों के साथ समन्वय की वजह से सैन्य दस्तों का एक पूर्णरूपेण एकीकृत नेटवर्क स्थापित करने तथा सभी संभावित निकास मार्गों को अवरुद्ध करने में सहायता मिली, जिससे अंततः आतंकवादियों को मारक क्षेत्र में आने के लिए विवश होना पड़ा और इसके परिणामस्वरूप हिजबुल मुजाहिदीन के 02 खूंखार आतंकवादियों नामतः शरीक अह शेख और शबीर अह मीर को सफलतापूर्वक मार गिराया गया।

इस ऑपरेशन में श्री अनुराग कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30/07/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/43/2018-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 161-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
श्री राजेश कुमार लूथरा	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री राजेश कुमार लूथरा, सहायक कमांडेंट/जीडी, 15वीं बटालियन, आईटीबीपी को दुंगती में आईटीबीपी की 15वीं बटालियन के टैक्टिकल हेडक्वार्टर के कमान अधिकारी के रूप में तैनात किया गया था। इस चौकी को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण गश्त प्वाइंट 37 को गश्त द्वारा कवर करने का कार्य सौंपा गया है। इसके एलएसी के नजदीक स्थित होने और संवेदनशील प्रकृति का होने के कारण, इस प्वाइंट को आईटीबीपी और सेना को शामिल करते हुए संयुक्त गश्त लगाकर कवर किया जाता है। चूंकि इस प्वाइंट पर विगत में चीन का हस्तक्षेप देखा गया है, इसलिए यहां गश्त का महत्व और अधिक बढ़ गया है।

दिनांक 16.07.2019 को, श्री राजेश कुमार लूथरा, सहायक कमांडेंट, हीना चौकी के नेतृत्व में हीना सीमा चौकी से पीपी-37 तक एक संयुक्त गश्त निर्धारित की गई और यह गश्त 0745 बजे शुरू की गई। हीना चौकी से पीपी-36 तक सड़क निर्माण के मद्देनजर, यह आईटीबीपी की एक संवेदनशील चौकी है, क्योंकि चीन ने इसका कड़ा विरोध किया है। यह कार्य पूरा करने के बाद वापस आते समय, लगभग 0803 बजे, तेज गति वाले 02 पीएलए वाहनों ने आईएसएफ वाहनों में जानबूझकर टक्कर मार दी। यह घटना पीएलए का अत्यधिक आक्रामक रुख प्रदर्शित करती है, जिसमें 4/9 जीआर सेना की एक जिप्सी और आईटीबीपी की एक स्कार्पियो बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई। जब पीएलए के सैनिकों ने गश्त दलों के वाहन को टक्कर मारी, तो भारतीय सुरक्षा बलों और पीएलए के सैनिकों के बीच एक तीखी बहस शुरू हो गई। यह टक्कर बहुत तेज थी और पीएलए ने उक्त अधिकारी को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, ताकि आईटीबीपी और सेना के दस्ते अपनी ड्यूटी न कर सकें। तत्काल, गश्त कमांडर ने अपना धैर्य खोए बिना दृढ़ता के साथ करारा जवाब दिया और पीएलए कमांडर को यह स्पष्ट कर दिया कि इस प्रकार के हिंसक अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संदेश में प्लाटून लीडर श्री राजेश कुमार लूथरा ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि गंभीर रूप से उकसाने के बावजूद किसी भी परिस्थिति में यथा स्थिति को सहन नहीं किया जाएगा। भारतीय गश्त दल को डराने और धमकाने के लिए पीएलए द्वारा हिंसा का प्रयोग करने के प्रयासों के बावजूद, वे मजबूती से डटे रहे और अपनी बात पर अड़े रहे। गश्त दल को डरा और धमका कर अपना कार्य पूरा करने से रोकने का पीएलए का तुच्छ इरादा पूरा नहीं हुआ।

पीएलए से संख्या में कम होने के बावजूद उक्त अधिकारी ने अत्यधिक सूझ-बूझ, अपनी निजी सुरक्षा की पूर्ण अनदेखी और उच्चतम स्तर के साहस का प्रदर्शन किया। यदि उपर्युक्त अधिकारी ने बहादुरी, साहस एवं दृढ़निश्चय का प्रदर्शन न किया होता और अपनी निजी सुरक्षा की पूर्ण अनदेखी न की होती, तो गश्त दल के लिए इस मिशन को पूरा करना और पीएलए को उचित संदेश देना संभव नहीं हो पाता।

इस ऑपरेशन में श्री राजेश कुमार लूथरा, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16/07/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. - 11020/166/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 162-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अजय कुमार	कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	नसीर अहमद	कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.09.2019 को लगभग 0746 बजे, श्री अजय कुमार, कमांडेंट, 07 बटालियन एसएसबी बटोट (जम्मू और कश्मीर) को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामबन से एक फोन कॉल आई कि 03 सशस्त्र आतंकवादियों ने गांव थोर, एनएच 244 पर 159 टीए की रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) पर हमला कर दिया है और उन्होंने उनसे अतिरिक्त सैन्य बल भेजने का अनुरोध किया। श्री अजय कुमार, कमांडेंट यूनिट त्वरित कार्रवाई टीम (क्यूएटी) के साथ तत्काल उस स्थान पर गए और बचकर निकलने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए वहां पर रणनीतिक ढंग से नाके लगा दिए। बाद में, श्री अजय कुमार, कमांडेंट को विश्वसनीय स्रोत से कॉल आई कि 03 आतंकवादी वार्ड सं 06, बटोट के निवासी श्री विजय कुमार के घर के भीतर जबरदस्ती घुस गए हैं और उन्होंने उन्हें बंधक बना लिया है। ब्रिगेडियर 04 सेक्टर आरआर के निर्देशानुसार, वे यूनिट क्यूएटी के साथ दूसरे घटना स्थल पर पहुंचे। प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता होने के नाते, श्री अजय कुमार, कमांडेंट ने आस-पास के क्षेत्र की टोह ली और उन्होंने बटोट कस्बे के लक्षित घर के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को स्वयं डिस्कनेक्ट कर दिया। इसी बीच, मेजर जनरल रवि मुरगन, जीओसी, डेल्टा फोर्स, बटोट और अन्य अधिकारी भी उस स्थान पर पहुंच गए। उन्हें लक्षित घर और स्थिति के बारे में अवगत कराने के बाद, एसएसबी तथा अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर उक्त घर के चारों ओर घेराबंदी कर दी गई। जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, वह एक दो मंजिला उत्तर मुखी भवन था, जिसके उत्तर-पूर्व की दिशा में घने ताड़ के वृक्षों सहित ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र था और इसके उत्तर-पश्चिम की दिशा में रिहायशी मकान थे। एसएसबी, आरआर और सीआरपीएफ के सुरक्षा बलों ने लक्षित घर से लगभग 100 से 150 मीटर दूर घेराबंदी कर दी। बंधक को सुरक्षित बचाने की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए, सभी 03 खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने के लिए स्थानीय भूभाग से परिचित अधिकारियों को शामिल करते हुए एक छोटी कोर टीम बनाई गई। तदनुसार, श्री अजय कुमार, कमांडेंट और उनके सहयोगी सं.110693447 कांस्टेबल/जीडी नसीर अहमद तथा (एसओजी) रामबन/डोडा के पुलिस कार्मिकों को इस टीम में शामिल किया गया। ब्रीफिंग के बाद, टीम के कार्मिकों ने रणनीतिक रूप से दक्षिण दिशा से लक्षित घर की ओर आगे बढ़ना शुरू किया। आतंकवादियों को सुरक्षा बलों द्वारा की गई घेराबंदी के बारे में पता चल गया था और उन्होंने सैन्य बलों पर गोलियों की भारी बौछार करके उन्हें अचंभित कर दिया, जिसका घेराबंदी के भीतर मौजूद सुरक्षा बलों द्वारा जोरदार जवाब दिया गया। गोलीबारी के बीच, श्री अजय कुमार, कमांडेंट ने निकटवर्ती घर की छत पर फंसे हुए एक व्यक्ति को सहायता के लिए हाथ हिलाते हुए देखा। कुछ मीटर रेंगकर और दीवार पर चढ़कर, उन्होंने फंसे हुए व्यक्ति नामतः विक्रम मेहरा (बंधक श्री विजय कुमार का पुत्र) को बचाया। बचाए गए व्यक्ति से लक्षित घर के भीतर की जानकारी प्राप्त करने के बाद, टीम के कार्मिक रणनीतिक रूप से लक्षित घर के साथ लगने वाली छत पर पहुंचे। नजदीकी छत पर सुरक्षा बलों की मौजूदगी को देखते हुए, एक आतंकवादी ने लक्षित घर की खिड़की से उनकी ओर अंधाधुंध गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंका, जिससे वे बाल-बाल बच गए। पुलिस (एसओजी) के कार्मिकों के साथ श्री अजय कुमार, कमांडेंट तथा कांस्टेबल (जीडी) नसीर अहमद ने तत्काल छत की दीवार के पीछे कवर ले लिया और शत्रु की गोलीबारी का उपयुक्त जवाब दिया। इस बीच, टीम के कार्मिकों द्वारा नियंत्रित गोलीबारी करके शत्रुओं को ढेर करने के कई प्रयास किए गए, परन्तु वर्तमान पोजीशन से शत्रु की भयंकर गोलीबारी को नियंत्रित करना मुश्किल था। छिपे हुए आतंकवादी पर प्रभावकारी गोलीबारी करने के लिए लक्षित घर की छत पर पहुंचना ही एकमात्र रास्ता बचा था। गोलीबारी के बीच विलक्षण रणनीतिक दक्षता और सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए, श्री अजय कुमार, कमांडेंट भवनों के बीच के अंतराल को पार करके लक्षित घर की छत पर पहुंचने में सफल हो गए और उन्होंने टीम के अन्य कार्मिकों को सुरक्षित रूप से वहां पहुंचने के लिए कवर फायर प्रदान किया। कुछ एसओजी अधिकारियों के साथ कांस्टेबल/जीडी नसीर अहमद ने नजदीकी छत पर अपनी पोजीशन बनाए रखी और आतंकवादी को गोलीबारी में उलझाए रखा। सुरक्षा बलों और शत्रु के बीच गोलीबारी थोड़े-थोड़े अंतराल पर लगातार जारी रही। शाम ढलने के साथ आतंकवादियों के बच निकलने की संभावना का अनुमान लगाते हुए, श्री अजय कुमार, कमांडेंट गुप्त रूप से मेन गेट के नजदीक पहुंचे और इसे कॉन्सर्टिना कॉयल फेंककर अवरुद्ध कर दिया। बीच-बीच में गोलीबारी रुकने पर, आतंकवादियों के साथ बातचीत के प्रयास किए गए, परन्तु उन्होंने आत्मसमर्पण करने से मना कर दिया और सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी के साथ "नारा-ए-तकबीर" के नारे लगाते रहे। शत्रुओं द्वारा तेजी से की गई अंधाधुंध गोलीबारी का छत पर तैनात सुरक्षा बलों द्वारा उपयुक्त जवाब दिया गया। आतंकवादी को सुरक्षा बलों की गोलीबारी के सामने लाने के लिए, धुएं और आंसू गैस के गोले फेंके गए। धुएं की जलन को सहन न कर पाने की वजह से आतंकवादियों ने बालकनी से कूद कर बच निकलने का प्रयास किया। जैसे ही पहला आतंकवादी कूदा, उसी समय श्री अजय कुमार, कमांडेंट स्वयं को गंभीर खतरे में डालते हुए बालकनी के नजदीक चले गए और भाग रहे आतंकवादी की ओर जोरदार गोलीबारी की तथा उसे मार गिराया। शेष 02 आतंकवादी टीम के कार्मिकों द्वारा चलाई गई गोलियों से घायल हो गए, परन्तु वे किसी तरह से एनएच 244 तक पहुंचने में सफल हो गए और उन्हें घेराबंदी वाले सैन्य बलों द्वारा मार गिराया गया तथा बंधक को सुरक्षित बचा लिया गया।

प्रतिबंधित आतंकवादी गुट हिजबुल मुजाहिदीन से संबंध रखने वाले सभी 03 खूंखार आतंकवादियों की निम्नानुसार पहचान और बरामदगी की गई:—

क्र.सं.	ब्यौरा	टिप्पणी	बरामदगियां
1.	ओसामा बिन जावेद पुत्र जावेद अहमद, निवासी - सोंदर, दच्छन, किश्तवाड़ (जम्मू और कश्मीर)	ए++ (12.50 लाख रुपये के नकद इनाम वाला)	1. एके47 – 1 2. एके47 की मैगजीन – 2

2.	जाहिद हुसैन पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी - सोंदर, दच्छन, किश्तवाड़ (जम्मू और कश्मीर)	ए (05 लाख रुपये के नकद इनाम वाला)	3. एके47 के जिंदा राउंड – 3 4. 5.56 एमएम इंसास राइफल –1 5. 5.56 एमएम इंसास राइफल की मैगजीन – 1 6. चीन निर्मित पिस्तौल – 2 7. पिस्तौल की मैगजीन – 2 8. पिस्तौल के जिंदा राउंड – 11 9. एचई ग्रेनेड – 2 10. अन्य आपत्तिजनक सामग्री
3.	बिलाल अहमद पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला, निवासी – तुर्कू तेंगवानी, शोपियां		

02 अलग-अलग स्थानों पर लगभग 09 घंटे तक चलने वाले इस संयुक्त ऑपरेशन में, श्री अजय कुमार, कमांडेंट और कांस्टेबल (जीडी) नसीर अहमद ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया। उनके विलक्षण नेतृत्व गुण, साहस, त्रुटिहीन कार्यनिष्पादन और खतरे के समक्ष मजबूती से लड़ने के दृढ़ निश्चय के प्रदर्शन की वजह से, श्री अजय कुमार, कमांडेंट अपनी टीम के साथ आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन में सभी 03 खूंखार आतंकवादियों को मारने और बंधक को सुरक्षित रूप से बचाने में सफल हुए।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अजय कुमार, कमांडेंट और नसीर अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28/09/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/53/2020-पीएमए)

(फा. सं. - 18004/1/2021-सीए-II)

एस एम समी
अवर सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January 2021

No. 95-Pres/2021—The President is pleased to award the President's Police Medal for Distinguished Service on the occasion of the Republic Day, 2021 to the under mentioned officers :—

1. SHRI MATHURTHI SRINIVASA RAO, ASST. RESERVE SUB INSPECTOR POLICE, ACB VIJAYAWADA, ANDHRA PRADESH, 521225
2. SMT. VIOLET BARUAH, DEPUTY INSPECTOR GENERAL OF POLICE (BTAD), KOKRAJHAR, ASSAM, 783370
3. SHRI RAJESH TRIPATHY, DIG, HUMAN RIGHTS, PATNA, BIHAR, 800023
4. SHRI MD. ABDUL MANAN, STENO SUB INSPECTOR, POLICE HEAD QUARTER, PATNA, BIHAR, 800023
5. SHRI PRADEEP GUPTA, DIRECTOR, PROSECUTION/FSL RAIPUR, CHHATTISGARH, 492001
6. SHRI NEERAJ THAKUR, SPECIAL COMMISSIONER OF POLICE/SPECIAL CELL, POLICE HEADQUARTERS, NCT OF DELHI, 110001
7. MS. RITAMBRA PRAKASH, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLICE, CRIME & TRAFFIC (HEADQUARTERS), POLICE HEADQUARTERS, DELHI, NCT OF DELHI, 110002
8. SHRI SURESH KUMAR, SUB INSPECTOR, OPERATION CELL, ROHINI DISTRICT, DELHI, NCT OF DELHI, 110085
9. SHRI BINDESH SHAH, POLICE INSPECTOR, AHMEDABAD CITY, GUJARAT, 380004
10. SHRI KUMAR RAI JAGDISH RAI CHANDNA, POLICE INSPECTOR WIRELESS, OFFICE OF THE COMMISSIONER OF POLICE, AHMEDABAD CITY, GUJARAT, 380004
11. SHRI NAVDEEP SINGH VIRK, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, LAW AND ORDER, PANCHKULA, HARYANA, 134109
12. SHRI SANDEEP KHIRWAR, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, ROHTAK, HARYANA, 124001
13. SHRI N VENUGOPAL, ADDL DIRECTOR GENERAL OF POLICE/STATE CID, SHIMLA, HIMACHAL PRADESH, 171009
14. DR. SHIV DARSHAN SINGH, ADDL. DIRECTOR GENERAL OF POLICE, SECURITY JAMMU AND KASHMIR, 180001
15. SHRI TSEWANG NAMGYAL KALON, ADDL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, TRAFFIC, JAMMU AND KASHMIR, 180001
16. SHRI MURARI LAL MEENA, ADG, SPECIAL BRANCH, RANCHI, JHARKHAND, 834004
17. SHRI T K VINOD KUMAR, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL, INTELLIGENCE, THIRUVANANTHAPURAM, KERALA, 695004
18. SMT. PRAGYA RICHA SRIVASTAVA, ADG(AJK), PHQ, BHOPAL, MADHYA PRADESH, 462008
19. SHRI SANTOSH KUMAR UPADHYAY, DSP, O/O, S.P, INDORE, MADHYA PRADESH, 452001
20. SHRI NARENDRA KUMAR GANGRADE, INSPECTOR(M), O/O ADG, ADMINISTRATION, PHQ, BHOPAL, MADHYA PRADESH, 462008
21. SHRI AJAY TURKAI, INSPECTOR, SPECIAL BRANCH, PHQ, BHOPAL, MADHYA PRADESH, 462008
22. SHRI PRABHAT KUMAR, ADDL. DIRECTOR GENERAL OF POLICE, OFFICE OF THE DGP A.C.B. WORLI MUMBAI, MAHARASHTRA, 400030
23. DR. SUKHWINDER SINGH, ADDL. DIRECTOR GENERAL OF POLICE, FORCE ONE, NEXT TO SRPF CAMP GR.8, GOREGAON EAST MUMBAI, MAHARASHTRA, 400065
24. SHRI NIVRUTTI TUKARAM KADAM, ASST. COMMR. OF POLICE, CRIME BRANCH THANE CITY, MAHARASHTRA, 400601
25. SHRI VILAS BALKU GANGAWANE, SR. POLICE INSPECTOR, SHAHUNAGAR POLICE STATION, MAHIM EAST, MUMBAI, MAHARASHTRA, 400017
26. SHRI TIMENSON K MARAK, AB CONSTABLE, 1ST MLP BN, MAWIONG, MEGHALAYA, 793016
27. SHRI VL HMANGAIHZUALA, DY. SP (LEGAL), POLICE HEADQUARTER, MIZORAM, 796001

28. SHRI RADHA KISHAN SHARMA, DIRECTOR INTELLIGENCE, INTELLIGENCE DIRECTORATE, SIW OFFICE BULDING, BHUBANESWAR, ODISHA, 751001

29. SHRI BUDHI BAHADUR THAPA, DEPUTY SUBEDAR, BIJU PATANAIK STATE POLICE ACADEMY, BHUBANESWAR, ODISHA, 751019

30. SHRI PRAVEEN KUMAR SINHA, ADGP, PRISONS, CHANDIGARH, PUNJAB, 160009

31. SHRI ANANYA GAUTAM, IGP, FIU, PUNJAB, SAS NAGAR, PUNJAB, 140308

32. SHRI HAWA SINGH, PLATOON COMMANDER, RAJASTHAN POLICE ACADEMY JAIPUR, RAJASTHAN, 302016

33. SHRI MAHESH KUMAR AGGARWAL, ADDL.DGP/COMMISSIONER OF POLICE, GREATER CHENNAI POLICE, VEPERY, CHENNAI, TAMIL NADU, 600007

34. SHRI S DAVIDSON DEVASIRVATHAM, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, TECHNICAL SERVICE, CHENNAI, TAMIL NADU, 600004

35. SHRI P MANIKANDAKUMAR, INSPECTOR OF POLICE, TAMIL NADU SPECIAL POLICE IV BATTALION, KOVAIPUDUR, TAMIL NADU, 641042

36. SMT. SHIKHA GOEL, ADDL.COMMISSIONER OF POLICE, CRIME AND SIT HYDERABAD, TELANGANA, 500001

37. SHRI N SHIVASHANKAR REDDY, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, NIZAMABAD RANGE, NIZAMABAD, TELANGANA, 503003

38. SHRI ASIM KUMAR ARUN, ADG UP-112, LUCKNOW, UTTAR PRADESH, 226002

39. SHRI RAJ KUMAR, ADG WAITING, LUCKNOW, UTTAR PRADESH, 226002

40. SHRI RAVI JOSEPH LOKKU, ADG/GSO TO DGP UP DGP HQRS, LUCKNOW, UTTAR PRADESH, 226002

41. SHRI VIJAY BHUSHAN, IG (PSR & PB), LUCKNOW, UTTAR PRADESH, 226001

42. SHRI KAVINDRA PRATAP SINGH, IG PRAYAGRAJ(RANGE), UTTAR PRADESH, 211001

43. SHRI SATYENDRA KUMAR SINGH, IG RAILWAYS, LUCKNOW, UTTAR PRADESH, 226002

44. SHRI PIYUSH SRIVASTAVA, IG MIRZAPUR (RANGE), UTTAR PRADESH, 231001

45. SHRI PALOLI VENKATA KRISHNA PRASAD, ADG, CID, UTTARAKHAND, 248001

46. SHRI MONOJ KUMAR DAS, ASSISTANT COMMANDANT, STATE ARMED POLICE 10TH BN., DABGRAM, WEST BENGAL, 734004

47. SHRI SK MD KALIMUDDIN, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLCE, CENTRAL DIVISION, KOLKATA, WEST BENGAL, 700013

48. SHRI MADHUP KUMAR TEWARI, ADGP (L&O), PORT BLAIR, ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS, 744104

49. SHRI AMIT KUMAR MUKHOPADHYAY, DIRECTOR (MEDICAL), SHILLONG, ASSAM RIFLES, 793010

50. SHRI AJIT KUMAR TETE, DY INSPECTOR GENERAL, SHQ, KOLKATA, PLOT NO. 11, ACTION AREA-II E, NEW TOWN KOLKATA, BSF, 700161

51. SHRI SURJIT SINGH, DY INSPECTOR GENERAL, SECTOR HQ PALOURA CAMP, JAMMU, BSF, 794005

52. SHRI UMESH KUMAR NAYAL, DY INSPECTOR GENERAL, FRONTIER HQ MEG, PO-RYNIJAH, DISTT-EAST KHASI HILLS (MEGHALAYA), BSF, 793006

53. SHRI DHARMENDRA PAREEK, DY INSPECTOR GENERAL, 'G' DIRECTORATE, FHQ, NEW DELHI, BSF, 110003

54. SHRI RANVEER SINGH SHAKTAWAT, DY INSPECTOR GENERAL, CENWOSTO TEKANPUR, GWALIOR(MP), BSF, 475005

55. SMT. MEENAKSHI SHARMA, INSPECTOR GENERAL, CISF WS HQRS. MUMBAI, MAHARASHTRA, CISF, 410210

56. SHRI SUBHASH CHANDER, ASST. COMMANDANT/EXECUTIVE, HQRS., BLOCK-13, CGO COMPLEX, LODHI ROAD, NEW DELHI., CISF, 110003

57. SHRI VITUL KUMAR, INSPECTOR GENERAL, DIRECTORATE GENERAL, CGO COMPLEX, LODHI ROAD, NEW DELHI, CRPF, 110003

58. SHRI PRAKASH DEVASAHAYAM, INSPECTOR GENERAL, RAIPUR, CHHATTISGARH., CRPF, 492101

59. SHRI BIRENDRA KUMAR SHARMA, DY INSPECTOR GENERAL, DIRECTORATE GENERAL, CGO COMPLEX, LODHI ROAD, NEW DELHI, CRPF, 110003

60. SHRI HANUMANT SINGH RAWAT, DY INSPECTOR GENERAL, OPS RANGE, CHAIBASA, JHARKHAND, CRPF, 833201

61. SHRI NARESH KUMAR YADAV, DY INSPECTOR GENERAL, HQR, JAMMU, CRPF, 181123

62. SHRI KUZIYADIL THOMAS JOB, DY INSPECTOR GENERAL, ISA, MOUNT ABU, RAJASTHAN, CRPF, 307501

63. SHRI SUNIL CHANDRA MAMGAIN, DY INSPECTOR GENERAL, NORTH EAST FRONTIER HQ, ITANAGAR (ARUNACHAL PRADESH), ITBP, 791111

64. SHRI MANOHAR SINGH RAWAT, SECOND IN COMMAND, 21ST BN, PANTHACHOWK, SRINAGAR (J&K), ITBP, 191101

65. SHRI DEEPAM SETH, INSPECTOR GENERAL, NORTH WEST FTR HQ, CHOGLAMSAR, LEH-LADAKH(U.T.), ITBP, 194101

66. SHRI B R CHAUHAN, SECOND IN COMMAND (GD), 54 BN, SSB, 783390

67. SHRI ACHINTYA MITRA, SECOND IN COMMAND (GD), 27 BN., SSB, 781313

68. MS. SAMPAT MEENA, JOINT DIRECTOR, CBI BUILDING HAZRATGANJ LUCKNOW, CBI, 226001

69. SHRI VINEET VINAYAK, JOINT DIRECTOR, CGO COMPLEX, LODHI ROAD, NEW DELHI, CBI, 110003

70. SHRI SARALADAS MISHRA, ASP, EO-III, NEW DELHI, CBI, 110003

71. SHRI VIVEK DHIR, DSP, ACB, PANAMA CHOWK JAMMU, CBI, 180012

72. SHRI SURENDER KUMAR ROHILLA, DSP, ACU-V, NEW DELHI, CBI, 110003

73. SHRI BASANT SINGH BISHT, HEAD CONSTABLE, O/O DIRECTOR, H.O., NEW DELHI, CBI, 110003

74. MS. RAJANA UMESH KAUL, ADDITIONAL DEPUTY DIRECTOR/TECH, IB HQRS., NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 110021

75. SHRI SUNIL KUMAR JHA, ASSISTANT DIRECTOR/EXE, SIB, GUWAHATI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 781036

76. SHRI RAJESH KUMAR, ASSISTANT DIRECTOR/EXE, SIB, CHANDIGARH, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 160019

77. SHRI ARVIND KUMAR DEWAN, ASSISTANT DIRECTOR/EXE, IB HQRS, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 110021

78. SHRI SUJIT SINGH, ASSISTANT DIRECTOR/ EXE, IB HQRS, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 110077

79. SHRI NIRMAL CHANDRA BLAHATIA, ASSISTANT DIRECTOR/EXE, IB HQRS, NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 110021

80. SHRI SUBHASIS MAITI, DEPUTY CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER/EXE, SIB, KOLKATA, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 700019

81. SHRI ANGREZ SINGH, ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER-II/EXE, SIB, AMRITSAR, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, 143001

82. SHRI S SURESH, INSPECTOR GENERAL, NEW DELHI, SPG, 110077

83. SHRI CHANDRA PRAKASH SAXENA, DIG, BHOPAL, BPR & D, 462021

84. SHRI PAWAN KUMAR MISHRA, INSPECTOR (FINGERPRINT), NEW DELHI, NCRB, 110037

85. SHRI VINOD KUMAR K S, HEAD CONSTABLE, NIA HQ, NATIONAL INVESTIGATION AGENCY, 110003

86. DR. MAHESH CHAND BHARDWAJ, SENIOR SUPERINTENDENT OF POLICE, GPO COMPLEX, INA, NEW DELHI, NHRC, 110023

87. SHRI RAM PRASAD MEENA, JOINT SECRETARY, SHASTRI BHAWAN, NEW DELHI, MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT, 110001

88. DR. PRONAB MOHANTY, DY. DIRECTOR GENERAL, UIDAI, MINISTRY OF ELECTRONICS & IT, BANGLA SAHIB ROAD,NEW DELHI, UIDAI, 110001

89. SHRI BIJENDER SINGH SHEKHAWAT, ASSISTANT SECURITY COMMISSIONER, RAILWAY BOARD NEW DELHI, M/O RAILWAYS, 110001

2. These awards are made under rule 4(ii) of the rule governing the grant of President's Police Medal for Distinguished Service.

F. NO. 18004/1/2021-CA-II

S. M. SAMI
Under Secretary

No. 96-Pres/2021—The President is pleased to award the Police Medal for Meritorious Service on the occasion of the Republic Day, 2021 to the under mentioned officers :—

1. SHRI P H D RAMAKRISHNA, DIRECTOR SPECIAL ENFORCEMENT BUREAU, VIJAYAWADA, ANDHRA PRADESH, 521108

2. SHRI MALLUR KUPPUSWAMY RADHA KRISHNA, ADDITIONAL SUPERINTENDENT OF POLICE, DAR, KURNOOL, ANDHRA PRADESH, 518004

3. SHRI RAVELA VIJAYA PAUL, ADDITIONAL SUPERINTENDENT OF POLICE, C.I.D,, C.I.D REGIONAL OFFICE, ANDHRA PRADESH, 522004

4. SHRI GANTA VENKATARAMANA MURTHY, SUB DIVISIONAL POLICE OFFICER, NANDIGAMA, KRISHNA DISTRICT, ANDHRA PRADESH, 521366

5. SHRI SADASIVUNI VARADA RAJU, SUPERINTENDENT OF POLICE NC, REGIONAL VIGILANCE AND ENFORCEMENT OFFICER, ELURU, ANDHRA PRADESH, 534001

6. SHRI ALAPATI VENKATESWARA RAO, ASSISTANT RESERVE SUB INSPECTOR OF POLICE, 6TH BN APSP MANGALAGIRI, ANDHRA PRADESH, 522503

7. SHRI NAMBARU NARAYANA MURTHY, SUB INSPECT OF POLICE, J.R. PURMA OUT POST, SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH, 534407

8. SHRI JONNALA VISWANADHAM, ASSISTANT SUB INSPECTOR OF POLICE, CI CELL INTELLIGENCE VIJAYAWADA, ANDHRA PRADESH, 520008

9. SHRI SOMA SREENIVASULU, SUB INSPECTOR OF POLICE, ANTI CORRUPTION BUREAU TIRUPATHI, ANDHRA PRADESH, 517501

10. SHRI YENDLURU SYAM SUNDARAM, INSPECTOR OF POLICE, POLICE TRAINING COLLEGE KALYANIDAM, ANDHRA PRADESH, 517102

11. SHRI JAMMALAMUDUGU NOOR AHMAD BASHA, ASSISTANT SUB INSPECTOR OF POLICE, MADANAPALLI FIRST TOWN PS, ANDHRA PRADESH, 517325

12. SHRI YERRABOLU NAGESWARA REDDY, ARMED RESERVE HEAD CONSTABLE, HOME GUARD UNIT, VIJAYAWADA, ANDHRA PRADESH, 520001

13. SHRI MADIYA JANARDHAN, HEAD CONSTABLE, OCTOPUS, ANDHRA PRADESH, 522302

14. SHRI DACHURU SURESH BABU, ASSISTANT SUB INSPECTOR OF POLICE, DISTRICT SPECIAL BRANCH NELLORE, ANDHRA PRADESH, 524003

15. SHRI YENNI SASI BHUSHANA RAO, RESERVE SUB INSPECTOR OF POLICE, 5TH BN APSP, VIZIANAGARAM, ANDHRA PRADESH, 535005

16. SHRI HABUNG TAPA, INSPECTOR, PHQ ITANAGAR, ARUNACHAL PRADESH, 791111

17. MRS. BINDU ADHIKARI, ASSISTANT SUB INSPECTOR, PS NAHARLAGUN, ARUNACHAL PRADESH, 791110

18. SHRI MUSLEH UDDIN AHMED, COMMANDANT OF 22 AP(IR) BATTALION, LIKABALI, DHEMAJI, ASSAM, 787059

19. SHRI AMRIT BHUYAN, SUPERINTENDENT OF POLICE, DARRANG, ASSAM, 784125

20. SHRI DEBASISH SHARMA, PRINCIPAL OF POLICE TRAINING COLLEGE, DERGAON, GOLAGHAT, ASSAM, 785703

21. SHRI SUSHANTA BISWA SARMA, SUPERINTENDENT OF POLICE, GOALPARA, ASSAM, 783121
22. SHRI DIPAK BORA, INSPECTOR OF POLICE, GOLAGHAT, ASSAM, 785621
23. SHRI IMAM UDDIN CHOUDHURY, SUB INSPECTOR, CACHAR, ASSAM, 788001
24. SHRI DIMBO RAM TERANG, SUB INSPECTOR OF POLICE, GUWAHATI, ASSAM, 781032
25. SHRI NIRANJAN DAS, ASSTT. SUB INSPECTOR, CACHAR, ASSAM, 788001
26. SHRI ANWAR HUSSAIN BORBHUIYAN, NAIK, CACHAR, ASSAM, 788001
27. SHRI PANKAJ MAHANTA, CONSTABLE(UB), GUWAHATI, ASSAM, 781032
28. SHRI JITENDRA KUMAR SINGH YADAV, CONSTABLE(UB), GUWAHATI, ASSAM, 781032
29. SHRI HEMEN DAS, CONSTABLE (UB), GUWAHATI, ASSAM, 781032
30. SHRI ANIL RAJBONGSHI, CONSTABLE(UB), KOKRAJHAR, ASSAM, 783370
31. SHRI RAKESH RATHI, IG, MAGADH RANGE, GAYA, BIHAR, 823001
32. SHRI RAJEEV RANJAN, S P, ARWAL, BIHAR, 804401
33. SHRI SUSHANT KUMAR SAROJ, S P CITY, BHAGALPUR, BIHAR, 812001
34. SHRI VIJAY PRASAD, S P CUM ASSISTANT DIRECTOR, CIVIL DEFENCE, PATNA, BIHAR, 800023
35. SHRI AMAR KANT CHAUBEY, DY SP HQ, MADHEPURA, BIHAR, 852113
36. SHRI ABHAY NARAYAN SINGH, DY S P, DGP CONTROL ROOM, PATNA, BIHAR, 800023
37. SHRI ALAY VATS, INSPECTOR, SPECIAL TASK FORCE, BIHAR, 800001
38. SHRI OM PRAKASH SINGH, SI, CID PATNA, BIHAR, 800023
39. SHRI GIRINDRA MOHAN MISHRA, HAVILDAR, CID PATNA, BIHAR, 800023
40. SMT. KAMINI DEVI, CONSTABLE, POLICE LINE JAMUI, BIHAR, 811307
41. SHRI ANIL LIMBOO, HAVILDAR, BMP 01 PATNA, BIHAR, 800014
42. SHRI SOHAN LAL, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, STF, BAGHERA DURG, CHHATTISGARH, 491001
43. SMT. MANISHA SINGH NAYAN, INSPECTOR (M), SP OFFICE, JAGDALPUR, CHHATTISGARH, 494001
44. SMT. VARSHA SHARMA, SI (M), PTS RAJNANDGAON, CHHATTISGARH, 491441
45. SHRI KAMLESH KUMAR SONBOIR, SI (M), PTS RAJNANDGAON, CHHATTISGARH, 491441
46. SHRI P D ASHOK KUMAR, SI (MT), STF, BAGHERA DURG, CHHATTISGARH, 491001
47. SHRI TULARAM BAANK, ASSISTANT SUB INSPECTOR OF POLICE, PS DONGARGARH, RAJNANDGAON, CHHATTISGARH, 491441
48. SHRI ARUN BAHADUR, HEAD CONSTABLE, 12TH BN CAF RAMANUJGANJ BALRAMPUR, CHHATTISGARH, 497220
49. SHRI KESHAW KUMAR DHRUW, HEAD CONSTABLE, POLICE LINE, BIJAPUR, CHHATTISGARH, 494444
50. SHRI RAVINDRA KUMAR BHUARYA, CONSTABLE, PS CHARAMA, KANKER, CHHATTISGARH, 494337
51. SHRI ASHWANI KUMAR SINGH, HEAD CONSTABLE, DSB BHILAI DURG, CHHATTISGARH, 493441
52. SHRI RAJESH DEO, DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE, LEGAL CELL, POLICE HEADQUARTERS, POLICE STATION TILAK MARG, NEW DELHI, NCT OF DELHI, 110002
53. SHRI SANJEEV KUMAR YADAV, DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE/SPECIAL CELL, POLICE HEADQUARTERS, NEW DELHI., NCT OF DELHI, 110001
54. SHRI RAJENDRA PRASAD MEENA, ADDITIONAL DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE-I/DWARKA, SECTOR-19, DWARKA, NEW DELHI, NCT OF DELHI, 110075
55. SHRI ANIL SHARMA, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLICE/SECURITY, VINAY MARG, CHANAKYA PURI, NEW DELHI, NCT OF DELHI, 110021
56. SHRI JARNAIL SINGH SARAO, INSPECTOR (EXE), SHO, LAHORI GATE, DELHI, NCT OF DELHI, 110006
57. SHRI VINOD NARANG, INSPECTOR (ADMN.), SOUTH-WEST DISTRICT, DELHI., NCT OF DELHI, 110057

58. SHRI MANISH JOSHI, INSPECTOR, OFFICE OF THE COMMISSIONER OF POLICE, POLICE HEADQUARTERS, NEW DELHI, NCT OF DELHI, 110001

59. SHRI HARISH KUMAR, INSPECTOR(MIN), OFFICE OF THE COMMISSIONER OF POLICE, JAI SINGH ROAD, NEW DELHI., NCT OF DELHI, 110001

60. SHRI DEVENDER SINGH, INSPECTOR/INVESTIGATION, POLICE STATION-SAROJINI NAGAR, SOUTH-WEST DISTRICT, DELHI, NCT OF DELHI, 110029

61. SMT. PRATIBHA SHARMA, INSPECTOR, SOUTH DISTRICT, DELHI, NCT OF DELHI, 110016

62. SHRI BAHADUR SHARMA, ASSISTANT SUB INSPECTOR(EXE), (NOW SUB INSPECTOR ADHOC), ANTI HUMAN TRAFFICKING UNIT, CRIME BRANCH, DELHI POLICE, SECTOR-16, ROHINI, DELHI, NCT OF DELHI, 110085

63. MS. REKHA, WOMEN / ASSISTANT SUB INSPECTOR (EXE), (SUB INSPECTOR /S.R.) SECURITY HEADQUARTERS, VINAY MARG, CHANAKYA PURI, NEW DELHI, NCT OF DELHI, 110021

64. SHRI MAHABIR SINGH, ASSISTANT SUB INSPECTOR, RAJOURI GARDEN, WEST DISTRICT, NEW DELHI., NCT OF DELHI, 110027

65. SHRI DINESH KUMAR, HEAD CONSTABLE (EXE), (ASSTT. SUB-INSPECTOR/S.G.) ACCOUNT BRANCH CRIME, POLICE STATION KAMLA MARKET, NEW DELHI., NCT OF DELHI, 110002

66. SMT. GEETA DEVI, W/HEAD CONSTABLE (EXE), (NOW W/ASSTT. SUB INSPECTOR (EXE) OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE/RAILWAYS, DELHI., NCT OF DELHI, 110006

67. SHRI NARESH YADAV, CONSTABLE, SPECIAL CELL/SOUTHERN RANGE, PUSHP VIHAR (SAKET), NEW DELHI., NCT OF DELHI, 110017

68. SHRI HARI RAM, CONSTABLE (EXE), (NOW HEAD CONSTABLE ADHOC), 3RD BN. DAP, ARMED POLICE, VIKASPURI, POLICE LINES, NEW DELHI., NCT OF DELHI, 110018

